धवला टीका - समन्वितः

षट्खंडागमः

संतकम्मं

खंड ५ पुस्तक १५ भाग ७, ८, ९, १०

प्रकाशक

जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापूर.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीमन्त सेठ सिताबराय लक्ष्मीचन्द्र जैन साहित्योद्धारक
सिद्धान्त ग्रंथमाला द्वारा अधिकार प्राप्त

जीवराज जैन ग्रंथमाला

(धवला-पुष्प १५)

श्री भगवत्-पुष्पदन्त-भूतबलि-प्रणीतः

षट्खंडागमः

श्रीवीरसेनाचार्य-विरचित-धवला-टीका-समन्वितः
तस्य पंचमखंडे वर्गणानामधेये
सत्कर्मान्तर्गत-शेषअष्टादश अनुयोगद्वारेषु

हिन्दी भाषानुवाद-तुलनात्मकटिप्पण-प्रस्तावनानेक-परिशिष्टैः
सम्पादितानि

निबन्धन-प्रक्रम-उपक्रम-उदयाभिधेयानुयोगद्वाराणि

खंड-५ पुस्तक-१५

- ग्रन्थसम्पादकः -
स्व. डॉ. हीरालालो जैनः

- सहसम्पादकौ -
स्व. पं. फूलचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री स्व. पं. बालचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री

- प्रकाशक -
जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर.

वीर निर्वाण संवत्-२५२१ इ. सन १९९५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक–
सेठ अरविंद रावजी
अध्यक्ष– जैन संस्कृति संरक्षक संघ
फलटण गल्ली, सोलापुर–२

■

संशोधित द्वितीय आवृत्ति– १९९५– प्रतियाँ ११००

■

संशोधन सहाय्यक–
स्व. डॉ. आ. ने. उपाध्ये
स्व. पं. ब्र. रतनचंदजी मुख्तार, सहारनपुर
पं. जवाहरलालजी शास्त्री, भिण्डर

■

ग्रंथमाला संपादक–
पं. नरेंद्रकुमार भिसीकर शास्त्री, सोलापुर.
(न्यायतीर्थ महामहिमोपाध्याय)
डॉ. पं. देवेंद्रकुमार शास्त्री, नीमच

■

मुद्रक–
कल्याण प्रेस, होटगी रोड, सोलापुर–३

मूल्य– १२० रुपये

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Rights to Publish Received From Shrimant Seth Sitabrai Lakshmichandra
Jain Sahityoddhrak Siddhanta Granthamala

Jivaraj Jain Granthamala

Dhavala Section— 15

THE

SHATKHANDAGAMA

OF

PUSHPADANTA AND BHOOTABALI

WITH

THE COMMENTARY DHAVALA OF VEERASENA

Nibandhana-Prakrama-Upakrama-Udayanuyogadwaras

Edited

With introduction, translation, notes and indexes

By

Late Pt. Hiralal Jain

Assisted by

Late Pt. Phoolachandra Siddhanta Shastri

Late Pt. Balachandra Siddhanta Shastri

Vol.-5 Book-15

Published by

Jaina Samskriti Samrakshaka Sangha

SOLAPUR.

Veera Samvat-2521 A. D. 1995

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Published by-
Seth Aravind Raoji
President-
Jaina Samskriti Samrakshaka Sangha
Phaltan Galli SOLAPUR-2

★

Revised Second Edition- 1995 (1100 Copies)

★

Research Assistants-
Late Dr. A. N. Upadhye
Late Pt. Ratanchandji Mukhtar
Pt. Jawaharlalji Shastri, Bhindar

★

Editors Of Granthamala-
Pt. Narendrakumar Bhisikar Shastri, Solapur.
(Nyayateertha Mahamahimopadhyaya)
Dr. Pt. Devendrakumar Shastri, Neemach

★

Printed by-
Kalyan Press, SOLAPUR.

Price Rs. 120/-

(Copyright Reserved)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हार्दिक अभिनंदन !



धवला षट्खंडागमके भाग १० से १६ तक के पुनर्मुद्रणके लिए 'धर्मानुरागी' धवला परम संरक्षक श्री. डॉ. अप्पासाहेब कलगोंडा नाडगौडा पाटील और उनकी धर्मपत्नी सौ. डॉ. त्रिशलादेवी अप्पासाहेब नाडगौडा पाटील रबकवी (कर्नाटक) इन्होंने आर्थिक सहयोग देकर जिनवाणीकी सेवाका जो महान् आदर्श उपस्थित किया है उसके लिए उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए हम उनके प्रति अनेकशः धन्यवाद प्रकट करते हैं ।

विश्वस्त मंडल--

जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

— प्रकाशकीय निवेदन —

षट्खण्डागम धवला सिद्धांत ग्रंथके पंचम खण्डके पंद्रहवें पुस्तकमें वर्गणाओंका सविस्तर वर्णन किया गया है।

इस ग्रंथका पूर्व प्रकाशन श्रीमंत सेठ सिताबराय लक्ष्मीचन्द्र जैन साहित्योद्धारक फंड विदिशा द्वारा हुआ है। उसका मूल ताडपत्र ग्रंथसे मिलाकर संशोधित पाठसहित द्वितीया-वृत्तिका प्रकाशन अधिकार प्राप्त जीवराज जैन ग्रंथमाला सोलापुर द्वारा प्रकाशित करनेमें हम अपना सौभाग्य समझते हैं।

स्व. ब्र. रतनचंदजी मुख्तार (सहारनपुर) तथा पं. जवाहरलालजी सिद्धान्त शास्त्री (भिंडर) इनके द्वारा भेजे हुए संशोधनका भी इस संशोधनकार्यमें हमें सहयोग मिला जिसके लिए हम सभी सज्जनोंके अतीव आभारी हैं।

इस ग्रंथका प्रूफ संशोधन कार्य जीवराज जैन ग्रंथमालाके संपादक श्री. पं. नरेंद्रकुमार भिसीकर शास्त्री तथा श्री. धन्यकुमार जैनी द्वारा संपन्न हुआ है। तथा मुद्रणकार्य कल्याण प्रेस, सोलापुर इनके द्वारा संपन्न हुआ है। हम इनके भी आभार प्रदर्शित करते हैं।

धर्मानुरागी श्रीमान् डॉ. अप्पासाहेब कलगोंडा नाडगौडा पाटील तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. सौ. त्रिशलादेवी नाडगौडा पाटील इन महानुभावोंने षट्खण्डागम धवला पुस्तक १० से १६ तकके पुनर्मुद्रणके लिए आर्थिक सहयोग देकर जिनवाणीकी सेवाका महान आदर्श उपस्थित किया। इसलिए उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए हम उनके सहयोग के लिए अनेकशः धन्यवाद प्रकट करते हैं।

–रतनचंद सखाराम शहा
मंत्री

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवराज जैन ग्रंथमालाका परिचय

सोलापुर निवासी श्रीमान् स्व. ब्र. जीवराज गौतमचंद दोशी कई वर्षोंसे संसारसे उदासीन होकर धर्मकार्यमें अपनी वृत्ति लगाते रहे। सन १९४० में उनकी यह प्रबल इच्छा हो उठी कि अपनी न्यायोपार्जित संपत्तिका उपयोग विशेषरूपसे धर्म और समाजकी उन्नतिके कार्यमें करें। तदनुसार उन्होंने समस्त भारतका परिभ्रमण कर जैन विद्वानोंसे इस बातकी साक्षात् और लिखित संमतियाँ संग्रह की, कि कौनसे कार्यमें संपत्तिका उपयोग किया जाय। स्फुट मतसंचय कर लेनेके पश्चात् सन १९४१ के ग्रीष्म कालमें ब्रह्मचारीजीने श्रीसिद्धक्षेत्र गजपंथ की पवित्र भूमिपर विद्वानोंका समाज एकत्रित किया और ऊहापोहपूर्वक निर्णयके लिये उक्त विषय प्रस्तुत किया। विद्वत्संमेलनके फलस्वरूप ब्रह्मचारीजीने जैन संस्कृति तथा साहित्य के समस्त अंगोंके संरक्षण, उद्धार और प्रचारके हेतु 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ' की स्थापना की और उसके लिए ३०,००० (तीस हजार) रुपयोंके दानकी घोषणा कर दी। उनकी परिग्रहनिवृत्ति बढती गई। सन १९४४ में उन्होंने लगभग २,००,००० [दो लाख] की अपनी संपूर्ण संपत्ति संघको ट्रस्टरूपसे अर्पण की। इसी संघ के अंतर्गत 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' का संचलन हो रहा है।

प्रस्तुत ग्रंथ, श्रीमंत सेठ सिताबराय लक्ष्मीचन्द्र जैन साहित्योद्धारक सिद्धान्त ग्रंथमालाके द्वारा अधिकार प्राप्त जीवराज जैन ग्रंथमालाके धवला विभागका पंद्रहवाँ पुष्प है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय–सूची

१	पृष्ठ
प्रस्तावना	
१ विषयपरिचय	१
२ विषयसूची	१८
२	
मूल अनुवाद और टिप्पण	१–३३६
१ निबन्धन अनुयोगद्वार	१–१४
२ प्रक्रम अनुयोगद्वार	१४–४०
३ उपक्रम अनुयोगद्वार	४१–२८४
४ उदयानुयोगद्वार	२८५–३३६
३	
परिशिष्ट	
संतकम्मपंजिया	१–११४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



स्व. ब्र. जीवराज गौतमचंद दोशी

संस्थापक

जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापूर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राक् कथन

यह षट्खण्डागमका पन्द्रहवाँ भाग प्रस्तुत है। इसके पश्चात् शीघ्र ही प्रकाशित होनेवाले सोलहवें भागमें इस ग्रन्थराजकी परिसमाप्ति हो जावेगी।

इन दोनों भागों की रचना ध्यान देने योग्य है। अग्रायणीय पूर्वके चयनलब्धि अधिकारके अन्तर्गत कर्मप्रकृतिप्राभृतके कृति, वेदना आदि चौबीस अनुयोगद्वारोंमें से प्रथम छहपर ही भूतबलि स्वामी कृत सूत्र पाये जाते हैं। शेष अठारह अधिकारोंपर सूत्र-रचना नहीं पाई जाती। इसकी पूर्ति धवलाकार श्री वीरसेन स्वामीने की है। इन शेष अठारह अनुयोगद्वारोंमें से प्रथम चार अर्थात् निबन्धन, प्रक्रम उपक्रम और उदय की प्ररूपणा प्रस्तुत भागमें की गई है। शेष मोक्ष, संक्रम आदि चौदह अनुयोगद्वारोंका प्ररूपण अन्तिम भागमें प्रकाशित होगा।

इन चौबीस अनुयोगद्वारोंके मूल स्रोतका जो उल्लेख धवलाकारने किया है उससे हमें महावीर भगवान्के गणधरों द्वारा रचित द्वादशांगके भीतर पूर्वोंके विषय व विस्तारका कुछ सुस्पष्ट विचार प्राप्त होता है। चौदह पूर्वोंमें द्वितीय पूर्वका नाम था आग्रायणीय, जिसके पूर्वान्त, अपरान्त आदि १४ अधिकारों में से पाँचवें अधिकारका नाम था चयनलब्धि। इसके बीस पाहुड थे जिनमें चतुर्थ पाहुडका नाम था कर्मप्रकृति। इसी प्रकृतिके कृति, वेदना आदि अल्पबहुत्व पर्यन्त वे चौबीस अनुयोगद्वार थे जिनकी संक्षेप प्ररूपणा षट्खण्डागमके वेदना, वर्गणा, खुद्दाबंध और महाबंध इन चार खंडोंमें पाई जाती है (देखिये प्रथम भागकी प्रस्तावना पृ० ७२)। इन अनुयोगद्वारोंके मूल पाठका ज्ञान परम्परानुसार तो अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहुके पश्चात् नष्ट हो गया था। तथापि उसके कुछ खंडोंका ज्ञान तो धरसेन स्वामीको भी था जिसका उपदेश उन्होंने पुष्पदन्त और भूतबलि आचार्योंको दिया था। किन्तु धवला टीकाके रचयिता स्वामी वीरसेनने कहीं कहीं ऐसे उल्लेख किये हैं जिनसे प्रतीत होता है कि उनके समय तक भी पूर्वोंके मूल पाठ सर्वथा नष्ट नहीं हुए थे। उदाहरणार्थ, प्रस्तुत भागमें ही अकरणोपशामनाकी प्ररूपणा करते हुए उन्होंने कहा है कि " कर्मप्रवाद नामक आठवें पूर्वमें सब कर्मोंकी मूल व उत्तर प्रकृतियोंके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके अनुसार विपाक और अविपाक पर्यायोंका वर्णन खूब विस्तारसे किया गया है, वहाँ उसे देख लेना चाहिये " (पृ० २७५)। यदि आचार्यके समयमें उक्त मूल रचना उपलब्ध न होती तो 'इस प्रकरणको वहाँ देख लेना चाहिये' यह कहनेका कोई अर्थ नहीं रहता। दूसरे, भूतबलि आचार्यके सूत्र न रहनेपर भी उन्होंने शेष अठारह अधिकारोंकी प्ररूपणा की है उसका कुछ आधार तो उनके सन्मुख रहा ही होगा। जिस विषयपर उन्हें कोई आधार नहीं मिला वहाँ उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि इसका कोई उपदेश प्राप्त नहीं है (देखिये पृ० ८१, २१६ आदि)।

इस भागके साथ प्रस्तुत चार अनुयोगद्वारोंपर जो 'पंजिका' नामक टीका प्राप्त हुई है वह भी प्रकाशित की जा रही है। उसकी उत्थानिकासे ऐसा प्रतीत होता है कि वह समस्त शेष अठारह अनुयोगद्वारों-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर लिखी गई है। किन्तु जो प्रति मूडबिद्रीसे महाबंधकी प्रतिके साथ प्राप्त हुई है वह केवल इन्हीं चार अनुयोगद्वारोंपर है। शेषकी खोज करना आवश्यक प्रतीत होता है।

ग्रंथ सम्पादन व प्रकाशनमें श्रीमन्त सेठ लक्ष्मीचन्द्रजी, उनके सुपुत्र राजेंद्रकुमारजी, पं० नाथूरामजी प्रेमी, श्री रतनचंदजी, नेमचंदजी तथा मेरे सहयोगियोंका साहाय्य पूर्ववत् चला आ रहा है जिसके लिए मैं उनका अनुगृहीत हूँ।

प्राकृत जैन विद्यापीठ
मुजफ्फरपुर, बिहार, १८-४-५७

हीरालाल जैन
(डायरेक्टर, प्राकृत जैन विद्यापीठ, वैशाली)



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयपरिचय

अग्रायणीय पूर्वके १४ अधिकारोंमें पांचवा चयनलब्धि नामका अधिकार है। उसमें २० प्राभृत हैं। इनमें चतुर्थ प्राभृत कर्मप्रकृतिप्राभृत है। उसमें निम्न २४ अधिकार हैं – १ कृति, २ वेदना, ३ स्पर्श, ४ कर्म, ५ प्रकृति, ६ बन्धन, ७ निबन्धन, ८ प्रक्रम, ९ उपक्रम, १० उदय, ११ मोक्ष, १२ संक्रम, १३ लेश्या, १४ लेश्याकर्म, १५ लेश्यापरिणाम, १६ सातासात, १७ दीर्घ-ह्रस्व, १८ भवधारणीय १९ पुद्-गलात्त (पुद्गलात्म), २० निधित्त-अनिधत्त, २१ निकाचित-अनिकाचित, २२ कर्मस्थिति, २३ पश्चिमस्कंध और अल्पबहुत्व। इन २४ अधिकारोंमेंसे प्रस्तुत षट्खंडागम (मूलसूत्र) के वेदना नामक चतुर्थ खण्डमें कृति (पु. ९) और वेदनाकी (पु. १०-१२) तथा वर्गणा नामक पांचवे खंडमें स्पर्श, कर्म और प्रकृति (पु. १३) अधिकारोंकी प्ररूपणा की गयी है।

बन्धन अनुयोगद्वार बन्ध, बन्धनीय, बन्धक और बन्धविधान इन ४ अवान्तर अनुयोगद्वारोंमें विभक्त है। इनमेंसे बन्ध और बन्धनीय अधिकारोंकी भी प्ररूपणा वर्गणाखण्ड (पु. १४) में की गयी है। बन्धक अधिकारकी प्ररूपणा खुद्दाबन्ध नामक द्वितीय खण्डमें तथा बन्धविधान नामक अवान्तर अधिकारकी प्ररूपणा महाबन्ध ▣ नामक छठे खण्डमें की गयी है। इस प्रकार मूल षट्खंडागममें पूर्वोक्त २४ अनुयोग-द्वारोंमेंसे प्रथम ६ अनुयोगद्वारोंके ही विषयका विवरण किया गया है। शेष निबन्धन आदि १८ अनुयोग-द्वारोंकी प्ररूपणा यद्यपि मूल षट्खंडागममें नहीं की गयी है फिर भी वर्गणाखण्डके अन्तिम सूत्रको देशामर्शक मानकर उनकी प्ररूपणा अपनी धवला टीका (पु. १५-१६) में वीरसेनाचार्य ने प्राप्त उपदेशके अनुसार संक्षेपमें कर दी है ✿ । इसका नाम सत्कर्म प्रतीत होता है ✿ ।

उन शेष १८ अनुयोगद्वारोंमेंसे निबन्धन, प्रक्रम, उपक्रम और उदय ये ४ (७-१०) अनुयोगद्वार पुस्तक १५ में प्रकाशित हो रहे हैं। तथा शेष १४ (११-२४) अनुयोगद्वार पुस्तक १६ में प्रकाशित किये जायेंगे। इनका विषयपरिचय संक्षेपमें इस प्रकार है।

७ निबंधन– 'निबध्यते तदस्मिन्निति निबन्धनम्' इस निरुक्तिके अनुसार जो द्रव्य जिसमें निबद्ध है उसे निबन्धन कहा जाता है। निक्षेपयोजनामें इसके ये ६ भेद किये गये हैं– नामनिबन्धन,

---

▣ इसके ५ भाग भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित हो चुके हैं और शेष २ भाग भी उक्त संस्थाके द्वारा शीघ्र प्रकाशित होनेवाले हैं।

✿ भूदबलिभडारएण जेणेदं सुत्तं देसामासियभावेण लिहिदं तेणेदेण सुत्तेण सूचिदसेसअट्ठारसअणियोगद्दाराणं किंचि संखेवेण परूवणं कस्सामो। पु. १५, पृ. १.

✿ महाकम्मपयडि..... सव्वाणि परूविदाणि। संतकम्मपंजियाकी उत्थानिका (पु. १५, परिशिष्ट पृ. १.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थापनानिबन्धन, द्रव्यनिबन्धन, क्षेत्रनिबन्धन, कालनिबन्धन और भावनिबन्धन। इन सबके स्वरूपका विवरण करते हुए यहाँ नाम और स्थापना निबन्धनोंको छोडकर शेष ४ निबन्धनोंको प्रकृत बतलाया है। साथमें यहाँ यह भी निर्देश किया गया है कि यद्यपि इस निबन्धन अनुयोगद्वारमें छहों द्रव्योंके निबन्धनकी प्ररूपणा की जाती है✡ फिर भी अध्यात्मविद्याका अधिकार होनेसे यहाँ उन सबको छोडकर केवल कर्म-निबन्धन की ही प्ररूपणा यहाँ की गयी है। सर्वप्रथम यहाँ निबन्धन अनुयोगद्वारकी आवश्यकता प्रगट करते हुए यह बतलाया है कि द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके द्वारा कर्मों और उनके मिथ्यात्वप्रभृति प्रत्ययोंकी प्ररूपणा की जा चुकी है। साथ ही कर्मरूप होनेकी योग्यता रखनेवाले पुद्गलोंका भी विवेचन किया ही जा चुका है। किन्तु उन कर्मोंकी प्रकृति कहाँ किस प्रकार होती है, यह नहीं बतलाया गया है। इसीलिये कर्मोंके इस व्यापारको प्ररूपणाके लिये प्रकृत निबन्धन अनुयोगद्वारका अवतार हुआ है।

नोआगमकर्मनिबन्धनके दो भेद हैं- मूलकर्मनिबन्धन और उत्तरकर्मनिबन्धन। इनमेंसे मूलकर्मनिबन्धनमें ज्ञानावरणादि ८ मूल प्रकृतियोंके तथा उत्तरकर्मप्रकृतिनिबन्धनमें इन्हींके उत्तर भेदोंके निबन्धनकी प्ररूपणा की गयी है।

८ प्रक्रम- यहाँ निक्षेपयोजना करते हुए प्रक्रमके ये ६ भेद निर्दिष्ट किये गये हैं- नामप्रक्रम, स्थापनाप्रक्रम, द्रव्यप्रक्रम, क्षेत्रप्रक्रम, कालप्रक्रम और भावप्रक्रम। इनके कुछ और उत्तर भेदोंका उल्लेख करते हुए यहाँ कर्मप्रक्रमको अधिकार प्राप्त बतलाया है तथा 'प्रक्रामतीति प्रक्रमः' इस निरुक्तिके अनुसार प्रक्रमसे कार्मण पुद्गलप्रचयका अभिप्राय बतलाया है।

यहाँ यह शंका उठायी गयी है कि जिस प्रकार कुंभार एक मिट्टीके पिण्डसे अनेक घटादिकोंको उत्पन्न करता है उसी प्रकार यह संसारी प्राणी एक प्रकारके कर्मको बांधकर फिर उससे आठ प्रकारके कर्मोंको उत्पन्न करता है, क्योंकि, अन्यथा अकर्म पर्यायसे कर्मपर्यायका उत्पन्न होना सम्भव नहीं है। इसके उत्तरमें कहा गया है कि जब अकर्मसे कर्मकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है तब जिस एक कर्मसे आठ प्रकारके कर्मोंकी उत्पत्ति स्वीकार की जाती है वह एक कर्म भी कैसे उत्पन्न हो सकेगा? यदि उसे भी कर्मसे ही उत्पन्न माना जावेगा तो ऐसी अवस्थामें अनवस्थाजनित अव्यवस्था दुर्निवार होगी। इसलिये उसे अकर्मसे ही उत्पन्न मानना पडेगा। दूसरे कार्य सर्वथा कारणके ही अनुरूप होना चाहिये, ऐसा एकान्त नियम नहीं बन सकता; अन्यथा मृत्तिकापिण्डसे घट-घटी आदि उत्पन्न न होकर मृत्तिकापिण्डके ही उत्पन्न होनेका प्रसंग अनिवार्य होगा। परन्तु चूंकि ऐसा होता नहीं है, अत एव कार्य कथंचित् (द्रव्यकी अपेक्षा) कारणके अनुरूप और कथंचित् (पर्यायकी अपेक्षा) उससे भिन्न ही उत्पन्न होता है, ऐसा स्वीकार करना चाहिये।

प्रसंग पाकर यहाँ सांख्याभिमत सत्कार्यवादका उल्लेख करके उसका निराकरण करते हुए 'नित्यत्वैकान्तपक्षेऽपि' इत्यादि आप्तमीमांसाकी अनेक कारिकाओंको उद्धृत करके तदनुसार नित्यत्वैकान्त और सर्वथा असत्कार्यवादका भी खण्डन किया गया है। इसके अतिरिक्त परस्पर निरपेक्ष अवस्थामें उभय (सत्-असत्) रूपता भी उत्पद्यमान कार्यमें नहीं बनती, इसका उल्लेख करते हुए स्याद्वादसम्मत सप्तभंगी की भी योजना की गयी है। इसी सिलसिलेमें बौद्धाभिमत क्षणक्षयित्वका उल्लेख कर उसका निराकरण करते हुए द्रव्यकी उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यस्वरूपताको सिद्ध किया गया है।

पूर्वोक्त कारिकाओंके अभिप्रायानुसार पदार्थोंको सर्वथा सत् स्वीकार करनेवाले सांख्योंके यहाँ प्रागभावादिके असम्भव हो जानेसे जिस प्रकार अनादिता, अनन्तता, सर्वात्मकता और निःस्वरूपताका

✡ इसकी प्ररूपणा संतकम्मपंजिया (परिशिष्ट पृ. १-३) में देखिये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रसंग दुर्निवार है उसी प्रकार सर्वथा अभाव (शून्यैकान्त) को स्वीकार करनेवाले माध्यमिकोंके यहाँ अनुमानादि प्रमाणके असम्भव होनेसे स्वपक्षकी सिद्धि और परपक्षको दूषित न कर सकनेका भी प्रसंग अनिवार्य होगा। परस्पर निरपेक्ष उभयस्वरूपता (सदसदात्मकता) को स्वीकार करनेवाले भाट्टोंके समान साँख्योंके यहाँ भी परस्परपरिहारस्थितलक्षण विरोधकी सम्भावना है ही। कारण कि वह (उभयस्वरूपता) स्याद्वाद सिद्धान्तको स्वीकार किये बिना बन नहीं सकती। पूर्वोक्त दोषोंके परिहारकी इच्छासे बौद्ध जो सर्वथा अनिर्वचनीयताको स्वीकार करते हैं वे भी भला 'तत्त्व अनिर्वचनीय है' इस प्रकारके वचनके बिना अपनी अभीष्ट तत्त्वव्यवस्थाका बोध दूसरोंको किस प्रकारसे करा सकेंगे? इस प्रकार सर्वथा सदसदादि एकान्त पक्षोंकी समीक्षा करते हुए यहां इन सात भंगोंकी योजना की गयी है। यथा–

१ स्वद्रव्य; क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा वस्तु कथंचित् सत् ही है। २ वही परद्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा कथंचित् असत् ही है। ३ क्रमसे स्वद्रव्यादि और परद्रव्यादिकी विवक्षा होनेपर वह कथंचित् सदसत् (उभय स्वरूप) ही है। ४ युगपत् स्वद्रव्यादि और परद्रव्यादि दोनोंकी विवक्षामें वस्तु कथंचित् अवाच्य ही है। इन चार मुख्य भंगोंका निर्देश तो 'कथंचित्ते सदेवेष्टं' इत्यादि कारिकामें ही कर दिया गया है। शेष तीन भंग 'च' शब्दसे सूचित कर दिये गये हैं। वे इस प्रकार हैं– ५ कथंचित् वस्तु सत् और अवक्तव्य ही है। ६ कथंचित् वह असत् और अवक्तव्य ही है। ७ कथंचित् वह सत्-असत् और अवक्तव्य ही है। इन तीन भंगोंमें यथाक्रमसे स्वद्रव्यादि तथा युगपत् स्व-परद्रव्यादि, परद्रव्यादि तथा युगपत् स्व-परद्रव्यादि और क्रमसे स्व-परद्रव्यादि तथा युगपत् स्व-परद्रव्यादिकी विवक्षा की गयी है।

यहाँ जो आप्तमीमांसाकी 'कथंचित् ते सदेवेष्टं' आदि कारिका उद्धृत की गयी है ठीक उसी प्रकारकी प्राकृत गाथा पंचास्तिकाय में पायी जाती है। यथा––

सिय अत्थि णत्थि उभयं अव्वत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं।
दव्वं खु सत्तभंगं आदेसवसेण संभवदि॥

प्रकृतिप्रक्रम, स्थितिप्रक्रम और अनुभागप्रक्रमके भेदसे प्रक्रम तीन प्रकारका बतलाया गया है। इनमें प्रकृतिप्रक्रमको भी मूलप्रकृतिप्रक्रम और उत्तरप्रकृतिप्रक्रम इन दो भेदोंमें विभक्त कर यथाक्रमसे उनके अल्पबहुत्वकी यहाँ प्ररूपणा की गयी है। अन्तमें स्थितिप्रक्रम और अनुभागप्रक्रमकी भी संक्षेपमें प्ररूपणा करके इस अनुयोगद्वारको समाप्त किया गया है।

९ उपक्रम– प्रक्रमके समान ही उपक्रमके भी ये छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं–– नामउपक्रम, स्थापनाउपक्रम, द्रव्यउपक्रम, क्षेत्रउपक्रम, कालउपक्रम और भावउपक्रम। यहाँ कर्मउपक्रमको अधिकारप्राप्त बतलाकर उसके ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं–– बन्धनोपक्रम, उदीरणोपक्रम, उपशामनोपक्रम और विपरिणामोपक्रम। यहाँ प्रक्रम और उपक्रममें विशेषताका उल्लेख करते हुए यह बतलाया है कि प्रक्रम प्रकृति, स्थिति और अनुभागमें आनेवाले प्रदेशाग्रकी प्ररूपणा करता है जब कि उपक्रम बन्ध होनेके द्वितीय समयसे लेकर सत्त्व स्वरूपसे स्थित कर्मपुद्गलोंके व्यापारकी प्ररूपणा करता है।

बन्धनोपक्रमके भी यहाँ प्रकृति व स्थिति आदिके भेदसे चार भेद बतलाकर उनकी प्ररूपणा सत्कर्मप्रकृतिप्राभृतके समान करना चाहिये, ऐसा उल्लेखमात्र किया है। यहाँ यह आशंका उठायी गयी है कि इनकी प्ररूपणा जैसे महाबन्धमें की गयी है तदनुसार ही वह यहाँ क्यों न की जाय? इसके समाधानमें बतलाया है कि महाबन्धमें चूंकि प्रथम समय सम्बन्धी बन्धका आश्रय लेकर वह प्ररूपणा की गयी है अतएव तदनुसार यहाँ उनकी प्ररूपणा करना इष्ट नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदीरणा– उदयावलीबाह्य स्थितिको आदि लेकर आगेकी स्थितियोंके बन्धावली अतिक्रान्त प्रदेश–पिण्डका पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रतिभागसे या असंख्यात लोक प्रतिभागसे अपकर्षण करके उसको उदयावलीमें देना, इसे उदीरणा कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि उदयावलिको छोडकर आगेकी स्थितियोंमेंसे प्रदेशपिण्डको खींचकर उसे उदयावलीमें प्रक्षिप्त करनेको उदीरणा कहते हैं। वह दो प्रकारकी है– एक-एक-प्रकृतिउदीरणा और प्रकृतिस्थानउदीरणा। एक-एक प्रकृतिउदीरणाकी प्ररूपणामें प्रथमतः उसके स्वामियोंका विवेचन किया गया है। उदाहरणार्थ ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मोंकी उदीरणाके स्वामीका निर्देश करते हुए बतलाया है कि इन कर्मोंकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर क्षीण–कषाय गुणस्थान तक होती है। विशेषता इतनी है कि क्षीणकषायके कालमें एक समय अधिक आवलीमात्र शेष रहनेपर उनकी उदीरणा व्युच्छिन्न हो जाती है।

तत्पश्चात् एक-एकप्रकृतिउदीरणाविषयक एक जीवकी अपेक्षा काल और अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है। नाना जीवोंकी अपेक्षा उसके अन्तर की सम्भावना ही नहीं है। एक एक प्रकृतिका अधिकार होनेसे यहां भुजा–कार पदनिक्षेप और वृद्धि उदीरणाकी भी सम्भावना नहीं है।

प्रकृतिस्थान उदीरगाकी प्ररूपणामें स्थानसमुत्कीर्तना करते हुए मूल प्रकृतियोंके आधारसे ये पांच प्रकृतिस्थान बतलाये गये हैं– आठों प्रकृतियोंकी उरदीणारूप पहिला आयुके विना शेष सात प्रकृतियों-रूप दूसरा; आयु और वेदनीयके विना शेष छह प्रकृतियोंरूप तीसरा; मोहनीय आयु और वेदनीयके विना शेष प्रकृतियोंरूप चौथा; तथा ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय. मोहनीय, आयु और अन्तरायके विना शेष दो प्रकृतियोंरूप पांचवां।

स्वामित्वप्ररूपणामें उक्त स्थानोंके स्वामियोंका निर्देश करते हुए बतलाया है कि इनमेंसे प्रथम स्थान, जिसका आयु कर्म उदयावलीमें प्रविष्ट नहीं है ऐसे प्रमत्त (मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्त संयत तक प्रमाद युक्त) जीवके होता है। द्वितीय स्थान भी उक्त जीवके ही होता है। विशेषता केवल इतनी है कि उसका आयु कर्म उदयावलीमें प्रविष्ट होना चाहिये। तीसरा स्थान सातवें गुणस्थानसे लेकर दसवें गुणस्थान तक होता है। चौथे स्थानका स्वामी छद्मस्थ वीतराग (उपशान्तकषाय और क्षीणमोह) जीव होता है। विशेष इतना है कि वह क्षीणमोहके कालमें आवलीमात्र काल शेष रह जानेके पहिले पहिले ही हो होता है, उसके पश्चात् नहीं। पाँचवे [नाम व गोत्र प्रकृतिरूप] स्थानके स्वामी चरम आवली कालवर्ती क्षीणकषाय तथा सयोग–केवली हैं।

तत्पश्चात् प्रकृतिस्थान उदीरणाकी ही प्ररूपणामें एक जीवकी अपेक्षा काल और अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल व अन्तर तथा अल्पबहुत्वका विचार किया गया है।

भुजाकारउदीरणाकी प्ररूपणामें अर्थपदका कथन करते हुए बतलाया है कि अनन्तर अतिक्रान्त समयमें थोडी प्रकृतियोंकी उदीरणा करके इस समय उनसे अधिक प्रकृतियोंकी उदीरणा करना इसे भुजाकार (भूयस्कार) उदीरणा कहते हैं। अनन्तर अतिक्रान्त समयमें अधिक प्रकृतियोंकी उदीरणा करके इस समय उनसे कम प्रकृतियोंकी उदीरणा करनेका नाम अल्पतरउदीरणा है। अनन्तर अतिक्रान्त समयमें जितनी प्रकृतियोंकी उदीरणा कर रहा था इस समय भी उतनी ही प्रकृतियोंकी उदीरणा करना–उनसे हीन या अधिककी उदीरणा न करना– इसे अवस्थितउदीरणा कहा जाता है। अनन्तर अतिक्रान्त समयमें अनुदीरक होकर इस समयमें की जानेवाली उदीरणाका नाम अवक्तव्य उदीरणा है।

स्वामित्वप्ररूपणामें यह बतलाया गया है कि भुजाकारउदीरणा, अल्पतरउदीरणा और अवस्थित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदीरणाका स्वामी कोई भी मिथ्यादृष्टि अथवा सम्यग्दृष्टि जीव हो सकता है। अवक्तव्यउदीरणाका स्वामी सम्भव नहीं है।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणामें भुजाकारउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय मात्र बतलाया है जो इस प्रकारसे सम्भव है– कोई उपशान्तकषाय जीव वहाँसे च्युत होकर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवर्ती हुआ। वहाँ वह पाँचसे छह प्रकृतियोंकी उदीरणा करनेके कारण भुजाकारउदीरक हो गया। इस प्रकार भुजाकार उदीरणाका जघन्य काल एक समय प्राप्त हुआ। पुनः वही द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त होकर देवोंमें उत्पन्न हुआ। वहाँ उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें वह छह प्रकृतियोंसे आठका उदीरक होकर भुजाकार उदीरक ही रहा। यहाँ भुजाकार उदीरणाका द्वितीय समय प्राप्त हुआ। इस प्रकार भुजाकार उदीरणाका उत्कृष्ट काल दो समय मात्र प्राप्त होता है।

अल्पतर उदीरणाका भी काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय मात्र है। वह इस प्रकारसे– प्रमत्तसंयतके अन्तिम समयमें आयुकर्मके उदयावलीमें प्रविष्ट हो जानेपर वह आठसे सात प्रकृतियोंकी उदीरणा करता हुआ अल्पतर उदीरक हो गया। इस प्रकार अल्पतर उदीरणाका जघन्य काल एक समय प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् द्वितीय समयमें अप्रमत्त गुणस्थानको प्राप्त होनेपर वह वेदनीय कर्मके विना छह प्रकृतियोंकी उदीरणा करता हुआ अल्पतर उदीरक ही रहा। इस प्रकार अल्पतर उदीरणाका काल भी उत्कर्षसे दो समय मात्र ही पाया जाता है।

अवस्थित उदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे एक समय अधिक एक आवलीसे हीन तेतीस सागरोपमप्रमाण है। देवोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें पाँच, छह या सातसे आठका उदीरक होकर भुजाकार उदीरक हुआ। पुनः द्वितीय समयसे लेकर मरणावली प्राप्त होने तक अवस्थितरूपसे आठका ही उदीरक रहा। इस प्रकार अवस्थित उदीरणाका उत्कृष्ट काल प्रथम समय और अन्तिम आवलीको छोडकर पूर्ण देव पर्यायप्रमाण तेतीस सागरोपम मात्र प्राप्त हो जाता है।

अन्तरप्ररूपणामें भुजाकार उदीरणाके अन्तरपर विचार करते हुए उसका जघन्य अन्तर एक या दो समय मात्र बतलाया है। यथा–– पांच प्रकृतियोंका उदीरक कोई उपशान्तकषाय नीचे गिरता हुआ सूक्ष्मसाम्परायिक होकर छहका उदीरक हुआ। तत्पश्चात् द्वितीय समयमें भी वह छहका ही उदीरक रहा। इस प्रकार भुजाकार उदीरणाका अवस्थित उदीरणासे अन्तर हुआ। पुनः तृतीय समयमें मरकर वह देवोंमें उत्पन्न हो आठका उदीरक होकर भुजाकार उदीरणा करने लगा। इस प्रकार भुजाकार उदीरणाका एक समय मात्र जघन्य अन्तर प्राप्त हो जाता है। उसका उत्कृष्ट अन्तर एक समय कम तेतीस सागरोपम प्रमाण है। वह इस प्रकारसे– कोई जीव तेतीस सागरोपम आयुवाले देवोंमें उत्पन्न होकर उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें भुजाकार उदीरक हुआ और द्वितीय समयसे लेकर मरणावली प्राप्त होनेके पूर्व समय तक वह अवस्थित उदीरक रहा। इस प्रकार उसका इतना अन्तर अवस्थित उदीरणासे हुआ। तत्पश्चात् मरणावलीके प्रथम समयमें वह आयुके विना सात प्रकृतियोंकी उदीरणा करता हुआ अल्पतर उदीरक हो मरणावली कालके अन्तिम समय तक अवस्थित उदीरक रहा। तत्पश्चात् मरणको प्राप्त होकर मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ और उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें पुनः भुजाकार उदीरक हुआ। इस प्रकार भुजाकार उदीरणा का अवस्थित और अल्पतर उदीरणाओंसे एक समय कम पूरे तेतीस सागरोपम काल तक अन्तर रहा।

आगे चलकर इसी भुजाकार उदीरणाकी प्ररूपणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयकी अतिसंक्षेपमें प्ररूपणा करते हुए भागाभग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर और भाव; इन सबकी जानकर प्ररूपणा करनेका निर्देशमात्र किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पदनिक्षेपप्ररूपणामें भुजाकार उदीरणाकी उत्कृष्ट वृद्धि आदि किसके होती है, इसका कुछ विवेचन करते हुए प्रकृत हानि-वृद्धि आदिके अल्पबहुत्वका निर्देश मात्र किया गया है।

वृद्धिउदीरणाप्ररूपणामें संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणहानि और अवस्थित उदीरणा इन चार पदोंके अस्तित्वका उल्लेखमात्र करके शेष प्ररूपणा जानकर करना चाहिये (सेसं जाणिऊण वत्तव्वं) इतना मात्र निर्देश करते हुए मूलप्रकृतिउदीरणाकी प्ररूपणा समाप्त की गयी है।

मूलप्रकृतिउदीरणाके समान उत्तर प्रकृतिउदीरणा भी दो प्रकारकी है-- एक-एक प्रकृतिउदीरणा और प्रकृतिस्थानउदीरणा। इनमें प्रथमतः एक-एक प्रकृतिउदीरणाकी प्ररूपणा स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर इन अधिकारोंके द्वारा की गयी है। आठ कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंमेंसे किस-किस प्रकृतिके कौन-कौनसे जीव उदीरक होते हैं, इसका विवेचन स्वामित्वमें किया गया है। एक जीवकी अपेक्षा कालके कथनमें यह बतलाया है कि अमुक अमुक प्रकृतिकी उदीरणा एक जीवके आश्रयसे निरन्तर जघन्यतः इतने काल और उत्कर्षतः इतने काल तक होती है। एक जीवकी अपेक्षा विवक्षित प्रकृतिकी उदीरणाका अन्तर जघन्यसे कितना और उत्कर्षसे कितना होता है, इसका विचार एक जीवकी अपेक्षा अन्तरके निरूपणमें किया गया है। मतिज्ञानावरणादि प्रकृतियोंकी उदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा कितने भंग सम्भव हो सकते हैं, इसका विचार नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयमें किया गया है। उदाहरणके रूपमें पांच ज्ञानावरण प्रकृतियोंके उदीरक कदाचित् सब जीव हो सकते हैं, कदाचित् बहुत उदीरक और एक अनुदीरक होता है तथा कदाचित् बहुत जीव उदीरक और बहुत जीव अनुदीरक भी होते हैं। इस प्रकार यहाँ तीन भंग संभव हैं। नाना जीव यदि विवक्षित प्रकृतिकी उदीरणा करें तो कमसे कम कितने काल और अधिकसे अधिक कितने काल करेंगे, इसका विचार 'नाना जीवोंकी अपेक्षा काल' में किया गया है। इसी प्रकार नाना जीव विवक्षित प्रकृतिको छोडकर अन्य प्रकृतिकी उदीरणा करते हुए यदि फिरसे उक्त प्रकृतिकी उदीरणा प्रारम्भ करते हैं तो कमसे कम कितने कालमें और अधिकसे अधिक कितने कालमें करते हैं, इसका विवेचन नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरमें किया गया है।

संनिकर्ष- एक-एक प्रकृति उदीरणाकी ही प्ररूपणाको चालू रखते हुए संनिकर्षका भी यहाँ कथन किया गया है। यह संनिकर्ष स्वस्थान और परस्थानके भेदसे दो प्रकारका निर्दिष्ट किया गया है। स्वस्थान संनिकर्षके विवेचनमें ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंमें किसी एक कर्मकी उत्तर प्रकृतियोंमेंसे विवक्षित प्रकृतिको उदीरणा करनेवाला जीव उसकी ही अन्य शेष प्रकृतियोंका उदीरक होता है या अनुदीरक, इसका विचार किया गया है। जैसे- मतिज्ञानावरणकी उदीरणा करनेवाला शेष चार ज्ञानावरण प्रकृतियोंका भी नियमसे उदीरक होता है। चक्षुदर्शनावरणकी उदीरणा करनेवाला अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरण इन तीन दर्शनावरण प्रकृतियोंका नियमसे उदीरक तथा शेष पाँच दर्शनावरण प्रकृतियोंका वह कदाचित् उदीरक होता है। परस्थानसंनिकर्षमें आठों कर्मोंकी समस्त उत्तर प्रकृतियोंमेंसे किसी एककी विवक्षा कर शेष सभी प्रकृतियोंकी उदीरणा अनुदीरणाका विचार किया जाना चाहिये था। परन्तु सम्भवतः उपदेशके अभावमें वह यहाँ नहीं किया जा सका है, उसके सम्बन्धमें यहाँ केवल इतनी मात्र सूचना की गयी है कि 'परत्थाणसण्णियासो जाणियूण वत्तव्वो' अर्थात् परस्थान संनिकर्षका कथन जानकर करना चाहिये।

अल्पबहुत्व- यह अल्पबहुत्व भी स्वस्थान और परस्थानके भेदसे दो प्रकारका है। इनमेंसे स्वस्थान अल्पबहुत्वमें ज्ञानावरणादि एक-एक कर्मकी पृथक्-पृथक् उत्तर प्रकृतियोंके उदीरकोंकी हीनाधिताका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विचार किया गया है। परस्थान अल्पबहुत्वकी प्ररूपणामें समस्त कर्मप्रकृतियोंके उदीरकोंकी हीनाधिकताका विचार सामान्य स्वरूपसे किया जाना चाहिये था। परन्तु उसका भी विवेचन यहाँ सम्भवतः उपदेशके अभावसे ही नहीं किया जा सका है। इतना ही नहीं, बल्कि स्वस्थान अल्पबहुत्वकी प्ररूपणामें भी केवलज्ञानावरण, दर्शनावरण और वेदनीय इन तीन ही कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंके आश्रयसे उपर्युक्त अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जा सकी है, शेष मोहनीय आदि कर्मोंके आश्रयसे वह भी नहीं की गयी है। यहाँ उसके सम्बन्धमें इतनी मात्र सूचना की गयी है 'उपरि उपदेसं लहिय वत्तव्वं। परत्थाणप्पाबहुगं जाणिय वत्तव्वं' अर्थात् आगे मोहनीय आदि शेष कर्मोंके सम्बन्धमें प्रकृत स्वस्थान अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा उपदेश पाकर करना चाहिये। परस्थान अल्पबहुत्वका कथन जानकर करना चाहिये।

यहाँ एक-एक प्रकृतिकी विवक्षा होनेसे भुजाकर, पदनिक्षेप और वृद्धि प्ररूपणाओंकी असम्भावना प्रगट की गयी है।

प्रकृतिस्थानउदीरणा– यहाँ ज्ञानावरण आदि एक-एक कर्मकी अलग-अलग उत्तर प्रकृतियोंका आश्रय करके जितने उदीरणास्थान सम्भव हों उनके आधार से स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर तथा अल्पबहुत्वका विचार किया गया है। उदाहरण स्वरूप मोहनीय कर्मकी स्थानउदीरणामें एक, दो, चार, पांच, छह, सात, आठ, नौ और दस प्रकृति रूप नौ स्थानोंकी सम्भावना है। उनमें एक प्रकृति रूप उदीरणास्थानके चार भंग हैं– संज्वलन क्रोधके उदयसे प्रथम भंग, मानसंज्वलनके उदयसे दूसरा भंग, मायासंज्वलनके उदयसे तीसरा भंग, और लोभसंज्वलनके उदयसे चौथा भंग। इन भंगोंका कारण यह है कि इन चारों प्रकृतियोंमें से विवक्षित समयमें किसी एककी ही उदीरणा हो सकती है। दो प्रकृतिरूप स्थानके उदीरकके बारह भंग होते हैं–– इसका कारण यह है कि विवक्षित समयमें तीन वेदोंमें से किसी एक ही वेदकी उदीरणा हो सकेगी तथा उसके साथ उक्त चार संज्वलन कषायोंमें से किसी एक संज्वलन कषायकी भी उदीरणा होगी। इस प्रकार दो प्रकृतिरूप स्थानकी उदीरणामें बारह (४×३ = १२) भंग प्राप्त होते हैं। चार प्रकृतिरूप स्थानकी उदीरणामें चौबीस भंग होते हैं। वे इस प्रकारसे– तीन वेदोंमें से कोई एक वेद प्रकृति, चार संज्वलन कषायोंमें से कोई एक, तथा इनके साथ हास्य-रति या अरति-शोक इन दो युगलोंमें से कोई एक युगल रहेगा। इस प्रकार चार प्रकृतिरूप स्थानके चौबीस (३×४×२ = २४) प्राप्त होते हैं। इस चार प्रकृतिरूप स्थानमें भय, जुगुप्सा, सम्यक्त्व प्रकृति अथवा प्रत्याख्यानावरणादि चारमें से किसी एक प्रत्याख्यानावरण कषायके सम्मिलित होनेपर पाँच प्रकृतिरूप स्थानके चार चौबीस (२४×४ = ९६) भंग होते हैं। इसी प्रकारसे आगे भी छह प्रकृतिरूप स्थानके सात चौबीस (२४×७ = १६८), सात प्रकृतिरूप स्थानके दस चौबीस (२४×१० = २४०), आठ प्रकृतिरूप स्थानके ग्यारह चौबीस (२४×११ = २६४), नौ प्रकृतिरूप स्थानके छह चौबीस (२४×६ = १४४), तथा दस प्रकृतिरूप स्थानके एक चौबीस (२४×१ = २४) भंग होते हैं। इस प्रकार मोहनीय कर्मकी स्थान उदीरणामें प्रथमतः स्थान समुत्कीर्तना करके तत्पश्चात् स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, संनिकर्ष और अल्पबहुत्व इन अधिकारोंके द्वारा उसकी ही प्ररूपणा की गई है।

इसी प्रकारसे ज्ञानावरणादि अन्य कर्मोंके भी विषयमें पूर्वोक्त स्वामित्व आदि अधिकारोंके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वारा यथासम्भव स्थान उदीरणाकी प्ररूपणा की गयी है। वेदनीय और आयु कर्मोंके स्थान उदीरणाकी सम्भावना नही है।

भुजाकार उदीरणा– यहाँ प्रथमतः दर्शनावरणके सम्बन्धमें भुजाकार अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य इन चारों ही उदीरणाओंके अस्तित्वकी सम्भावना बतलाकर तत्पश्चात् उनके स्वामी, एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल व अन्तरका तथा अल्पबहुत्वका संक्षेपमें विवेचन किया गया है। आगे चलकर इसी क्रमसे मोहनीयके सम्बन्धमें भी भुजाकार उदीरणाकी प्ररूपणा करके उसे यहीं समाप्त कर दिया है। नामकर्म आदि अन्य कर्मोंके सम्बन्धमें उक्त प्ररूपणा नहीं की गयी है। इसके पश्चात् अति संक्षेपमें पदनिक्षेप और वृद्धिप्ररूपणा करके प्रकृतिउदीरणाकी प्ररूपणा समाप्त की गयी है।

स्थितिउदीरणा– यह भी मूलप्रकृतिस्थितिउदीरणा और उत्तरप्रकृतिस्थितिउदीरणाके भेदसे दो प्रकारकी है। मूलप्रकृतिस्थितिउदीरणामें मूल प्रकृतियोंके आश्रयसे स्थितिउदीरणाका जघन्य और उत्कृष्ट प्रमाण बतलाया गया हैं। जैसे– ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय इन चार कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिउदीरणा दो आवलियोंसे कम तीस कोडाकोडि सागरोपम प्रमाण है। यहाँ उत्कृष्ट स्थिति-उदीरणामें दो आवली कम बतलानेका कारण यह है कि बन्धावली और उदयावलीगत स्थिति उदीरणाके अयोग्य होती है। जघन्य स्थितिउदीरणा ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायकी एक स्थिति मात्र है जो कि ऐसे क्षीणकषाय जीवके पायी जाता है जिसे अन्तिम समयवर्ती क्षीणकषाय होनेमें एक समय अधिक एक आवली काल शेष है। मोहनीयकी जघन्य स्थिति उदीरणा भी एक स्थितिमात्र है जो कि ऐसे सूक्ष्मसांपरायिक क्षपकके पायी जाती है जिसके अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसांपरायिक होनेमें एक समय अधिक आवलि मात्र स्थिति शेष रही है। वेदनीयके जघन्य स्थितिउदीरणा पल्योपमके असंख्यातवें भागसे हीन तीन बटे सात ($\frac{3}{7}$) सागरोपमप्रमाण है।

जिस प्रकार मूलप्रकृतिस्थितिउदीरणामें मूलप्रकृतियोंके आश्रयसे यह प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकारसे उत्तर प्रकृति स्थिति उदीरणामें उत्तर प्रकृतियोंके आश्रयसे उक्त प्ररूपणा की गयी है।

स्वामित्व– पांच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और जघन्य स्थितिके उदीरक कौन और किस अवस्थामें होते हैं, इसका विचार स्वामित्वप्ररूपणामें किया गया है।

एक जीवकी अपेक्षा काल– उक्त पांच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट तथा जघन्य और अजघन्य स्थितिउदीरणा जघन्यसे कितने काल और उत्कर्षसे कितने काल होती है, इसका विचार यहाँ कालप्ररूपणामें किया गया है। उदाहरणके रूपमें जैसे पांच ज्ञानावरण प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थिति की उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मूहूर्त मात्र होती है। उनकी अनुत्कृष्ट स्थिति उदीरणाका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनरूप अनन्त काल है। उन्हीकी जघन्य स्थितिउदीरणाका काल जघन्यसे भी एक समय मात्र है और उत्कर्षसे भी एक समय मात्र ही है। इनकी अजघन्य स्थितिउदीरणाका काल अभव्य जीवोंकी अपेक्षा अनादि-अपर्यवसित और भव्य जीवोंकी अनादि-सपर्यवसित है।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तर– जिस प्रकार काल प्ररूपणामें उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य स्थितिउदीरणाओंके कालका कथन किया गया है उसी प्रकार अन्तर प्ररूपणामें उनके अन्तरका विचार किया गया है।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय– यहां अर्थपदके कथनमें यह बतलाया है कि जो जीव उत्कृष्ट स्थितिके उदीरक होते हैं वे अनुत्कृष्ट स्थितिके अनुदीरक होते हैं और जो अनुत्कृष्ट स्थितिके उदीरक होते हैं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वे उत्कृष्ट स्थितिके अनुदीरक होते हैं। इसी प्रकारसे जो जघन्य स्थितिके उदीरक होते हैं वे अजघन्य स्थितिके नियमसे अनुदीरक होते हैं तथा जो अजघन्य स्थितिके उदीरक होते हैं वे जघन्य स्थितिके नियमसे अनुदीरक होते हैं। इस प्रकार अर्थपदका उल्लेख करके तत्पश्चात् किन प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थिति उदीरणा आदिमें कितने भंग होते हैं, इसका विचार किया गया है। जैसे– पाँच ज्ञानावरण प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके कदाचित् सब जीव अनुदीरक होते हैं, कदाचित् बहुत अनुदीरक और एक उदीरक होता है तथा कदाचित् बहुत अनुदीरक और बहुत ही उदीरक होते हैं। इस प्रकार उनकी उत्कृष्ट स्थितिके उदीरकोंमें तीन भंग पाये जाते हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिके उदीरकोंमें भी तीन ही भंग पाये जाते हैं। किन्तु वे विपरीत क्रमसे पाये जाते हैं। यथा अनुत्कृष्ट स्थितिके कदाचित् सब जीव उदीरक, कदाचित् बहुत उदीरक एक अनुदीरक तथा कदाचित् बहुत उदीरक व बहुत अनुदीरक होते हैं।

नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और अन्तरकी प्ररूपणा न करके यहाँ केवल इतना उल्लेख भर किया गया है कि उनकी प्ररूपणा नाना जीवोंकी अपेक्षा की गयी पूर्वोक्त भंगविचयप्ररूपणासे ही सिद्ध करके करना चाहिये।

संनिकर्ष– मतिज्ञानावरण प्रकृतिको प्रधान करके उसकी उत्कृष्ट स्थितिकी उदीरणा करनेवाला जीव अन्य सब प्रकृतियोंमें किस-किस प्रकृतिकी स्थितिका उदीरक या अनुदीरक होता है, तथा यदि उदीरक होता है तो क्या उत्कृष्ट स्थितिका उदीरक होता है या अनुत्कृष्ट स्थितिका; इसका विचार यहाँ किया गया है। उदाहरणार्थ– मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिकी उदीरणा करनेवाला श्रुतज्ञानावरणकी स्थितिका नियमसे उदीरक होता है। उदीरक होकर भी वह उसकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट दोनों ही स्थितियोंका उदीरक होता है। अनुत्कृष्ट स्थितिका उदीरक होता हुआ उत्कृष्ट स्थितिकी अपेक्षा एक समय कम, दो समय कम, तीन समय कम, इत्यादि क्रमसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्रसे हीन व उत्कृष्ट स्थितिका उदीरक होता है। इसी प्रकारसे अवधिज्ञानावरणादि शेष तीन ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, तथा साता व असातावेदनीय आदि सभी प्रकृतियोंकी स्थिति उदीरणाका तुलनात्मक विचार यहाँ संनिकर्षप्ररूपणामें किया गया है। इस प्रकार मतिज्ञानावरणकी प्रधानतासे पूर्वोक्त प्ररूपणा कर चुकनेके बाद यहाँ यह उल्लेख मात्र किया गया है कि शेष ध्रुवबन्धी प्रकृतियोंमेंसे एक एकको प्रधान कर उनके संनिकर्षकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके ही समान करना चाहिये।

तत्पश्चात् यहाँ कुछ प्रकृतियोंके संनिकर्षके कहनेकी प्रतिज्ञा करके सम्भवतः सातावेदनीयको प्रधान करके (प्रतियोंमें यह उल्लेख पाया नहीं जाता, सम्भवतः वह स्खलित हो गया है) भी पूर्वोक्त प्रकारसे संनिकर्षकी प्ररूपणा की गयी है। यह उत्कृष्ट पद विषयक संनिकर्षकी प्ररूपणा की गयी है। जघन्य पद विषयक संनिकर्षकी प्ररूपणाके सम्बन्धमें इतना मात्र उल्लेख किया गया है कि उसकी प्ररूपणा विचारकर करना चाहिये।

अल्पबहुत्व– यहाँ प्रथमतः सामान्य (ओघ) स्वरूपसे सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिउदीरणा विषयक अल्पबहुत्वका विवेचन करते हुए तदनुसार आदेशकी अपेक्षा इत्यादि मार्गणाओंमें भी पूर्वोक्त अल्पबहुत्वके कथन करनेका उल्लेख किया गया है। तत्पश्चात् ओघ और फिर आदेश रूपसे जघन्य स्थितिउदीरणा विषयक अल्पबहुत्वकी भी प्ररूपणा की है।

भुजाकार स्थितिउदीरणा– यहाँ पहिले अर्थपदका विवेचन करते हुए यह बतलाया है कि अल्पतर स्थितियोंकी उदीरणा करके आगेके अनन्तर समयमें बहुतर स्थितियोंकी उदीरणा करनेपर भुजाकार स्थिति उदीरणा होती है। बहुतर स्थितियोंकी उदीरणा करके आगेके अनन्तर समयमें अल्प स्थितियोंकी उदीरणा करनेपर यह अल्पतर स्थितिउदीरणा कही जाती है। जितनी स्थितियोंकी उदीरणा इस समय की गयी है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगेके अनन्तर समयमें भी उतनी ही स्थितियों की उदीरणा की जानेपर यह अवस्थित उदीरणा कहलाती है। जिसने पहिले स्थितिउदीरणा नहीं की है किन्तु अब कर रहा है उसकी यह उदीरणा अवक्तव्य उदीरणा कही जाती है। इस प्रकारसे अर्थपदका कथन करके तत्पश्चात् यहाँ भुजाकार स्थितिउदीरणाकी प्ररूपणा स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर और अल्पबहुत्व इन अधिकारोंके द्वारा यथा-सम्भव की गयी है। तत्पश्चात् पदनिक्षेपका संक्षिप्त विवेचन करते हुए वृद्धिउदीरणाकी प्ररूपणाके इन अधिकारोंके द्वारा जानकर करनेका संकेतमात्र किया है- स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तर। इसके बाद फिर इसी वृद्धिप्ररूपणाके आश्रयसे अल्पबहुत्वका विचार विस्तारसे किया गया है।

अनुभागउदीरणा-- अनुभागउदीरणाकी मूलप्रकृतिउदीरणा और उत्तरप्रकृतिउदीरणा इन दो भेदोंमें विभक्त करके उनमें मूलप्रकृतिउदीरणाका कथन जानकर करनेका उल्लेख मात्र किया गया है। उत्तरप्रकृतिअनुभाग उदीरणाकी प्ररूपणामें इन २४ अनुयोगद्वारोंका निर्देश करके यह कहा गया है कि इन अनुयोगद्वारोंका कथन करके तत्पश्चात् भुजाकार, पदनिक्षेप, वृद्धि और स्थानका भी कथन करना चाहिये। वे अनुयोगद्वार ये हैं-- १ संज्ञा, २ सर्वउदीरणा, ३ नोसर्वउदीरणा, ४ उत्कृष्ट उदीरणा, ५ अनुत्कृष्ट उदीरणा, ६ जघन्य उदीरणा, ७ अजघन्य उदीरणा, ८ सादिउदीरणा, ९ अनादिउदीरणा, १० ध्रुवउदीरणा, ११ अध्रुवउदीरणा, १२ एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्व, १३ एक जीवकी अपेक्षा काल, १४ एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, १५ नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, १६ भागाभागानुगम, १७ परिमाण, १८ क्षेत्र, १९ स्पर्शन, २० नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, २१ नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, २२ भाव, २३ अल्पबहुत्व और २४ संनिकर्ष।

इनमें संज्ञाके घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञा इन दो भेदोंका निर्देश करके फिर घातिसंज्ञाकी प्ररूपणा करते हुये यह बतलाया है कि आभिनिबोधिकज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण अवधिज्ञानावरण और मनःपर्ययज्ञानावरण इन चारकी उत्कृष्ट उदीरणा सर्वघाती तथा अनुत्कृष्ट उदीरणा सर्वघाती एवं देसघाती भी होती है। केवलज्ञानावरणकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट उदीरणा सर्वघाती ही होती है। इसी प्रकारसे दर्शनावरण आदि अन्य अन्य प्रकृतिभेदोंके सम्बन्धमें भी इस घातिसंज्ञाकी प्ररूपणा की गयी है।

स्वामित्व-- यहाँ ये चार अनुयोगद्वार निर्दिष्ट किये गये हैं-- प्रत्ययप्ररूपणा, विपाकप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा और शुभाशुभप्ररूपणा। प्रत्ययप्ररूपणामें यह बतलाया है कि पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, तीन दर्शनमोहनीय और सोलह कषायकी उदीरणा परिणामप्रत्ययिक है। नौ नोकषायोंकी पूर्वानुपूर्वीसे असंख्यातवें भाग प्रमाण परिणामप्रत्ययिक तथा पश्चादानुपूर्वीसे असंख्यात बहुभाग प्रमाण भवप्रत्ययिक है। साता व असाता वेदनीय, चार आयु कर्म, चार गति और पाँच जातिकी उदीरणा भवप्रत्ययिक है। औदारिकशरीरकी उदीरणा तिर्यञ्च और मनुष्योंके भवप्रत्ययिक है। वैक्रियिकशरीरकी उदीरणा देवनारकियोंके भवप्रत्ययिक तथा तिर्यंच-मनुष्योंके परिणामप्रत्ययिक है। इसी क्रमसे आगे भी यह प्ररूपणा की गयी है।

विपाकप्ररूपणामें बतलाया है कि जैसे पहले निबन्धनकी प्ररूपणा की गयी है [देखिये पृ. १७४] उसी प्रकार यहाँ विपाककी भी प्ररूपणा करना चाहिये। स्थानप्ररूपणामें मतिज्ञानावरणादि प्रकृतियोंकी उदीरणाके उत्कृष्ट आदि भेदोंमें एकस्थानिक और द्विस्थानिक आदि अनुभागस्थानोंकी सम्भावना बतलायी गयी है। शुभाशुभप्ररूपणामें पुण्य-पापरूप प्रकृतियोंका नामोल्लेख मात्र किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके पश्चात् मतिज्ञानावरणादि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट आदि उदीरणा भेदोंके स्वामियोंकी प्ररूपणा यथाक्रमसे की गयी है। आगे इसी क्रमसे पूर्वोक्त उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य एवं अजघन्य उदीरणा भेदोंकी एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोकी अपेक्षा काल व अन्तर तथा स्वस्थान व परस्थान संनिकर्षकी भी प्ररूपणा की गयी है। इस प्रकार पूर्वोक्त २४ अनुयोगद्वारोंमें इतने अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा करके शेष अनुयोगद्वारोंके सम्बन्धमें यह कह दिया है कि उनकी प्ररूपणा जानकर करना चाहिये। अन्तमें अल्पबहुत्व (२३वें) अनुयोग-द्वारकी प्ररूपणा विस्तारसे की गयी है।

भुजाकार अनुभागउदीरणा – यहाँ अर्थपदकी प्ररूपणा करते हुए यह बतलाया है कि अनन्तर अतिक्रान्त समयमें अल्पतर स्पर्धकोंकी उदीरणा करके यदि इस समयमें बहुतर स्पर्धकोंकी उदीरणा करता है तो वह भुजाकार अनुभाग उदीरणा कही जायगी। यदि अनन्तर अतिक्रांत समयमें बहुतर स्पर्धकोंकी उदीरणा करके इस समय स्तोक स्पर्धकोंकी उदीरणा करता है तो उसे अल्पतर उदीरणा कहना चाहिये। अनन्तर अतिक्रांत समयमें जितने स्पर्धकोंकी उदीरणा की गयी है आगे भी यदि उतने उतने ही स्पर्धकोंकी उदीरणा करता है तो इसका नाम अवस्थित उदीरणा होगा। पूर्वमें अनुदीरक होकर आगे उदीरणा करनेपर यह अवक्तव्य उदीरणा कही जायगी। इस प्रकारसे अर्थपदका कथन करते हुए यहां यह संकेत किया है कि पूर्वोक्त भुजाकारादि उदीरणाओंके स्वामित्वकी प्ररूपणा इसी अर्थपदके अनुसार करना चाहिये।

तत्पश्चात् यहाँ इन्ही उदीरणाओंसे सम्बन्धित एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल व अन्तर; तथा अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है। पश्चात् पदनिक्षेपकी प्ररूपणा करते हुए उसमें उत्कृष्ट एवं जघन्य भेदोंकी अपेक्षा स्वामित्व और अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है। वृद्धिउदीरणामें समुत्कीर्तनका कथन करके तत्पश्चात् यह संकेत किया है कि अल्पबहुत्व पर्यंत स्वामित्व आदि अधिकारोंकी प्ररूपणा जिस प्रकार अनुभागवृद्धिबन्ध में की गयी है उसी प्रकारसे उनकी प्ररूपणा यहाँ भी करना चाहिये।

प्रदेशउदीरणा– मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणा और उत्तरप्रकृतिप्रदेशउदीरणाके भेदसे प्रदेशउदीरणा दो प्रकारकी है। इनमें मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणाकी विशेष प्ररूपणा यहाँ न कर केवल इतना मात्र संकेत किया गया है कि मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणाकी समुत्कीर्तना आदि चौबीस अनुयोगद्वारोंके द्वारा अन्वेषण करके भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी प्ररूपणा कर चुकनेपर मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणा समाप्त होती है। ऐसा ही निर्देश कषायप्राभृतमें चूर्णिसूत्रके कर्ता द्वारा भी किया गया है (देखिये क. पा. सूत्र पृ. ५१९)।

उत्तरप्रकृतिप्रदेशउदीरणाकी प्ररूपणा में स्वामित्वका विवेचन करते हुए पहिले मतिज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाके स्वामियोंका और तत्पश्चात् उन्हींकी जघन्य प्रदेशउदीरणाके स्वामियोंका कथन किया गया है। इसके बाद एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर इन अनुयोग-द्वारोंका कथन स्वामित्वसे सिद्ध करके करना चाहिये; इतना उल्लेख मात्र करके स्वस्थान और परस्थान संनिकर्षकी संक्षेपमें प्ररूपणा की गयी है।

प्रदेशभुजाकार उदीरणाकी प्ररूपणामें पहिले प्रदेशभुजाकारउदीरणा, प्रदेशअल्पतरउदीरणा, प्रदेशअवस्थितउदीरणा और प्रदेशअवक्तव्यउदीरणा इन चारोंके स्वरूपका निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवकी अपेक्षा भंगविचय, नाना


Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवोंकी अपेक्षा काल तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर इनकी प्ररूपणा अनुभागभुजाकारउदीरणाके समान करनेका उल्लेख करके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है ।

पदनिक्षेपप्ररूपणा में पहले उत्कृष्ट स्वामित्वका विवेचन करके तत्पश्चात् जघन्य स्वामित्वका भी विवेचन करते हुए उत्कृष्ट और जघन्य अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है ।

वृद्धिउदीरणामें प्रथमतः स्थानसमुत्कीर्तनाका कथन करके तत्पश्चात् स्वामित्व आदि शेष अनुयोग-द्वारोंका कथन भी अति संक्षेपमें किया गया है । इस प्रकारसे प्रदेशउदीरणाकी प्ररूपणा हो चुकनेपर यहां उदीरणा उपक्रम समाप्त हो जाता है ।

उपशामना उपक्रम – यहां उपशामनाके सम्बन्धमें निक्षेपयोजना करते हुए कर्मद्रव्यउपशामनाके दो भेद बतलाये है – करणोपशामना और अकरणोपशामना । इनमें अकरणोपशामनाका अनुदीर्णोपशामना यह दूसरा भी नाम है । इसकी सविस्तर प्ररूपणा कर्मप्रवादमें की गयी है । करणोपशामना भी दो प्रकारकी है– देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना । सर्वकरणोपशामनाके और भी दो नाम हैं– गुणोपशामना और प्रशस्तोपशामना । इस सर्वकरणोपशामनाकी प्ररूपणा कसायपाहुडमें की जायगी, ऐसा निर्देश करके यहां उसकी प्ररूपणा नहीं की गयी है । इसी प्रकार देश करणोपशामनाके भी दूसरे दो नाम हैं– अगुणोपशामना और अप्रशस्तोपशामना । इसी अप्रशस्तोपशामनाको यहां अधिकारप्राप्त बतलाया है । उपशामनाके पूर्वोक्त भेदोंके लिये तालिका देखिये–



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य यतिवृषभ द्वारा विरचित कसायपाहुडके चूर्णिसूत्रोंमें भी इन उपशामना भेदोंके सम्बन्धमें प्रायः इसी प्रकार और इन्हीं शब्दोंमें कथन किया गया है✡। कसायपाहुडसे इतनी ही विशेषता है कि यहाँ सर्वकरणोपशामनाका 'गुणोपशामना' और देशकरणोपशामनाका 'अगुणोपशामना' इन नामान्तरोंका उल्लेख अधिक किया गया है। कसायपाहुडकी जयधवला टीकामें उपशामनाके पूर्वोक्त भेदोंमेंसे कुछका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है--

अकरणोपशामना-- कर्मप्रवाद नामका जो आठवाँ पूर्वाधिकार है वहाँ सब कर्मों सम्बन्धी मूल और उत्तर प्रकृतियोंकी विपाक पर्याय और अविपाक पर्यायका कथन द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके अनुसार बहुत विस्तारसे किया गया है। वहाँ इस अकरणोपशामनाकी प्ररूपणा देखना चाहिये।

देशकरणोपशामना-- दर्शनमोहनीयका उपशम कर चुकनेपर उदयादि करणोंमें से कुछ तो उपशान्त और कुछ अनुपशान्त रहते हैं। इसलिये यह देशकरणोपशामना कही जाती है। ××× द्वितीय पूर्वकी पाँचवी 'वस्तु' से प्रतिबद्ध कर्मप्रकृति नामका चौथा प्राभृत अधिकार प्राप्त है। वहाँ इस देशकरणोपशामनाकी प्ररूपणा देखना चाहिये, क्योंकि, वहाँ इसकी प्ररूपणा विस्तार पूर्वक की गयी है।

सर्वकरणोपशामना-- सब करणोंकी उपशामनाका नाम सर्वकरणोपशामना है।

अप्रशस्तोपशामना-- संसारपरिभ्रमणके योग्य अप्रशस्त परिणामोंके निमित्तसे होनेके कारण यह अप्रशस्तोपशामना कही जाती है।

इन उपशामना भेदोंका उल्लेख प्रायः इसी प्रकारसे श्वेताम्बर कर्मप्रकृति ग्रन्थमें पाया जाता है। इस कारणकी प्ररूपणा प्रारम्भ करते हुए वहाँ सर्व प्रथम यह गाथा प्राप्त होती है--

करणकयाऽकरणा वि य दुविहा उवसामणत्थ बिइयाए।
अकरण-अणुइन्नाए अणुओगधरे पणिवयामि ॥ १ ॥

इसमें उपशामनाके करणकृता और अकरणकृता ये वे ही दो भेद बतलाये गये हैं। इनमें द्वितीय अकरणकृता उपशामनाके वे दो ही नाम यहाँ भी निर्दिष्ट किये गये हैं- अकरणकृता और अनुदीर्णा। यहाँ विशेष ध्यान देने योग्य 'अणुओगधरे पणिवयामि' वाक्यांश है। इसकी संस्कृत टीकामें श्रीमलयगिरि सूरिने लिखा है--

इस अकरणकृतोपशामनाके दो नाम हैं-- अकरणोपशामना और अनुदीरणोपशामना। उसका अनुयोग इस समय नष्ट हो चुका है। इसीलिये आचार्य (शिवशर्मसूरि) स्वयं उसके अनुयोगको न जानते हुए उसके जानकार विशिष्ट प्रतिभासे सम्पन्न चतुर्दशपूर्ववेदियोंको नमस्कार करते हुए कहते हैं-- बिइयाए इत्यादि।

यहाँ द्वितीय गाथामें सर्वोपशामना और देशोपशामनाके भी वे ही दो दो नाम निर्दिष्ट किये गये

✡ एतो सुत्तविहासा। तं जहा। उवसामणा कदिविधा त्ति ? उवसामणा दुविहा करणोवसामणा अकरणोवसामणा च। जा सा अकरणोवसामणा तिस्से दुवे णामधेयाणि-- अकरणोवसामणा त्ति वि अणुदिण्णोवसामणा त्ति वि। एसा कम्मपवादे ! जा सा करणोवसामणा सा दुविहा-- देसकरणोवसामणा त्ति वि सव्वकरणोवसामणा त्ति वि। देसकरणोवसामणाए दुवे णामाणि देसकरणोवसामणा त्ति वि अप्पसत्थउवसामणा त्ति वि। एसा कम्मपयडीसु। जा सा सव्वकरणोवसामणाए तिस्से वि दुवे णामाणि-- सव्वकरणोवसामणा त्ति वि पसत्थकरणोवसामणा त्ति वि। एदाए तत्थपयदं। क. पा. सुत्त पृ. ७०७-८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं जो कि यहाँ प्रकृत धवलामें बतलाये गये हैं। यथा– सर्वकरणोपशामनाके गुणोपशामना और प्रशस्तोपशामना तथा देशकरणोपशामनाके उनसे विपरीत अगुणोपशामना और अप्रशस्तोपशामना।

यहाँ अप्रशस्तोपशामनाको अधिकार प्राप्त बतलाते हुए श्री वीरसेनाचार्यने उसके अर्थपदका कथन करते हुए बतलाया है कि जो प्रदेशपिण्ड अप्रशस्तोपशामनाके द्वारा उपशान्त किया गया है उसका अपकर्षण किया जा सकता है, उत्कर्षण किया जा सकता है, अन्य प्रकृतिमें संक्रम कराया जा सकता है परन्तु उदयावलीमें प्रवेश नहीं कराया जा सकता है। इस अर्थपदके अनुसार यहाँ पहिले स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर तथा अल्पबहुत्व, (भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि प्ररूपणाओंकी यहाँ सम्भावना नही है)। इन अधिकारोंके द्वारा मूलप्रकृतिउपशामनाकी प्ररूपणा अतिसंक्षेपमें की गयी है। उत्तरप्रकृतिउपशामनाकी प्ररूपणा भी इन्हीं अधिकारोंके द्वारा संक्षेपमें की गयी है।

प्रकृतिस्थानोपशामनाकी प्ररूपणामें ज्ञानावरणादि कर्मोंके सम्भव स्थानोंका उल्लेख मात्र करके उनकी प्ररूपणा स्वामित्व आदि अधिकारोंके द्वारा करना चाहिये, ऐसा उल्लेख मात्र किया गया है। यहाँ भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि उपशामनाओंकी भी सम्भावना है।

स्थितिउपशामना– यहाँ पहिले मूल प्रकृक्रियोंके आश्रयसे क्रमशः उत्कृष्ट और जघन्य अद्धाछेदकी प्ररूपणा करके तत्पश्चात् स्वामित्व आदि शेष अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा स्थितिउदीरणाके समान करना चाहिये, ऐसा संकेत किया गया है।

अनुभागउपशामना– यहाँ मूलप्रकृतिअनुभागउपशामनाको सुगम बतलाकर उत्तरप्रकृतिअनुभाग उपशामनामें उत्कृष्ट व जघन्य प्रमाणानुगम, स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिकर्ष; इन अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा यथासम्भव अनुभागसत्कर्मके समान करना चाहिये ऐसा निर्देश किया गया है। यहाँ तीव्रता और मदन्ताके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणाको जैसे अनुभागबन्ध में चौसठ पदों द्वारा तद्विषयक अल्पबहुत्वकी की गयी है वैसे करने योग्य बतलाया है।

प्रदेशउपशामना– यहाँ ' प्रदेशउपशामनाकी प्ररूपणा जानकर करना चाहिये ' इतना मात्र संकेत किया गया है।

विपरिणामोपक्रम– प्रकृतिविपरिणमना आदिके भेदसे विपरिणामोपक्रम चार प्रकारका है। इनमें प्रकृतिविपरिणमनाके दो भेद हैं– मूलप्रकृतिविपरिणमना और उत्तरप्रकृतिविपरिणमना। मूलप्रकृतिविपरिणमनाके भी दो भेद हैं– देशविपरिणमना और सर्वविपरिणमना।

देशविपरिणमना– जिन प्रकृतियोंका अधःस्थितिगलनाके द्वारा एकदेश निर्जीण होता है उसका नाम देशविपरिणमना है।

सर्वविपरिणमना– जो प्रकृति सर्वनिर्जराके द्वारा निर्जीर्ण होती है वह सर्वविपरिणमना कहलाती है।

उत्तरप्रकृतिविपरिणमना– देशनिर्जरा या सर्वनिर्जराके द्वारा निजीर्ण प्रकृति तथा जो अन्य प्रकृतिमें देशसंक्रमण अथवा सर्वसंक्रमणके द्वारा संक्रान्त होती है इसका नाम उत्तरप्रकृतिविपरिणमना है।

इस स्वरूपकथनके अनुसार यहाँ मूल और उत्तर प्रकृतिविपरिणमनाकी प्ररूपणा स्वामित्व आदि अधिकारोंके द्वारा करना चाहिये, ऐसा उल्लेख भर किया गया है। इसका कारण तद्विषयक उपदेशका अभाव ही प्रतीत होता है। यहाँ भुजाकर, पदनिक्षेप और वृद्धिकी सम्भावना नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपकर्षण, उत्कर्षण और संक्रमको प्राप्त कराई जानेवाली स्थितिका नाम विपरिणामना स्थिति है। अपकर्षित, उत्कर्षित अथवा अन्य प्रकृतिको प्राप्त कराया गया अनुभाग विपरिणामित अनुभाग कहलाता है। जो प्रदेशपिंड निर्जराको प्राप्त हुआ है अथवा अन्य प्रकृतिको प्राप्त कराया गया है वह प्रदेशपरिणामना कही जाती है। इनमें स्थितिविपरिणामनाकी प्ररूपणा स्थितिसंक्रम, अनुभागविपरिणामनाकी प्ररूपणा अनुभागसंक्रम और प्रदेशविपरिणामनाकी प्ररूपणा प्रदेशसंक्रमके समान करने योग्य बतलायी गयी है।

१० उदयानुयोगद्वार– यहाँ नोआगमकर्मद्रव्य उदयको प्रकृत बतलाकर उसके प्रकृतिउदय आदि के भेदसे चार भेद बतलाये हैं। उत्तर प्रकृति उदयकी प्ररूपणामें स्वामित्वका कथन करते हुए किन प्रकृतियोंके कौन-कौनसे जीव वेदक हैं, इसका विवेचन किया गया है। अन्य काल आदि अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा स्वामित्वसे सिद्ध करके करना चाहिये। ऐसा उल्लेख करते हुए यहां अल्पबहुत्वके विवेचनमें जो प्रकृति उदीरणाअल्पबहुत्वसे कुछ विशेषता है उसका उपदेशभेदके अनुसार निर्देशमात्र किया गया है।

स्थितिउदय– स्थितिउदय की प्ररूपणामें पहिले स्थितिउदय प्रमाणानुगम, स्वमित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, संनिकष और अल्पबहुत्व इन अधिकारोंके अनुसार मूलप्रकृतिस्थितिउदयकी प्ररूपणा की गयी है। यह उदयकी प्ररूपणा प्रायः उदीरणाप्ररूपणाके ही समान निर्दिष्ट की गयी है।

उत्तरप्रकृतिस्थितिउदय– यहाँ एवं उत्कृष्ट स्थिति उदयके प्रमाणानुगमकी प्ररूपणा उत्कृष्ट स्थिति उदीरणाके प्रमाणानुगमके समान बतलाते हुए उसे उदयस्थितिसे अधिक बतलाया गया है। जघन्य स्थिति उदयकी प्ररूपणामें नामनिर्देशपूर्वक कुछ कर्मोंका जघन्य प्रमाणानुगम बतलाकर शेष कर्मोंके प्रमाणानुगम, सभी कर्मोंके स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, संनिकष और अल्पबहुत्व इन अधिकारोंकी भी प्ररूपणा स्थिति उदीरणाके समान निर्दिष्ट भी गयी है।

अनुभाग उदय– यहाँ मूलप्रकृतिअनुभागउदय और उत्तरप्रकृतिअनुभागउदयकी प्ररूपणा चौबीस अनुयोगद्वारोंके द्वारा करणीय बतलाकर जघन्य स्वामित्वके विषयमें कुछ थोडीसी विशेषताका भी उल्लेख किया गया है।

प्रदेशउदय– यहाँ मूलप्रकृतिप्रदेशउदयकी प्ररूपणामें सब अनुयोगद्वारोंके द्वारा जानकर करने योग्य बतलाकर उत्तरप्रकृतिप्रदेशउदयकी प्ररूपणामें स्वामित्वके परिज्ञानार्थ 'सम्मत्तुप्पत्तीए' आदि २ गाथाओंके द्वारा १० गुणश्रेणियोंका निर्देश करके उक्त गुणश्रेणियोंमें कौनसी गुणश्रेणियाँ भवान्तरमें संक्रान्त होती है, इसका उल्लेख करते हुए उत्कृष्ट व जघन्य प्रदेशउदयविषयक स्वामित्वका विवेचन किया गया है।

एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्व आदि अन्य अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा पूर्वोक्त स्वामित्व प्ररूपणा से ही सिद्ध करने योग्य बतलाकर तत्पश्चात् उत्कृष्ट और जघन्य प्रदेशउदयविषयक अल्पबहुत्वका विवेचन किया गया है।

भुजाकार प्रदेशउदयकी प्ररूपणामें प्रथमतः अर्थपदका निर्देश करके तत्पश्चात् स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा की गयी है। एक जीवकी अपेक्षा काल प्ररूपणा प्रथमतः नागहस्ती क्षमाश्रमणके उपदेशानुसार और तत्पश्चात् अन्य उपदेशके अनुसार की गयी है।

पदनिक्षेपप्ररूपणामें स्वामित्वका विवेचन करते हुए तत्पश्चात् अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संतकम्मपंजिया

निबन्धन, प्रक्रम, उपक्रम और उदय इन पूर्वोक्त चार अनुयोगद्वारोंके ऊपर एक पंजिका भी उपलब्ध है जो इसी पुस्तकके 'परिशिष्ट' में दी गयी है। यह पंजिका किसके द्वारा रची गयी है, इसका कुछ संकेत यहाँ प्राप्त नहीं है। उसकी उत्थानिकामें यह बतलाया गया है कि 'महाकर्मप्रकृति प्राभृत' के जो कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वार हैं उनमेंसे कृति और वेदना नामक २ अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा वेदनाखण्ड (पु० ९–१२) में की गयी है। स्पर्श, कर्म, प्रकृति (पु० १३) और बन्धन अनुयोग–द्वारके अन्तर्गत बन्ध एवं बन्धनीय (बन्धन अनुयोग द्वार चार प्रकारका है– बन्ध, बन्धनीय, बन्धक और बन्धविधान) अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा वर्गणाखण्डमें की गयी है। बन्धन अनुयोगद्वारके अन्तर्गत बन्ध–विधान नामक अवान्तर अनुयोगद्वारकी प्ररूपणा महाबन्धमें* विस्तारपूर्वक की गयी है। तथा उक्त बन्धन अनुयोगद्वारके अवान्तर अनुयोगद्वारभूत बन्धक अनुयोगद्वारकी प्ररूपणा क्षुद्रकबन्ध (पृ० ७) में विस्तार से की गयी है। शेष १८ अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा सत्कर्म में की गयी है। तथापि उसके अतिशय गम्भीर होनेसे यहाँ अर्थविषमपदोंके अर्थकी प्ररूपणा पंजिका स्वरूपसे की जाती है* ।

इससे यह निश्चित होता है कि प्रस्तुत मूलभूत षट्खंडागममें कृति-वेदनादि पूर्वोक्त २४ अनुयोग–द्वारोंमेंसे प्रथम ६ अनुयोगद्वारोंकी ही प्ररूपणा की गयी है। शेष निबन्धन आदि १८ अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा श्री वीरसेन स्वामीने स्वयं ही की है, जैसे कि उन्होंने उसके प्रारम्भमें इस वाक्यके द्वारा सूचित भी कर दिया है––

भूदबलिभडारएण जेणेदं देसामासियभावेण लिहिदं तेणेदेण सुत्तेण सूचिदसेसअट्ठारसअणुयोगद्दाराणं किंचि संखेवेण परूवणं कस्सामो। तं जहा––

उक्त 'संतकम्मपंजिया' की उत्थानिकामें की गयी सूचनाके अनुसार तो वह शेष सभी १८ अनुयोगद्वारोंके ऊपर लिखी जानी चाहिये थी। परन्तु उपलब्ध वह उदयानुयोगद्वार तक ही है। इसकी जो हस्तलिखित प्रति हमारे सामने रही है वह श्री पं० लोकनाथ जी शास्त्रीके अन्यतम शिष्य श्री देवकुमार जी के द्वारा मूडबिद्रीस्थ श्री वीरवाणीविलास जैन सिद्धान्त भवनकी प्रतिपरसे लिखी गयी है। वह प्रायः अशुद्ध बहुत है। इसमें लेखकने पूर्णविराम, अर्धविराम और प्रश्नसूचक आदि चिन्होंका भी उपयोग किया है जो यत्र तत्र भ्रान्तिजनक भी हो गया है।

पंजिकामें जहां भी अल्पबहुत्वका प्रकरण प्राप्त हुआ है उसीके ऊपर प्रायः विशेष लिखा गया है, अन्य विषयोंका स्पष्टीकरण प्रायः कहीं भी विशेषरूपसे नहीं किया गया है। यहां पंजिकाकारने जो संख्याओंका उपयोग अल्पबहुत्वके स्पष्टीकरणार्थ किया है वह किस आधारसे किया है, यह समझमें नहीं आ सका है। इसमें प्रायः सर्वत्र अस्पष्ट स्वरूपसे एक विशेष चिन्ह आया है जो प्रायः संख्यातका प्रतीक दिखता है। उसके स्थानमें हमने अंग्रेजीके (2) के अंक का उपयोग किया है।

---

* महाबन्धके ५ भाग 'भारतीय ज्ञानपीठ' द्वारा प्रकाशित किये जा चुके हैं। शेष भागोंके भी शीघ्र प्रकाशित हो जानेकी सम्भावना है।

* महाकम्मपयडिपाहुडस्स कदि-वेदणाओ (इ) चउवीसमणुयोगद्दारेसु तत्थ कदि-वेदणा त्ति जाणि अणुयोग–द्दाराणि वेदणाखंडम्मि, पुणो प (पस्स-कम्म-पयडि-बंधण त्ति) चत्तारिअणुओगद्दारेसु तत्थ बंध-बंधणिज्जणामाणुयोगेहि सह वग्गणाखंडम्मि, पुणो बंधविधाणणामाणुयोगद्दारो महाबंधम्मि, पुणो बंधगाणुयोगो खुद्दाबंधम्मि च सप्पवंचेण परूविदाणि। पुणो तेहिंतो सेसट्ठारसाणुयोगद्दाराणि संतकम्मे सव्वाणि परूविदाणि। तो वि तस्साइगंभीरत्तादो अत्थवि–समपदाणमत्थे थोरुच्चयेण पंजियसरूवेण भण्णिस्सामो। परिशिष्ट पृष्ठ १

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
७ निबन्धन अनुयोगद्वार	**१–१४**
वीरसेन स्वामीकृत मंगलाचरण	१
भगवन्त भूतबली भट्टारक द्वारा विरचित प्रकृत सूत्रको देशामर्शक मानकर उसके द्वारा सूचित शेष निबन्धन आदि १८ अनुयोगद्वारोंके रचनेकी वीरसेनाचार्य की सूचना	१
निबन्धन अनुयोगद्वारका निरुक्त्यर्थ बतला कर उसकी नामादि निक्षेपोंके द्वारा प्ररूपणा	१
निबन्धन अनुयोगद्वार यद्यपि छहों द्रव्योंके निबन्धनकी प्ररूपणा करता है फिर भी उसे छोड़कर यहाँ केवल कर्मनिबन्धनके ही ग्रहण करनेकी सूचना	३
ज्ञानावरण और दर्शनावरणके निबन्धनकी प्ररूपणा	४
वेदनीयके निबन्धनकी प्ररूपणा	६
मोहनीयके ,, ,,	,,
आयुके ,, ,,	,,
नामकर्मके ,, ,,	७
गोत्रकर्मके ,, ,,	,,
अन्तरायके ,, ,,	,,
ज्ञानावरणकी ५ उत्तर प्रकृतियोंके निबन्धन की प्ररूपणा	,,
दर्शनावरणकी ९ उत्तर प्रकृतियोंके निबन्धन की प्ररूपणा	८
साता और असाता वेदनीयके निबन्धनको प्ररूपणा	११
दर्शन और चारित्रमोहनीयके निबन्धनकी प्ररूपणा	११
आयुचतुष्कके निबन्धनकी प्ररूपणा	१२
नामप्रकृतियोंके निबन्धनकी प्ररूपणा	१२
नीच व ऊंच गोत्र तथा ५ अन्तराय प्रकृतियोंके निबन्धनकी प्ररूपणा	१४

विषय	पृष्ठ
८ प्रक्रम अनुयोगद्वार	**१४–४०**
नामादि निक्षेपों द्वारा प्रक्रमकी प्ररूपणा	१५
एक प्रकारके कर्मको बांधकर फिर उसे आठ प्रकारके करने विषयक आशंका और उसका समाधान	१६
सांख्योंके द्वारा माने गये सत्कार्यवादका निरूपण	१७
नैयायिक आदिके द्वारा माने गये असत्कार्यवाद का निराकरण	२०
सत्-असत् एवं अनुभय स्वरूप कार्यकी उत्पत्तिका निराकरण करके 'स्यात् सत् कार्य' उत्पन्न होता है, इत्यादि सात भंगोंका उल्लेख और उनका पृथक् विवरण	२३
क्षणिक एकान्त पक्षमें परलोक आदिकी असम्भावना प्रगट कर द्रव्यकी उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य-स्वरूपताकी सिद्धि	२६
भावैकान्तमें दोषापादन	२८
अभावैकान्तमें दोषापादन	३०
नयविवक्षासे कथंचित् सत्, असत् व उभय आदि स्वरूपताकी सिद्धि	३१
मूर्त कर्मोंका अमूर्त जीवके साथ बन्धविषयक शंका और उसका समाधान	३२
प्रक्रमके ३ भेदोंका निर्देश करके मूलप्रकृति प्रक्रमका विवरण	३५
उत्कृष्ट उत्तर प्रकृतिप्रक्रमका विवरण	३६
जघन्य प्रकृतिप्रक्रमका विवरण	३७
स्थिति और अनुभाग प्रक्रमका निरूपण	३९
९ उपक्रम अनुयोगद्वार	**४१–२८४**
उपक्रमके भेद-प्रभेद और उनका लक्षण	४१
एक-एकप्रकृति उदीरणा विषयक स्वामित्व	४४
एक जीवकी अपेक्षा काल	,,
,, अन्तर	४६
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय आदि	,,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय	पृष्ठ
प्रकृतिस्थानसमुत्कीर्तना और तद्विषयक स्वामित्व आदि	४८
भुजाकार आदि चार प्रकारकी उदीरणाओंका निरूपण	५०
पदनिक्षेप	५३
उत्तरप्रकृतिउदीरणामें एक-एकप्रकृतिउदीरणा-विषयक स्वामित्वकी प्ररूपणा	५४
एक-एकप्रकृतिउदीरणा विषयक एक जीवकी अपेक्षा कालप्ररूपणा	६१
एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकी प्ररूपणा	६८
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	७२
नाना जीवोंकी अपेक्षा काल	७३
नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर	७४
नाना जीवोंकी अपेक्षा संनिकर्ष	,,
एक-एकप्रकृति उदीरणा विषयक अल्पबहुत्व	८०
उदीरणास्थान प्ररूपणामें ज्ञानावरण दर्शनावरण एवं वेदनीयकी उदीरणास्थान प्ररूपणा	८१
मोहनीयकी उदीरणास्थानप्ररूपणामें स्थान समुत्कीर्तना	,,
मोहनीयकी उदीरणास्थानप्ररूपणामें स्वामित्व	८२
मोहनीयकी उदीरणास्थानप्ररूपणामें एक जीवकी अपेक्षा काल	८३
मोहनीयकी उदीरणास्थानप्ररूपणामें एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	८४
मोहनीयकी उदीरणास्थानप्ररूपणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष और अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा	८४
आयुकर्मकी स्थानउदीरणाविषयक असम्भावना	८६
नरकगतिके आश्रयसे नामकर्मकी स्थान उदीरणा	,,
तिर्यञ्च गतिके आश्रयसे नामकर्मकी स्थान उदीरणा	८८
मनुष्योंके आश्रयसे नामकर्मकी स्थानउदीरणा	९३
देवगतिके आश्रयसे ,, ,,	९६
भुजाकारउदीरणाप्ररूपणामें दर्शनावरण-विषयक प्ररूपणा, स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तरकी प्ररूपणा	९७
भुजाकारउदीरणामें मोहनीय विषयक प्ररूपणा	९८
स्थितिउदीरणामें मूलप्रकृतिस्थितिउदीरणा	१००
स्थितिउदीरणाके आश्रित उत्कृष्ट उत्तर प्रकृति-स्थितिउदीरणाविषयक अद्धाच्छेद	१०१
जघन्य उत्तरप्रकृतिस्थितिउदीरणाविषयक अद्धाच्छेद	१०३
उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाविषयक स्वामित्व	१०४
जघन्य स्थितिउदीरणाविषयक स्वामित्व	११०
उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाविषयक एक जीवकी अपेक्षा कालप्ररूपणा	११९
जघन्य स्थितिउदीरणाविषयक एक जीवकी अपेक्षा काल प्ररूपणा	१२५
उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाविषयक एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	१३०
जघन्य स्थितिउदीरणाविषयक एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	१३७
स्थितिउदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	१३९
स्थितिउदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और अन्तरका उल्लेख करके संनिकर्षकी प्ररूपणा	१४१
स्थितिउदीरणामें अल्पबहुत्व	१४७
भुजाकार स्थितिउदीरणाप्ररूपणामें स्वामित्व का उल्लेख करके एक जीवकी अपेक्षा काल-प्ररूपणा	१५७
भुजाकार स्थितिउदीरणामें एक जीवकी अपेक्षा अन्तरका उल्लेख करके नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयकी प्ररूपणा	१६१
भुजाकार स्थितिउदीरणामें अल्पबहुत्व प्ररूपणा	१६२
,, ,, पदनिक्षेप	१६४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय	पृष्ठ
भुजाकार स्थितिउदीरणामें वृद्धिउदीरणा विषयक अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा	१६४
अनुभागउदीरणामें संज्ञा एवं सर्वउदीरणा आदि २४ अनुयोगद्वारोंका नामनिर्देश	१७०
अनुभागउदीरणामें घातिसंज्ञा और स्थान संज्ञाका विवेचन	१७१
अनुभागउदीरणासे सम्बद्ध स्वामित्वके विवेचनमें प्रत्ययप्ररूपणा, विपाकप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा और शुभाशुभप्ररूपणा इन ४ अनुयोगद्वारोंका उल्लेख	१७२
प्रत्ययप्ररूपणामें कर्मप्रकृतियोंका परिणाम-प्रत्ययिक एवं भवप्रत्ययिक आदिमें विभाजन	,,
विपाकप्ररूपणा	१७४
स्थानप्ररूपणा	,,
शुभाशुभप्ररूपणा	१७५
अनुभागउदीरणामें उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा-विषयक स्वामित्वकी प्ररूपणा	१७६
जघन्य अनुभागउदीरणाविषयक स्वामित्वकी प्ररूपणा	१८२
अनुभागउदीरणामें एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट कालप्ररूपणा	१९०
अनुभागउदीरणामें एक जीवकी अपेक्षा जघन्य कालप्ररूपणा	१९४
अनुभागउदीरणामें एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट अन्तरप्ररूपणा	१९९
अनुभागउदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य अन्तरप्ररूपणा	२०१
अनुभागउदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	२०३
अनुभागउदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा कालप्ररूपणा	२०५
अनुभागउदीरणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरप्ररूपणा	२०८
अनुभागउदीरणामें संनिकर्षप्ररूपणा	२१०
अनुभागउदीरणामें उत्कृष्ट अल्पबहुत्व	२१६
अनुभागउदीरणामें जघन्य अल्पबहुत्व	२२६
अनुभाग भुजाकार उदीरणामें अर्थपद	२३१
,, एक जीवकी अपेक्षा काल	२३२
,, ,, अन्तर	२३३
,, नाना जीवोंकी अपेक्षा भं. वि.	२३४
,, ,, काल	२३५
,, ,, अन्तर	२३६
,, ,, अल्पबहुत्व	,,
अनुभागउदीरणामें पदनिक्षेपप्ररूपणा	२३७
,, वृद्धिप्ररूपणा	२५२
प्रदेशउदीरणामें उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाविषयक स्वामित्व	२५३
प्रदेशउदीरणामें जघन्य प्रदेशउदीरणाविषयक स्वामित्व	२५७
प्रदेशउदीरणामें एक जीवकी अपेक्षा काल, अन्तर और नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयका उल्लेख करके संनिकर्षका निरूपण	२५९
प्रदेशभुजाकारउदीरणामें अर्थपद	२६०
,, स्वामित्व आदि	२६१
,, अल्पबहुत्व	,,
प्रदेशउदीरणामें पदनिक्षेपप्ररूपणा	२६४
,, वृद्धिउदीरणा	२७३
उपशामनाउपक्रमप्ररूपणामें नामादिनिक्षेप-योजना	२७५
अप्रशस्त उपशामनामें अर्थपद	२७६
इस अर्थपदके अनुसार स्वामित्वप्ररूपणा	,,
,, कालप्ररूपणा आदि	२७७
उत्तरप्रकृतिउपशामनाप्ररूपणामें स्वामित्व आदि	२७८
प्रकृतिस्थानउपशामनाप्ररूपणा	२८०
स्थिति उपशामनाप्ररूपणामें अद्धाच्छेद	,,
,, स्वामित्व आदि	२८१
अनुभागउपशामना और प्रदेउपशामनाका विवेचन	२८२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय	पृष्ठ
विपरिणाम उपक्रमके प्रकृतिविपरिणामना आदि चार भेदोंका निर्देश करके उनमें मूलप्रकृति-विपरिणामनाकी प्ररूपणा	२८२
उत्तरप्रकृतिविपरिणामनाकी प्ररूपणा	२८३
स्थितिविपरिणामनाकी प्ररूपणा	,,
अनुभागविपरिणामना और प्रदेशविपरिणाम-नाकी प्ररूपणा	२८४
१० उदयानुयोगद्वार	**२८५-३३६**
नामादिरूप उदयभेदोंमेंसे यहाँ नोआगमकर्मद्रव्य-उदयको प्रकृत बतलाकर उसके भेद-प्रभेदोंका निर्देश	२८५
उत्तरप्रकृतिउदयकी प्ररूपणामें स्वामित्व	,,
उत्तरप्रकृतिउदयकी प्ररूपणामें एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल व अन्तर तथा संनिकर्ष अनुयोगद्वारोंका निर्देश मात्र करके अल्पबहुत्व प्ररूपणामें प्रकृतिउदयसे कुछ विशेषताओंका दिग्दर्शन	२८८
यहां भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी असम्भावनाका निर्देश करके प्रकृतिस्थान-उदयप्ररूपणाकी प्रकृतिस्थान उदीरणासे समानताका उल्लेख	२८९
मूलप्रकृति स्थितिउदयप्ररूपणामें स्थितिउदय-प्रमाणानुगम	२८९
मूलप्रकृति स्थितिउदयप्ररूपणामें स्थितिउदय-स्वामित्व	२९०
मूलप्रकृति स्थितिउदयप्ररूपणामें एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर	२९१
मूलप्रकृति स्थितिउदयप्ररूपणामें नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय आदि	२९२
मूलप्रकृति स्थितिउदयप्ररूपणामें संनिकर्ष	२९३
मूलप्रकृति स्थितिउदयप्ररूपणामें अल्पबहुत्व	२९४
स्थितिउदयप्ररूपणामें भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी प्ररूपणाके स्थितिउदीरणाके समान करनेका उल्लेख	,,
उत्तरप्रकृतिस्थितिउदयप्ररूपणामें उत्कृष्ट और जघन्य स्थितिउदयप्रमाणानुगम	,,
यहाँ उत्कृष्ट स्थितिउदयविषयक स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणाको उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाके समान करनेका निर्देश	२९५
अनुभागउदयकी प्ररूपणा	,,
प्रदेशउदयप्ररूपणामें १० गुणश्रेणियोंका निर्देश करके अन्य भवमें संक्रान्त होनेवाली गुणश्रेणियोंका उल्लेख	२९६
उत्कृष्ट प्रदेशउदयमें स्वामित्व प्ररूपणा	२९७
जघन्य प्रदेशउदयमें स्वामित्व प्ररूपणा	३०२
यहाँ काल आदि शेष अनुयोगद्वारोंका उल्लेख मात्र करके उत्कृष्ट प्रदेशोदयसंबंधी अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा	३०९
जघन्य प्रदेशोदयसम्बन्धी अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा	३१८
भुजाकार प्रदेशोदयकी प्ररूपणामें अर्थपद-निर्देशपूर्वक स्वामित्व	३२५
भुजाकार प्रदेशोदयकी प्ररूपणामें एक जीवकी अपेक्षा कालप्ररूपणा	,,
भुजाकार प्रदेशोदयकी प्ररूपणामें अन्तर-प्ररूपणा	३२९
भुजाकार प्रदेशोदयकी प्ररूपणामें अल्पबहुत्व-प्ररूपणा	,,
पदनिक्षेप प्रदेशोदय-स्वामित्व	३३२
पदनिक्षेप प्रदेशोदय अल्पबहुत्व	३३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिबंधणादि-

सेस-

अणुयोगद्दाराणि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



सिरि-भगवंत-पुप्फदंत-भूदबलि-पणीदो

छक्खंडागमो

सिरि-वीरसेणाइरिय-विरइय-धवला-टीकासमण्णिदो

तत्थ

संतकम्मगब्भिएसु सेस-अट्ठारह-अणुयोगद्दारेसु

७ णिबंधणाणुयोगद्दारं

णिट्ठवियअट्ठकम्मं केवलणाणेण दिट्ठपरमट्ठं ।
णमियूणरिट्ठणेमिं वोच्छामि णिबंधणणुयोगं ।।

भूदबलिभडारएण जेणेदं सुत्तं देसामासियभावेण लिहिदं तेणेदेण सुत्तेण सूचिदसेसअट्ठारसअणुयोगद्दाराणं किंचि संखेवेण परूवणं कस्सामो । तं जहा– निबध्यते तदस्मिन्निति निबंधनम्, जं दव्वं जम्हि णिवद्धं तं णिबंधणं त्ति भणिदं होदि । णिबंधणे त्ति अणुयोगद्दारे णिबंधणं ताव अपयदणिबंधणणिराकरणट्ठं णिक्खिवियव्वं तं जहा–

जिन्होंने आठ कर्मोंका अन्त करके प्रगट हुए केवलज्ञानके द्वारा पदार्थके यथार्थ स्वरूपको देख लिया है ऐसे अरिष्टनेमि जिनेन्द्र (बाईसवें तीर्थंकर) को नमस्कार करके निबन्धन अनुयोगद्वारका कथन करते हैं ।

भूतबलि भट्टारकने चूंकि यह सूत्र देशामर्शक रूपसे लिखा है, अत एव इस सूत्रके द्वारा सूचित शेष अठारह अनुयोगद्वारोंकी कुछ संक्षेपसे प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है–– 'निबध्यते तदस्मिन्निति निबन्धनम्' इस निरुक्तिके अनुसार जो द्रव्य जिसमें सम्बद्ध है उसे निबन्धन कहा जाता है । 'निबन्धन' इस अनुयोगद्वारमें पहिले अपकृत निबन्धनके निराकरणार्थ निबन्धका निक्षेप करते हैं । वह इस प्रकार है– नामनिबन्धन, स्थापनानिबन्धन, द्रव्यनिबन्धन,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णामणिबंधणं ठवणणिबंधणं दव्वणिबंधणं खेत्तणिबंधणं कालणिबंधणं भावणिबंधणं चेदि छव्विहं णिबंधणं होदि। जस्स णामस्स वाचगभावेण पवुत्तीए जो अत्थो आलंबणं होदि सो णामणिबंधणं णाम, तेण विणा णामपवुत्तीए अभावादो। तं च णामणिबंधणमत्थाहिहाण-पच्चयभेएण तिविहं। तत्थ अत्थो अट्ठविहो एग-बहुजीवाजीवजणिदपादेक्क-संजोगभंगभेएण। एदेसु अट्ठसु अत्थेसुप्पण्णणाणं ✡ पच्चयणिबंधणं। जो णामसद्दो पवुत्तो ✤ संतो अप्पाणं चेव जाणावेदि तमभिहाणणिबंधणं णाम। अधवा, एदं सव्वं पि दव्वादिणिबंधणेसु पविसदि त्ति मोत्तूण णिबंधणसद्दो चेव णामणिबंधणं ति घेत्तव्वं, एदं संते पुणरुत्तदोसाभावादो। ठवणणिबंधणं दुविहं सब्भावासब्भावट्ठवणणिबंधणभेएण। जं जहा ▲ अणुयरइ अप्पिददव्वं तं जहा ठविदं सब्भावट्ठवणणिबंधणं। तव्विरीयमसब्भावट्ठवणणिबंधणं। जं दव्वं जाणि दव्वाणि अस्सिदूण परिणमदि जस्स वा दव्वस्स ⊖ सहावो दव्वंतरपडिबद्धो तं दव्वणिबंधणं। खेत्तणिबंधणं णाम गाम-णयरादीणि ✡ पडिणियदखेत्ते तेसिं पडिबद्धत्तुवलंभादो। जो जम्हि काले पडिबद्धो अत्थो तक्कालणिबंधणं। तं जहा— चूअ ◆-फुल्लाणि चेत्तमासणिबद्धाणि, अंबिलियाहुल्लाणि आसाढमासणिबद्धाणि, वियइल्ल-

---

क्षेत्रनिबन्धन, कालनिबन्धन और भावनिबन्धन इस प्रकार निबन्धन छह प्रकारका है। जिस नामकी वाचक रूपसे प्रवृत्तिमें जो अर्थ आलम्बन होता है वह नाम निबन्धन है, क्योंकि, उसके विना नामकी प्रवृत्ति सम्भव नहीं है। वह नामनिबन्धन अर्थ, अभिधान और प्रत्ययके भेदसे तीन प्रकारका है, उनमें एक व बहुत जीव तथा अजीवसे उत्पन्न प्रत्येक व संयोगी भंगोंके भेदसे अर्थ आठ प्रकारका है, इन आठ अर्थोंमें उत्पन्न हुआ ज्ञान प्रत्ययनिबन्धन कहलाता है। जो संज्ञा शब्द प्रवृत्त होकर अपने आपको जतलाता है वह अभिधाननिबन्धन कहा जाता है। अथवा, यह भी चूंकि द्रव्यनिबन्धन आदिक निबन्धनोंमें प्रविष्ट है, अत एव उसे छोडकर 'निबन्धन' शब्दको ही नामनिबन्धन रूपसे ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, ऐसा होनेपर पुनरुक्त दोष नहीं आता।

स्थापनानिबन्धन सद्भावस्थापनानिबन्धन और असद्भावस्थापनानिबन्धनके भेदसे दो प्रकारका है। जो जिस प्रकारसे विवक्षित द्रव्यका अनुसरण करता है उसीको उसी प्रकारसे स्थापित करना सद्भावस्थापनानिबन्धन है। उससे विपरीत असद्भावस्थापनानिबन्धन है। जो द्रव्य जिन द्रव्योंका आश्रय करके परिणमन करता है, अथवा जिस द्रव्यका स्वभाव द्रव्यान्तरसे प्रतिबद्ध है वह द्रव्यनिबन्धन कहलाता है। ग्राम व नगर आदि क्षेत्रनिबन्धन हैं, क्योंकि, प्रतिनियत क्षेत्रमें उनका सम्बन्ध पाया जाता है। जो अर्थ जिस कालमें प्रतिबद्ध है वह कालनिबन्धन कहा जाता है। यथा— आम्र वृक्षके फूल चैत्र मासमें सम्बद्ध हैं, अम्लिकाके फूल आषाढ मासमें

✡ काप्रतौ 'अत्थेसुप्पण्णणाणं' इति पाठः। ✤ मप्रतिपाठोऽयम्। काप्रतौ 'सद्दो ण वुत्तो ताप्रतौ 'सद्दो (ण) वुत्तो' इति पाठः। ▲ मप्रतिपाठोऽयम्। का-ताप्रत्योः 'तं जहा' इति पाठः। ⊖ प्रत्योरुभयोरेव 'सद्दस्स' इति पाठः। ✡ ताप्रतौ 'गामणयरादीहि' इति पाठः। ◆ प्रत्योरुभयोरेव 'भूअ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुल्लाणि वइसाह-जेट्ठमासणिबद्धाणि; तत्थेव तेसिमुवलंभादो । एवमण्णेसिं पि कालणिबंधणं जाणिऊण वत्तव्वं । पंचरत्तियाओ णिबंधो त्ति वा । जं दव्वं भावस्स आलंबणमाहारो होदि तं भावणिबंधणं । जहा लोहस्स हिरण्ण-सुवण्णादीणि णिबंधणं ताणि अस्सिऊण तदुप्पत्तिदंसणादो ✡, उप्पण्णस्स वि लोहस्स तदावलंबणदंसणादो । कोहुप्पत्तिणिमित्तादव्वं कोहणिबंधणं उप्पण्णकोहावलंबणदव्वं वा । एत्थ एदेसु णिबंधणेसु केण णिबंधणेण पयदं ? णाम ट्ठवणणिबंधणाणि मोत्तूण सेससव्वणिबंधणेसु पयदं । एदं णिबंधणाणुओगद्दारं जदि वि छण्णं दव्वाणं णिबंधणं परूवेदि तो वि तमेत्थ मोत्तूण कम्मणिबंधणं चेव घेत्तव्वं, अज्झप्पविज्जाए अहियारादो । किमट्ठं णिबंधणाणुओगद्दारमागयं ? दव्व-खेत्त-काल-भावेहि कम्माणि परूविदाणि, मिच्छत्तासंजम-कसाय-जोगपच्चया वि तेसिं परूविदा, तेसिं कम्माणं पाओग्गपोग्गलाणं पि पि परूवणा कदा । संपहि तेसिं कम्माणं लद्धप्पसरूवाणं वावारपदुप्पायणट्ठं णिबंधणाणुयोगद्दारमागयं । तत्थ जं तं णोआगमदोकम्मदव्वणिबंधणं तं दुविहं– मूलकम्मणिबंधणं उत्तरकम्मणिबंधणं चेदि । तत्थ अट्ठ मूलकम्माणि, तेसिं णिबंधणं वत्तइस्सामो तं जहा–

सम्बद्ध हैं, विचकिल नामक वृक्षविशेषके फूल वैशाख व ज्येष्ठ मासमें सम्बद्ध हैं; क्योंकि, वे इन्हीं मासोंमें पाये जाते हैं। इसी प्रकार दूसरोंके भी कालनिबन्धनका जानकर कथन करना चाहिये। अथवा पंचरात्रिक निबन्धन कालनिबन्धन है (?)। जो द्रव्य भावका आलम्बन अर्थात् आधार होता है वह भावनिबन्धन है। जैसे– लोभके चांदी-सोना आदिक निबन्धन हैं, क्योंकि, उनका आश्रय करके लोभकी उत्पत्ति देखी जाती है, तथा उत्पन्न हुआ लोभ भी उनका आलम्बन देखा जाता है। क्रोधकी उत्पत्तिका निमित्तभूत द्रव्य अथवा उत्पन्न हुआ क्रोध जिसका आलम्बन होता है वह क्रोधनिबन्धन कहा जाता है।

शंका–– यहां इन निबन्धनोंमेंसे कौनसा निबन्धन प्रकृत है ?

समाधान–– नामनिबन्धन और स्थापनानिबन्धनको छोडकर शेष सब निबन्धन यहां प्रकृत हैं। यह निबन्धनानुयोगद्वार यद्यपि छह द्रव्योंके निबंधनकी प्ररूपणा करता है तो भी यहां उसे छोडकर कर्मनिबन्धनको ही ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि, यहां आध्यात्मविद्याका अधिकार है।

शंका–– निवन्धनानुयोगद्वार किसलिये आया है ?

समाधान–– द्रव्य, क्षेत्र, काल और योग रूप प्रत्ययोंकी भी प्ररूपणा की जा चुकी है; उनके मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग रूप प्रत्ययोंकी भी प्ररूपणा की जा चुकी है; तथा उन कर्मोंके योग्य पुद्गलोंकी भी प्ररूपणा की जा चुकी है। अब आत्मलाभको प्राप्त हुए उन कर्मोंके व्यापारका कथन करनेके लिये निबन्धनानुयोगद्वार आया है।

उनमें जो नोआगमद्रव्यनिबन्धन है वह दो प्रकारका है–– मूलकर्मनिबन्धन और उत्तरकर्मनिबन्धन। उनमें मूल कर्म आठ हैं, उनके निबन्धनका कथन करते हैं। यथा––

✡ ताप्रतौ ' तदुवत्तिदंसणादो ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्थ णाणावरणं सव्वदव्वेसु णिबद्धं* णोसव्वपज्जाएसु । १ ।

सव्वदव्वेसु णिबद्धं ति केवलणाणावरणमस्सिदूण भणिदं । कुदो ? तिकालविसयअणंतपज्जायभरिदछदव्वविसयकेवलणाणविरोहित्तादो । णोसव्वपज्जाएसु त्ति वयणं सेसणाणावरणाणि पडुच्च भणिदं, सेसणाणाणं सव्वदव्वग्गहणसत्तीए अभावादो । मदिसुदणाणाणं सव्वदव्वविसयत्तं किण्ण वुच्चदे, तासिं मुत्तामुत्तासेसदव्वेसु वावारुवलंभादो ? ण एस दोसो, तेसिं दव्वाणमणंतेसु पज्जाएसु तिकालविसएसु तेहि सामण्णेणावगएसु विसेसरूवेण वावाराभावादो । भावे वा केवलणाणेण समाणत्तं तेसिं पावेज्ज । ण च एवं, पंचणाणुवदेसस्स अभावप्पसंगादो । णोसद्दो सव्वपडिसेहओ* त्ति किण्ण घेप्पदे ? ण, णाणावरणस्साभावस्स पसंगादो, सुववयणविरोहादो च । तम्हा णोसद्दो देसपडिसेहओ त्ति घेत्तव्वं ।

एवं दंसणावरणीयं ॥ २ ॥

उनमें ज्ञानावरण सब द्रव्योंमें निबद्ध है और नो सर्व पर्यायोंमें अर्थात् असर्व पर्यायोंमें (कुछ पर्यायोंमें) वह निबद्ध है ॥ १ ॥

' सब द्रव्योंमें निबद्ध है ' यह केवलज्ञानावरणका आश्रय करके कहा गया है, क्योंकि, वह तीनों कालोंको विषय करनेवाली अनन्त पर्यायोंसे परिपूर्ण ऐसे छह द्रव्योंको विषय करनेवाले केवलज्ञानका विरोध करनेवाली प्रकृति है । ' असर्व (कुछ) पर्यायोंमें निबद्ध है ' यह वचन शेष चार ज्ञानावरण प्रकृतियोंकी अपेक्षासे कहा गया है, क्योंकि, शेष चार ज्ञानोंमें सब द्रव्योंको ग्रहण करनेकी शक्ति नहीं पाई जाती ।

शंका— मतिज्ञान व श्रुतज्ञान सब द्रव्योंको विषय करनेवाले हैं, ऐसा क्यों नहीं कहते; क्योंकि, उनका मूर्त व अमूर्त सब द्रव्योंमें व्यापार पाया जाता है ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, उन द्रव्योंकी त्रिकालविषयक अनन्त पर्यायोंमें उन ज्ञानोंकी सामान्य रूपसे प्रवृत्ति है, विशेष रूपसे नहीं है । अथवा यदि उनमें उनकी विशेष रूपसे भी प्रवृत्ति स्वीकार की जाय तो वे दोनों ज्ञान केवलज्ञानकी समानताको प्राप्त हो जावेंगे । परन्तु ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि, वैसा होनेपर पांच ज्ञानोंका जो उपदेश प्राप्त है उसके अभावका प्रसंग आता है ।

शंका— ' नो ' शब्दको सबसे प्रतिषेधक रूपसे क्यों नहीं ग्रहण किया जाता है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, वैसा स्वीकार करनेपर एक तो ज्ञानावरणके अभावका प्रसंग आता है, दूसरे स्ववचनका विरोध भी होता है । इसलिये ' नो ' शब्दको देशप्रतिषेधक ही ग्रहण करना चाहिये ।

इसी प्रकार दर्शनावरण भी सब द्रव्योंमें निबद्ध है और नोसर्वपर्यायोंमें अर्थात् असर्व पर्यायोंमें (कुछ पर्यायोंमें) वह निबद्ध है ॥ २ ॥

---

* काप्रतौ ' णिबंधणं ', ताप्रतौ ' णिबंधणं (णिबद्धं) ' इति पाठः ।

* काप्रतौ ' सद्दपडिसेहओ, ' ताप्रतौ ' सद् (व्व) पडिसेहओ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंसणावरणीयं णाम अप्पाणम्मि चेव णिबद्धं, अण्णहा णाण-दंसणाणमेयत्तप्पसंगादो। ण च विसय-विसयिसण्णिवादाणंतरसमए सामण्णग्गहणं दंसणं, विषय-विषयिसन्निपातानन्तरमाद्यग्रहणमवग्रह इति लक्षणात् ज्ञानत्वं प्राप्तस्यावग्रहस्य दर्शनत्वविरोधात्। किं च– ण विसेसेण विणा सामण्णं चेव घेप्पदि, दव्व-खेत्त-काल-भावेहि अविसेसिदस्स गहणत्ताणुववत्तीदो। किं च– णाणेण किमवत्थुपरिच्छेदो ✡ आहो वत्थुपरिच्छेदो कीरदि? ण पढमपक्खो, घड-पडादिवत्थूणं परिच्छेदयाभावेण सयललोगसंववहाराभावप्पसंगादो। ण बिदियपक्खो वि, दंसणस्स णिव्विसयत्तप्पसंगादो। एवं दंसणं पि ण वुत्तदोसे अइक्कमइ। ण च णाण-दंसणेहि अक्कमेण वत्थुपरिच्छेदो कीरदि, दोण्णमक्कमेण पवुत्तिविरोहादो। एदं कुदो णव्वदे? "हंदि दुवे णत्थि उवजोगा"✱ इदि वयणादो। ण च कमेण वत्थुपरिच्छित्तिं कुणंति, केवलणाण-दंसणाणं पि कमपवुत्तिप्पसंगादो। दोण्णमेक्कदरस्स अभावो वि होज्ज, अगहिदग्गहणाभावादो। तम्हा एवं दंसणावरणस्से ति वयणं

शंका–– दर्शनावरणीय कर्म आत्मामें ही निबद्ध है, क्योंकि, ऐसा नहीं माननेपर ज्ञान और दर्शनके एक होनेका प्रसंग आता है। यदि कहा जाय कि विषय और विषयीके संनिपातके अनन्तर समयमें जो सामान्य ग्रहण होता है वह दर्शन है तो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि, विषय और विषयीके संनिपातके अनन्तर जो आद्य ग्रहण होता है वह अवग्रह कहा जाता है, इस प्रकारके लक्षणसे ज्ञानस्वरूपको प्राप्त हुए अवग्रहके दर्शन होनेका विरोध आता है। दूसरे, विशेषके विना केवल सामान्यका ग्रहण करना शक्य भी नहीं है, क्योंकि, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी विशेषतासे रहित केवल सामान्यका ग्रहण बन नहीं सकता। तीसरे, ज्ञान क्या अवस्तुको ग्रहण करता है अथवा वस्तुको? प्रथम पक्ष तो सम्भव नहीं है, क्योंकि, ज्ञानके घट पट आदि वस्तुओंका परिच्छेदक न रहनेसे समस्त लोकव्यवहारके अभाव हो जानेका प्रसंग आता है। द्वितीय पक्ष भी नहीं बनता है, क्योंकि, वैसा स्वीकार करनेपर दर्शनके निर्विषय हो जानेका प्रसंग आता है। इसी प्रकार दर्शनमें भी उक्त दोनों दोषोंका प्रसंग आता है। ज्ञान व दर्शन युगपत् वस्तुका परिच्छेदन करते हैं, यह भी नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि, दोनोंकी युगपत् प्रवृत्ति होनेमें विरोध आता है।

प्रतिशंका–– यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

प्रतिशंका समाधान–– यह "खेद है कि दोनों उपयोग एक साथ नहीं होते हैं" इस आगमवचनसे जाना जाता है।

यदि कहा जाय कि वे क्रमसे वस्तुका परिच्छेदन करते हैं तो यह भी सम्भव नहीं है, क्योंकि, ऐसा माननेपर केवलज्ञान और केवलदर्शनके भी क्रमप्रवृत्तिका प्रसंग आता है। तथा दोनोंमेंसे किसी एकका अभाव भी हो जाना चाहिये, क्योंकि, वैसा होनेपर दूसरेके अगृहीतग्रहण सम्भव नहीं है। इस कारण "ज्ञानावरणके समान दर्शनावरण भी है" ऐसा जो वचन कहा गया है वह घटित नहीं होता है?

✡ काप्रतौ 'परिच्छदि' इति पाठः। ✱ दंसण-णाणावरणक्खए समाणम्मि कस्स पुव्वअरं। होज्ज समं उप्पाओ हंदि दुए णत्थि उवओगा॥ सम्मइ० २–९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ण घडदे । ण, एस दोसो, सरूवस्स बज्झत्थपडिबद्धस्स संवेयणं* दंसणं णाम। ण च बज्झत्थेण असंबद्धं सरूवमत्थि, णाण-सुह-दुक्खाणं सव्वेसिं पि बज्झत्थावट्ठंभबलेणेव तेसिं पवुत्तिदंसणादो । तदो एवं दंसणावरणीयस्से त्ति वयणं घडदि त्ति सिद्धं। सेसं जाणिऊण वत्तव्वं ।

वेयणीयं सुह-दुक्खम्हि णिबद्धं ॥ ३ ॥

सिरोवेयणादी दुक्खं णाम । तस्स उवसमो तदणुप्पत्ती वा दुक्खुवसमहेउदव्वादि-संपत्ती वा सुहं णाम। तत्थ वेयणीयं णिबद्धं, तदुप्पत्तिकारणत्तादो ।

मोहणीयमप्पाणम्मि णिबद्धं ॥ ४ ॥

कुदो ? सम्मत्त-चरित्ताणं जीवगुणाणं घायणसहावादो। सम्मत्त-चारित्ताणि णाणदंसणाणीव बज्झत्थसंबद्धाणि चेव, तदो मोहणीयं सव्वदव्वेसु णिबद्धमिदि किण्ण वुच्चदे ? ण एस दोसो, चत्तारि वि घाइकम्माणि जीवम्हि चेव णिबद्धाणि त्ति जाणावणट्ठं बज्झत्थाणवलंबणादो ♠ ।

आउअं भवम्मि णिबद्धं ॥ ५ ॥

कुदो ? भवधारणलक्खणत्तादो । को भवो णाम ? उप्पण्णपढमसमयप्पहुडि जाव

समाधान-- यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, बाह्य अर्थसे सम्बद्ध आत्मस्वरूपके जाननेका नाम दर्शन है । यदि कहा जाय कि आत्मस्वरूप बाह्य अर्थसे सम्बन्ध नहीं रखता सो भी कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, ज्ञान, सुख व दुःखरूप उन सभीकी प्रवृत्ति बाह्य अर्थके आलम्बनसे ही देखी जाती है । अत एव " ज्ञानावरणके समान दर्शनावरण भी है " यह वचन संगत ही है, यह सिद्ध है । शेष कथन जानकर करना चाहिये ।

वेदनीय सुख दुःखमें निबद्ध है ॥ ३ ॥

सिरकी वेदना आदिका नाम दुःख है । उक्त वेदनाका उपशान्त हो जाना, अथवा उसका उत्पन्न ही न होना, अथवा दुःखोपशान्तिके कारणभूत द्रव्यादिककी प्राप्ति होना; इसे सुख कहा जाता है । उनमें वेदनीय कर्म निबद्ध है, क्योंकि, वह उनकी उत्पत्तिका कारण है ।

मोहनीय कर्म आत्मामें निबद्ध है ॥ ४ ॥

कारण कि उसका स्वभाव सम्यक्त्व व चारित्र रूप जीवगुणोंके घातनेका है ।

शंका-- ज्ञान व दर्शनके समान सम्यक्त्व एवं चारित्र भी चूंकि बाह्य अर्थसे ही सम्बन्ध रखते हैं, अत एव ' मोहनीय कर्म सब द्रव्योंमें निबद्ध है '; ऐसा क्यों नहीं कहते ?

समाधान-- यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, चारों ही घातिया कर्म जीव द्रव्यमें ही निबद्ध हैं, यह जतलानेके लिये यहां बाह्य अर्थका अवलम्बन नहीं लिया है ।

आयु कर्म भवके विषयमें निबद्ध है ॥ ५ ॥

कारण कि भव धारण करना यह उसका लक्षण है ।

शंका-- भव किसे कहते हैं ?

---

* काप्रतौ ' पडिबद्धस्स तंवेयणं ' इति पाठः । ♠ काप्रतौ ' बज्झत्थाणावलंबणादो ' इति पाठ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरिमसमओ त्ति जो अवत्थाविसेसो सो भवो णाम ।

णामं तिधा णिबद्धं, पोग्गलविवागणिबद्धं जीवविवागणिबद्धं खेत्तविवागणिबद्धं ॥ ६ ॥

वण्ण-गंध-रस-फास-संघादणादीणं विवागो पोग्गलणिबद्धो, तेसिमुदएण वण्णादीणमुप्पत्तिदंसणादो । तित्थयरादीणि कम्माणि जीवणिबद्धाणि, तेसिं विवागस्स जीवे चेवुवलंभादो । आणुपुव्वी खेत्तणिबद्धा, पडिणियदखेत्ते चेव तिस्से विवागुवलंभादो । तेण णामं तिधा णिबद्धं ति सिद्धं ।

गोदमप्पाणम्हि णिबद्धं ॥ ७ ॥

कुदो ? उच्च-णीचगोदाणं जीवपच्चायत्ताणेण दंसणादो ।

अंतराइयं दाणादिणिबद्धं ॥ ८ ॥

कुदो ? दाणादीणं विग्घकरणे तव्वावारुवलंभादो । एवं मूलपयडिणिबंधणपरूवणं समत्तं ।

संपहि उत्तरपयडिणिबंधणं वुच्चदे । तं जहा--

चत्तारि णाणावरणीयाणि दव्वपज्जायाणं देसणिबद्धाणि ॥ ९ ॥

ओहिणाणं दव्वदो मुत्तिदव्वाणि चेव जाणदि णामुत्ताधम्माधम्म-कालागास-सिद्ध-

---

समाधान-- उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक जो विशेष अवस्था रहती है उसे भव कहते हैं ।

नामकर्म तीन प्रकारसे निबद्ध है--पुद्गलविपाकनिबद्ध, जीवविपाकनिबद्ध और क्षेत्रविपाकनिबद्ध ॥ ६ ॥

वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श और संघात आदि नामप्रकृतियोंका विपाक पुद्गलमें निबद्ध है, क्योंकि, उनके उदयसे वर्णादिककी उत्पत्ति देखी आती है । तीर्थंकर आदिक कर्म जीवमें निबद्ध हैं, क्योंकि, उनका विपाक जीवमें ही पाया जाता है । आनुपूर्वी कर्म क्षेत्रमें निबद्ध है, क्योंकि, उसका विपाक प्रतिनियत क्षेत्रमें ही पाया जाता है । इस कारण नामकर्म तीन प्रकारसे निबद्ध है, यह सिद्ध होता है ।

गोत्र कर्म आत्मामें निबद्ध है ॥ ७ ॥

कारण कि उच्च व नीच गोत्र जीवकी पर्यायस्वरूपसे देखे जाते हैं ।

अन्तराय कर्म दानादिकमें निबद्ध है ॥ ८ ॥

कारण कि दानादिकोंके विषयमें विघ्न करनेमें उसका व्यापार पाया जाता है ।

इस प्रकार मूलप्रकृतिनिबन्धनप्ररूपणा समाप्त हुई ।

अब उत्तर प्रकृतियोंके निबन्धनकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है--

चार ज्ञानावरणीय प्रकृतियां द्रव्योंकी पर्यायोंके एकदेशमें निबद्ध है ॥ ९ ॥

अवधिज्ञान द्रव्यकी अपेक्षा मूर्त द्रव्योंको ही जानता है; धर्म, अधर्म, काल, आकाश और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवदव्वाणि, " रूपिष्ववधेः "✡ इति वचनात् । खेत्तदो घणलोगब्भंतरट्ठिदाणि♠ चेव जाणदि, णो बहित्थाणि✡ । कालदो असंखेज्जेसु वासेसु जमदीदमणागयं तं चेव जाणदि, णो बहित्थं♣ । भावदो असंखेज्जलोगमेत्तदव्वपज्जाए तीदाणागद-वट्टमाण-कालविसए जाणदि । तेणोहिणाणं सव्वदव्वपज्जयविसयं ण होदि । तदो ओहिणाणावरणं सव्वदव्वाणं देसणिबद्धं ति भणिदं । मणपज्जवणाणं पि जेण दव्व-खेत्त-काल-भावाणं विसईकदेगदेसं तेण मणपज्जवणाणावरणीयं पि देसणिबद्धं । एवं मदि-सुदणाणावरणीयं पि✡ देसणिबद्धत्तं परूवेयव्वं ।

केवलणाणावरणीयं सव्वदव्वेसु णिबद्धं ॥ १० ॥

कुदो ? विसईकदासेसदव्व✡केवलणाणपडिबंधयत्तादो । खेत्त-काल-भावग्गहणं♣ सुत्ते ण कदं, तेण तमेत्थ वत्तव्वं ? ण, दव्वेहिंतो पुधभूदक्खेत्त-काल-भावाणमभावादो ।

थीणगिद्धितियं णिद्दा पयला य अचक्खुदंसणावरणीयं अप्पाणम्मि णिबद्धं ॥ ११ ॥

सिद्ध जीव इन अमूर्त द्रव्योंको वह नहीं जानता; क्योंकि, ' अवधिज्ञानका निबन्धरूपी द्रव्योंमें है, ' ऐसा सूत्रवचन है । क्षेत्रकी अपेक्षा वह घनलोकके भीतर स्थित द्रव्योंको ही जानता है, उसके बाहर स्थित द्रव्योंको नहीं जानता । कालकी अपेक्षा वह असंख्यात वर्षोंके भीतर जो अतीत व अनागत वस्तु है उसे ही जानता है, उनके बाहर स्थित वस्तुको नहीं जानता । भावकी अपेक्षा वह अतीत, अनागत एवं वर्तमान कालको विषय करनेवाली असंख्यात लोक मात्र द्रव्य-पर्यायोंको जानता है । इसलिये अवधिज्ञान द्रव्योंकी समस्त पर्यायोंको विषय करनेवाला नहीं है । इसी कारण अवधिज्ञानावरण सब द्रव्योंके एकदेशमें निबद्ध है, ऐसा कहा है । मनःपर्ययज्ञान भी चूंकि द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा एक देशको ही विषय करनेवाला है; अत एव मनःपर्ययज्ञानावरणीय भी देशनिबद्ध है । इसी प्रकार मतिज्ञानावरणीय और श्रुतज्ञानावरणीयकी भी देशनिबद्धताका कथन करना चाहिये ।

केवलज्ञानावरणीय सब द्रव्योंमें निबद्ध है ॥ १० ॥

कारण कि वह समस्त द्रव्योंको विषय करनेवाले केवलज्ञानका प्रतिबन्धक है ।

शंका-- यहां सूत्रमें क्षेत्र, काल और भावका ग्रहण नहीं किया गया है, इसलिये उनका यहां कथन करना चाहिये ?

समाधान-- नहीं, क्योंकि, द्रव्योंसे पृथग्भूत क्षेत्र, काल और भावका अभाव है ।

स्त्यानगृद्धित्रय, निद्रा, प्रचला और अचक्षुदर्शनावरणीय आत्मामें निबद्ध है ।११।

✡ त. सू. १-२७. २ काप्रतौ '-वरणीयं पदेसाणिबद्धं ' इति पाठः । ♠ प्रत्योरुभयोरेव ' ट्ठिदाणं ' इति पाठः । ✡ प्रत्योरुभयोरेव ' बहिद्धाणि ' इति पाठः । ♣ प्रत्योरुभयोरेव ' बहिद्ध ' इति पाठः । ✡ काप्रतौ ' प देसणिवद्ध ' ताप्रतौ ' पि देसणिबद्धं ' इति पाठः । ✡ प्रत्योरुभयोरेव विसमईकदासेसदव्वं इति पाठः । ♣ काप्रतौ 'कालभवग्गहणं ', ताप्रतौ ' कालणिबद्धग्गहणं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवस्स सगसंवेयणघाइत्तादो । रस-फास-गंध-सद्द-दिट्ठ-सुवाणुभूदत्थविसयसगसत्तिविसयजीवोवजोगो अचक्खुदंसणं णाम । तम्हा♥ अचक्खुदंसणेण बज्झत्थणिबंधणेण✲ होदव्वमिदि ? सच्चमेदं, किंतु तमेत्थ बज्झत्थणिबंधणत्तं ण विवक्खिदं । किमट्ठं विवक्खा ण कीरदे ? सव्वं पि दंसणं णाणं व बज्झत्थविसयं ण होदि त्ति जाणावणट्ठं ण कीरदे ।

चक्खुदंसणावरणीयं♠ गरुअलहुअणंतपदेसिएसु दव्वेसु णिबद्धं ।१२।

संखेज्जासंखेज्जपदेसियपोग्गलदव्वं चक्खुदंसणस्स विसओ ण होदि, किंतु अणंतपदेसियपोग्गलदव्वं चेव विसओ होदि त्ति जाणावणट्ठमणंतपदेसिएसु दव्वेसु त्ति भणिदं । एदं वयणं देसामासियं, तेण सव्वेसिं दंसणाणमचक्खुसण्णिदाणमेसा परूवणा कायव्वा । गरुअलहुअविसेसणं अणंतपदेसियक्खंधस्स होदि, गरुआणं लोहदंडादीणं हलुआण♣मक्कतूलादीणं♋ च चक्खिदिएण✲ गहणुवलंभादो । अगुरुअलहुअविसेसणं किण्ण कीरदे ? ण चक्खिदियविसए परमाणुआदीणमसंभवादो । पुव्वं सव्वं पि दंसणमज्झत्थविसयमिदि परूविदं, संपहि चक्खुदंसणस्स बज्झत्थविसयत्तं

कारण कि उक्त प्रकृतियां जीवके स्वसंवेदनको घातनेवाली हैं ।

शंका— रस, स्पर्श, गन्ध, शब्द, दृष्ट, श्रुत व अनुभूत अर्थको विषय करनेवाली अपनी शक्तिविषयक जीवके उपयोगको अचक्षुदर्शन कहा जाता है । इसीलिये अचक्षुदर्शनका निबन्धन बाह्य अर्थ होना चाहिये ?

समाधान— यह कहना सत्य है, किन्तु उक्त बाह्यार्थनिबन्धनताकी यहां विवक्षा नहीं की गई है ।

शंका— उसकी विवक्षा क्यों नहीं की गई है ?

समाधान— सभी दर्शन ज्ञानके समान बाह्य अर्थको विषय करनेवाला नहीं है, इस बातके ज्ञापनार्थ यहां उसकी विवक्षा नहीं की गई है ।

चक्षुदर्शनावरणीय कर्म गुरु व लघु ऐसे अनन्त प्रदेशवाले द्रव्योंमें निबद्ध है । १२ ।

संख्यात व असंख्यात प्रदेशवाला पुद्गल द्रव्य चक्षुदर्शनका विषय नहीं होता, किन्तु अनन्त प्रदेशवाला पुद्गल द्रव्य ही उसका विषय होता है; इस बातको जतलानेके लिये 'अनन्त प्रदेशवाले द्रव्योंमें' यह कहा है । यह वचन देशामर्शक है, इसलिये उससे अचक्षु संज्ञावाले सब दर्शनोंकी यह प्ररूपणा करनी चाहिये । 'गुरु व लघु' यह अनन्त प्रदेशवाले स्कन्धका विशेषण है, क्योंकि, चक्षु इन्द्रियके द्वारा लोहदण्डादिरूप गुरु और अर्कतूल (आकके पेडका रूंआ) आदिरूप लघु पदार्थोंका ग्रहण पाया जाता है ।

शंका— 'अगुरुअलघु' यह विशेषण क्यों नहीं करते ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, परमाणु आदि चक्षु इन्द्रियके विषय नहीं होते ।

शंका— सभी दर्शन अध्यात्म अर्थको विषय करनेवाला है, ऐसी प्ररूपणा पहले की जा चुकी है । किन्तु इस समय बाह्यार्थको चक्षुदर्शनका विषय कहा है, इस प्रकार यह कथन संगत

♥ काप्रतौ 'तं' जहा इति पाठः । ✲ काप्रतौ 'विवंधणेण' इति पाठः । ♠ ताप्रतौ 'चक्खुदंसणीयं, इति पाठः । ♣ काप्रतौ 'हलुहाण', ताप्रतौ 'हलुहाण (लहुआण)' इति पाठः । ♋ मप्रतिपाठोऽयम् काप्रतौ—'मक्कचुलादीणं, ताप्रतौ—'मक्कंतुलादीण इति पाठः । ✲ काप्रतौ 'चक्खिदिएया , ताप्रतौ 'चक्खिदिएय (ण)' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परूविदं ति णेदं घडदे, पुव्वावरविरोहादो ? ण एस दोसो, एवंविहेसु बज्झत्थेसु पडिबद्धत्तासगसत्तिसंवेयणं✡ चक्खुदंसणं ति जाणावणट्ठं बज्झत्थविसयपरूवणाकरणादो । पंचण्णं दंसणाणमचक्खुदंसणमिदि एगणिद्देसो किमट्ठं कदो ? तेसिं पच्चासत्ती अत्थि त्ति जाणावणट्ठं कदो✤ । कधं तेसिं पच्चासत्ती ? विसईदो✵ पुधभूदस्स अक्कमेण सग-परपच्चक्खस्स चक्खुदंसण🔺विसयस्सेव तेसिं विसयस्स परेसिं जाणावणोवायाभावं⊗ पडि समाणत्तादो ।

ओहिदंसणावरणीयं रूविदव्वेसु णिबद्धं ।। १३ ।।

रूविदव्वविसयसगसत्तिसंवेयणविघादकरणादो एत्थ वि पुव्वं व बज्झत्थविसयपरूवणाए कारणं वत्तव्वं ।

नहीं है; क्योंकि,, इसमें पूर्वापरविरोध है ?

समाधान–– यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, इस प्रकारके बाह्य पदार्थोंमें प्रतिबद्ध आत्मशक्तिका संवेदन करनेको चक्षुदर्शन कहा जाता है; यह बतलानेके लिये उपर्युक्त बाह्यार्थविषयताकी प्ररूपणा की गई है ।

शंका–– पांच दर्शनोंके लिये 'अचक्षुदर्शन' ऐसा एक निर्देश किसलिये किया है ?

समाधान– उनकी परस्परमें प्रत्यासत्ति है, इस बातके जतलानेके लिए वैसा निर्देश किया गया है ।

शंका–– उनकी परस्परमें प्रत्यासत्ति कैसे है ?

समाधान–– विषयीसे पृथग्भूत अतएव युगपत् स्व और परको प्रत्यक्ष होनेवाले ऐसे चक्षुदर्शनके विषयके समान उन पांचों दर्शनोंके विषयका दूसरोंके लिये ज्ञान करानेका कोई उपाय नहीं है । इसकी समानता पांचों ही दर्शनोंमें हैं, यही उनमें प्रत्यासत्ति है ।

विशेषार्थ–– यहां शंकाकारका कहना है कि जिस प्रकार चक्षुदर्शनको स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार की गयी है इसी प्रकारसे त्वगिन्द्रियादिसे उत्पन्न होनेवाले शेष पांच दर्शनोंकी स्वतंत्र सत्ता स्वीकार न कर उन्हें एक अचक्षुदर्शनके ही अन्तर्गत क्यों कहा गया है । इसके उत्तरमें यहां यह कहा गया है कि जिस प्रकार चक्षुदर्शनकी विषयभूत वस्तु विषयी (अप्राप्यकारी चक्षु) से पृथक् होनेके कारण एक साथ स्व और पर दोनों के लिये प्रत्यक्ष होती है और इसीलिए दूसरोंको उसका ज्ञान भी कराया जा सकता है, इस प्रकार उक्त पांचों दर्शनोंकी विषयभूत वस्तु विषयी (प्राप्यकारी त्वगिन्द्रियादि) से पृथक् न रहनेके कारण एक साथ स्व और पर दोनोंके लिये प्रत्यक्ष नहीं हो सकती, और इसीलिये उसका दूसरोंको एक साथ ज्ञान भी नहीं कराया जा सकता है । यही इन पांचों दर्शनोंमें प्रत्यासत्ति है जो सबमें समान है ।

अवधिदर्शनावरणीय रूपी द्रव्योंमें निबद्ध है ।। १३ ।।

रूपी द्रव्यविषयक आत्मशक्तिके संवेदनका विघात करनेके कारण पहिलेके ही समान इसकी भी बाह्यार्थविषयक प्ररूपणाका कारण कहना चाहिये ।

✡ काप्रतौ 'सत्तित्तंवेयणं' इति पाठः । ✤ काप्रतौ 'कुदो' इति पाठ । ✵ काप्रतौ 'पच्चासत्तिविसइदो इति पाठः । 🔺 मप्रतिपाठोऽयम् । का-ताप्रत्योः 'अचक्खुदंसण इति पाठः' ⊗ काप्रतौ '-वायाभावा' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केवलदंसणावरणीयं सव्वदव्वे णिबद्धं ॥ १४ ॥

अणंतसम्मत्त -णाण-चरण-सुहादिस♣त्तीणं केवलदंसणविसयाणं बज्झत्थं चेव अस्सिदूण अवट्ठाणुवलंभादो । केवलदंसणादीणं बज्झत्थणिबंधो♋ किमट्ठं वुच्चदे ? दंसणविसयजाणावणट्ठं, अण्णहा दंसणविसयस्स अज्झत्थस्स परेसिमपच्चक्खस्स जाणावणोवायाभावादो ।

सादासादाणमप्पाणम्हि णिबंधो ॥ १५ ॥

कुदो? सादासादविवागफलाणं♠ सुह-दुक्खाणं जीवे समुवलंभादो ।

मोहणीयं दुविहं– दंसणमोहणीयं चारित्तमोहणीयं चेदि । तत्थ दंसणमोहणीयं सव्वदव्वेसु णिबद्धं, णोसव्वपज्जाएसु ॥ १६ ॥

मिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं च सव्वदव्वेसु णिबद्धं, सव्वदव्वसद्दहणगुणविघादकरणादो । सम्मत्तं णोसव्वपज्जाएसु णिबद्धं । कुदो ? तत्तो सम्मत्तस्स एगदेसघादुवलंभादो । दंसणमोहणीयं जेण घादिकम्मं तेण अप्पाणम्मि णिबद्धमिदि किण्ण परूविदं? ण, एस

केवलदर्शनावरणीय सब द्रव्योंमें निबद्ध है ॥ १४ ॥

कारण कि केवलदर्शनकी विषयभूत अनन्त सम्यक्त्व, ज्ञान, चारित्र एवं सुख आदि रूप शक्तियोंका अवस्थान बाह्य अर्थका ही आश्रय करके पाया जाता है ।

शंका–– केवलदर्शनादिकोंकी बाह्यार्थनिबद्धताका कथन किसलिये किया जाता है ?

समाधान–– दर्शनका विषय बतलानेके लिये उसका कथन किया गया है । कारण कि दर्शनका विषयभूत अर्थ अध्यात्मरूप होनेसे दूसरोंको प्रत्यक्ष नहीं है, अतएव इसके विना उसका ज्ञान करानेके लिये और कोई दूसरा उपाय ही नहीं था ।

सातावेदनीय और असातावेदनीय आत्मामें निबद्ध हैं ॥ १५ ॥

कारण कि साता व असाता सम्बन्धी विपाकके फलरूप सुख व दुःख जीवमें ही पाये जाते है ।

मोहनीय कर्म दर्शन मोहनीय और चारित्रमोहनीयके भेदसे दो प्रकारका है । उनमें दर्शनमोहनीय सब द्रव्योंमें निबद्ध है, सब पर्यायोंमें नहीं ॥ १६ ॥

मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व दर्शनमोहनीय सब द्रव्योंमें निबद्ध हैं, क्योंकि, वे समस्त द्रव्यों सम्बन्धी श्रद्धान गुणका विघात करनेवाली प्रकृतियां हैं । सम्यक्त्व दर्शनमोहनीय प्रकृति कुछ पर्यायोंमें निबद्ध है, क्योंकि, उसके द्वारा सम्यक्त्वके एकदेशका घात पाया जाता है ।

शंका–– दर्शनमोहनीय चूंकि घातिया कर्म है, अत एव ' वह आत्मामें निबद्ध है '; ऐसी प्ररूपणा यहां क्यों नहीं की गई है ?

समाधान–– यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, छह द्रव्य और नौ पदार्थ विषयक श्रद्धानका

♣ ताप्रतौ ' णाणावरणसुहादि ' इति पाठः । ♋ उभयोरेव प्रत्यो ' णिबद्धो ' इति पाठ ।

♠ काप्रतौ 'विवाकगलाणं', ताप्रतौ 'विवाकगलाणं (सादासादविवागाणं), मप्रतौ 'विवाकफलाणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोसो, छदव्व-णवपयत्थविसयसद्दहणं सम्मद्दंसणं ति घाइज्जमाणजीवंस ेपदुप्पाय-णट्ठं बज्झत्थणिबंधणपरूवणाकरणादो ।

चारित्तमोहणीयमप्पाणम्मि णिबद्धं ।। १७ ।।

राग-दोसा बज्झत्थालंबणा, तेसिं च णिरोहो चारित्तं । तदो चारित्तमोहणीयं सव्वदव्वेसु णिबद्धं ति वत्तव्वं * । सच्चमेदं, किंतु तमेत्थ णावेक्खिदं । कुदो ? बहुसो पदुप्पायणेण उवएसेण विणा एत्थ तदवगमादो ।

णिरयाउअं णिरयभवम्मि णिबद्धं ।। १८ ।।

कुदो ? तत्थ णिरयभवधारणसत्तिदंसणादो ।

सेसाउआणि वि अप्पप्पणो भवेसु* णिबद्धाणि ।। १९ ।।

तत्तो तेसिं भवाणमवट्ठाणुवलंभादो ।

णामं तिधा णिबद्धं– जीवणिबद्धं पोग्गलणिबद्धं खेत्तणिबद्धं च ।२०।

एवं णामणिबंधणं तिविहं चेव होदि, अण्णस्स अणुवलंभादो । पोग्गलविवाग-णिबद्धपयडिपरूवणट्ठं गाहासुत्तं भणदि––

नाम सम्यग्दर्शन है, अत एव घाते जानेवाले जीवगुणोंकी प्ररूपणा करनेके लिए बाह्यार्थ-निबन्धनकी प्ररूपणा की गई है ।

चारित्रमोहनीयकर्म आत्मामें निबद्ध है ।। १७ ।।

शंका–– राग और द्वेष बाह्य अर्थका आलम्बन करनेवाले हैं, और चूंकि उन्हींके निरोध करनेका नाम चारित्र है अत एव चारित्रमोहनीय कर्म सब द्रव्योंमें निबद्ध है; ऐसा यहां कहना चाहिये ?

समाधान–– यह सत्य है, किन्तु उसकी यहां अपेक्षा नहीं की गई है । कारण कि बहुत वार प्ररूपणा की जानेसे उपदेशके विना भी यहां उसका ज्ञान हो जाता है ।

नारकायु नारक भवमें निबद्ध है ।। १८ ।।

कारण कि उसमें नारक भव धारण करानेकी शक्ति देखी जाती है ।

शेष तीन आयु कर्म भी अपने अपने भवोंमें निबद्ध हैं ।। १९ ।।

क्योंकि, उनसे उन भवोंका अवस्थान पाया जाता है ।

नाम कर्म तीन प्रकारसे निबद्ध है–– जीव द्रव्यमें निबद्ध है, पुद्गलमें निबद्ध है, और क्षेत्रमें निबद्ध है ।। २० ।।

इस प्रकार नामका निबन्धन तीन प्रकारका ही है, क्योंकि, इनके अतिरिक्त अन्य कोई निबन्धन पाया नहीं जाता । पुद्गलविपाकनिबद्ध प्रकृतियोंकी प्ररूपणा करनेके लिये गाथासूत्र कहते हैं––

ेकाप्रतौ 'जीवस्स' इति पाठः ।
ेताप्रतौ 'भवे वा' इति पाठः ।
*काप्रतौ 'निबद्ध ति त्ति घेत्तव्वं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंच य छ त्ति य छःपंच दोण्णि पंच य हवंति अट्ठेव ।
सरीरादीपस्संता पयडीओ आणुपुव्वीए ॥ १ ॥
अगुरुलहु-परूवघादा आदाउज्जोव णिमिणणामं च ।
पत्तेय-थिर-सुहेदरणामाणि य पोग्गलविवागा ✿ ॥ २ ॥

पंच सरीराणि, छ संठाणाणि, तिण्ण अंगोवंगाणि, छ संघडणाणि, पंच वण्णा, दो गंधा, पंच रसा, अट्ठ फासा, अगुरुअलहुअ-उवघाद-परघाद-आदाउज्जोव-पत्तेय-साहारणसरीर-थिराथिर-सुहासुह-णिमिणणामाणि च पोग्गलणिबद्धाणि । कुदो ? एदेसिं विवागेण सरीरादीणं णिप्पत्तिदंसणादो । एवं बावण्णणामपयडीओ पोग्गल-णिबद्धाओ । संपहि जीवणिबद्धणाम ✾ पयडिपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि--

गदिजादी उस्सासो दोण्णि विहाया तसादितियजुगलं ।
सुभगादीचदुजुगलं जीवविवागा य तित्थयरं ✿ ॥ ३ ॥

चत्तारिगदि-पंचजादि-उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगदि-तस-थावर-बादर-सुहुम-पज्ज-त्तापज्जत्त-सुभग- दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-अणादेज्ज-जस-अजसकित्ति--तित्थयरप-यडीओ अप्पाणम्मि णिबद्धाओ। कुदो? एदासिं विवागस्स जीवे चेवुवलंभादो । एवमेदाओ सत्तावीसणामपयडीओ जीवविवागियाओ । संपहि खेत्तणिबद्धपयडिपरूवणट्ठं गाहासुत्तं

शरीरसे लेकर स्पर्श पर्यन्त अर्थात् शरीर संस्थान, आंगोपांग, संहनन, वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श ये अनुक्रमसे पांच, छह, तीन, छह, पांच, दो, पांच और आठ प्रकृतियां अगुरुलघु, परघात, उपघात, आतप, उद्योत, निर्माण, प्रत्येक व साधारण, स्थिर व अस्थिर तथा शुभ व अशुभ; ये नामप्रकृतियां पुद्गलविपाकी हैं ॥ १–२ ॥

पांच शरीर, छह संस्थान, तीन आंगोपांग, छह संहनन, पांच वर्ण, दो गन्ध, पांच रस, आठ स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, प्रत्येक, व साधारण शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और निर्माण ये नामकर्मकी प्रकृतियां पुद्गलनिबद्ध हैं, क्योंकि, इनके विपाकसे शरीरादिकोंकी उत्पत्ति देखी जाती है । इस प्रकार ये बावन नामप्रकृतियां पुद्गलनि-निबद्ध हैं । अब जीवनिबद्ध नामप्रकृतियोंकी प्ररूपणा करनेके लिये उत्तर सूत्र कहते हैं ।

गति, जाति, उच्छ्वास, दो विहायोगतियां, त्रस आदिक तीन युगल, सुभग आदिक चार युगल और तीर्थंकर, ये प्रकृतियां जीवविपाकी हैं ॥ ३ ॥

चार गति, पांच जाति, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, आदेय, अनादेय, यशकीर्ति, अयशःकीर्ति, और तीर्थंकर, ये प्रकृतियां आत्मामें निबद्ध हैं, क्योंकि, इनका विपाक जीवमें ही पाया जाता है । इस प्रकार ये सत्ताईस नामप्रकृतियां जीवविपाकी हैं । अब क्षेत्रनिबद्ध प्रकृतियोंकी

✿ देहादी फासंता पण्णासा णिमिण-तावजुगलं च । थिर-सुह-पत्तेयदुगं अगुरुतियं पोग्गलविवाई ॥ गो. क. ४७. ✾ काप्रतौ ' णिबद्धाणाम ' इति पाठः । ✿ तित्थयरं उस्सासं बादर-पज्जत्त-सुस्सरादेज्जं । जस-तस-विहाय-सुभगदु-चउगइ-पणजाइ सगवीसं ॥ गदि जादी उस्सासं विहायगदि तसतियाण जुगल च । सुभगादिचउज्जुगलं तित्थयरं चेदि सगवीसं । गो. क. ५०–५१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भणदि–

चत्तारि आणुपुव्वी खेत्तविवागा त्ति जिणवरुद्दिट्ठा ।
णीचुच्चागोदाणं होदि णिबंधो दु अप्पाणे ॥ ४ ॥

चत्तारि आणुपुव्वीओ खेत्तणिबद्धाओ । कुदो ? पडिणियदखेत्तम्हि चेव तासिं फलोवलंभादो । णीचुच्चागोदाणं पुण णिबंधो अप्पाणम्मि चेव, तेसिं फलस्स जीवे चेवुवलंभादो ।

दाणंतराइ दाणे लाभे भोगे तहेव उवभोगे ।
गहणे होंति णिबद्धा विरियं जह केवलावरणं ॥ ५ ॥

एदाओ पंच वि पयडीओ जीवणिबद्धाओ चेव, घाइकम्मत्तादो । किंतु घाइज्जमाणजीवगुणजाणावणट्ठमेसा गाहा परूविदा । दाणंतराइयं दाणविग्घयरं, लाहविग्घयरं, लाहंतराइयं, भोगविग्घयरं भोगंतराइयं, उपभोगविग्घयरं उवभोगंतराइयं । गहणसद्दो उवभोगग्गहणे भोगग्गहणे त्ति पादेक्कं संबंधेयव्वो । जहा केवलणाणावरणीयं परूविदं अणंतदव्वेसु णिबद्धमिदि तहा विरियंतराइयं पि परूवेयव्वं, जीवादो पुधभूददव्वं अस्सिऊण विरियस्स पवुत्तिदंसणादो । एवमेत्थ अणुयोगद्दारे एत्तियं चेव परूविदं, सेसअणंतत्थविसयउवदेसाभावादो ।

एवं णिबंधणे त्ति समत्तमणुओगद्दारं

प्ररूपणा करनेके लिये गाथासूत्र कहते हैं--

चार आनुपूर्वी प्रकृतियां क्षेत्रविपाकी हैं, ऐसा जिनेन्द्र देवके द्वारा निर्दिष्ट किया गया है । नीच व ऊंच गोत्रोंका निबन्ध आत्मामें है ॥ ४ ॥

चार आनुपूर्वी प्रकृतियां क्षेत्रनिबद्ध हैं, क्योंकि, प्रतिनियत क्षेत्रमें ही उनका फल पाया जाता है। परंतु नीच व ऊंच गोत्रका निबन्ध आत्मामें ही है, क्योंकि, उनका फल जीवमें ही पाया जाता है।

दानान्तराय दानके ग्रहणमें, लाभान्तराय लाभके ग्रहणमें, भोगान्तराय भोगके ग्रहणमें, तथा उपभोगान्तराय उपभोगके ग्रहणमें निबद्ध हैं । वीर्यान्तराय केवलनाज्ञावरणके समान अनन्त द्रव्योंमें निबद्ध है ॥ ५ ॥

ये पांचों ही प्रकृतियां जीवनिबद्ध ही हैं, क्योंकि, वे घातिया कर्म हैं । किन्तु उनके द्वारा घाते जानेवाले जीवगुणोंका ज्ञापन करानेके लिये इस गाथाकी प्ररूपणा की गई है । दानमें विघ्न करनेवाला दानान्तराय, लाभमें विघ्न करनेवाला लाभान्तराय, भोगमें विघ्न करनेवाला भोगान्तराय, और उपभोगमें विघ्न करनेवाला उपभोगान्तराय है । ग्रहण शब्दका अर्थ उपभोगग्रहण है, इस कारण इसका प्रत्येकके साथ सम्बन्ध करना चाहिये । जिस प्रकार केवलज्ञानावरणीयकी अनन्त द्रव्योंमें निबद्धताकी प्ररूपणा की गई है, उसी प्रकार वीर्यान्तरायकी भी प्ररूपणा करनी चाहिये, क्योंकि, जीवसे भिन्न द्रव्यका आश्रय करके वीर्यकी प्रवृत्ति देखी जाती है । इस प्रकार इस अनुयोगद्वारमें इतनी ही प्ररूपणा की गई है, क्योंकि, शेष अनन्त पदार्थविषयक निबन्धनके उपदेशका अभाव है ।

इस प्रकार निबन्धन अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्कमाणुयोगद्दारं

जयउ भुवणेक्कतिलओ तिहुवणकलिकलुसधुवणवावारो ।
संतियरो संतिजिणो पक्कमअणुयोगकत्तारो ॥ १ ॥

पक्कमे त्ति अणुयोगद्दारस्स थोवत्थपरूवणे ✡ कीरमाणे अपयदत्थणिराकरण-दुवारेण पयदत्थपरूवणट्ठं णिक्खेवो कीरदे । तं जहा– णामपक्कमो, ठवणपक्कमो, दव्वपक्कमो, खेत्तपक्कमो, कालपक्कमो, भावपक्कमो चेदि छव्विहो पक्कमो । णाम-ठवणं गदं । दव्वपक्कमो दुविहो आगम-णोआगमदव्वपक्कमभेएण । तत्थ आगमदव्वपक्कमो पक्कमाणुओगद्दारजाणगो अणुवजुत्तो । णोआगमदव्वपक्कमो तिविहो जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तभेदेण । जाणुगसरीर-भवियं गदं । तव्वदिरित्तपक्कमो दुविहो– कम्मपक्कमो णोकम्मपक्कमो चेदि । तत्थ कम्मपक्कमो अट्ठविहो । णोकम्मपक्कमो तिविहो– सचित्त-अचित्त-मिस्सभेएण । अस्साणं हत्थीणं पक्कमो सचित्तपक्कमो णाम । हिरण्ण-सुवण्णादीणं पक्कमो अचित्तपक्कमो णाम । साभरणाणं हत्थीणं अस्साणं वा पक्कमो मिस्सपक्कमो णाम । खेत्तपक्कमो तिविहो– उड्ढलोगपक्कमो अधोलोगपक्कमो तिरियलोगपक्कमो चेदि । एत्थ आधेये आधारोवयारेण तत्थट्ठियजीवाणं उड्ढाधोतिरियलोगो त्ति सण्णा, अण्णहा तिण्णं लोगाणं

लोकके एक मात्र तिलक स्वरूप, तीन लोकके शत्रुभूत पाप-मैलके धोनेमें व्यापृत, शान्तिके करनेवाले और प्रक्रम अनुयोगके कर्ता ऐसे शान्तिनाथ जिनेन्द्र जयवन्त होवें ॥ १ ॥

प्रक्रम इस अनुयोगद्वारके स्तोक अर्थोंकी प्ररूपणा करते समय अप्रकृत अर्थके निराकरण द्वारा प्रकृत अर्थकी प्ररूपणा करनेके लिये निक्षेप किया जाता है । वह इस प्रकार है– नामप्रक्रम, स्थापनाप्रक्रम, द्रव्यप्रक्रम, क्षेत्रप्रक्रम, कालप्रक्रम और भावप्रक्रम; इस प्रकार प्रक्रम छह प्रकारका है । इनमें नामप्रक्रम और स्थापनाप्रक्रम अवगत हैं । द्रव्यप्रक्रम आगमद्रव्यप्रक्रम और नोआगम-द्रव्यप्रक्रमके भेदसे दो प्रकारका है । उनमें प्रक्रम अनुयोगद्वारका ज्ञायक उपयोग रहित जीव आगमद्रव्यप्रक्रम है । नोआगमद्रव्यप्रक्रम ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्तके भेदसे तीन प्रकारका है । इनमेंसे ज्ञायकशरीर और भावी नोआगमद्रव्यप्रक्रम अवगत हैं । तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यप्रक्रम कर्मप्रक्रम और नोकर्मप्रक्रमके भेदसे दो प्रकारका है । उनमें कर्मप्रक्रम आठ प्रकारका है । नोकर्मप्रक्रम सचित्त, अचित्त और मिश्रके भेदसे तीन प्रकारका है । अश्वों और हाथियोंका प्रक्रम सचित्तप्रक्रम, हिरण्य और सुवर्ण आदिकोंका प्रक्रम अचित्तप्रक्रम, तथा आभरण सहित हाथियों व अश्वोंका प्रक्रम मिश्रप्रक्रम कहलाता है ।

क्षेत्रप्रक्रम ऊर्ध्वलोकप्रक्रम, अधोलोकप्रक्रम और तिर्यग्लोकप्रक्रमके भेदसे तीन प्रकारका है । यहां आधेयमें आधारका उपचार करनेसे उन लोकोंमें स्थित जीवोंकी ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और

✡ ताप्रतौ ' थोवत्त (त्थ) यपरूवणे ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थावराणं पक्कमाणुववत्तीदो । समयावलिया-खण-लव-मुहुत्तादी कालपक्कमो ㋐ । भावपक्कमो दुविहो– आगमदो णोआगमदो ㋑ च । तत्थ आगमदो पक्कमाणुओगद्दारजाणओ उवजुत्तो । णोआगमदो भावपक्कमो ओदइयादिपंचभावा । एत्थ कम्मपक्कमे पयदं । प्रक्रामतीति प्रक्रमः कार्मणपुद्गलप्रचयः । आदाणिओ एत्थ भणदि– जहा कुंभारो एयादो मट्टियपिंडादो अणेयाणि घडादीणि उप्पादेदि तहा इत्थी पुरिसो णवुंसओ थावरो तसो वा जो वा सो वा एयविहं कम्मं बंधिदूण अट्ठविहं करेदि, अकम्मादो कम्मस्स उप्पत्तिविरोहादो ? एत्तो णिग्गहो कीरदे– जदि अकम्मादो ㋒ कम्मुप्पत्ती ण होदि तो अकम्मादो ㋒ तुब्भेहि संकप्पिदएगकम्मुप्पत्ती वि ण होदि, कम्मत्तं पडि विसेसाभावादो । अह कम्मइयवग्गणादो जमेगमुप्पण्णं तं जइ कम्मं ण होदि तो तत्तो ण अट्ठकम्माणमुप्पत्ती, अकम्मादो ㋒ कम्मुप्पत्तिविरोहादो । ण च एयंतेण कारणाणुसारिणा कज्जेण होदव्वं, मट्टियपिंडादो मट्टियपिंडं मोत्तूण घट–घटी-सरावालिंजरुट्टियादीणमणुप्पत्तिप्पसंगादो । सुवण्णादो सुवण्णस्स घटस्सेव उप्पत्तिदंसणादो कारणाणुसारि चेव कज्जं ति ण वोत्तुं जुत्तं कढिणादो ♣ सुवण्णादो जलणादिसंजोगेण सुवण्णजलुप्पत्तिदंसणादो । किं च– कारणं व ण कज्जमुप्पज्जदि,

---

तिर्यग्लोक संज्ञा है, क्योंकि, इसके विना स्थिरशील तीन लोकोंका प्रक्रम बन नहीं सकता । समय, आवली, क्षण, लव और मुहूर्त आदिकको कालप्रक्रम कहा जाता है । भावप्रक्रम दो प्रकारका है–– आगमभावप्रक्रम और नोआगमभावप्रक्रम । उनमें प्रक्रम अनुयोगद्वारका ज्ञायक उपयोग युक्त जीव आगमभावप्रक्रम है । औदयिक आदिक पांच भावोंको नोआगमभावप्रक्रम कहा जाता है । यहां कर्मप्रक्रम प्रकृत है । ' प्रक्रामतीति प्रक्रमः ' इस निरुक्तिके अनुसार कार्मण पुद्गलप्रचयको प्रक्रम कहा गया है ।

शंका–– यहां शंकाकार कहता है कि जिस प्रकार कुम्हार मिट्टीके एक पिण्डसे अनेक घटादिकोंको उत्पन्न करता है उसी प्रकार स्त्री, पुरुष, नपुंसक, स्थावर, त्रस अथवा जो कोई भी जीव एक प्रकारके कर्मको बांधकर उसे आठ भेद रूप करता है; क्योंकि, अकर्मसे कर्मकी उत्पत्तिका विरोध है ?

समाधान–– इस शंकाका निग्रह करते हैं। यदि अकर्मसे कर्मकी उत्पत्ति नहीं होती है तो फिर तुम्हारे द्वारा संकल्पित एक कर्मकी उत्पत्ति भी अकर्मसे नहीं हो सकती, क्योंकि, कर्मत्वके प्रति कोई विशेषता नहीं है । यदि कहा जाय कि कार्मण वर्गणासे जो एक उत्पन्न हुआ है वह यदि कर्म नहीं है तो फिर उससे आठ कर्मोंकी उत्पत्ति नहीं हो सकती; क्योंकि, अकर्मसे कर्मकी उत्पत्तिका विरोध है । दूसरे कारणानुसारी ही कार्य होना चाहिये, यह एकान्त नियम भी नहीं है; क्योंकि, मिट्टीके पिण्डसे मिट्टीके पिण्डको छोडकर घट, घटी, शराब अलिंजर और उष्ट्रिका आदिक पर्याय विशेषोंकी उत्पत्ति न हो सकनेका प्रसंग अनिवार्य होगा । यदि कहो कि सुवर्णसे सुवर्णके घटकी ही उत्पत्ति देखी जानेसे कार्य कारणानुसारी ही होता है, सो ऐसा कहना भी योग्य नहीं है; क्योंकि, कठोर सुवर्णसे अग्नि आदिका संयोग होनेपर सुवर्णजलकी उत्पत्ति देखी

㋐ ताप्रतौ ' मुहुत्तादिकालपक्कमो , इति पाठः । ㋑ काप्रतौ ' आगमणोआगमदो ' इति पाठः ।
㋒ काप्रतौ ' अक्कमादो ' इति पाठः । ♣ का-ता-मप्रतिषु ' कडिणादो , इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वप्पणा कारणसरूवमावण्णस्स उप्पत्तिविरोहादो । जदि एयंतेण ण कारणाणुसारि चेव कज्जमुप्पज्जदि तो मुत्तादो पोग्गलदव्वादो अमुत्तस्स गयणुप्पत्ती होज्ज, णिच्चेयणादो पोग्गलदव्वादो सचेयणस्स जीवदव्वस्स वा उप्पत्ती पावेज्ज । ण च एवं, तहाणुवलंभादो । तम्हा ✡ कारणाणुसारिणा कज्जेण होदव्वमिदि । एत्थ परिहारो वुच्चदे-- होदु णाम केण वि सरूवेण कज्जस्स कारणाणुसारित्तं, ण सव्वप्पणा; उप्पाद-वय-ट्ठिदिलक्खणाणं जीव-पोग्गल-धम्माधम्म-कालागासदव्वाणं सगवइसेसिय-गुणाविणाभाविसयलगुणाणमपरिच्चाएण पज्जायंतरगमणदंसणादो । ण च कम्मइय-वग्गणादो कम्माणि एयंतेण पुधभूदाणि, णिच्चेयणत्तेण मुत्तभावेण पोग्गलत्तेण च ताणमेयत्तुवलंभादो । ण च एयंतेण अपुधभूदाणि चेव, णाणावरणादिपयडिभेदेण ट्ठिदिभेदेण अणुभागभेदेण च जीवपदेसेहि अण्णोण्णाणुगयत्तेण च भेदुवलंभादो । तदो सिया कज्जं कारणाणुसारि सिया णाणुसारि त्ति सिद्धं ।

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात् ।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम् ✤ ॥ १ ॥

जाती है । इसके अतिरिक्त, जिस प्रकार कारण उत्पन्न नहीं होता है उसी प्रकार कार्य भी उत्पन्न नहीं होगा, क्योंकि, कार्य सर्वात्मना कारण रूप ही रहेगा इसलिए उसकी उत्पत्तिका विरोध है ।

शंका-- यदि सर्वथा कारणका अनुसरण करनेवाला ही कार्य नहीं होता है तो फिर मूर्त पुद्गल द्रव्यसे अमूर्त आकाशकी उत्पत्ति हो जानी चाहिये, इसी प्रकार अचेतन पुद्गल द्रव्यसे सचेतन जीव द्रव्यकी भी उत्पत्ति पायी जानी चाहिये । परन्तु ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि, वैसा पाया नहीं जाता । इसीलिये कार्य कारणानुसारी ही होना चाहिये ?

समाधान-- यहां उपर्युक्त शंकाका परिहार कहते हैं । किसी विशेष स्वरूपसे कार्य कारणानुसारी भले ही हो, परन्तु वह सर्वात्म स्वरूपसे वैसा सम्भव नहीं है; क्योंकि, उत्पाद व्यय व ध्रौव्य लक्षणवाले जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल और आकाश द्रव्य अपने विशेष गुणोंके अविनाभावी समस्त गुणोंका परित्याग न करके अन्य पर्यायको प्राप्त होते हुए देखे जाते हैं । दूसरे, कर्म कार्मण वर्गणासे सर्वथा भिन्न भी नहीं हैं, क्योंकि, उनमें अचेतनत्व, मूर्तत्व और पौद्गलिकत्व स्वरूपसे कार्मण वर्गणाके साथ समानता पायी जाती है । इसी प्रकार वे उससे सर्वथा अभिन्न भी नहीं हैं, क्योंकि, ज्ञानावरणादि रूप प्रकृतिभेद, स्थितिभेद व अनुभागभेदसे तथा जीवप्रदेशोंके साथ परस्पर अनुगत स्वरूपसे उनमें कार्मण वर्गणासे भेद पाया जाता है । इसलिये कार्य कथंचित् कारणानुसारी है और कथंचित् वह तदनुसारी नहीं भी है, यह सिद्ध है ।

शंका-- चूंकि असत् कार्य किया नहीं जा सकता है, उपादानोंके साथ कार्यका सम्बन्ध रहता है, किसी एक कारणसे सभी कार्योंकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, समर्थ कारणके द्वारा शक्य कार्य ही किया जाता है, तथा कार्य कारणस्वरूप ही है-- उससे भिन्न सम्भव नहीं है; अतएव इन हेतुओंके द्वारा कारणव्यापारसे पूर्व भी कार्य सत् ही है, यह सिद्ध है ॥ १ ॥

✡ काप्रतौ 'तं जहा' इति पाठः । ✤ सांख्यकारिका ९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इदि के वि भणंति। एदं पि ण जुज्जदे। कुदो ? एयंतेण संते कत्तारवावारस्स विहलत्तप्पसंगादो, उवायाणग्गहणाणुववत्तीदो, सव्वहा संतस्स संभवविरोहादो, सव्वहा

विशेषार्थ— सांख्यमतमें प्रधानकी सिद्धिमें उपयोगी होनेसे सत्कार्यवादको स्वीकार किया गया है। कार्यको सत् सिद्ध करनेके लिये उपर्युक्त कारिकामें निम्न हेतु दिये गये हैं— (१) यदि कारणव्यापारके पूर्वमें कार्यको सत् ही स्वीकार किया जाय तो उसका उत्पन्न होना शक्य नहीं है, जैसे खरविषाण। अत एव कारणव्यापारके पूर्वमें भी कार्यको सत् ही स्वीकार करना चाहिये। कारणके द्वारा केवल उसकी अभिव्यक्ति की जाती है जो उचित ही है। जैसे तिलोंमें तैल जब पहिलेसे ही सत् है तभी वह कोल्हू आदिके द्वारा निकाला जा सकता है, वालुकामेंसे तैलका निकाला जाना किसी प्रकार भी शक्य नहीं है। (२) दूसरा हेतु 'उपादानग्रहण' दिया गया है— उपादानग्रहणका अर्थ है कारणोंसे कार्यका सम्बन्ध। अर्थात् कारण कार्यसे सम्बद्ध हो करके ही उसका उत्पादक हो सकता है, न कि असम्बद्ध रह कर। और वह सम्बद्ध चूंकि असत् कार्यके साथ सम्भव नहीं है, अतएव कारणव्यापारसे पूर्वमें भी कार्यको सत् ही स्वीकार करना चाहिये। (३) यदि कहा जाय कि कारण असम्बद्ध ही कार्यको उत्पन्न कर सकते हैं, अतः इसके लिये कार्यको सत् मानना आवश्यक नहीं है; सो यह कहना भी उचित नहीं है, क्योंकि, वैसा माननेपर जिस प्रकार मिट्टीके द्वारा अपनेसे असम्बद्ध घट कार्य किया जाता है उसी प्रकार असम्बद्धत्वकी समानता होनेसे घटके समान पट आदिक कार्य भी उसके द्वारा उत्पन्न किये जा सकते हैं। इस प्रकार एक ही किसी कारणसे सब कार्योंके उत्पन्न होनेका प्रसंग अनिवार्य होगा। परन्तु ऐसा चूंकि सम्भव नहीं है, अतएव यह स्वीकार करना चाहिये कि सम्बद्ध कारण सम्बद्ध कार्यको ही उत्पन्न करता है, न कि असम्बद्धको। इस प्रकार यह तीसरा हेतु देकर सत्कार्य सिद्ध किया गया है। (४) यहां शंका की जा सकती है कि असम्बद्ध रहकर भी वही कार्य उत्पन्न किया जा सकता है जिसके उत्पन्न करनेमें कारण समर्थ है। इसीलिये सर्वसम्भवका प्रसंग देना उचित नहीं है। इसके उत्तरमें 'शक्तस्य शक्यकरणात्' यह चतुर्थ हेतु दिया गया है। उसका अभिप्राय है कि शक्त कारण शक्य कार्यको ही करता है। यहां प्रश्न उपस्थित होता है कि कारणमें रहनेवाली वह कार्योत्पादनरूप शक्ति क्या समस्त कार्यविषयक है या शक्य कार्यविषयक ही है ? यदि उक्त शक्ति समस्त कार्यविषयक स्वीकार की जाती है तो सबसे सभीके उत्पन्न होनेका जो प्रसंग दिया गया है वह तदवस्थ ही रहेगा। इसलिये यदि उक्त शक्तिको शक्य कार्यविषयक ही स्वीकार किया जाय तो फिर स्वयमेव सत् कार्य सिद्ध हो जाता है, क्योंकि, अविद्यमान शक्य कार्यमें तद्विषयक शक्तिकी सम्भावना ही नहीं रहती। अतएव कार्य सत् ही है। (५) सत् कार्यको सिद्ध करनेके लिये अन्तिम हेतु 'कारणभाव' दिया गया है। उसका अभिप्राय यह है कि कार्य चूंकि कारणात्मक है, अतएव जब कारण सत् है तो उससे अभिन्न कार्य कैसे असत् हो सकता है ? नहीं हो सकता। अतः कार्य कारणव्यापारके पूर्व भी सत् ही रहता है। यह सांख्योंका अभिमत है। आगे वीरसेन स्वामी स्वयं इस अभिप्रायका निरास करनेवाले हैं।

समाधान— इस प्रकार किन्ही कपिल आदिका कहना है जो योग्य नहीं है। कारण कि कार्यको सर्वथा सत् माननेपर कर्ताके व्यापारके निष्फल होनेका प्रसंग आता है। इसी प्रकार सर्वथा कार्यके सत् होनेपर उपादानका ग्रहण भी नहीं बनता, सर्वथा सत् कार्यकी उत्पत्तिका विरोध है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संते कज्ज-कारणभावाणुववत्तीदो । किं च--- विप्पडिसेहादो ण संतस्स उप्पत्ती । जदि अत्थि, कधं तस्सुप्पत्ती ? अह उप्पज्जइ, कधं तस्स अत्थित्तमिदि ।

किं च– णिच्चपक्खे ण कारणं कज्जं वा अत्थि, णिव्विय्यप्पभावेण पागभाव-पद्धंसाभावविरहिए तदणुववत्तीदो । आविब्भावो उप्पादो, तिरोभावो विणासो त्ति ण वोत्तुं जुत्तं, णिच्चस्स अत्थस्स दोण्णं मज्झे एगम्हि चेव भावे अवट्ठियस्स अणा-हेआदिसयत्तेण अवत्थंतरसंकंतिवज्जियस्स दुब्भावविरोहादो । वुत्तं च---

नित्यत्वैकान्तपक्षेऽपि विक्रिया नोपपद्यते ।
प्रागेव कारकाभावः क्व प्रमाणं क्व तत्फलं ॥ २ ॥

कार्यके सर्वथा सत् होनेपर कार्य-कारणभाव ही घटित नहीं होता । इसके अतिरिक्त असंगत होनेसे सत् कार्यकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है; क्योंकि, यदि कार्य कारणव्यापारके पूर्वमें भी विद्यमान है तो फिर उसकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है ? और यदि वह कारणव्यापारसे उत्पन्न होता है तो फिर उसका पूर्वमें विद्यमान रहना कैसे संगत कहा जावेगा ?

और भी– नित्य पक्षमें कारण और कार्यका अस्तित्व ही सम्भव नहीं है, क्योंकि, उस अवस्थामें निर्विकल्प होनेके कारण प्रागभाव और प्रध्वंसाभावसे रहित अर्थमें कार्य-कारणभाव बन नहीं सकता । यदि कहा जाय कि आविर्भावका नाम उत्पाद और तिरोभावका नाम विनाश है, तो यह भी कहना योग्य नहीं है; क्योंकि, इन दोनोंमेंसे किसी एक ही अवस्थामें रहनेवाले नित्य पदार्थका अनाधेयातिशय (विशेषता रहित) होनेसे चूंकि अवस्थान्तरमें संक्रमण सम्भव नहीं है, अतएव उसमें आविर्भाव एवं तिरोभाव रूप दो अवस्थाओंके रहनेका विरोध है, अर्थात् कूटस्थ नित्य होनेसे यदि वह तिरोभूत है तो तिरोभूत ही सदा रहेगा, और यदि आविर्भूत है तो सदा आविर्भूत ही रहेगा । कहा भी है---

नित्य एकान्त पक्षमें भी पूर्व अवस्था (मृत्पिण्डादि) के परित्यागरूप और उत्तर अवस्था (घटादि) के ग्रहण रूप विक्रिया घटित नहीं होती, अतः कार्योत्पत्तिके पूर्वमें ही कर्त्ता आदि कारकोंका अभाव रहेगा । और जब कारक ही न रहेंगे तब भला फिर प्रमाण (प्रमृति क्रियाका अतिशय साधक) और उसके फल (अज्ञाननिवृत्ति) की सम्भावना कैसे की जा सकती है ? अर्थात् उनका भी अभाव रहेगा ॥ २ ॥

विशेषार्थ--- सांख्य मतमें चेतन पुरुषको कूटस्थ नित्य स्वीकार किया गया है । इस मतका निराकरण करनेके लिये उक्त कारिकाका अवतार हुआ है । उसका अभिप्राय यह है कि पुरुषको सर्वथा नित्य माना जाता है तो वह विकार रहित होनेसे चेतना रूप क्रियाका कर्त्ता भी नहीं हो सकता, क्योंकि, उस अवस्थामें कारक (कुम्भकारादि) अथवा ज्ञापक (प्रमाता) हेतुओंका व्यापार असम्भव है । अथवा यदि कारक व ज्ञापक हेतुओंका व्यापार स्वीकार किया जाता है तो फिर पूर्व स्वभाव (अकारक अथवा अप्रमाता) का परित्याग करके उत्तर स्वभाव (उत्पत्ति अथवा क्रियाका कर्त्तृत्व) को ग्रहण करनेके कारण उसकी कूटस्थताका विघात होता है । अतएव कूटस्थ नित्यताका पक्ष बनता नहीं है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यदि सत्सर्वथा कार्यं पुंवन्नोत्पत्तुमर्हति ।
परिणामप्रक्लृप्तिश्च नित्यत्वैकान्तबाधिनी ॥ ३ ॥
पुण्यपापक्रिया न स्यात् प्रेत्यभावः फलं कुतः ।
बन्धमोक्षौ च तेषां न येषां त्वं नासि नायकः ॥ ४ ॥

सदकरणात्, उपादानग्रहणात्, सर्वसम्भावाभावात्, शक्तस्य शक्यकरणात्, कारणभावाच्च असंतं चेव कज्जमुप्पज्जदि त्ति के वि भणंति। तण्ण जुज्जदे, विसेससरूवेणेव सामण्णसरूवेण वि असंते बुद्धिविसयमइक्कंते वयणगोयरमुल्लंघिय ट्ठिदकारणकलाववावारविरोहादो। अविरोहे वा, मट्टियापिंडादो घडो व्व गद्दहसिंगं पि उप्पज्जेज्ज, असंतं पडि

यदि कार्य सर्वथा सत् है तो वह पुरुषके समान उत्पन्न नहीं हो सकता। और परिणामकी कल्पना नित्यत्वरूप एकान्त पक्षकी विघातक है ॥ ३ ॥

विशेषार्थ— अभिप्राय यह है कि यदि कार्यको सर्वथा सत् ही स्वीकार किया जाता है तो जैसे सांख्य मतमें पुरुषकी उत्पत्ति नहीं मानी गई है वैसे ही पुरुषके समान सर्वथा सत् होनेसे प्रकृतिसे महान् व अहंकारादिकी भी अनुत्पत्तिका अनिवार्य प्रसंग आता है, जो उन्हें अभीष्ट नहीं है। इस प्रसंगको टालनेके लिये यदि कहा जाय कि यथार्थमें न कोई कार्य उत्पन्न होता है और न नष्ट ही होता है। किन्तु जिस प्रकार कछवा अपने विद्यमान अंगोंको कभी बाहिर निकालता है और कभी भीतर छुपा लेता है, इसी प्रकार पूर्वमें विद्यमान महान् व अहंकारादिका प्रधानसे आविर्भाव मात्र होता है। इस प्रकारके आविर्भाव व तिरोभावरूप परिणामको छोडकर कार्य-कारणभाव वास्तवमें है ही नहीं। सो इस कथनको असंगत बतलाते हुए उत्तरमें यहां कहा गया है कि पूर्वस्वभाव (तिरोभूत अवस्था) के नाश और उत्तरस्वभाव (आविर्भूत अवस्था) के उत्पन्न होनेका नाम ही तो परिणाम है। फिर भला ऐसे परिणामकी कल्पना करनेपर नित्यत्वरूप एकान्त पक्षमें कैसे बाधा न उपस्थित होगी? अवश्य होगी।

इसके अतिरिक्त सर्वथा नित्यत्वकी प्रतिज्ञामें मन, वचन व कायकी शुभ प्रवृत्तिरूप पुण्य क्रिया तथा उनकी अशुभ प्रवृत्तिरूप पाप क्रिया भी नहीं बन सकती। अत एव पुण्य व पापका अभाव होनेपर जन्मान्तरप्राप्तिरूप प्रेत्यभाव तथा सुख व दुःखके अनुभवनरूप पुण्य एवं पापका फल भी कहांसे होगा? नहीं हो सकेगा। इसलिये हे भगवन्! जिन एकान्तवादियोंके आप नेता नहीं हैं उनके मतमें बन्ध व मोक्षकी व्यवस्था भी नहीं बन सकती ॥ ४ ॥

अब सत् कार्यके किये न जा सकनेसे उपादानोंका ग्रहण होनेसे, सबसे सबकी उत्पत्तिका अभाव होनेसे, शक्त कारण द्वारा शक्य कार्यके ही किये जानेसे तथा कारणभाव होनेसे असत् ही कार्य उत्पन्न होता है; ऐसा कणाद (वैशेषिकदर्शनके कर्ता) और गौतम (न्यायदर्शनके कर्ता) आदि कितने ही ऋषि कहते हैं वह भी योग्य नहीं है, क्योंकि, कार्य जैसे विशेष (घटादि आकार) स्वरूपसे असत् है वैसे ही यदि उसे सामान्य (मृत्तिका आदि) स्वरूपसे भी असत् स्वीकार किया जाय तो ऐसा कार्य न तो बुद्धिका ही विषय हो सकता है और न वचनका भी। अत एव बुद्धि व वचनके अविषयभूत ऐसे कार्यके लिये स्थित कारणकलापके व्यापारका विरोध आता है। और यदि विरोध न माना जाय तो फिर जैसे मिट्टीके पिण्डसे घट उत्पन्न होता है वैसे ही उससे गधेका सींग भी उत्पन्न हो जाना चाहिये, क्योंकि, असत्त्वकी

आ मी ३९. काप्रतौ 'प्रत्यभावफलं' इति पाठः। आ मी ४०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसाभावादो। किं च –जदि पिंडे असंतो घडो समुप्पज्जइ तो वालुवादो वि तदुप्पत्ती होदु, असंतं पडि विसेसाभावादो। किं च–इदं चेव एदस्स कारणं, ण अण्णमिदि एदं पि ण जुज्जदे; णियामयाभावादो। भावे वा, कारणे कज्जस्स अत्थित्तं मोत्तूण कोवरो णियामयो होज्ज ? ण सहावो णियामओ, कज्जुप्पत्तीए पुव्वं कज्जस्सहावस्स ♣ अभावादो। ण चासंतो ♣ असंतस्स णियामयो होदि, अइप्पसंगादो। किं च–पिंडे घडो व्व तिहुवणमुप्पज्जउ, असंतं पडि भेदाभावादो। ण च एवं, परिमियकज्जुप्पत्तिदंसणादो। किं च–समत्थो वि कुंभारो मट्टियपिंडे घडं व पडं किण्ण उप्पादेदि, विसेसाभावादो ? विसेसभावे वा सगसत्तं मोत्तूण कोवरो विसेसो होज्ज ? वुत्तं च––

यद्यसत्सर्वथा कार्यं तन्माजनि खपुष्पवत् ।
मोपादाननियामो भून्माश्वासः कार्यजन्मनि ✿ ॥ ५ ॥

अपेक्षा दोनोंमें कोई विशेषता नहीं है। दूसरे, यदि मृत्पिण्डमें अविद्यमान घट उससे उत्पन्न होता है तो वह मृत्पिण्डके समान वालुसे भी क्यों न उत्पन्न हो जावे ? अवश्य ही उत्पन्न हो जाना चाहिये, क्योंकि, असत्त्वकी अपेक्षा कोई विशेषता नहीं है। (अर्थात् जैसे वह मृत्पिण्डमें अविद्यमान है वैसे ही वह वालुमें भी अविद्यमान है। फिर क्या कारण है कि वह मृत्पिण्डसे तो उत्पन्न होता है और वालुसे नहीं उत्पन्न होता ? अत एव मानना चाहिये कि घट मृत्पिण्डमें व्यक्तिरूपसे अविद्यमान होकर भी शक्तिरूपसे विद्यमान है, किन्तु वालुमें वह शक्तिरूपसे भी विद्यमान नहीं; अतएव वह जैसे मृत्पिण्डसे उत्पन्न होता है वैसे वालुसे उत्पन्न नहीं हो सकता।)

और भी–कार्यको सर्वथा असत् माननेपर यही इसका कारण है, अन्य नहीं है; यह भी घटित नहीं होता, क्योंकि, इसका कोई नियामक नहीं है। और यदि कोई नियामक है भी, तो वह कारणमें कार्यके अस्तित्वको छोड़कर दूसरा भला कौनसा नियामक हो सकता है ? यदि कहो कि स्वभाव नियामक है तो यह भी सम्भव नहीं है क्योंकि, कार्योत्पत्तिके पूर्वमें कार्यके स्वभावका अभाव है। और एक असत् कुछ दूसरे असत्का नियामक हो नहीं सकता, क्योंकि, वैसा होनेपर अतिप्रसंग आता है। इसके अतिरिक्त–मृत्पिण्डमें जैसे घट उत्पन्न होता है वैसे ही उससे तीनों लोक भी उपत्न्न हो जाने चाहिये; क्योंकि, असत्त्वकी अपेक्षा इनमें कोई भेद भी नहीं है। परन्तु ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि, परमित कार्यकी उत्पत्ति देखी जाती है। इसके सिवाय समर्थ भी कुम्हार मृत्पिण्डमें जैसे घटको उत्पन्न करता है वैसे पटको क्यों नहीं उत्पन्न करता, क्योंकि, किसी भी विशेषताका यहां अभाव है। अथवा यदि कोई विशेषता है, तो वह अपने अस्तित्वको छोड़कर और दूसरी क्या हो सकती है ? कहा भी है––

यदि कार्य सर्वथा (पर्यायके समान द्रव्यसे भी असत् है तो वह आकाशकुसुमके समान उत्पन्न ही नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त वैसी अवस्थामें घटका उपादान मिट्टी है, तन्तु नहीं है, इस प्रकारका उपादाननियम भी नहीं बन सकेगा। इसीलिये अमुक कार्य अमुक कारणसे उत्पन्न होता है, अमुकसे नहीं; इस प्रकारका कोई भी आश्वासन कार्यकी उत्पत्तिमें नहीं हो सकता ॥ ५ ॥

♣ ताप्रतौ 'कज्जस्स सहावस्स' इति पाठः। ♣ मप्रतिपाठोऽयम्। का-ताप्रत्योः 'णवासंतो' इति पाठः।
✿ आ. मी. ४२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किं च– ण णिच्चादो कारणकलावादो असंतस्स कज्जमुप्पज्जइ, णिच्चस्स अणाहेयादिसयस्स पमाणगोयरमइक्कंतस्स अणहिलप्पस्स असंतस्स कारणत्ताविरोहादो। ण कमेण कुणदि, णिच्चम्मि कमाभावादो। भावे वा, अणिच्चं होज्ज; अवत्थादो अवत्थंतरं गयस्स[ओ] णिच्चत्ताविरोहादो। ण च अक्कमेण कुणदि, एगसमए समुप्पाइदसयलकज्जस्स बिदियसमए असंतप्पसंगादो। ण च अकज्जं कारणमत्थित्तमल्लियइ, पमाणविसयमइक्कंतस्स अत्थित्ताविरोहादो।

ण च अणिच्चादो कारणादो असंतं कज्जमुप्पज्जदि, अट्ठियस्स कारणत्ताविरोहादो। ण ताव उप्पज्जमाणमुप्पादेदि, एगसमए चेव सव्वकज्जाणमुप्पत्तिप्पसंगादो। ण च एवं, बिदियसमए सव्वकज्जस्स अणुवलद्धिप्पसंगादो। ण च उप्पण्णमुप्पादेदि, अणवट्ठियस्स दुसमयअवट्ठाणविरोहादो। ण च णट्ठं कज्जमुप्पादेदि, अभावस्स सयलसत्तिविरहियस्स

और भी– नित्य कारणकलापसे तो असत् कार्यकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, क्योंकि, सर्वथा नित्य वस्तु अनाधेयातिशय होनेसे न प्रमाणकी विषय हो सकती है और न वचनकी भी विषय हो सकती है। इस प्रकार असत् होनेसे (गधेके सींगके समान) उससे कारणताका विरोध है। (इतनेपर भी यदि उसे कारण स्वीकार किया जाता है तो यह भी प्रश्न उपस्थित होता है कि विवक्षित कारण क्या क्रमसे कार्यको करता है या अक्रमसे ?) क्रमसे तो वह कार्यको कर नहीं सकता, क्योंकि, नित्यमें क्रमकी सम्भावना ही नहीं है। अथवा यदि उसमें क्रमकी सम्भावना है तो फिर वह अनित्यताको प्राप्त होना चाहिये, क्योंकि, एक अवस्थासे दूसरी अवस्थाको प्राप्त होनेपर नित्यताका विरोध है। अक्रमसे वह कार्यको करता है, यह द्वितीय पक्ष भी योग्य नहीं है; क्योंकि, ऐसा माननेपर एक समयमें समस्त कार्यको उत्पन्न करके द्वितीय समयमें उसके असत्त्वका प्रसंग आता है। इस प्रकारसे कार्यव्यापारसे रहित कारण अस्तित्वको प्राप्त नहीं होता, क्योंकि, प्रमाण (अनुमानादि) का अविषय होनेसे उसके अस्तित्वका विरोध है।

अनित्य कारणसे असत् कार्य उत्पन्न होता है, यह बौद्धाभिमत भी ठीक नहीं है; क्योंकि, स्थिति रहित वस्तुके कारणताका विरोध है (यदि स्थितिसे रहित अर्थ भी कारण हो सकता है तो वह क्या उत्पन्न होता हुआ कार्यको उत्पन्न करता है, उत्पन्न होकर कार्यको उत्पन्न करता है, नष्ट होकर कार्यको उत्पन्न करता है, अथवा विनष्ट होता हुआ कार्यको उत्पन्न करता है ?) उत्पन्न होता हुआ तो वह कार्यको उत्पन्न कर नहीं सकता, क्योंकि, इस प्रकारसे एक समयमें ही समस्त कार्योंके उत्पन्न होनेका प्रसंग आता है। परन्तु ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि, वैसा होनेपर द्वितीय समयमें समस्त कार्योंकी अनुपलब्धिका प्रसंग प्राप्त होता है। उत्पन्न होकर वह कार्यको उत्पन्न करता है, यह कहना भी ठीक नहीं है; क्योंकि, अवस्थानसे रहित उसका दो समयोंमें रहनेका विरोध है। नष्ट हो करके वह कार्यको उत्पन्न करता है, यह भी सम्भव नहीं है; क्योंकि, नष्ट होनेपर अभाव स्वरूपको प्राप्त हुए उसके समस्त शक्तियोंसे रहित होनेके कारण कार्यको उत्पन्न करनेका विरोध

[ओ] काप्रतौ ' सयस्स ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कज्जुप्पायणत्ताविरोहादो। अविरोहे वा, ससंसिंगादो वि ससी समुप्पज्जेज्ज, अभावं पडि विसेसाभावादो। ण च विणस्संतमुप्पादेदि, विणट्ठाविणट्ठभावे मोत्तूण विणस्संत-भावस्स तइज्जस्स अणुवलंभादो। तदो णासंतं पि कज्जमुप्पज्जदि। णोभयसरूवं कज्जमुप्पज्जइ, विरोहादो उभयपक्खदोसप्पसंगादो वा। णाणुभयपक्खो वि, णीरूवस्स उप्पत्तिविरोहादो। ण च कज्जाभावो, उवलब्भमाणस्स अभावविरोहादो। तदो सिया सतं, सिया असंतं, सिया अवत्तव्वं, सिया संतं च असंतं च, सिया संतं च अवत्तव्वं च, सिया असंतं च अवत्तव्वं च, सिया संतं च असंतं च अवत्तव्वं च कज्जमुप्पज्जदि त्ति णिच्छओ कायव्वो; अण्णहा पुव्वुत्तदोसप्पसंगादो।

एदेसिं भंगाणमत्थो वुच्चदे। तं जहा–कज्जं सिया संतमुप्पज्जदि, पोग्गलभावेण मट्टियादिवंजणपज्जाएहि य संतस्स दव्वस्स घडपज्जाएण उप्पत्तिदंसणादो। सिया असंतमुप्पज्जइ, पिंडागारेण णट्ठस्स पोग्गलदव्वस्स घडभावेण उप्पत्तिदंसणादो। सिया अवत्तव्वं कज्जमुप्पज्जइ, पोग्गलदव्वस्स अत्थपज्जाएहि वयणविसयमइक्कंतस्स घडभावेणुप्पत्तिदंसणादो, विहि–पडिसेहधम्माणं सगसरूवापरिच्चाएण अण्णोण्णाणुगयत्तादो जच्चंतर–

है। और यदि इस विरोधको नहीं माना जाता है, तो फिर खरगोशके सींगसे भी चन्द्रमा उत्पन्न हो जाना चाहिये, क्योंकि, अभावकी अपेक्षा उनमें कोई विशेषता नहीं है। विनष्ट होता हुआ वह कार्यको उत्पन्न करता है, यह पक्ष भी असंगत है; क्योंकि, विनष्ट और अविनष्ट पदार्थोंको छोड़कर तीसरा कोई विनश्यमान पदार्थ पाया नहीं जाता। इस कारण सत् कार्यके समान असत् कार्य भी उत्पन्न नहीं हो सकता है। यदि कहा जाय कि उभय (सत्–असत्) स्वरूप कार्य उत्पन्न होता है, सो यह भी सम्भव नहीं है; क्योंकि, उसमें विरोध आता है। अथवा, उभय पक्षमें दिये गये दोषोंका प्रसंग अनिवार्य होगा। अनुभव (न सत् न असत्) पक्ष भी नहीं बनता, क्योंकि, वैसी अवस्थामें निःस्वरूप होनेसे उसकी उत्पत्तिका विरोध है। यदि कार्यका ही अभाव स्वीकार किया जाय तो यह भी अनुचित होगा, क्योंकि, जो प्रत्यक्षादिसे उपलभ्यमान है उसका अभाव माननेमें विरोध आता है। इस कारण कथंचित् सत्, कथंचित् असत् कथंचित् अवक्तव्य, कथंचित् सत् व असत्, कथंचित् सत् व अवक्तव्य, कथंचित् असत् व अवक्तव्य, तथा कथंचित् सत् व असत् और अवक्तव्य कार्य उत्पन्न होता है ऐसा निश्चय करना चाहिये; क्योंकि, इसके बिना एकान्त पक्षोंमें दिये गये पूर्वोक्त दोषोंका प्रसंग अनिवार्य है।

इन भंगोंका अर्थ कहते हैं। वह इस प्रकार है–कार्य कथंचित् सत् उत्पन्न होता है, क्योंकि, पुद्गल स्वरूपसे और मृत्तिका आदि व्यञ्जन पर्यायरूपसे भी सत् द्रव्यकी घट पर्याय स्वरूपसे उत्पत्ति देखी जाती है। कथंचित् वह असत् उत्पन्न होता है, क्योंकि, पिण्डरूप आकारसे नष्ट हुए पुद्गल द्रव्यकी घट स्वरूपसे उत्पत्ति देखी जाती है। कथंचित् अवक्तव्य कार्य उत्पन्न होता है, क्योंकि, अर्थ पर्यायोंकी अपेक्षा वचनके अविषयभूत पुद्गल द्रव्यकीघट स्वरूपसे उत्पत्ति देखी जाती है, अथवा अपने स्वरूपको न छोड़कर परस्परमें अनुगत होनेसे जात्यन्तर भावको प्राप्त हुए विधि-प्रतिषेध धर्मोंको कहनेवाले शब्दका अभाव है, इसलिये भी कार्य अवक्तव्य उत्पन्न होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मावण्णाणं पदुप्पायणसद्दाभावादो वा । कुदो जच्चंतरत्तं ? संजोग-समवाएहि विणा अण्णोण्णाणुगयत्तादो । को संजोगो ? पुधप्पसिद्धाणं मेलणं संजोगो । को समवाओ? एगत्तेण अजुवसिद्धाणं मेलणं । ण विहिप्पडिसेहाणं✡ संजोगो, पुधप्पसिद्धीए अभावादो । ण समवाओ वि, सामण्णसरूवेण सव्वकालमण्णोण्णाजहावुत्तीए ट्ठिदाण संबंधाणुववत्तीदो । ण च एयंतेण दुविहसंबंधाभावो, विहि✤-प्पडिसेहविसेसं पडुच्च तदुभयसंबंधुवलंभादो । ण च विहि-प्पडिसेहाणं पुधभावो णत्थि, भिण्णपच्चयगेज्झत्तेण पुधभूददव्वावट्ठाणेण च तदुवलंभादो । तदो सिद्धं जच्चंतरत्तं ।

सिया संतमसंतं च उप्पज्जदि णेगमणयावलंबणेण । को णेगमो? यदस्ति न तद्वयमतिलंघ्य वर्तत इति नैकगमो नैगमः । सिया संतं च अवत्तव्वं च अवत्तव्वेण सह विहिधम्मप्पणाए । एवं णेगमणयमस्सिदूण ट्ठिदसेसभंगाणं पि अत्थो वत्तव्वो । ण च

शंका— जात्यन्तरता क्यों है ?

समाधान— कारण कि वे विधि-प्रतिषेध धर्म संयोग व समवायके विना परस्परमें अनुगत हैं ।

शंका— संयोग किसे कहते हैं ?

समाधान— पृथक् प्रसिद्ध पदार्थोंमें मेलको संयोग कहते हैं ।

शंका— समवाय किसे कहते हैं ?

समाधान— अयुतसिद्ध पदार्थोंका एक रूपसे मिलनेका नाम समवाय है ।

विधि और प्रतिषेध धर्मोंका संयोग तो संभव नहीं है, क्योंकि, उनमें पृथक्सिद्धत्वका अभाव है । समवायकी भी सम्भावना नहीं हैं, क्योंकि, सामान्य स्वरूपसे सब कालमें परस्पर अजहत् वृत्तिसे स्थित उक्त दोनों धर्मोंका सम्बन्ध नहीं बन सकता । और एकान्ततः इन दो प्रकारके सम्बन्धोंका अभाव हो, ऐसा भी नहीं है; क्योंकि, विधि-प्रतिषेधविशेषकी अपेक्षा वे दोनों सम्बन्ध पाये जाते हैं । विधि व प्रतिषेध धर्मोंके भिन्नता नहीं हो, यह भी बात नहीं है, क्योंकि, भिन्न प्रत्यय द्वारा ग्राह्य होनेसे तथा पृथग्भूत द्रव्योंमें रहनेसे उनमें भिन्नता पायी जाती है । इसलिये उनमें जात्यन्तरत्व सिद्ध है ।

नैगम नयकी अपेक्षा कथंचित् सत् व असत् कार्य उत्पन्न होता है ।

शंका— नैगम नय किसे कहते हैं ?

समाधान— ' जो विद्यमान है वह भेद व अभेद इन दोनोंका उल्लंघन करके नहीं रहता ' इस कारण जो उन दोनोंमेंसे किसी एकको विषय न करके विवक्षाभेदसे दोनोंको ही विषय करता है वह नैगम नय कहा जाता है ।

अवक्तव्यके साथ विधि धर्मकी प्रधानतासे कार्य कथंचित् सत् व अवक्तव्य उत्पन्न होता है । इसी प्रकार नैगम नयका आश्रय करके स्थित शेष भंगोंके भी अर्थका कथन करना चाहिये ।

✡ ताप्रतौ ' विहिपडिसेहणं ' इति पाठः । ✤ काप्रतौ ' विविह ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्थ पुव्वुत्तदोसा संभवंति, एयंतविसयाणं दोसाणमणेयंते संभवविरोहादो। को अणेयंतो णाम? जच्चंतरत्तं। उप्पत्ती णाम ण परदो, अणवत्थापसंगादो। ण सदो, असंतस्स कारणत्ताणुववत्तीदो। दीसइ च सव्वत्थाणं सत्तं, तदो णिच्चा सव्वत्था त्ति णत्थि कज्जुप्पत्ती? ण एस दोसो, पमाणगोयरमइक्कंतस्स णिच्चत्थस्स अत्थित्तविरोहादो। णिच्चत्थो पमाणविसयमइक्कंतो, अक्कमेण कमेण वा तत्थ कम्म-कत्तारपज्जायाणमभावादो, भावे च अणिच्चत्तप्पसंगादो। ण च कज्जं परदो चेव उप्पज्जदि सदो वा, दव्व-खेत्त-काल-भावे पडुच्च उप्पज्जमाणकज्जुवलंभादो। ण च पमाणेण विसईकयत्थो पमाणपडिकूलदाए ✿ अवगयअप्पमाणत्तेहि वियप्पाभासेहि अण्णहा काउं सक्किज्जदि, अव्ववत्थापसंगादो।

वत्थुविणासो ण परदो होदि, पसज्ज-पज्जुदासलक्खणअभावाणमण्णेहिंतो उप्पत्ति-

---

यहां पूर्वोक्त (सत् व असत् एकान्त पक्षमें दिये गये) दोषोंकी भी सम्भावना नहीं है, क्योंकि, एकान्तको विषय करनेवाले दोषोंकी अनेकान्तके विषयमें सम्भावना नहीं है।

शंका— अनेकान्त किसे कहते हैं?

समाधान— जात्यन्तरभावको अनेकान्त कहते हैं।

शंका— उत्पत्ति किसी दूसरेसे नहीं हो सकती, क्योंकि, ऐसा होनेपर अनवस्थाका प्रसंग आता है। (अर्थात् विवक्षित घटादि कार्योंकी उत्पत्ति जिस किसी दूसरेसे होती हैं, वह भी अन्य किसी दूसरेसे ही उत्पन्न होगा। इस प्रकार उत्तरोत्तर कल्पना करनेपर व्यवस्था नहीं बनेगी, इसलिये अनवस्था दोष सम्भव है।) यदि कहा जाय कि कार्य किसी दूसरेसे उत्पन्न न होकर स्वतः उत्पन्न होता है, तो यह भी सम्भव नहीं है; क्योंकि, असत् पदार्थके कारणता बन नहीं सकती। और चूंकि सब पदार्थोंका सत्त्व देखनेमें आता है, इसीलिये समस्त पदार्थोंके नित्य होनेसे कार्यकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, नित्य पदार्थ चूंकि प्रमाणगोचर नहीं है, अर्थात् प्रत्यक्ष व अनुमानादि किसी भी प्रमाणसे सिद्ध नहीं है, अत एव उसके अस्तित्वका विरोध है। नित्य अर्थ प्रमाणका विषय नहीं है, क्योंकि, युगपत् अथवा क्रमसे उसमें कर्म व कर्ता रूप पर्यायोंका अभाव है। और यदि उनका सद्भाव है तो फिर उसके अनित्य होनेका प्रसंग आता है। इसके अतिरिक्त कार्य परसे ही उत्पन्न होता हो अथवा स्वतः ही उत्पन्न होता हो, यह बात भी नहीं है; क्योंकि, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावका आश्रय करके उत्पन्न होनेवाला कार्य पाया जाता है। दूसरे, प्रमाणके प्रतिकूल होनेसे जिनकी अप्रमाणता ज्ञात हो चुकी है ऐसे विकल्पाभासों (परतः उत्पन्न हैं या स्वतः उत्पन्न हैं, इत्यादि) के द्वारा प्रमाणसे विषय किया गया पदार्थ अन्यथा करनेके लिये शक्य नहीं है, क्योंकि, इस प्रकारसे अव्यवस्थाका प्रसंग आता है।

शंका— वस्तुका विनाश परके निमित्तसे नहीं होता है, क्योंकि, प्रसज्य व पर्युदासरूप

✿ काप्रतौ 'पडिकुलदाए' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विरोहादो । तदो णिरहेउओ विणासो । वुत्तं च भास्से* –

जातिरेव हि भावानां निरोधे हेतुरिष्यते ।
यो जातश्च न च ध्वस्तो नश्येत् पश्चात् स केन वः ? ॥ ६ ॥

खणक्खइणो च ण कज्जमुप्पज्जदि, उप्पण्णुप्पज्जमाणेहिंतो कज्जुप्पत्ति-विरोहादो । तदो ण कज्जमुप्पज्जदि त्ति? ण, उप्पत्तीए विणा खणखइत्तविरोहादो। ण चाणुप्पण्णं विणस्सदि, गद्दहसिंगस्स वि विणासप्पसंगादो* । ण च खणक्खइ-वत्थू अत्थि, पमाणपमेयाणमभावप्पसंगादो । वुत्तं च–

क्षणिकैकान्तपक्षेऽपि प्रेत्यभावाद्यसम्भवः ।
प्रत्यभिज्ञाद्यभावान्न कार्यारम्भः कुतः फलम् ॥ ७ ॥

तदो उप्पाद-ट्ठिदि-भंगलक्खणं सव्वं दव्वं ति इच्छेयव्वं । उत्तं च–

अभावोंका दूसरोंसे उत्पन्न होनेका विरोध है । इसीलिये विनाश निर्हेतुक है। कहा भी है भाष्य में-

पदार्थोंके विनाशमें जाति (उत्पत्ति) को ही कारण माना जाता है । परन्तु जो उत्पन्न होकर भी नष्ट नहीं होता है वह फिर पीछे आपके यहां किसके द्वारा नाशको प्राप्त होगा ? नहीं हो सकेगा ॥ ६ ॥

दूसरे, क्षणक्षयी कारणसे कार्य उत्पन्न भी नहीं हो सकता है, क्योंकि उत्पन्न अथवा उत्पद्यमान कारणोंसे कार्यकी उत्पत्तिका विरोध है । इस कारण कार्य उत्पन्न नहीं होता ।

समाधान– ऐसा जो बौद्धका कहना है वह भी ठीक नहीं है, क्योंकि, उत्पत्तिके विना क्षणक्षयित्वका विरोध है । पदार्थ उत्पन्न हुए विना नष्ट नहीं हो सकता; क्योंकि, वैसा स्वीकार करनेपर गधेके सींगके भी विनाशका प्रसंग आता है । दूसरे क्षणक्षयी वस्तुका अस्तित्व ही सम्भव नहीं है, क्योंकि, ऐसा होनेपर प्रमाण और प्रमेय दोनोंके अभावका प्रसंग आता है । कहा भी है–

क्षणिक एकान्त पक्षमें भी प्रत्यभिज्ञान आदिका अभाव होनेसे कार्यका आरम्भ नहीं हो सकता, और जब कार्यका आरम्भ नहीं हो सकता है तब उसके अभावमें भला पुण्य एवं पाप रूप फलकी सम्भावना कहांसे की जा सकती है ? तथा पुण्य व पापका अभाव होनेपर जन्मान्तर रूप प्रेत्यभाव एवं बन्ध–मोक्षादिका भी सद्भाव नहीं रह सकता ॥ ७ ॥

विशेषार्थ– सब पदार्थ क्षणक्षयी हैं, ऐसा एकान्त स्वीकार करनेपर स्मृति व प्रत्यभिज्ञान आदिकी सम्भावना नहीं की जा सकती है । कारण कि स्मृति पूर्वमें अनुभव किये गये पदार्थके विषयमें ही होती है । परन्तु जिसका वर्तमानमें अनुभव किया गया है वह तो उसी क्षणमें उत्पन्न होनेके साथ ही नष्ट हो चुका । इस प्रकार विषयका अभाव होनेसे स्मरण ज्ञान उत्पन्न नहीं हो सकता । स्मरणके अभावमें प्रत्यभिज्ञान भी असम्भव है, क्योंकि, प्रत्यक्ष व स्मरणके

---

* काप्रतौ 'भाष्ये', ताप्रतौ नोपलभ्यते पदमिदम्। * उद्धृतेयं कारिका कसायपाहुडे १, पृ० २२७. * काप्रतौ 'विणासप्पसंगादो वि' इति पाठः। * आ. मी. ४१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् ।
शोक-प्रमोद-माध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥ ८ ॥
पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्ति दधिव्रतः ।
अगोरसव्रतो नोभे तस्मात्तत्त्वं त्रयात्मकम् ॥ ९ ॥

निमित्तसे ' यह वही देवदत्त है, गायके सदृश गवय होता है ' इस प्रकार जो एकत्व व सादृश्य आदि विषयक ज्ञान उत्पन्न होता है उसे प्रत्यभिज्ञान कहा जाता है । पदार्थके सर्वथा क्षणिक होनेपर पूर्वोत्तर अवस्थाओंमें रहनेवाले एकत्व आदि धर्मोंके असम्भव होनेसे उक्त लक्षणवाले प्रत्यभिज्ञानकी भी सम्भावना नहीं की जा सकती है । इस प्रकार स्मरण व प्रत्यभिज्ञान आदिके साथ ही पूर्वोत्तर अवस्थाओंमें अवस्थित एक प्रमाता आत्माके भी न रह सकनेसे कार्यका आरम्भ नहीं हो सकता । कार्यके अभावमें उसके फल स्वरूप पुण्य-पाप एवं बन्ध-मोक्ष आदि भी नहीं बन सकते । अतएव वह क्षणिक एकान्त पक्ष ग्राह्य नहीं है ।

इसलिये सब द्रव्यको उत्पाद, स्थिति (ध्रौव्य) व भंग (व्यय) स्वरूप स्वीकार करना चाहिये । कहा भी है--

घट, मुकुट और सुवर्णसामान्यका अभिलाषी यह मनुष्य क्रमशः घटके नाश, मुकुटके उत्पाद और सुवर्णसामान्यकी स्थितिमें शोक, प्रमोद एवं माध्यस्थ्य भावको प्राप्त होता है । यह सहेतुक है, अकारण नहीं है ॥ ८ ॥

विशेषार्थ– यहां वस्तुको उत्पाद, व्यय व ध्रौव्य स्वरूप सिद्ध करनेके लिये निम्न प्रकार लौकिक दृष्टान्त दिया गया है–कल्पना कीजिये कि तीन मनुष्य क्रमसे सुवर्णघट, सुवर्ण–का मुकुट एवं सुवर्णसामान्यकी अभिलाषासे किसी विशेष दूकानपर जाते हैं । इसी समय दूकानदारके द्वारा सुवर्णघटको नष्ट करके मुकुटका निर्माण करानेपर उनमेंसे सुवर्णघटका अभिलाषी दुखी, मुकुटका अभिलाषी हर्षित और सुवर्णसामान्यका ग्राहक हर्ष-विषाद दोनोंसे ही रहित होकर मध्यस्थ रहता है । अब यदि कार्यका विनाश न होता तो घटके नष्ट होनेपर तदभिलाषी व्यक्तिको दुखी न होना चाहिये था । इसी प्रकार यदि कार्यका उत्पाद न होता तो मुकुटाभिलाषी व्यक्तिका हर्षित होना असंगत था । निरन्वय विनाशके होनेपर (ध्रौव्यके अभावमें) सुवर्णसामान्यके ग्राहककी उदासीनता भी स्थिर नहीं रह सकती थी । परन्तु चूंकि व्यवहारमें वैसा देखा जाता है, अतएव द्रव्यको उत्पाद, व्यय व ध्रौव्य स्वरूप मानना ही चाहिये ।

' मैं केवल दूधको ग्रहण करूंगा ' ऐसा नियम लेनेवाला व्यक्ति दहीको नहीं खाता है, 'मैं केवल दही खाऊंगा' ऐसा नियम रखनेवाला व्यक्ति दूधको नहीं लेता है, तथा ' मैं गोरससे भिन्न पदार्थको ग्रहण करूंगा ' ऐसा व्रत लेनेवाला व्यक्ति दूध व दही दोनोंको ही नहीं खाता है । इसीलिये वस्तुतत्त्व उत्पाद, व्यय व ध्रौव्य इन तीनों स्वरूप है ॥ ९ ॥

विशेषार्थ– पर्याय स्वरूपसे होनेवाले उत्पाद व व्ययमें न सर्वथा भेद है और न सर्वथा अभेद ही है, किन्तु वे कथंचित् भेदाभेदको प्राप्त हैं । कारण कि दूधके अपने स्वरूपको छोड़कर दही रूपमें परिणत होनेपर भी यदि उनमें सर्वथा अभेद ही स्वीकार किया जाय तो दूधका

 आ. मी. ५९. आ. मी. ६०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न सामान्यात्मनोदेति न व्येति व्यक्तमन्वयात् ।
व्येत्युदेति विशेषात्ते सहैकत्रोदयादि सत् ॥ १० ॥

सव्वं पि वत्थु पि विहि-पडिसेहप्पयं ति घेत्तव्वं, अण्णहा कज्ज-कारणभाव-विरोहादो । वुत्तं च--

भावैकान्ते पदार्थानामभावानामपह्नवात् ।
सर्वात्मकमनाद्यन्तमस्वरूपमतावकम् ॥ ११ ॥

नियम करनेवालेके दहीका ग्रहण तथा दहीका नियम करनेवालेके दूधका ग्रहण करना अनुचित ठहरेगा। उसी प्रकार अन्वय प्रत्ययके विषयभूत गोरस सामान्यसे भी दूध व दही रूप विशेषोंको यदि सर्वथा भिन्न स्वीकार किया जाय तो गोरस-भिन्न भोजनका नियम करनेवालेके उन दोनोंका त्याग करना अयुक्तिसंगत होगा। परन्तु ऐसा है नहीं, अतएव सिद्ध है कि वस्तुतत्त्व अनेकान्तसे अनुगत होकर उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य स्वरूप ही है।

कोई भी वस्तु सामान्य स्वरूपसे न उत्पन्न होती है और न नष्ट भी होती है, क्योंकि, इनमें सामान्य स्वरूपसे स्पष्टतया अन्वय देखा जाता है। किन्तु वही विशेष स्वरूपसे नष्ट भी होती है और उत्पन्न भी होती है। हे भगवन्! इस प्रकार आपके मतमें एक ही वस्तुमें उत्पादादि तीनों ही एक साथ रहते हैं। इन्हीं तीनोंसे युक्त वस्तुको सत् कहा जाता है ॥१०॥

विशेषार्थ-- पूर्वोत्तर पर्यायोंमें रहनेवाले साधारण स्वभावका नाम सामान्य है, जैसे सुवर्णसे उत्तरोत्तर होनेवाली कटक व कुण्डलादि रूप पर्यायोंमें सुवर्णसामान्य। इसकी अपेक्षा वस्तुका उत्पाद व विनाश सम्भव नहीं है, क्योंकि, कटकरूप पर्यायका नाश होकर कुण्डलरूप पर्यायके उत्पन्न होनेपर भी 'यह वही सुवर्ण है जिसके पहिले कटक बनवाये गये थे' ऐसा अन्वय प्रत्यय पाया जाता है। उत्पाद व विनाश केवल विशेष (पर्याय) की अपेक्षा होता है। यदि कटक व कुण्डल रूप आकारके समान सुवर्णद्रव्यका भी विनाश व उत्पाद हुआ तो उन दोनोंमें समान रूपसे सुवर्णत्वका बोध नहीं हो सकता था। परन्तु होता अवश्य है, अतः सिद्ध है कि सामान्य स्वरूपसे वस्तु उत्पाद-व्ययसे रहित होकर कथंचित् नित्य और वही विशेषकी अपेक्षा कथंचित् अनित्य भी है। ये सामान्य और विशेष धर्म भी परस्पर सापेक्ष रहते हैं, न कि निरपेक्ष। इस प्रकार उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य ये तीनों ही वस्तुमें एक साथ पाये जाते हैं। इन्हीं तीनोंसे युक्त वस्तुको सत् कहा जाता है और यही द्रव्यका लक्षण है।

सभी वस्तु विधि-प्रतिषेधात्मक है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये; क्योंकि, इसके विना कार्य-कारणभावका विरोध है। कहा भी है--

अस्तित्वविषयक एकान्त पक्षमें अभावोंका अपलाप होनेसे दूसरोंके मतमें पदार्थोंके सर्वरूपता, अनादिता, अनन्तता और अस्वरूपताका प्रसंग आता है ॥ ११ ॥

विशेषार्थ-- सांख्योंका अभिमत है कि सब पदार्थ सत्स्वरूप ही हैं, कोई भी असत् (अभाव) स्वरूप नहीं है। उनमें जो परावर्तित अवस्थायें देखी जाती हैं वे आविर्भाव व तिरोभावके कारण होती हैं। उनके यहां निम्न २५ तत्त्व स्वीकार किये गये हैं- पुरुष, प्रकृति, महान्

आ. मी.५७. आ. मी ९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार्यद्रव्यमनादि स्यात् प्रागभावस्य निह्नवे ।
प्रध्वंसस्य च धर्मस्य प्रच्यवेऽनन्ततां व्रजेत् ॥ १२ ॥
सर्वात्मकं तदेकं स्यादन्यापोहव्यतिक्रमे ।
अन्यत्रसमवाये न व्यपदिश्येत सर्वथा ॥ ३१ ॥

(बुद्धि), अहंकार, ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय (वाक् पाणि, पाद, पायु व उपस्थ), मन, पांच तन्मात्र (गन्ध, रस, रूप, स्पर्श व शब्द) और पांच भूत (पृथिवी, जल, तेज, वायु व आकाश) । इनमें प्रकृति कर्त्री और पुरुष भोक्ता है । प्रकृतिसे महान्, महान्से अहंकार, अहंकारसे ग्यारह इन्द्रियां व पांच तन्मात्र, तथा पांच तन्मात्रोंसे पांच भूतोंका आविर्भाव और इसके विपरीत क्रमसे उन सबका तिरोभाव (जैसे पृथिव्यादि पांच भूतोंका तिरोभाव गन्धादि पांच तन्मात्रोंमें) होता है । इस प्रकार सांख्यमतमें सब कार्य सत् ही हैं । उनके इस एकान्त पक्षको दूषित करते हुए उपर्युक्त कारिकामें कहा गया है कि सब पदार्थोंको सर्वथा सत् माननेपर अन्योन्याभाव, प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव और अत्यन्ताभाव, ये चारों ही अभाव नहीं बन सकेंगें । इनमेंसे महान् व अहंकारादिमें प्रकृतिका तथा प्रकृतिमें महदादिका अन्योन्याभाव न रहनेसे महदादिक प्रकृतिस्वरूप व प्रकृति महदादिस्वरूप भी हो सकती है । इस प्रकार अन्योन्याभावके अभावमें सबके सब स्वरूप हो जानेका प्रसंग अनिवार्य होगा । इसी प्रकार प्रागभाव (कार्योत्पत्तिके पूर्वमें उसका अभाव । के न रह सकनेसे महदादिके अनादिताका तथा प्रध्वंसाभाव (विनाश) के न रहनेसे उनके अनन्तताका प्रसंग भी दुर्निवार होगा । साथ ही प्रकृतिमें भोक्तृत्वका तथा पुरुषमें कर्तृत्वका अत्यन्ताभाव न रहनेपर प्रकृति व पुरुषका कोई निश्चित लक्षण भी नहीं बन सकेगा, अतः निःस्वरूपताका प्रसंग भी कैसे टाला जा सकेगा ? इसीलिये उक्त एकान्त पक्ष ग्राह्य नहीं हो सकता ।

प्रागभावका अपलाप होनेपर कार्यरूप द्रव्यके अनादि हो जानेका प्रसंग आता है । तथा प्रध्वंसरूप धर्मका (प्रध्वंसाभावका) अभाव होनेपर वह अनन्तता (अविनश्वरता) को प्राप्त हो जावेगा ॥ १२ ॥

विशेषार्थ--- कार्यके उत्पन्न होनेके पूर्वमें जो उसकी अविद्यमानता है उसे प्रागभाव कहा जाता है । इसको न माननेपर घट-पटादि कार्य अपने स्वरूपलाभ (उत्पत्ति) के पूर्वमें भी विद्यमान ही रहना चाहिये । इस प्रकार प्रागभावके अभावमें घटादि कार्योंके अनादि हो जानेका अनिष्ट प्रसंग आता है । कार्यके विनाशका नाम प्रध्वंसाभाव है । इसे स्वीकार न करनेपर चूंकि घटादि कार्योंका उत्पन्न होनेके पश्चात् कभी विनाश तो होगा ही नहीं, अत एव उनके अनन्त (अन्त रहित) हो जानेका प्रसंग आता है । परन्तु ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि, घटादि पर्यायविशेषोंका अपनी उत्पत्तिके पूर्वमें और विनाशके पश्चात् उन उन आकारविशेषोंमें अवस्थान देखा नहीं जाता । अत एव यह स्वीकार करना चाहिये कि पदार्थ सर्वथा भाव (अस्तित्व) स्वरूप नहीं है, किन्तु अपने अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा वे कथंचित् भावस्वरूप तथा दूसरे पदार्थोंके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा कथंचित् अभावस्वरूप भी हैं ।

अन्यापोह (अन्योन्याभाव) का उल्लंघन होनेपर विवक्षित कोई एक तत्त्व सब तत्त्वों

 आ. मी. १०. आ. मी. ११.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभावैकान्तपक्षेऽपि भावापह्नववादिनाम् ।
बोध-वाक्यं प्रमाणं न केन साधन-दूषणम् ॥ १४ ॥
विरोधान्नोभयैकात्म्यं स्याद्वादन्यायविद्विषाम् ।
अवाच्यतैकान्तेऽप्युक्तिर्नावाच्यमिति युज्यते ॥ १५ ॥

स्वरूप हो जावेगा । अन्यत्रसमवाय, अर्थात् ज्ञानादि गुणविशेषोंका अपने समवायी (आत्मादि) के अतिरिक्त दूसरे समवायीमें समवाय होनेपर अर्थात् अत्यन्ताभावके अभावमें अभीष्ट स्वरूपसे किसी भी तत्त्वका निर्देश नहीं किया जा सकेगा ॥ १३ ॥

विशेषार्थ-- विवक्षित स्वभावकी दूसरे स्वभावोंसे रहनेवाली भिन्नताका नाम अन्योन्याभाव है, जैसे गायरूप स्वभाव (पर्याय) की अश्वादि स्वभावोंसे रहनेवाली भिन्नता । इस अन्योन्याभावको न माननेपर गाय अश्वस्वरूप और अश्व गायस्वरूप भी हो सकता है । इस प्रकार द्रव्यकी सब पर्यायें सभी पर्यायों स्वरूप हो सकती हैं । इससे लोकव्यवहारका विरोध होगा । अत एव द्रव्यकी विभिन्न पर्यायोंमें परस्पर भेदको प्रगट करनेवाले अन्योन्याभावको स्वीकार करना ही चाहिये । एक द्रव्यमें दूसरे द्रव्यसम्बन्धी असाधारण गुणोंके त्रैकालिक अभावको अत्यन्ताभाव कहा जाता है, जैसे पुद्गल द्रव्यमें चैतन्य गुणका अभाव और जीव द्रव्यमें रहनेवाला रूपादि गुणोंका अभाव । इस अत्यन्ताभावको स्वीकार न करनेसे एक द्रव्यके गुणोंका दूसरे द्रव्यमें समवाय सम्भव होनेपर दूसरोंके द्वारा कल्पित प्रकृति-पुरुषादिरूप तत्त्वोंका नियमित स्वरूप नहीं बन सकेगा । अत एव तत्त्वव्यवस्थाको स्थिर रखनेके लिये अत्यन्ताभावका भी अपलाप नहीं किया जा सकता है ।

'कोई भी पदार्थ सत्स्वरूप नहीं है' इस प्रकारसे सर्वथा अभाव पक्षको स्वीकार करनेपर भी सत्स्वरूपताका अपलाप करनेवाले शून्यैकान्तवादियों (माध्यमिक) के यहां बोधरूप स्वार्थानुमान और वाक्यरूप पदार्थानुमान प्रमाणका भी सद्भाव नहीं रह सकेगा । ऐसी अवस्थामें शून्यता रूप स्वपक्षकी सिद्धि किस प्रमाणसे की जावेगी, तथा सत्स्वरूप पदार्थको स्वीकार करनेवाले अन्य वादियोंके पक्षको दूषित भी किस प्रमाणके द्वारा किया जावेगा ? ॥ १४ ॥

विशेषार्थ-- 'पदार्थोंकी जिस स्वरूपसे प्ररूपणा की जाती है वह उनका स्वरूप वास्तवमें ह नहीं, क्योंकि, पदार्थोंके एकानेकरूपता बनती नहीं है । अत एव बाह्य या आभ्यन्तर कोई भी पदार्थ सत्स्वरूप नहीं है ।' यह शून्यैकान्तवादी माध्यमिकोंका अभिमत है । इस एकान्त पक्षको असंगत बतलाते हुए यहां कहा गया है कि जो वादी शून्यमय जगत्को स्वीकार करते हैं उनके यहां सत् स्वरूप किसी भी पदार्थके न रहनेसे अपने अभीष्ट (शून्यता) पक्षके साधक और परपक्ष (सत्स्वरूपता) को दूषित करनेवाले अनुमानादि प्रमाणकी भी सत्ता सम्भव नहीं है । और ऐसा होनेपर प्रमाणके अभावमें उनका अभीष्ट तत्त्व भी सिद्ध नहीं हो सकता । इसलिये यदि स्वपक्षको सिद्ध करनेके लिये किसी प्रमाणविशेषकी सत्ता स्वीकार की जाती है तो उसके सद्भावमें 'सर्वथा शून्यमय जगत् है' वह उनका एकान्त पक्ष नहीं रहता ।

'पदार्थ सत् व असत् स्वरूप हैं' इस प्रकार अनेकान्तविरोधियोंके यहां उभयस्वरूपताका भी एकान्त पक्ष नहीं बनता, क्योंकि, उसमें विरोध है । तथा 'पदार्थ सर्वथा वचनके अगोचर

आ मी १२ आ. मी. १३.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कथंचित्ते सदेवेष्टं कथंचिदसदेव तत् ।
तथोभयमवाच्यं च नययोगान्न सर्वथा ॥ १६ ॥

हैं' इस प्रकारका भी एकान्त पक्ष सम्भव नहीं है, क्योंकि, वैसा होनेपर 'अवाच्य हैं' इस वाक्यका प्रयोग भी अयुक्त होगा ॥ १५ ॥

विशेषार्थ— जो वादी पदार्थको सत् व असत् (उभय) स्वरूप मानकर भी उन दोनों धर्मोंमें परस्पर सापेक्षता स्वीकार नहीं करते उनके यहां उभयस्वरूपता भी असम्भव है, क्योंकि, जिस स्वरूपसे वे सत् हैं उसी स्वरूपसे उन्हें असत् माननेमें विरोध आता है। इस प्रकार स्याद्वाद न्यायके विना उक्त प्रकारसे उभय स्वरूपता भी नहीं बनती। किन्तु स्याद्वादका अवलम्बन करनेपर पदार्थको उभय (सत्-असत्) स्वरूप माननेमें कोई विरोध नहीं रहता। कारण कि स्वकीय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा सत्स्वरूप वस्तुको परकीय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा असत्स्वरूप भी मानना ही पडेगा, क्योंकि, इसके विना सबके सब स्वरूप हो जानेका अनिवार्य प्रसंग आनेसे घट-पटादि पदार्थोंमें विभिन्नरूपता सम्भव नहीं है। जो वादी (बौद्ध) सत् व असत् पक्षोंमें दिये गये दोषोंके परिहारकी इच्छासे तत्त्वको अवक्तव्य स्वीकार करते हैं वे अपने इस अभिमतका परिज्ञान दूसरोंको किस प्रकारसे करावेंगे? कारण कि स्वसंवेदनसे तो दूसरोंको समझाया नहीं जा सकता है। यदि कहा जाय कि 'तत्त्व क्षणक्षयी व कल्पनातीत होनेसे अवाच्य है' इत्यादि वाक्योंके द्वारा दूसरोंको समझाया जा सकता है, सो यह भी उचित नहीं है; क्योंकि, ऐसा होनेपर 'सर्वथा अवक्तव्य है' यह सिद्धान्त स्वयमेव खण्डित हो जाता है। यह कथन तो उस व्यक्तिके समान स्ववचनबाधित है जो कि 'मैं मौनव्रती हूं' इन शब्दोंके द्वारा अपने मौनव्रतकी सूचना देता है।

हे भगवन्! आपका अभीष्ट तत्त्व कथंचित् सत् स्वरूप ही है, वह कथंचित् असत् स्वरूप ही है, कथंचित् उभय (सत्-असत्) स्वरूप भी है, और कथंचित् अवाच्य भी है। वह अभीष्ट तत्त्व नयके सम्बन्धसे ऐसा है, सर्वथा वैसा नहीं है ॥ १६ ॥

विशेषार्थ— उक्त प्रकारसे सत्, असत्, उभय और अवाच्य स्वरूप एकान्त पक्षोंमें दोषोंको दिखाकर यहां इस कारिकाके द्वारा सप्तभंगीको प्रगट किया गया है। यद्यपि कारिकामें चार ही भंगोंका निर्देश है, तथापि उसमें प्रयुक्त 'च' शब्दके द्वारा शेष तीन भंगोंकी भी सूचना कर दी गयी है। प्रश्नके वश एक ही वस्तुमें विधि व निषेधकी कल्पना करनेको सप्तभंगी कहा जाता है। वह नयविवक्षाके अनुसार ही सम्भव है, न कि सर्वथा। वे सात भंग निम्न प्रकार हैं— (१) कथंचित् घट सत् स्वरूप है। इसमें द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे विधिकी कल्पना की गई है, क्योंकि, घटादिक सभी पदार्थ अपने अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावसे सत् स्वरूप ही हैं। यदि उन्हें अपने द्रव्यादिककी अपेक्षा सत् न माना जाय तो फिर वे खरविषाणके समान वस्तु ही नहीं रहेंगे। (२) कथंचित् घट असत् स्वरूप है। इसमें पर्यायार्थिक नयकी प्रधानतासे प्रतिषेधकी कल्पना की गई है, क्योंकि, परकीय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावसे घट असत् ही है। यदि परकीय द्रव्यादिकी अपेक्षा विवक्षित वस्तुको असत् न स्वीकार किया जावे तो जिस प्रकार घट

आ मी १४. सिय अत्थि णत्थि उहयं अव्वत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं। दव्वं खु सत्तभगं आदेसवसेण संभवदि ॥ पंचा. १४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ण च एयादो अणेयाणं कम्माणं वुप्पत्ती विरूद्धा, कम्मइयवग्गणाए अणंताणंत-संखाए अट्ठकम्मपाओग्गभावेण अट्ठविहत्तामावण्णाए एयत्तविरोहादो। णत्थि एत्थ एयंतो, एयादो घडादो अणेयाणं खप्पराणमुप्पत्तिदंसणादो। वुत्तं च--

कम्मं ण होदि एयं अणेयविहमेय बंधसमकाले।
मूलुत्तरपयडीणं परिणामवसेण जीवाणं ॥ १७ ॥

जीवपरिणामाणं भेदेण परिणामिज्जमाणकम्मइयवग्गणाणं भेदेण च कम्माणं बंध-समकाले चेव अणेयविहत्तं होदि त्ति घेत्तव्वं। कधं मुत्ताणं कम्माणममुत्तेण जीवेण सह संबंधो? ण,✿ अणादिबंधणबद्धस्स जीवस्स संसारावत्थाए अमुत्तत्ताभावादो।अणादिबंधो

स्वकीय द्रव्यादिसे सत् है, उसी प्रकार वह परकीय द्रव्यादिककी अपेक्षा भी सत् ही ठहरेगा। और वैसा होनेपर 'यह घट है, पट नहीं है' इस प्रकारका भेद न रह सकनेसे सबके सब स्वरूप हो जानेका प्रसंग अनिवार्य होगा। अतएव अपने द्रव्यादिकी अपेक्षा वस्तु जैसे सत् है वैसे ही वह परकीय द्रव्यादिकी अपेक्षा असत् भी है, यह मानना ही चाहिये। (३) कथंचित् घट सत् व असत् (उभय) स्वरूप है। यहां द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा क्रमसे विधि व प्रतिषेधकी कल्पना की गई है। कारण कि यदि ऐसा न माना जावे तो फिर घटादि वस्तुओंमें क्रमशः होनेवाले सत् व असत् रूप विकल्पके व्यवहारका विरोध होगा। (४) कथंचित् घट अवक्तव्य है। इसमें युगपत् विधि व प्रतिषेधकी कल्पना की गई है। चूंकि सत् व असत् रूप दोनों धर्मोंको एक साथ सूचित करनेवाला कोई भी शब्द सम्भव नहीं है, अतएव उस अवस्थामें वस्तुको अवक्तव्य मानना उचित ही है। 'च' शब्दसे सूचित शेष तीन भंग-- (५) कथंचित् घट सत् व अवक्तव्य है। यहां विधिके साथ ही युगपत् विधि व प्रतिषेध की कल्पना की गई है। (६) कथंचित् घट असत् व अवक्तव्य है। यहां प्रतिषेधके साथ युगपत् विधि व प्रतिषेधकी कल्पना की गई है। (७) कथंचित् घट सत्-असत् व अवक्तव्य है। यहां क्रमशः विधि व प्रतिषेधकी कल्पनाके साथ युगपत् भी विधि व प्रतिषेधकी कल्पना की गई है। इस प्रकार ये सात वाक्य ही सम्भव हैं। प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ भंगोंमें दो अथवा तीनके संयोग से उत्पन्न वाक्य इन्हींमें अन्तर्भूत होंगे, उनसे भिन्न सम्भव नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त एकसे अनेक कर्मोंकी उत्पत्ति विरुद्ध है, ऐसा कहना भी अयुक्त है; क्योंकि, आठ कर्मोंकी योग्यतानुसार आठ भेदको प्राप्त हुई अनन्तानन्त संख्यारूप कार्मण वर्गणाको एक माननेका विरोध है। दूसरे, एकसे अनेक कार्योंकी उत्पत्ति नहीं होती; ऐसा एकान्त भी नहीं है, क्योंकि, एक घटसे अनेक खप्परोंकी उत्पत्ति देखी जाती है। कहा भी है--

कर्म एक नहीं है, वह जीवोंके परिणामानुसार मूल व उत्तर प्रकृतियोंके बन्धके समानकालमें ही अनेक प्रकारका है ॥ १७ ॥

जीवपरिणामोंके भेदसे और परिणमायी जानेवाली कार्मण वर्गणाओंके भेदसे बन्धके समकालमें ही कर्म अनेकप्रकारका होता है, ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

शंका-- मूर्त कर्मोंका अमूर्त जीवके साथ सम्बन्ध कैसे हो सकता है?

समाधान-- नहीं, क्योंकि, अनादिकालीन बन्धनसे बद्ध रहनेके कारण जीवका संसार

✿ ताप्रतौ 'ण इत्येतत्पदं नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुदो णव्वदे ? जीव-सरीराणं वट्टमाणबंधण्णहाणुववत्तीदो । ण च वट्टमाणबंधघडावणट्ठं जीवस्स वि[1]रूवित्तं वोत्तुं जुत्तं, जीव-देहाणं महापरिमाणत्तादो रूवित्तेण च उवलद्धिलक्खणपत्ताणं रूव-रस-गंध-पासाणं पुधभूदाणमुवलंभप्पसंगादो । किं च—ण जीवदव्वमत्थि, रूपिणः पुद्गलाः[2]' इच्चेदेण लक्खणेण जीवाणं पोग्गलेसु अंतब्भावादो । ण च दव्वं दव्वंतरस्स असाहारणगुणेण परिणमइ, अच्चंताभावेण णिरुद्धपवुत्तीदो । काणि दव्वाणमसाहारणलक्खणाणि ? चेयणलक्खणं जीवदव्वं, रूव-रस-गंध-पासलक्खणं पोग्गलदव्वं, ओगाहणलक्खणमायासदव्वं, जीव-पोग्गलाणं गमणागमणणिमित्तकारणं धम्मदव्वं, तेसिमवट्ठाणस्स णिमित्तकारणलक्खणमधम्मदव्वं, दव्वाणं परिणमणस्स णिमित्ताकारणलक्खणं कालदव्वं । किं दव्वं णाम ? स्वकासाधारणलक्षणापरित्यागेन द्रव्यांतरासाधारणलक्षणपरिहारेण द्रवति द्रोष्यत्यदुद्रुवत् तांस्तान् पर्यायानिति द्रव्यं[3] । तदो जीवो अमुत्तो चेव, पोग्गलस्स असाहारणगुणेहि तस्स परिणामाभावादो । मिच्छत्तासंजम—कसाय—जोगा

अवस्थामें अमूर्त होना सम्भव नहीं है ।

शंका— अनादिबन्धका परिज्ञान किस प्रमाणसे होता है ?

समाधान— चूंकि जीव और शरीरका वर्तमान बन्ध अनादिबन्धके विना बन नहीं सकता है, अत एव इस अन्यथानुपपत्तिरूप हेतुसे उसका ज्ञान हो जाता है ।

शंका— वर्तमान बन्धको घटित करानेके लिये पुद्गलके समान जीवको भी रूपी कहना योग्य नहीं है, क्योंकि, वैसा स्वीकार करनेपर जीव और शरीर दोनों चूंकि महान् परिमाणवाले हैं और रूपी भी हैं; अतएव वे इन्द्रियग्राह्य हो जाते हैं । इसलिए उनके रूप, रस, गन्ध और स्पर्शके अलग अलग ग्रहण होनेका प्रसंग आता है । दूसरे, जीव द्रव्यको इस प्रकारसे रूपी स्वीकार करनेपर उसका अस्तित्व ही सम्भव नहीं है, क्योंकि, 'जो रूपी हैं वे पुद्गल हैं' इस सूत्रोक्त लक्षणके अनुसार रूपी माननेसे जीवोंका पुद्गलोंमें अन्तर्भाव हो जाता है । तीसरे, एक द्रव्य दूसरे द्रव्यके असाधारण गुणरूपसे परिणत भी नहीं हो सकता, क्योंकि, ऐसी प्रवृत्ति अत्यन्ताभावके द्वारा रोकी जाती है । द्रव्योंके असाधारण लक्षण कौनसे हैं ? जीव द्रव्यका असाधारण लक्षण चेतना; पुद्गल द्रव्यका रूप, रस, गन्ध व स्पर्श; आकाश द्रव्यका अवगाहन, धर्म द्रव्यका जीवों और पुद्गलोंके गमनागमनमें निमित्तकारणता, अधर्म द्रव्यका उक्त जीवों और पुद्गलोंके अवस्थानमें निमित्तकारणता, तथा काल द्रव्यका असाधारण लक्षण द्रव्योंके परिणमनमें निमित्तकारण होता है । द्रव्य किसे कहते हैं ? अपने असाधारण स्वरूपको न छोडकर दूसरे द्रव्योंके असाधारण स्वरूपका परिहार करते हुए जो उन उन पर्यायोंको वर्तमानमें प्राप्त होता है, भविष्यमें प्राप्त होगा व भूतकालमें प्राप्त हो चुका है वह द्रव्य कहलाता है । इसलिये जीव अमूर्तिक ही है, क्योंकि, पुद्गल द्रव्यके जो रूप और रसादिक असाधारण गुण हैं उनके स्वरूपसे उसका परिणमन हो नहीं सकता । तथा मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और

---

[1] काप्रतौ 'वि' इत्येतत् पदं नोपलभ्यते । [2] तत्त्वा० ५-५.

[3] यथास्वं पर्यायैर्द्रूयन्ते द्रवन्ति व तानि द्रव्याणि । स. सि ५-२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवादो अपुधभूदा कम्मइयवग्गणक्खंधाणं तत्तो पुधभूदाणं कधं परिणामांतरं संपादेंति ? णं एस दोसो, जलणट्ठिददहणगुणेण तेल्लस्स वट्टिगयस्स कज्जलागारेण परिणामुवलंभादो । वुत्तं च--

राग-द्वेषाद्यूष्मा स योग-वर्त्यात्मदीप आवर्ते ।
स्कन्धानादाय पुनः परिणमयति तांश्च कर्मतया ॥ १८ ॥

जदि मिच्छत्तादिपच्चएहि कम्मइयवग्गणक्खंधा अट्ठकम्मागारेण परिणमंति तो एगसमएण सव्वकम्मइयवग्गणक्खंधा कम्मागारेण किं ण परिणमंति, णियमाभावावो? ण, दव्व-खेत्त-काल-भावे त्ति चदुहि णियमेहि णियमिदाणं परिणामुवलंभादो । दव्वेण अभवसिद्धिएहि अणंतगुणाओ सिद्धाणमणंतभागमेत्ताओ चेव वग्गणाओ एगसमएण एगजीवादो कम्मसरूवेण परिणमंति । खेत्तेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तोगाहणाओ जीवेणोगाढखेत्तट्ठियाओ चेव परिणमंति, ण सेसाओ । कालेण एगसमयमादिं कादूण जाव असंखेज्जलोगमेत्तकालं कम्मइयवग्गणसरूवेण ट्ठिदाओ चेव परिणमंति, ण सेसाओ।

योग ये जीवसे अभिन्न होकर उससे पृथग्भूत कार्मण वर्गणाके स्कन्धोंके परिणामान्तर (रूपित्व) को कैसे उत्पन्न करा सकते हैं ?

समाधान-- यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, अग्निमें स्थित दहन गुणके निमित्तसे बत्तीमें रहनेवाले तेलका कज्जलके आकारसे परिणाम पाया जाता है । कहा भी है--

संसारमें राग-द्वेषरूपी उष्णतासे संयुक्त वह आत्मारूपी दीपक योगरूप बत्तीके द्वारा (कार्मण वर्गणाके) स्कन्धोंको ग्रहण करके फिर उन्हें कर्मस्वरूपसे परिणमाता है ॥ १८ ॥

शंका-- यदि मिथ्यात्वादिक प्रत्ययोंके द्वारा कार्मण वर्गणाके स्कन्ध आठ कर्मरूपसे परिणमन करते हैं तो समस्त कार्मण वर्गणाके स्कन्ध एक समयमें आठ कर्मरूपसे क्यों नहीं परिणत हो जाते, क्योंकि, उनके परिणमनका कोई नियामक नहीं है ?

समाधान-- नहीं, क्योंकि, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चार नियामकों द्वारा नियमको प्राप्त हुए उक्त स्कन्धोंका कर्मरूपसे परिणमन पाया जाता है । यथा--द्रव्यकी अपेक्षा अभवसिद्धिक जीवोंसे अनन्तगुणी और सिद्ध जीवोंके अनन्तवें भाग मात्र ही वर्गणायें एक समयमें एक जीवके साथ कर्मस्वरूपसे परिणत होती हैं । क्षेत्रकी अपेक्षा जीवके द्वारा अवगाहको प्राप्त क्षेत्रमें स्थित अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र अवगाहनावाली वर्गणायें ही कर्मस्वरूपसे परिणत होती हैं, शेष वर्गणायें कर्मस्वरूपसे परिणत नहीं होतीं । कालकी अपेक्षा एक समयसे लेकर असंख्यात लोक मात्र कालके भीतरकी कार्मणवर्गणा स्वरूपसे स्थित ही वे वर्गणायें कर्म-स्वरूपसे परिणत होती हैं, शेष नहीं होती । भावकी अपेक्षा कार्मणवर्गणा पर्यायरूपसे परिणत

मप्रतौ 'जोगजीवादो' इति पाठः । ताप्रतौ 'वट्टिगयस्स इति पाठः । ताप्तौ 'सयोग- इति पाठः । मप्रतौ 'आदत्ते' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावेण कम्मइयवग्गणपज्जाएण परिणदाओ चेव कम्मसरूवेण परिणमंति, ण सेसाओ✿ । वुत्तं च--

एयक्खेत्तोगाढं सव्वपदेसेहि कम्मणो जोग्गं ।
बंधइ जहुत्तहेऊ✱ सादियमहणादियं वा वि✿ ॥ १९ ॥

सो च एवंविहलक्खणो पक्कमो पयडिपक्कमो ठिदिपक्कमो अणुभागपक्कमो चेदि तिविहो । तत्थ पयडिपक्कमो दुविहो-- मूलपयडिपक्कमो उत्तरपयडिपक्कमो चेदि । तत्थ मूलपयडिपक्कमं वत्तइस्सामो । तं जहा- सव्वत्थोवं एगसमयपबद्धम्हि आउअदव्वं, णामा-गोददव्वं अण्णोण्णं सरिसं होदूण विसेसाहियं, णाण-दंसणावरण-अंतराइयाणं दव्वमण्णोण्णेण सरिसं होदूण विसेसाहियं । मोहणीयदव्वं विसेसाहियं । वेयणीयदव्वं विसेसाहियं । सव्वत्थ विसेसपमाणमणंतरहेट्ठिमदव्वमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडेदूण तत्थ एगखंडमेत्तं होदि । वुत्तं च--

आउअभागो थोवो णामा-गोदे समो तदो अहिओ ।
आवरण-अंतराए तुल्लो अहिओ दु मोहे वि ॥ २० ॥

ही वे कर्मस्वरूपसे परिणत होती हैं, शेष नहीं । कहा भी है--

जीव एकक्षेत्रमें अवगाहको प्राप्त हुए तथा कर्मके योग्य सादि, अनादि अथवा उभय स्वरूप पुद्गलप्रदेशसमहको यथोक्त हेतुओं (मिथ्यात्व आदि) द्वारा अपने सब प्रदेशोंसे बांधता है ॥ १९ ॥

इस प्रकारके लक्षणसे संयुक्त वह प्रक्रम प्रकृतिप्रक्रम, स्थितिप्रक्रम और अनुभागप्रक्रमके भेदसे तीन प्रकारका है । उनमें प्रकृतिप्रक्रम मूलप्रकृतिप्रक्रम और उत्तरप्रकृतिप्रक्रमके भेदसे दो प्रकारका है । इनमें मूलप्रकृतिप्रक्रमका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है- एक समयप्रबद्धमें आयुका द्रव्य सबसे स्तोक है । नाम व गोत्र कर्मोंका द्रव्य परस्परमें समान होकर उससे विशेष अधिक है । ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीन कर्मोंका द्रव्य परस्परमें समान होकर नाम व गोत्रकी अपेक्षा विशेष अधिक है । मोहनीयका द्रव्य उससे विशेष अधिक है । वेदनीयका द्रव्य उससे विशेष अधिक है । सब जगह विशेषका प्रमाण अनन्तर अधस्तन द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करके जो एक खण्ड प्राप्त होता है उतने मात्र है । कहा भी है--

आयु कर्मका भाग सबसे स्तोक है । नाम व गोत्र कर्ममें वह समान हो करके उससे अधिक है । आवरण अर्थात् ज्ञानावरण व दर्शनावरण तथा अन्तरायमें वह समान होकर उक्त दोनों कर्मोंकी अपेक्षा विशेष अधिक है । मोहनीयमें उनसे विशेष अधिक है । किन्तु वेदनीय

✿ ते खलु पुद्गलस्कन्धा अभव्यानन्तगुणा सिद्धानन्तभागप्रमितप्रदेशा घनांगुलस्यासंख्येयभागक्षेत्रावगाहिन एक-द्वि-त्रि-चतुः-संख्येयासंख्येयसमयस्थितिकाः पंचवर्ण-पंचरस-द्विगन्ध-चतुःस्पर्शस्वभावा अष्टविधकर्मप्रकृतियोग्याः योगवशादात्मनात्मसात् क्रियन्त इति प्रदेशबन्धः समासतो वेदितव्यः । स. सि. ८-२४.

✱ ताप्रतौ ' जुहुत्तहेयो सादियमणादियं ' इति पाठः । ✿ एयक्खेत्तोगाढं सव्वपदेसेहि कम्मणो जोग्गं । बंधदि सगहेदूहि य अणादियं सादियं उभयं ॥ गो. क. १८५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वुवरि वेदणीए भागो अहिओ दु कारणं किंतु ।
अनन्तानुबन्धिचतुष्ककका मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीव उदीरक होता है। अप्रत्याख्यानचतुष्कके मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टिके अन्तिम समय तकके जीव उदीरक होते हैं। प्रत्याख्यानचतुष्कके मिथ्यादृष्टिसे लेकर संयतासंयत गुणस्थानके अन्तिम समय तकके जीव उदीरक होते हैं। नपुंसकवेदका उदीरक कौन होता है? उसके उदीरक सभी नपुंसक जीव होते हैं। विशेष इतना है कि क्षपक और उपशामक नपुंसक जीव नपुंसकवेदकी प्रथम स्थितिके उदयावली मात्र शेष रहनेपर नपुंसकवेदके अनुदीरक होते हैं। शेष सब नपुंसक जीव उसके उदीरक ही होते हैं। जिस प्रकारसे नपुंसकवेदके उदीरकोंका कथन किया गया है, उसी प्रकारसे स्त्री और पुरुष वेदोंके भी उदीरकोंका कथन करना चाहिए। हास्य, रति, अरति, शोक भय व जुगुप्सा; इन प्रकृतियोंका उदीरक मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक रहनेवाला जीव होता है। विशेष इतना है कि देवके उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त तक सातावेदनीय, हास्य और रति इनकी उदीरणा नियमसे होती है। आगे वह भाज्य है, अर्थात् आगे वह होती भी है और नहीं भी होती। तथा नारकीके उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त तक असाता वेदनीय, अरति और शोककी उदीरणा नियमसे होती है। तीन संज्वलन कषायोंकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरणकालमें अपने-अपने बन्धाध्यवसानोंके अन्तिम समय तक होती है। संज्वलनलोभकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर अन्तिम समयवर्ती सकषाय होनेमें एक समय अधिक आवलि मात्र कालके शेष रहने तक होती है।

नारकायुकी उदीरणा सब नारकियोंमें होती है। विशेष इतना है कि जिस नारक जीवके

▣ क. प्र ४, ६. ✲ × × × ते ते बंधतगा कसायाणं। क. प्र. ४, २०. ✲ हास-रई-सायाणं अंतमुहुत्तं तु आइमं देवा। इयराणं नेरइया उड्ढं परियत्तणविहीए ॥ प. सं. ४, २१. ♣ काप्रतौ 'णिरयाउआउअस्स' ताप्रतौ 'णिरयाउ (आउ) अस्स' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तब्भवत्थणेरइयमादिं कादूण जाव चरिमसमयतब्भवत्थो त्ति ताव अणुदीरओ। जहा णिरयाउअस्स तहा सेसाउआणं पि परूवणा कायव्वा। णवरि तिरिक्ख-मणुस-देवाउआणं जहाकमेण तिरिक्ख-मणुस-देवाचेव उदीरया। मणुसाउअस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदस्स मरणकाले चरिमावलियं मोत्तूण अण्णत्थ उदीरणा।

णिरयगइणामाए सव्वो णेरइओ उदीरओ। तिरिक्खगइणामाए सव्वो तिरिक्खजोणिओ उदीरओ। मणुसगइणामाए अजोइं मोत्तूण सेसो सव्वो मणुसो मणुसिणी वा उदीरओ। देवगदिणामाए सव्वो देवो सव्वदेवी वा उदीरया। एइंदियजादिणामाए सव्वो एइंदियो, बीइंदियजादिणामाए सव्वो बीइंदियो, तीइंदियजादिणामाए सव्वो तीइंदियो, चउरिंदियजादिणामाए सव्वो चउरिंदियो, पंचिंदियजादिणामाए सव्वो पंचिंदियो उदीरओ। णवरि पंचिंदियजादिणामाए अजोगिम्हि णत्थि उदीरणा। ओरालियसरीरणामाए उदीरगो अण्णदरो जो ओरालियसरीरस्स णिव्वत्तओ। वेउव्वियसरीरणामाए उदीरओ अण्णदरो जो वेउव्वियसरीरस्स* णिव्वत्तओ। आहारसरीरणामाए उदीरगो अण्णदरो जो आहारसरीरस्स णिव्वत्तओ। तेजा-कम्मइयसरीराणमुदीरओ अण्णदरो जो सजोगो। जहा सरीराणं तहा तेसिमंगोवंगणामाणं वत्तव्वं। एवं

अन्तिम समयवर्ती तद्भवस्थ होनेमें आवली मात्र काल शेष रहा है उससे लेकर अन्तिम समयवर्ती नारक तकके उसकी उदीरणा नहीं होती। जैसे नारकायुकी उदीरणाकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही शेष तीन आयु कर्मोंकी भी उदीरणाकी प्ररूपणा करनी चाहिये। विशेष इतना है कि तिर्यंच, मनुष्य और देव आयुओंके उदीरक यथाक्रमसे तिर्यंच, मनुष्य एवं देव ही होते हैं। मनुष्यायुकी मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत गुणस्थान तक उदीरणा होती है। मात्र मरणकालमें अन्तिम आवलीको छोडकर अन्य कालमें ही उदीरणा होती है।

नरकगति नामकर्मके सभी नारकी उदीरक होते हैं। तिर्यंचगति नामकर्मके सभी तिर्यंच योनिवाले जीव उदीरक होते हैं। मनुष्यगति नामकर्मके उदीरक अयोगी जिनको छोडकर शेष सब मनुष्य और मनुष्यनियां होती हैं। देवगति नामकर्मके उदीरक सब देव और सभी देवियां हैं। एकेन्द्रियजाति नामकर्मके सब एकेन्द्रिय जीव, द्वीन्द्रियजाति नामकर्मके सब द्वीन्द्रिय जीव, त्रीन्द्रियजाति नामकर्मके सब त्रीन्द्रिय जीव, चतुरिन्द्रियजाति नामकर्मके सब चतुरिन्द्रय जीव, तथा पंचेंन्द्रियजाति नामकर्मके सब पंचेंन्द्रिय जीव उदीरक होते हैं विशेष इतना है कि पंचेन्द्रियजाति नामकर्मकी उदीरणा अयोगी गुणस्थानमें नहीं है। औदारिकशरीर नामकर्मका उदीरक अन्यतर जीव होता है जो कि औदारिकशरीरका निर्वर्तक है। वैक्रियिकशरीर नामकर्मका उदीरक अन्यतर जीव होता है जो कि वैक्रियिकशरीरका निर्वर्तक है। आहारशरीर नामकर्मका उदीरक अन्यतर जीव होता है जो कि आहारशरीरका निर्वर्तक है। तैजस और कार्मण शरीरोंका उदीरक अन्यतर जीव होता है जो कि योगसे सहित है। जैसे शरीरोंकी उदीरणाका कथन किया गया है वैसे ही उनके अंगोपांग नामकर्मोंकी उदीरणाका भी कथन करना

---

* काप्रतौ ' वेउव्वियसरीरणामस्स ', ताप्रतौ ' वेउव्वियसरीरस्स णामस्स इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छसंठाण-वज्जरिसहवइरणारायणसंघडणाणं पि वत्तव्वं। सेसाणं संघडणणामाणं उदीरगो णिव्वत्तओ। तं जहा– वेउव्वियसरीरस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठि त्ति उदीरणा। एवं तदंगोवंगस्स। आहारदुगस्स पमत्तसंजदम्मि चेव उदीरणा। वज्जणारायणसंघडण-णारायणसंघडणाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव उवसंतकसाओ त्ति उदीरणा। अद्धणारायणसंघडण✪-खीलियसंघडण✪-असंपत्तासेवट्टसंघडणाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति उदीरणा। पंचबंधण-पंचसंघादाणं पंचसरीरभंगो। वण्ण-गंध-रस-फासाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलि त्ति उदीरणा।

णिरयगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए पढमसमयणेरइओ दुसमयणेरइओ वा मिच्छाइट्ठी असंजदसम्माइट्ठी वा उदीरओ। तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए तिरिक्खो✤ पढमसमयतब्भवत्थो बिदियसमयतब्भवत्थो वा सासणसम्माइट्ठी असंजदसम्माइट्ठी वा, पढमसमय-दुसमय-तिसमयतब्भत्थमिच्छाइट्ठी वा उदीरओ। मणुसगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए पढमसमय दुसमयतब्भवत्थो सासणसम्माइट्ठी असंजदसम्माइट्ठी मिच्छाइट्ठी वा उदीरओ✪। देवगइपाओग्गाणुपुव्वीणामाए पढमसमयतब्भवत्थो दुसमयतब्भवत्थो

चाहिये। इसी प्रकारसे छह संस्थानों और वज्रर्षभवज्रनाराचसंहननकी उदीरणाका भी कथन करना चाहिये। शेष संहनन नामकर्मोंका उदीरक उनका निर्वर्तक होता है। यथा– वैक्रियिकशरीरकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक होती है। इसी प्रकार वैक्रियिकशरीरांगोपांगकी भी उदीरणा जानना चाहिये। आहारद्विककी उदीरणा प्रमत्तसंयतमें ही होती है। वज्रनाराचसंहनन और नाराचसंहननकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर उपशान्तकषाय गुणस्थान तक होती है। अर्धनाराचसंहनन, कीलितसंहनन और असंप्राप्तासृपाटिकासंहननकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक होती है। पांच बन्धन और पांच संघातोंकी उदीरणाकी प्ररूपणा पांच शरीरोंके समान है। वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवली तक होती है।

नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मका उदीरक प्रथम समयवर्ती नारक अथवा प्रथम और द्वितीय समयवर्ती नारक मिथ्यादृष्टि या असंयतसम्यग्दृष्टि होता है। तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मका उदीरक प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ अथवा प्रथम और द्वितीय समयवर्ती तद्भवस्थ तिर्यंच सासादनसम्यग्दृष्टि या असंयतसम्यग्दृष्टि, अथवा प्रथम समय, द्वितीय समय और तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ मिथ्यादृष्टि होता है। मनुष्यगतिप्रायोग्यानूपूर्वी नामकर्मका उदीरक प्रथम समय अथवा प्रथम और द्वितीय समयवर्ती तद्भवस्थ सासादनसम्यग्दृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि होता है। देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मका उदीरक प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ अथवा प्रथम और द्वितीय समयवर्ती तद्भवस्थ मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि अथवा असंयत-

---

✪ प्रत्योरुभयोरेव 'संघडणाणं' इति पाठः। ✤ काप्रतौ 'तिरिक्ख' इति पाठः।

✪ काप्रतौ 'सासण सम्माइट्ठी असंजदसम्मामिच्छाइट्ठी वा उदीरओ', ताप्रतौ 'सासणसम्माइट्ठी असंजदसम्माइट्ठी मिच्छाइट्ठी वा पढमसमयदुसमयतिसमयतब्भवत्थमिच्छाइट्ठी वा उदीरओ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी असंजदसम्माइट्ठी वा उदीरओ।

अगुरुअलहुअ-थिराथिर-सुभासुभ-णिमिणणामाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। उवघादणामाए मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि आहारओ चेव उदीरेदि, णाणाहारओ। परघादणामाए मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो चेव उदीरेदि। ✿उस्सासणामाए मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि आणपाणपज्जत्तीए पज्जत्तयदो चेव उदीरओ✤। आदावणामाए बादरपुढविजीवो सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो चेव उदीरओ। उज्जोवणामाए एइंदियो वा बादरो सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो चेव उदीरओ✿। पसत्थविहायोगदिणामाए पंचिंदियो पज्जत्तो सण्णी असण्णी वा मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरगो। एवमप्पसत्थविहायोगइणामाए वि वत्तव्वं। णवरि सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो सव्वो तसकाइयो सजोगी उदीरेदि✿।

सम्यग्दृष्टि होता है।

अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और निर्माण, इन नामकर्मोंकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवली गुणस्थानके अन्तिम समय तक होती है। उपघात नामकर्मकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि उसकी उदीरणा आहारक ही करता है, अनाहारक नहीं करता। परघात नामकर्मकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ जीव ही उसकी उदीरणा करता है। उच्छ्वास नामकर्मकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि आनप्राणपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ जीव ही उसका उदीरक होता है। आतप नामकर्मका उदीरक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ बादर पृथिवीकायिक जीव ही होता है। उद्योत नामकर्मका उदीरक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ ही एकेन्द्रिय अथवा द्वीन्द्रिय आदि बादर जीव होता है। प्रशस्तविहायोगति नामकर्मका उदीरक पंचेन्द्रिय पर्याप्त संज्ञी और असंज्ञी मिथ्यादृष्टि जीवसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होता है। इसी प्रकार अप्रशस्तविहायोगति नामकर्मकी उदीरणाका भी कथन करना चाहिये। विशेष इतना है कि शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुए सब त्रसकायिक सयोगकेवली तक उसकी उदीरणा करते हैं।

✿ तावत्तावत् प्राक्– उदीरओ (आदावणामाए बादरपुढविजीवो सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो चेव उदीरओ) इत्येतावानयं पाठ उपलभ्यते कोष्ठकान्तर्गतः। ✤ उस्सासस्स सराण य पज्जत्ता आणपाणभासासु। सव्वण्णूस्सासो भासा वि य जा न रुज्झति ॥ क. प्र. ४, १५. प. सं. ४, १६. ✿ बायरपुढवी आयावस्स य वज्जित्त सुहुम-सुहुमतसे। उज्जोयस्स य तिरिए (ओ) उत्तरदेहो य देव-जई ॥ क. प्र. ४, १३. पज्जत्त-बायरे च्चिय आयवउदीरगो भोमो। पुढवी-आउ-वणस्सइ-बायर-पज्जत्त उत्तरतणूय। विगल-पणिदियतिरिया उज्जोवुदीरगा भणिया ॥ पं० सं० ४, १३–१४. ✿ सगला सुगति-सराणं पज्जत्तासंखवास-देवा य। इयराणं नेरइया नर-तिरि सुसरस्स विगला य ॥ पं. सं. ४, १५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तसणामाए तसकाइयमिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। बादरणामाए बादरमिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। पज्जत्तणामाए पज्जत्तमिच्छाइट्ठिप्पहुडि✡ जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। पत्तेयसरीरणामाए पत्तेयसरीरमिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि आहारओ चेव उदीरओ, णाणाहारओ। थावरणामाए थावरो मिच्छाइट्ठी उदीरओ। सुहुमणामाए सुहुमेइंदियो उदीरओ। अपज्जत्तणामाए अपज्जत्तो मिच्छाइट्ठी उदीरओ। साहारणसरीरणामाए अण्णदरो साहारणकाइयो आहारओ चेव उदीरओ।

जसकित्तिणामाए बीइंदियो तीइंदियो चउरिंदियो पंचिंदियो वा पज्जत्तो चेव उदीरओ, एइंदियो वि बादरो पज्जत्तो तेउक्काइय-वाउकाइयवदिरित्तो उदीरेदि, संजदासंजदा संजदा✽ च णियमा जसगित्तीए उदीरया जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति ⊗। जदा पग्गहेण पग्गहिदो तदा अजसगित्तिवेदगो वि जसगित्ति वेदयदि, तव्वदिरित्तो दो वि वेदयदि। पग्गहो णाम संजमो संजमासंजमो च। अजसगित्तिणामाए मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठि त्ति उदीरणा। सुभगादेज्जाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि गब्भोवक्कंतियसण्णि-

---

त्रस नामकर्मकी उदीरणा त्रसकायिक मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। बादर नामकर्मकी उदीरणा बादर मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। पर्याप्त नामकर्मकी उदीरणा पर्याप्त नामकर्मके उदयसे संयुक्त मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। प्रत्येकशरीर नामकर्मकी उदीरणा प्रत्येकशरीर मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि आहारक जीव ही उसका उदीरक होता है, अनाहारक नहीं होता। स्थावर नामकर्मका स्थावर मिथ्यादृष्टि उदीरक है। सूक्ष्म नामकर्मका सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव उदीरक है। अपर्याप्त नामकर्मका अपर्याप्त नामकर्मके उदयसे संयुक्त मिथ्यादृष्टि उदीरक है। साधारणशरीर नामकर्मका उदीरक अन्यतर साधारणकायिक आहारक जीव ही होता है।

यशकीर्ति नामकर्मका उदीरक द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय पर्याप्त ही होता है; तेजकायिक व वायुकायिकको छोडकर एकेन्द्रिय बादर पर्याप्त जीव भी उसकी उदीरणा करता है; तथा संयतासंयत और सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक संयत जीव भी नियमसे यशकीर्तिके उदीरक हैं। जब प्रग्रहसे प्रगृहीत अर्थात् संयमको स्वीकार करता है तब अयशकीर्तिका वेदक भी यशकीर्तिका वेदक होता है, शेष जीव दोनोंका वेदन करते हैं। प्रग्रहका अर्थ संयम और संयमासंयम है। अयशकीर्ति नामकर्मकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक होती है। सुभग और आदेयकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि अन्यतर गर्भोपक्रान्त संज्ञी व असंज्ञी

✡ ताप्रतौ ' पज्जत्तणामाए मिच्छाइट्ठिप्पहुडि ' इति पाठः। ✽ काप्रतौ ' संजदासंजदा संजदो ', ताप्रतौ ' संजदासंजदो संजदो ' इति पाठः। ⊗ नेरइया सुहुमतसा वज्जिय सुहुमाय तह अजसत्ता। जगगित्तिउदीरगाइज्जसुभगनामाण सण्णि सुरा ॥ पं. सं. ४, १७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असण्णिणो अण्णदरा णियमा देवा देवीओ संजदासंजदा✡ संजदा च उदीरेंति। दूभग-अणादेज्जाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठि त्ति उदीरणा। सुस्सर-दुस्सराणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि बेइंदियो तेइंदियो चउरिंदियो पंचिंदियो वा भासापज्जत्तीए पज्जत्तयदो चेव उदीरेदि। तित्थयरणामाए तित्थयरो उप्पण्णकेवलणाणो सजोगी चेव उदीरगो।

उच्चागोदस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सजोगिकेवलिचरिमसमओ त्ति उदीरणा। णवरि मणुस्सो वा मणुस्सिणी वा सिया उदीरेदि, देवो देवी वा संजदो वा णियमा उदीरेंति, संजदासंजदो सिया उदीरेदि। णीचागोदस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव संजदासंजदस्स उदीरणा। णवरि देवेसु णत्थि उदीरणा, तिरिक्ख-णेरइएसु णियमा उदीरणा, मणुसेसु सिया उदीरणा✤। एवं सामित्तं समत्तं।

एयजीवेण कालो– आभिणिबोहियणाणावरणीयस्स उदीरओ अणादिओ अपज्जवसिदो, अणादिओ सपज्जवसिदो। एवं सेसचत्तारिणाणावरणीय-चत्तारिदंसणावरणीय-तेजा-कम्मइयसरीर-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-थिराथिर-सुभासुभ-णिमिण-पंचंतराइयाणं दोहि भंगेहि कालपरूवणा कायव्वा।णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणमुदीरणाए

जीव उसकी उदीरणा करते हैं; तथा देव व देवियां, संयतासंयत एवं संयत जीव नियमसे उसकी उदीरणा करते हैं। दुर्भग व अनादेयकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक होती है। सुस्वर और दुस्वरकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय जीव भाषापर्याप्तिसे पर्याप्त होकर ही उनकी उदीरणा करता है। तीर्थंकर नामकर्मका उदीरक जिसके केवलज्ञान उत्पन्न हो चुका है ऐसा सयोगी तीर्थंकर ही होता है।

उच्चगोत्रकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीके अन्तिम समय तक होती है। विशेष इतना है कि मनुष्य और मनुष्यनी उसकी कदाचित् उदीरणा करते हैं, देव-देवी तथा संयत जीव उसकी उदीरणा नियमसे करते हैं, तथा संयतासंयत जीव कदाचित् उदीरणा करते हैं। नीचगोत्रकी उदीरणा मिथ्यादृष्टिसे लेकर संयतासंयत गुणस्थान तक होती है। विशेष इतना है कि देवोंमें उसकी उदीरणा सम्भव नहीं है, तिर्यंचों व नारकियोंमें उसकी उदीरणा नियमसे तथा मनुष्योंमें कदाचित् होती है। इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

एक जीवकी अपेक्षा काल– आभिनीबोधिकज्ञानावरणीयका उदीरक अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित जीव है। इसी प्रकारसे शेष चार ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, तैजस कार्मण शरीर, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, निर्माण और पांच अन्तराय; इन प्रकृतियों (ध्रुवोदयी) के उदीरणाकालकी प्ररूपणा इन दो भंगोंसे करनी चाहिये। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिकी उदीरणाका काल जघन्यसे एक समय है,

---

✡ देवो सुभगाए (६) ज्जाग गब्भवक्कंतिओ य ...। क. प्र. ४, १६. ✤ उच्चं चिय जइ अमरा केई मणुया व नीयमेवण्णे। चउगइया दुभगाई तित्थयरो केवली तित्थं॥ पं. सं. ४, १८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालो जहण्णेण एगसमओ। कुदो ? अध्दुवोदयादो। उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। एवं णिद्दा-पयलाणं पि वत्तव्वं। सादस्स जहण्णएण एयसमओ, उक्कस्सेण छम्मासा। असादस्स जहण्णएण एगसमओ, उक्कस्सेण तेत्तीससागरोवमाणि अंतोमुहुत्तब्भहियाणि। कुदो? सत्तमपुढविपवेसादो पुव्वं पच्छा च असादस्स अंतोमुहुत्तमेत्तकालमुदीरणुवलंभादो।

हस्स-रदीणं कालो जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण छमासा। अरदि-सोगाणं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण तेत्तीससागरोवमाणि अंतोमुहुत्तब्भहियाणि। मिच्छ-त्तस्स तिण्णि भंगा– जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। सम्मत्तस्स जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि आवलियूणाणि। सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णेण उक्कस्सेण वि अंतोमुहुत्तं। सम्मत्त-मिच्छ-त्तसम्मामिच्छत्ताणं जहण्णगो उदीरणकालो तुल्लो। सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सउदीरण-कालो विसेसाहिओ। अणंताणुबंधिकोधस्स उदीरणकालो जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। एवं माण-माय-लोभाणं पि वत्तव्वं। जहा अणंताणुबंधीणं तहा अपच्चक्खा-णचउक्क-पच्चक्खाणचउक्काणं पि वत्तव्वं। कोहसंजलणाए जहण्णेण एगसमओ, उक्क-स्सेण अंतोमुहुत्तं। एवं माण-माया-लोभसंजलणाणं वत्तव्वं। भय-दुगुंछाणं जहण्णेण

क्योंकि, ये अध्रुवोदयी प्रकृतियां हैं। उनकी उदीरणाका काल उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। इसी प्रकारसे निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियोंके उदीरणाकाल कथन करना चाहिये। सातावेद-नीयकी उदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास है। असातावेदनीयकी उदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षतः अन्तर्मुहूर्तसे अधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है, क्योंकि, सातवीं पृथिवीमें प्रवेश करनेसे पूर्व और पश्चात् अन्तर्मुहूर्त मात्र काल तक असातावेदनीयकी उदीरणा पायी जाती है।

हास्य व रतिका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास है। अरति और शोकका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षतः अन्तर्मुहूर्तसे अधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है। मिथ्यात्वके उदीरणाकालकी प्ररूपणामें तीन भंग हैं– उनमें जो सादि-सपर्यवसित है उसका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन है। सम्यक्त्व प्रकृतिका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे आवलीसे कम छ्यासठ सागरोपम प्रमाण है। सम्यग्मिथ्या-त्वका काल जघन्यसे और उत्कर्षसे भी अन्तर्मुहूर्त मात्र है। सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मि-थ्यात्व इन तीनों प्रकृतियोंका जघन्य उदीरणाकाल समान है। सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट उदीरणा-काल उससे विशेष अधिक है। अनन्तानुबन्धी क्रोधका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकारसे अनन्तानुबन्धी मान, माया और लोभके भी उदीरणाकालका कथन करना चाहिये। जैसे अनन्तानुबन्धी कषायोंके उदीरणाकालकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही अप्रत्याख्यानचतुष्क और प्रत्याख्यानचतुष्कके भी उदीरणकालकी प्ररूपणा करना चाहिये। संज्वलन क्रोधका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। इसी प्रकार संज्वलन मान, माया और लोभके उदीरणाकालका कथन करना चाहिये। भय और जुगुप्साका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एयसमओ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । कधं भय-दुगुंछाणमुदीरणकालो एगसमओ ? अपुव्वकरणचरिमसमयम्मि पढमसमयवेदगो होदूण से काले अणियट्टिगुणं गदस्स उदीरणवोच्छेददंसणादो । णवुंसयवेदस्स जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण असंखेज्जपोग्गलपरियट्टं । इत्थिवेदस्स जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण पलिदोवमसदपुधत्तं । पुरिसवेदस्स जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण सागरोवमसदपुधत्तं ।

णिरयाउअस्स जहण्णेण दसवाससहस्साणि आवलियाए ऊणाणि, उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि आवलियाए ऊणाणि । एवं देवाउअस्स वि वत्तव्वं । मणुसाउअस्स जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण तिण्णिपलिदोवमाणि आवलियाए ऊणाणि । तिरिक्खाउअस्स जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणमावलियाए ऊणं, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि आवलियाए ऊणाणि ।

णिरयगदिणामाए उदीरणा केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण दसवाससहस्साणि, उक्कस्सेण तेत्तीससागरोवमाणि । एवं देवगदीए वि वत्तव्वं । तिरिक्खगदिणामाए मणुसगदिणामाए च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण परिवाडीए अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं तिण्ण पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि । अजोगिवज्जा मणुसगदीए

उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है ।

शंका— भय और जुगुप्साका उदीरणाकाल एक समय कैसे है ?

समाधान— कारण कि अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें उनका एक समयके लिये वेदक होकर अनन्तर समयमें अनिवृत्तिकरण गुणस्थानको प्राप्त होनेपर उक्त प्रकृतियोंकी उदीरणाकी व्युच्छित्ति देखी जाती है ।

नपुंसकवेदका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। स्त्रीवेदका जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे पल्योपमशतपृथक्त्व प्रमाण है। पुरुषवेदका उदीरणाकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे सागरोपमशतपृथक्त्व प्रमाण है।

नारकायुका उदीरणाकाल जघन्यसे एक आवली कम दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे आवली कम तेतीस सागरोपम प्रमाण है। इसी प्रकार देवायुके उदीरणाकालका भी कथन करना चाहिये। मनुष्यायुका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवली कम तीन पल्योपम प्रमाण है। तिर्यंच आयुका उदीरणाकाल जघन्यसे आवली कम क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे आवली कम तीन पल्योपम प्रमाण है।

नरकगति नामकर्मकी उदीरणा कितने काल होती है ? उसकी उदीरणा जघन्यसे दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे तेतीस सागरोपम काल तक होती है। इसी प्रकारसे देवगतिके भी उदीरणाकालका कथन करना चाहिये। तिर्यंचगति नामकर्म और मनुष्यगति नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे क्रमशः असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन रूप अनन्त काल तथा पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम प्रमाण है। अयोगकेवलिको छोडकर शेष (सब मनुष्य व मनुष्यनी) मनुष्यगति नामकर्मके उदीरक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदीरया। एइंदियजादिणामाए जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं। बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियजादीणं जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। पंचिंदियजादिणामाए जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण सागरोवमसहस्सं पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियं। ओरालियसरीरणामाए जहण्णेण एगसमओ। कुदो? उत्तरसरीरं विउव्विय मूलसरीरं पविसिय एगसमयमोरालियसरीरमुदीरिय बिदियसमए कालं कादूण विग्गहं गदस्स तदुवलंभादो। उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो। वेउव्वियसरीरणामाए जहण्णेण एगसमओ। कुदो? तिरिक्खमणुस्सेसु एगसमयमुत्तरसरीरं विउव्विदूण बिदियसमए मुदस्स तदुवलंभादो। उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि। आहारसरीरणामाए ✡ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। कुदो? आहारसरीरमुट्ठावेंतस्स अपज्जत्ताद्धाए मरणाभावादो। जहा तिण्णं सरीराणं तहा तेसिं अंगोवंगाणं पि वत्तव्वं। णवरि ओरालियसरीरंगोवंगणामस्स उक्कस्सेण ✽ तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। जहा पंचण्णं सरीराणं तहा तेसिं बंधण-संघादाणं परूवणा कायव्वा।

समचउरससंठाणणामाए जहण्णेण एगसमओ। कुदो? अणप्पिदसंठाणेण उत्तर-

एकेन्द्रियजाति नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन रूप अनन्त काल है। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जाति नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है। पंचेन्द्रियजाति नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षतः पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक हजार सागरोपम प्रमाण है। औदारिकशरीर नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है, क्योंकि, उत्तर शरीरकी विक्रिया कर मूल शरीरमें प्रविष्ट होकर एक समय औदारिकशरीरकी उदीरणा करनेके पश्चात् द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त होकर जो विग्रहको प्राप्त हुआ है उसके उपर्युक्त काल पाया जाता है। उसका उत्कृष्ट उदीरणाकाल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। वैक्रियिकशरीर नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है, क्योंकि, तिर्यंचों या मनुष्योंमें एक समय उत्तर शरीरकी विक्रिया करके द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त हुए जीवके उक्त काल पाया जाता है। उसका उत्कृष्ट उदीरणाकाल साधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है। आहारशरीर नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है, क्योंकि, आहारशरीरको उत्पन्न करनेवाले जीवका अपर्याप्तकालमें मरण सम्भव नहीं है। जैसे इन तीन शरीरोंके उदीरणाकालकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही उनके अंगोपांगोंके भी उदीरणाकालकी प्ररूपणा करना चाहिये। विशेष इतना है कि औदारिकशरीरांगोपांगका उदीरणाकाल उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम प्रमाण है। जैसे पांच शरीरोंके उदीरणाकालकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही उनके बन्धन और संघातोंके उदीरणाकालकी भी प्ररूपणा करना चाहिये।

समचतुरस्रसंस्थान नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है, क्योंकि,

---

✡ प्रत्योरुभयोरेव '-णामाणं' इति पाठः। ✽ काप्रतौ 'उक्कस्स' ताप्रतौ 'उक्कस्से०' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरीरं विउव्विय अप्पिदसंठाणमूलसरीरं पविट्ठबिदियसमए कालं कादूण संठाणंतरं गदस्स एगसमयकालुवलंभादो। उक्कस्सेण तेवट्ठि-सागरोवमसदं सादिरेयं। सेसाणं संठाणाणं हुंडसंठाणवज्जाणं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण पुव्वकोडिपुधत्तं, कम्मभूमि पंचिंदियतिरिक्ख-मणुस्से मोत्तूण अण्णत्थ सेससंठाणाणं संभवाभावादो। हुंडसंठाणणामाए जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो। कुदो? विग्गहगदीए विणा हिंडमाणएइंदिय-विगलिंदिएसु संठाणंतराभावादो। अणंतकालो किण्ण परूविदो? ण, विग्गहगदीए✿ वट्टमाणाणं संठाणुदयाभावादो। तत्थ संठाणाभावे जीवाभावो किण्ण होदि? ण, आणुपुव्विणिव्वत्तिदसंठाणे अवट्ठियस्स जीवस्स अभाववि रोहादो। वज्जरिसहवइरणारायणसरीरसंघडणणामाए जहण्णेण एगसमओ, उत्तरसरीरादो मूलसरीरं गंतूण अप्पिदसंघडणेण✱ एगसमयं परिणमिय बिदियसमए मुदस्स तदुवलंभादो। उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। सेसाणं संघडणाणं पंचण्णं पि जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण पुव्वकोडिपुधत्तं।

अविवक्षित संस्थानके साथ उत्तर शरीरकी विक्रिया करके विवक्षित संस्थानवाले मूल शरीरमें प्रविष्ट होनेके द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त होकर संस्थानान्तरको प्राप्त हुए जीवके एक समय मात्र काल पाया जाता है। उसका उत्कृष्ट उदीरणाकाल साधिक एक सौ तिरेसठ सागरोपम प्रमाण है। हुण्डकसंस्थानको छोडकर शेष चार संस्थानोंका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथक्त्व मात्र है, क्योंकि, कर्मभूमिज पंचेन्द्रिय तिर्यंचों और मनुष्योंको छोडकर अन्यत्र शेष संस्थानोंकी सम्भावना नहीं है। हुण्डकसंस्थान नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र है, क्योंकि, विग्रहगतिके विना परिभ्रमण करनेवाले एकेन्द्रियों व विकलेन्द्रियोंमें अन्य संस्थानकी सम्भावना नहीं है।

शंका— अनन्तकालकी प्ररूपणा क्यों नहीं की?

समाधान— नहीं, क्योंकि, विग्रहगतिमें रहनेवाले जीवोंके संस्थानका उदय सम्भव नहीं है।

शंका— विग्रहगतिमें संस्थानके अभावमें जीवका अभाव क्यों नहीं हो जाता?

समाधान— नहीं, क्योंकि, वहां आनुपूर्वीके द्वारा रचे गये संस्थानमें अवस्थित जीवके अभावका विरोध है।

वज्रर्षभनाराचशरीरसंहनन नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है, क्योंकि, उत्तर शरीरसे मूल शरीरको प्राप्त होकर विवक्षित संहननसे एक समय परिणत होकर द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त हुए जीवके उक्त काल पाया जाता है। उसका उदीरणाकाल उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम प्रमाण है। शेष पांचों ही संहननोंका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समम और उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथक्त्व प्रमाण है।

✿ ताप्रतौ 'विग्गहगदीसु' इति पाठः। ✱ प्रत्योरुभयोरेव 'संघादणेण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिरयगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बे समया। एवं मणुसगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्विणामाणं✡ वत्तव्वं। तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण तिण्णि समया। उवघादणामाए जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो। परघादणामाए जहण्णेण एगसमओ, उत्तरसरीरं विउव्विय पज्जत्तयदबिंदियसमए मुदस्स एगसमओ लब्भदे। उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। जहा परघादणामाए परूविदं तहा उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइसुस्सर-दुस्सराणं परूवेयव्वं।

आदावणामाए जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बावीसवस्ससहस्साणि देसूणाणि, सरीरपज्जत्तीए अपज्जत्तयस्स आदावुदयाभावादो। उज्जोवणामाए✱ जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। तसणामाए जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बेसागरोवमसहस्साणि सादिरेयाणि। थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय-साधारणाणं जहण्णगो उदीरणकालो अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सओ थावरणामाए असंखेज्जपोग्गलपरियट्टा, बादरणामाए अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो, सुहुमणामाए असंखेज्जा लोगा, पज्जत्तणामाए बेसागरोवमसहस्साणि, अपज्जत्तणामाए अंतोमुहुत्तं, पत्तेय-साहारणाणं

नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय मात्र है। इसी प्रकार मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नाम-कर्मोंके उदीरणाकालका कथन करना चाहिये। तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे तीन समय प्रमाण है। उपघात नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। परघात नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय है, क्योंकि, उत्तर शरीरकी विक्रिया कर पर्याप्त होनेके द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त हुए जीवके एक समय काल पाया जाता है। उसका उदीरणा-काल उत्कर्षसे कुछ कम तेतीस सागरोपम प्रमाण है। जैसे परघात नामकर्मके उदीरणाकालकी प्ररूपणा की गई है वैसे ही उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, सुस्वर और दुस्वर नामकर्मोंके उदीरणाकालकी प्ररूपणा करना चाहिये।

आतप नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे कुछ कम बाईस हजार वर्ष प्रमाण है, क्योंकि, शरीरपर्याप्तिसे अपर्याप्त जीवके आतप नामकर्मका उदय सम्भव नहीं है। उद्योत नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे कुछ कम तीन पल्य प्रमाण है। त्रस नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो हजार सागरोपम प्रमाण है। स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक और साधारण नामकर्मोंका उदीरणाकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। उत्कृष्ट उदीरणाकाल स्थावर नामकर्मका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन, बादर नामकर्मका अंगुलके असंख्यातवें भाग, सूक्ष्म नामकर्मका असंख्यात लोक, पर्याप्त नामकर्मका दो हजार सागरोपम, अपर्याप्त नामकर्मका अन्तर्मुहूर्त, तथा प्रत्येक व

✡ उभयोरेव प्रत्योः 'मणुसगइ-देवगइणामाणं' इति पाठः। ✱ उभयोरेव प्रत्योः 'उज्जोवणामाणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो। जसगित्ति-सुभगादेज्जणामाणं जहण्णेण एगसमओ उत्तर-विउव्वणाए कालं करेंतस्स, उक्कस्सेण सागरोवम ✡ सदपुधत्तं। अजसगित्ति-दूभग-अणादेज्जणामाणं जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण अजसगित्तीए असंखेज्जा लोगा, दूभग-अणादेज्जाणं असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। कधमेगसमओ ? अजसकित्तिमुदीरयमाणो संजदो जादो, ताधे जसगित्ती उदयमागदा ◻, पुणो अंतोमुहुत्तेण सासणं गदो, तत्थ अजसगित्तीए उदीरणाबिदियसमए मुदो, तस्स एगसमओ लब्भइ। उत्तरविउव्वणाए वि लब्भदे। एवं दूभग-अणादेज्जाणं पि वत्तव्वं, परियट्टमाणउदयत्तादो।

तित्थयरणामाए जहण्णेण वासपुधत्त, उक्कस्सेण पुव्वकोडी देसूणा। णीचागोदस्स जहण्णेण एगसमओ, उच्चागोदादो णीचागोदं गंतूण तत्थ एगसमयमच्छिय बिदियसमए उच्चागोदे उदयमागदे एगसमओ लब्भदे। उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। उच्चागोदस्स जहण्णेण एयसमओ, उत्तरसरीरं विउव्विय * एगसमएण मुदस्स तदुवलंभादो। एवं णीचागोदस्स वि। उक्कस्सेण सागरोवमसदपुधत्तं। एवमोघाणुगमो

साधारण नामकर्मोंका अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। यशकीर्ति, सुभग और आदेय नामकर्मोंका उदीरणाकाल उत्तर विक्रियासे मृत्युको प्राप्त होनेवाले जीवके जघन्यसे एक समय मात्र है, उत्कर्षसे वह सागरोपमशतपृथक्त्व प्रमाण है। अयशकीर्ति, दुर्भग और अनादेय नामकर्मोंका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है। उत्कर्षसे वह अयशकीर्तिका असंख्यात लोक तथा दुर्भग व अनादेयका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है।

शंका-- इनका जघन्य उदीरणाकाल एक समय मात्र कैसे है ?

समाधान-- अयशकीर्तिकी उदीरणा करनेवाला जीव संयत हो गया, उस समय उसके यशकीर्तिका उदय हुआ, फिर वह अन्तर्मुहूर्तमें सासादन गुणस्थानको प्राप्त हुआ, वहां अयशकीर्तिकी उदीरणाके द्वितीय समयमें मृत्युको प्राप्त हुआ, उसके अयशकीर्तिका उदीरणा-काल एक समय पाया जाता है। यह काल उत्तर विक्रियासे भी पाया जाता है। इसी प्रकार दुर्भग व अनादेय नामकर्मोंके भी एक समयरूप उदीरणाकालका कथन करना चाहिये, क्योंकि, ये परिवर्तमान उदयवाली प्रकृतियां हैं।

तीर्थंकर नामकर्मका उदीरणाकाल जघन्यसे वर्षपृथक्त्व और उत्कर्षसे कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण है। नीचगोत्रका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है, क्योंकि, उच्चगोत्रसे नीचगोत्रको प्राप्त होकर वहां एक समय रहकर द्वितीय समयमें उच्चगोत्रका उदय होनेपर एक समय उदीरणाकाल पाया जाता है। उत्कर्षसे वह असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। उच्चगोत्रका उदीरणाकाल जघन्यसे एक समय मात्र है, क्योंकि, उत्तर शरीरकी विक्रिया करके एक समयमें मृत्युको प्राप्त हुए जीवके उक्त काल पाया जाता है। नीचगोत्रका भी जघन्य काल एक समय मात्र इसी प्रकारसे घटित होता है। उच्चगोत्रका उत्कृष्ट काल सागरोपमशतपृथक्त्व प्रमाण

✡ मप्रतिपाठोऽयम्, का-ताप्रत्योः ' एगसमओ उक्क० उत्तरविउव्वणाए काल करेंतस्स सागरोवम ' इति पाठः। ◻ प्रत्योरुभयोरेव ' उदयमागदो ' इति पाठः। * काप्रतौ ' विउव्विद ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समत्तो । आदेसो जाणियूण वत्तव्वो । एवं कालो समत्तो ।

एयजीवेण अंतरं--पंचणाणावरणीय-चदुदंसणावरणीय--तेजा--कम्मइयसरीर--वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-थिराथिर-सुहासुह--णिमिण--पंचंतराइयाणमुदीरणाए अंतरं णत्थि, धुवोदयत्तादो । णिद्दा-पयलाणमंतरं जहण्णमुक्कस्सं पि अंतोमुहुत्तं । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणमंतरं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि साहियाणि अंतोमुहुत्तेण । सादस्स जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । सादस्स गदियाणुवादेण जहण्णमंतरमंतोमुहुत्तं, उक्कस्सं पि अंतोमुहुत्तं चेव । असादस्स जहण्णमंतरमेगसमओ, उक्कस्सेण छम्मासा । मणुसगदीए असादस्स उदीरणंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । मिच्छत्तस्स जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं देसूणं । अणंताणुबंधीणं जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । अपच्चक्खाणकसायाणं जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण पुव्वकोडी देसूणा । एवं चेव पच्चक्खाणावरणीयचदुक्कस्स वत्तव्वं । कोह-माण-मायासंजलणाणं

है । इस प्रकार ओघानुगम समाप्त हुआ । आदेशका कथन जानकर करना चाहिये । इस प्रकार काल समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तर--पांच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, तैजस व कार्मण शरीर, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, निर्माण और पांच अन्तराय; इनकी उदीरणाका अन्तर नहीं होता, क्योंकि, ये ध्रुवोदयी प्रकृतियां हैं । निद्रा और प्रचलाकी उदीरणाका अन्तरकाल जघन्य व उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त मात्र है । निद्रानिद्रा, प्रचला-प्रचला और स्त्यानगृद्धिका वह अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अन्वर्मुहूर्तसे अधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है । सातावेदनीयकी उदीरणाका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है । गतिके अनुवादसे सातावेदनीयकी उदीरणाका अन्तरकाल जघन्य व उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त ही है । असातावेदनीयका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट छह मास प्रमाण है । मनुष्यगतिमें असाताकी उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है ।

मिथ्यात्वका जघन्य उदीरणा-अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट साधिक दो छयासठ सागरोपम प्रमाण है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका वह अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे कुछ कम उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । अनन्तानुबन्धी कषायोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट साधिक दो छयासठ सागरोपम काल प्रमाण है । अप्रत्याख्यान कषायोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण है। इसी प्रकार ही प्रत्याख्यानावरणीयचतुष्कके अन्तरका कथन करना चाहिये । संज्वलन क्रोध, मान और मायाका जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण पि अंतोमुहुत्तं । लोहसंजलणाए✿ जहण्णमंतरं एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । जहा सादस्स तहा हस्स-रदीणं वत्तव्वं । जहा असादस्स तहा अरदि-सोगाणं वत्तव्वं । भय-दुगुंछाणमंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । कध एगसमओ ? चरिमसमयणियट्टिभयवेदगो㋮ से काले अणियट्टिगुणं पविट्ठो अवेदगो जादो, तदो से काले मदो देवो जादो भयं चेव वेदेदि, एवं भयवेदगस्स एगसमयमंतरं । एवं दुगुंछाए । पुरिसवेदस्स✾ उदीरणंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । इत्थि-णवुंसयवेदाणं जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सं णवुंसयवेदस्स सागरोवमसदपुधत्तं, इत्थिवेदस्स असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा ।

देव-णिरयाउआणमुदीरणंतरं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । तिरिक्खाउअस्स जहण्णेण अन्तरमावलिया, उक्कस्सेण सागरोवमसदपुधत्तं । एवं मणुस्साउअस्स वि । णवरि उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा ।

अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त मात्र है । संज्वलन लोभका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है । जिस प्रकार साता वेदनीयके अन्तरकी प्ररूपणा की गई है उसी प्रकारसे हास्य व रतिके अन्तरकी प्ररूपणा करनी चाहिये । जिस प्रकार असातावेदनीयके अन्तरका कथन किया है उसी प्रकारसे अरति और शोकके अन्तरका कथन करना चाहिये । भय और जुगुप्साका अन्तर जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है ।

शंका-- उनकी उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय कैसे है ?

समाधान-- भयका वेदक अन्तिम समयवर्ती अपूर्वकरण अनन्तर समयमें अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें प्रविष्ट होकर उसका अवेदक हुआ । पश्चात् अनन्तर समयमें मृत्युको प्राप्त होकर देव हुआ । वह उस समय भयका ही वेदन करता है । इस प्रकारसे भयका वेदन करनेवाले उक्त जीवके एक समय अन्तर पाया जाता है । इसी प्रकार जुगुप्साके भी उपर्युक्त एक समय मात्र अन्तरका कथन करना चाहिये ।

पुरुषवेदकी उदीरणाका अन्तर जघन्य एक समय और उत्कृष्ट असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । स्त्री और नपुंसक वेदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है । उत्कृष्ट अन्तर नपुंसकवेदका सागरोपमशतपृथक्त्व और स्त्रीवेदका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है ।

देव व नारक आयुओंकी उदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन है । तिर्यंच आयुका अन्तर जघन्यसे एक आवली और उत्कर्षसे सागरोपमशतपृथक्त्व प्रमाण है । इसी प्रकारसे मनुष्यायुके भी अन्तरका कथन करना चाहिये । विशेष इतना है कि उसका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है ।

✿ प्रत्योरुभयोरेव ' लोहसंजलणाणं ' इति पाठः । ㋮ प्रत्योरुभयोरेव ' अणियट्टिभयवेदगो ' इति पाठः । ✾ काप्रतौ ' पुरिसवेदयस्स ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुण्णं पि गदीणमंतरं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण तिरिक्खगइणामाए सागरोवमसदपुधत्तं, सेसाणं गईणमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। ओरालिय-वेउव्वियसरीराणमुदीरणंतरं जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण ओरालियसरीरस्स तेत्तीसं सागरोवमाणि अंतोमुहुत्तब्भहियाणि वेउव्वियसरीरस्स असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। अहारसरीरस्स जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अण्णदरस्स संठाणस्स जहण्णमंतरं एगसमओ उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। णवरि हुंडसंठाणस्स तेवट्ठि-सागरोवमसदं सादिरेयं। एइंदियजादीए जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बेसागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। सेसाणं जादीणं जहण्णमंतरं अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। तिण्णमंगोवंगाणं सग-सगसरीराणं व जहण्णुक्कस्संतरं वत्तव्वं। णवरि ओरालियअंगोवंगस्स वेउव्वियभंगो। पंचसरीरबंधण-संघादाणं पंचसरीरभंगो। छण्णं संघडणाणं जहण्णमंतरं एगसमओ, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा।

देवगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्विणामाणं जहण्णेण दसवाससहस्साणि साहियाणि, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं तिसमऊणं, उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो। मणुसगइपाओग्गाणुपुव्विणामाए जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं दुसमऊणं, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा।

चारों गतियोंका उक्त अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त है। उत्कर्षसे वह तिर्यंचगतिका सागरोपमशतपृथक्त्व और शेष गतियोंका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। औदारिक और वैक्रियिक शरीरोंका उदीरणा-अन्तर जघन्यसे एक समय है। उत्कर्षसे वह औदारिकशरीरका अन्तर्मुहूर्तसे अधिक तेतीस सागरोपम और वैक्रियिकशरीरका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। आहारकशरीरका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। अन्यतर संस्थानका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। विशेष इतना है कि हुण्डकसंस्थानका उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक सौ तिरेसठ सागरोपम प्रमाण है। एकेन्द्रिय जातिका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक दो हजार सागरोपम प्रमाण है। शेष जातियोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। तीन अंगोपांग नामकर्मोंके जघन्य व उत्कृष्ट अन्तरका कथन अपने अपने शरीरोंके समान करना चाहिये। विशेष इतना है कि औदारिक अंगोपांगके अन्तरकी प्ररूपणा वैक्रियिकशरीरके समान है। पांच शरीरबन्धनों और पांच संघातोंके अन्तरकी प्ररूपणा पांच शरीरोंके समान है। छह संहननोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है।

देवगति और नरकगति प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मोंका अन्तर जघन्यसे साधिक दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मोंका अन्तर जघन्यसे तीन समय कम क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मका अन्तर जघन्यसे दो समय कम क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उवघादणामाए उदीरणंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण तिण्णि समया । परघाद-उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ-सुस्सर-दुस्सराणमुदीरणंतरं जहण्णमंतोमुहुत्तं केवलिसमुग्घादं पडुच्च पंचसमया । उक्कस्सेण परघादुस्सासाणमंतोमुहुत्तं पसत्थापसत्थविहायगइ-सुस्सर--दुस्सराणमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । आदावु--ज्जोवाणं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अणंतकालं* । तसणामाए जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्त--अपज्जत्ताणं उदीरणंतरं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण थावरणामाए तसट्ठिदि○, सुहुमणामाए अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो, बादरणामाए असंखेज्जा लोगा, पज्जत्ताणामाए अंतोमुहुत्तं, अपज्जत्ताणामाए तसपज्जत्तट्ठिदी । पत्तेयसाहारणाणं जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण पत्तेयसरीरणामाए णिगोदट्ठिदी, साहारणसरीर--णामाए असंखेज्जा लोगा । जसगित्ति-अजसगित्ति-सुभग-दुभग-आदेज्ज-अणादेज्जाण-मंतरं जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण जसगित्तीए असंखेज्जा लोगा, सुभग-आदेज्जाणं असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, अजसगित्ति-दूभग-अणादेज्जाणं सागरोवमसदपुधत्तं । तित्थ-यरणामाए णत्थि अंतरं । उच्चाणीचागोदाणं जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण णीचा-

---

असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । उपघात नामकर्मकी उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे तीन समय प्रमाण है । परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, सुस्वर और दुस्वर नामकर्मोंकी उदीरणाका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त, मात्र है, केवलिसमुद्घातकी अपेक्षा वह पांच समय प्रमाण है । उत्कर्षसे वह परघात व उच्छ्वासका अन्तर्मुहूर्त, तथा प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगतियों, सुस्वर और दुस्वर नामकर्मोंका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । आतप व उद्योतका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अनन्त काल प्रमाण है । त्रस नाम--कर्मका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त और अपर्याप्त नामकर्मोंकी उदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उत्कर्षसे वह स्थावर नामकर्मका त्रसस्थिति (साधिक दो हजार सागरोपम), सूक्ष्म नामकर्मका अंगुलके असंख्यातवें भाग, बादर नामकर्मका असंख्यात लोक, पर्याप्त नामकर्मका अन्तर्मुहूर्त, तथा अपर्याप्त नामकर्मका त्रस पर्याप्तकी स्थिति प्रमाण है । प्रत्येक और साधारणका अन्तर जघन्यसे एक समय है । उत्कर्षसे वह प्रत्येकशरीर नामकर्मका निगोदस्थिति प्रमाण तथा साधारणशरीर नामकर्मका असंख्यात लोक प्रमाण है । यशकीर्ति, अयशकीर्ति, सुभग, दुर्भग, आदेय और अनादेयका अन्तर जघन्यसे एक समय है । उत्कर्षसे वह यशकीर्तिका असंख्यात लोक, सुभग व आदेयका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन; तथा अयशकीर्ति, दुर्भग और अनादेयका सागरोपम--शतपृथक्त्व प्रमाण है तीर्थंकर प्रकृतिकी उदीरणाका अन्तर सम्भव नहीं है । ऊंच व नीच गोत्रोंका अन्तर जघन्यसे एक समय है । उत्कर्षसे नीच गोत्रकी उदीरणाका वह अन्तर सागरोपम

---

* प्रत्योरुभयोरेव ' अणंता लोगा ' इति पाठः । ○ काप्रतिपाठोऽयम् । ता-मप्रत्योः ' तस्स ट्ठिदी ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोदस्स सागरोवमसदपुधत्तं, उच्चागोदस्स उदीरणंतरमुक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गल-परियट्टा । एवमेगजीवेण अंतरं समत्तं ।

णाणाजीवेहि भंगविचओ वुच्चदे । तत्थ अट्ठपदं– जेसिं कम्ममत्थि तेसु पयदं, अकम्मेहि Ⓞ अव्ववहारो । एदेण अट्ठपदेण पंचण्णं णाणावरणीयाणं सिया सव्वे जीवा उदीरया, सिया उदीरया च अणुदीरयो च, सिया उदीरया च अणुदीरया च । एवं तिण्णि भंगा । चदुदंसणावरणीय-तेजा-कम्मइयसरीर-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-थिरा-थिर-सुहासुह-णिमिण-पंचंतराइयाणं णाणावरणभंगो । णिद्दादीणं पंचण्णं पि उदीरया च अणुदीरया च णियमा अत्थि । णिरयगइ-देवगईसु णिद्दा-पयलाणं सिया सव्वे जीवा अणुदीरया, सिया अणुदीरया च उदीरओ च, सिया अणुदीरया च उदीरया च । सव्वे जीवा सादस्स असादस्स च णियमा उदीरया च अणुदीरया च । णेरइएसु सादस्स सिया सव्वे जीवा अणुदीरया, अणुदीरया ✱ च उदीरगो च, अणुदीरया च उदीरया च । णेरइयवज्जा जे पमत्ता ✿ तसा ते सादस्स सिया सव्वे उदीरया, उदीरया च अणुदीरगो च, उदीरया च अणुदीरया च । णेरइया असादस्स सिया सव्वे उदीरया, उदीरया च अणुदीरओ च, उदीरया च अणुदीरया च । णेरइयवज्जा सेसा जे पमत्ता ✿ तसा ते

शतपृथक्त्व तथा ऊंच गोत्रकी उदीरणाका अन्तर असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा अन्तर समाप्त हुआ ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयकी प्ररूपणा करते हैं । उसमें अर्थपद– जिन जीवोंके कर्मका अस्तित्व है वे प्रकृत हैं, कर्मरहित जीवोंसे व्यवहार नहीं है । इस अर्थपदसे पांच ज्ञानावरणीय प्रकृतियोंके कदाचित् सब जीव उदीरक, कदाचित् बहुत उदीरक व एक अनुदीरक, तथा कदाचित् बहुत उदीरक और बहुत अनुदीरक भी, इस प्रकारसे तीन भंग हैं । चार दर्शनावरणीय, तैजस व कार्मण शरीर, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, निर्माण और पांच अन्तराय, इन कर्मोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । निद्रा आदि पांचोंके नियमसे बहुत उदीरक और बहुत अनुदीरक हैं । नरकगति और देवगतिमें निद्रा और प्रचलाके कदाचित् सब जीव अनुदीरक, कदाचित् बहुत अनुदीरक व एक उदीरक, तथा कदाचित् बहुत अनुदीरक व बहुत उदीरक भी होते हैं । साता व असाता वेदनीयके नियमसे सब जीव उदीरक और अनुदीरक हैं । नारक जीवोंमें सातावेदनीयके कदाचित् सब जीव अनुदीरक, (कदाचित्) अनुदीरक बहुत व उदीरक एक, तथा (कदाचित्) अनुदीरक बहुत और उदीरक भी बहुत होते हैं । नारकियोंको छोडकर जो प्रमत्त (प्रमाद युक्त) त्रस जीव हैं वे सातावेदनीयके कदाचित् सब उदीरक, उदीरक बहुत व अनुदीरक एक, तथा उदीरक बहुत अनुदीरक भी होते हैं । नारकी जीव असातावेदनीयके कदाचित् सब उदीरक, उदीरक बहुत व अनुदीरक एक, तथा उदीरक बहुत व अनुदीरक भी बहुत होते हैं । नारकियोंको छोडकर शेष जो प्रमत्त (प्रमाद

Ⓞ काप्रतौ 'अकम्मेहि' इति पाठः । ✱ काप्रतौ 'अणुदीरया च अणुदीरया' इति पाठः ।
✿ ताप्रतौ 'पम– (ज्ज , त्ता' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असादस्स सिया सव्वे अणुदीरया, अणुदीरया ✿ च उदीरओ च, अणुदीरया च उदीरया ✤ च ।

सम्मामिच्छत्तस्स सिया सव्वे जीवा अणुदीरया, अणुदीरया च उदीरओ च, अणुदीरया च उदीरया च । एवमेत्थ तिण्णि भंगा वत्तव्वा । सेससत्तावीसमोहपयडीणं णियमा उदीरया च अणुदीरया च अत्थि । एवं सव्वेसिमाउआणं । णवरि देवणिरयाउआणं ✿ अणुदीरया भयणिज्जा । णामस्स परियत्तमाणपयडीणमाहारसरीर-आणुपुव्वितियवज्जाणं सव्वजीवा णियमा उदीरया च अणुदीरया च अत्थि । आहार-आणुपुव्वितियाणं सिया सव्वे जीवा अणुदीरया, अणुदीरया च उदीरओ च, अणुदीरया च उदीरया च । एवं तिण्णि भंगा । उच्चा-णीचागोदाणं णियमा उदीरया च अणुदीरया च । एवं णाणाजीवेहि भंगविचओ समत्तो ।

णाणाजीवेहि कालो वुच्चदे– आहारसरीर-आणुपुव्वितिय-सम्मामिच्छत्तं मोत्तूण सेससव्वकम्माणं उदीरया सव्वद्धं । आहारसरीरस्स उदीरआ ❂ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । आणुपुव्वितियस्स जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो । सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ।

सहित) त्रस जीव हैं वे असातावेदनीयके कदाचित् सब अनुदीरक, बहुत अनुदीरक व एक उदीरक, तथा बहुत अनुदीरक व बहुत उदीरक भी होते हैं ।

सम्यग्मिथ्यात्वके कदाचित् सब जीव अनुदीरक, अनुदीरक बहुत उदीरक एक, तथा अनुदीरक बहुत व उदीरक भी बहुत होते हैं । इस प्रकारसे यहां तीन भंगोंको कहना चाहिये । शेष सत्ताईस मोहनीय प्रकृतियोंके नियमसे बहुत उदीरक और बहुत अनुदीरक भी हैं । इसी प्रकार सब आयुओंके विषयमें कथन करना चाहिये । विशेष इतना है कि देवायु और नारकायुके अनुदीरक भजनीय हैं । आहारकशरीर और तीन आनुपूर्वियोंको छोडकर नामकर्मकी शेष परिवर्तमान प्रकृतियोंके सब जीव नियमसे उदीरक और अनुदीरक भी हैं । आहारकशरीर और तीन आनुपूर्वियोंके कदाचित् सब जीव अनुदीरक, अनुदीरक बहुत व उदीरक एक, तथा अनुदीरक बहुत व उदीरक भी बहुत होते हैं । इस प्रकारसे तीन भंग हैं । ऊंच व नीच गोत्रोंके नियमसे बहुत उदीरक और बहुत अनुदीरक भी होते हैं । इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय समाप्त हुआ ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है– आहारकशरीर, तीन आनुपूर्वी और सम्यग्मिथ्यात्वको छोडकर शेष सब कर्मोंके उदीरक सब काल रहते हैं । आहारकशरीरके उदीरक जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल रहते हैं । तीन आनुपूर्वियोंके उदीरक जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग काल तक रहते हैं । सम्यग्मिथ्यात्वके उदीरक जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग तक रहते हैं । नाना जीवोंकी

✿ काप्रतौ ' अणुदीरया ' इति पाठः । ✤ काप्रतौ ' उदीरिया ' इति पाठः ।
✿ काप्रतौ ' देवणिरयाउआ ' इति पाठः । ❂ काप्रतौ ' उदीरअ ', ताप्रतौ ' उदीरओ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणाजीवेहि सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णओ उदीरणकालो थोवो, तस्सेव दव्वमसंखेज्जगुणं' तस्सेव उक्कस्सओ उदीरणकालो असंखेज्जगुणो । सम्मामिच्छत्तस्स उदीरणाए णाणाजीवेहि उक्कस्सओ विरहकालो असंखेज्जगुणो । एवं णाणाजीवेहि कालो समत्तो ।

णाणाजीवेहि अंतरं वुच्चदे-- सम्मामिच्छत्तस्स अंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । आहारसरीरस्स उदीरणंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वस्साणि । आणुपुव्वितियस्स जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण चउवीसमुहुत्ता । सेसाणं कम्माणं णत्थि अंतरं । एवमंतरं समत्तं ।

सण्णियासो दुविहो- सत्थाणसण्णियासो परत्थाणसण्णियासो चेदि । सत्थाणसण्णियासे पयदं- मदिणाणावरणमुदीरेंतो सेसणाणावरणीयाणि णियमा उदीरेदि । एवं पुध पुध सेसपयडीणं वत्तव्वं । चक्खुदंसणावरणीयमुदीरेंतो अचक्खु-ओहिकेवलदंसणावरणीयाणं✡ णियमा उदीरओ । सेसपंचण्णं पयडीणं सिया उदीरओ । एवमचक्खुदंसणावरणीय-ओहिदंसणावरणीय-केवलदंसणावरणीयाणं वत्तव्वं । णिद्दमुदीरेंतो हेट्ठिमाणं चदुण्णं पयडीणं णियमा उदीरओ, सेसाणमुवरिमाणं णियमा अणुदीरओ । एवं पयलाए णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं पुध पुध वत्तव्वं ।

अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य उदीरणाकाल स्तोक है । उसीका द्रव्य असंख्यातगुणा है । उसीका उत्कृष्ट उदीरणाकाल असंख्यातगुणा है । नाना जीवोंकी अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्वकी उदीरणाका उत्कृष्ट विरहकाल असंख्यातगुणा है । इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरका कथन किया जाता है- सम्यग्मिथ्यात्वकी उदीरणाका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । आहारकशरीरकी उदीरणाका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात वर्ष प्रमाण है । तीन आनुपूर्वियोंकी उदीरणाका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चौबीस मुहूर्त प्रमाण है । शेष कर्मोंकी उदीरणाका अन्तरकाल सम्भव नहीं है । इस प्रकार अन्तर समाप्त हुआ ।

संनिकर्ष दो प्रकार है-- स्वस्थान संनिकर्ष और परस्थान संनिकर्ष । यहां स्वस्थान संनिकर्ष प्रकृत है-- मतिज्ञानावरणीयकी उदीरणा करनेवाला शेष ज्ञानावरणीयोंकी नियमसे उदीरणा करता है । इसी प्रकार पृथक् पृथक् शेष चार ज्ञानावरणीय प्रकृतियोंके आश्रयसे संनिकर्षका कथन करना चाहिये । चक्षुदर्शनावरणीयकी उदीरणा करनेवाला अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरणका नियमसे उदीरक होता है । शेष पांच दर्शनावरण प्रकृतियोंका कदाचित् उदीरक होता है । इसी प्रकारसे अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरणके आश्रयसे संनिकर्षकी प्ररूपणा करना चाहिये । निद्राकी उदीरणा करनेवाला पिछली चार प्रकृतियोंका नियमसे उदीरक और शेष आगेकी प्रकृतियोंका नियमसे अनुदीरक होता है । इसी प्रकार प्रचला, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि प्रकृतियोंका आश्रय करके अलग अलग संनिकर्षका कथन करना चाहिये ।

✡ प्रत्योरुभयोरेव ' दंसणावरणीयं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादमुदीरेंतो असादस्स अणुदीरओ, असादमुदीरेंतो सादस्स अणुदीरओ। मिच्छत्तं उदीरेंतो सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमणुदीरओ, अणंताणुबंधिस्स सिया उदीरओ सिया अणुदीरओ, संजोजिदअणंताणुबंधीणमावलियामेत्तकालमुदीरणाभावादो। जदि उदीरओ कोह-माण-माया-लोहाणं सिया उदीरगो। अपच्चक्खाण-पच्चक्खाण-संजलणकसायाणं णियमा उदीरओ। एदेसिं बारसण्हं कसायाणं एक्केक्कं पडुच्च सिया उदीरगो। तिण्णिवेद-हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं सिया उदीरओ, तिण्णं वेदाणमेक्कदरस्स वेदस्स हस्स-रदि-अरदि-सोगजुगलेसु एक्कदरस्स जुगलस्स णियमा उदीरओ। भय-दुगुंछाणं सिया उदीरओ।

सम्मत्तमुदीरेंतो मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणं अणंताणुबंधीणं च णियमा अणुदीरगो, अपच्चक्खाण-पच्चक्खाणकसायाणं सिया उदीरओ, जदि उदीरओ अट्ठण्णं कसायाणं सिया उदीरओ। संजलणस्स णियमा उदीरओ, तस्सेव चदुण्णं कसायाणं सिया उदीरगो। तिण्णं वेदाणं सिया उदीरओ, तिण्णं वेदाणमेक्कदरस्स णियमा उदीरओ। हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं सिया उदीरओ, दोण्णं जुअलाणमेक्कदरस्स णियमा उदीरओ। भय-दुगुंछाणं सिया उदीरओ।

सम्मामिच्छत्तमुदीरेंतो सम्मत्त-मिच्छत्त-अणंताणुबंधीणं णियमा अणुदीरगो।

सातावेदनीयकी उदीरणा करनेवाला असाताका अनुदीरक और असाताकी उदीरणा करनेवाला साताका अनुदीरक होता है। मिथ्यात्वकी उदीरणा करनेवाला सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अनुदीरक तथा अनन्तानुबन्धीका कदाचित् उदीरक और कदाचित् अनुदीरक होता है, क्योंकि, अनन्तानुबन्धी कषायोंका संयोग हो जानेपर संयोगके समयसे लेकर आवली मात्र काल तक उदीरणा सम्भव नहीं है। यदि उनका उदीरक होता है तो क्रोध, मान, माया और लोभका कदाचित् उदीरक होता है। अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान, व संज्वलन कषायोंका नियमसे उदीरक होता है। फिर भी इन बारह कषायोंमें एक एककी अपेक्षा कर कदाचित् उदीरक होता है। तीन वेद, हास्य, रति, अरति और शोकका कदाचित् उदीरक होता है। परंतु तीन वेदोंमेंसे किसी एक वेदका एवं हास्य-रति और अरति-शोक इन युगलोंमेंसे किसी एक युगलका नियमसे उदीरक होता है। वह भय और जुगुप्साका कदाचित् उदीरक होता है।

सम्यक्त्व प्रकृतिकी उदीरणा करनेवाला मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व व अनन्तानुबन्धियोंका नियमसे अनुदीरक होता है। परन्तु अप्रत्याख्यान व प्रत्याख्यान कषायोंका कदाचित् उदीरक होता है। यदि वह उनका उदीरक है तो आठ कषायोंका कदाचित् उदीरक होता है। संज्वलनका नियमसे उदीरक होता है। किन्तु वह उसीकी (संज्वलन) चार कषायोंका कदाचित् उदीरक होता है। तीन वेदोंका कदाचित् उदीरक होता है, किन्तु इन्हीं तीनों वेदोंमेंसे किसी एक वेदका नियमसे उदीरक होता है। हास्य, रति, अरति और शोकका वह कदाचित् उदीरक होता है; किन्तु इन दोनों युगलोंमेंसे किसी एक युगलका नियमसे उदीरक होता है। भय व जुगुप्साका वह कदाचित् उदीरक होता है

सम्यग्मिथ्यात्वकी उदीरणा करनेवाला सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायोंका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपच्चक्खाण-पच्चक्खाण-संजलणकसायाणं णियमा उदीरओ, तेसिं बारसण्णं पयडीणं सिया उदीरओ। तिण्णं वेदाणं सिया उदीरओ, तिण्णं वेदाणं एक्कदरस्स णियमा उदीरगो। हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं सिया उदीरओ, दोण्णं जुगलाणमेक्कदरस्स णियमा उदीरओ। भय-दुगुंछाणं सिया उदीरओ।

सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभाग० जहण्णुक्क० एगसमओ ✡। अणुक्क० जह० अंतोमुहुत्तं। उक्क० सम्मामिच्छ० अंतोमु० सम्मत्त० छावट्ठिसागरोवमाणि आवलियूणाणि ✡। सादासाद-सोलसकसाय-णवणोकसायाणमुक्कस्सअणुभागुदीरणा केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण एगसमओ, उक्क० बेसमया। अणुक्क० अणुभागउदीरणा साद-हस्स-रदीणं जह० एगसमओ, उक्क० छम्मासा। असाद-अरदि-सोगाणं जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि। सोलसकसाय-भय-दुगुंछाणं जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। णवुंसयवेदस्स जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। पुरिसवेदस्स जह० एगसमओ, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। इत्थिवेदस्स जह० एगसमओ, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं।

णिरयाउ-देवाउआणमुक्कस्सअणुभागउदीरणा जह० एगसमओ, उक्क० बेसमया। अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि आवलियूणाणि। तिरिक्ख-

---

असंख्यात लोक प्रमाण है। निद्रा आदि पांच दर्शनावरण प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय मात्र है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है।

सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय प्रमाण है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। उत्कर्ष वह सम्यग्मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त और सम्यक्त्वका एक आवलीसे कम छ्यासठ सागरोपम प्रमाण है। साता व असाता वेदनीय, सोलह कषाय और नौ नोकषाय; इनके उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा कितने काल होती है? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय तक होती है। अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल सातावेदनीय, हास्य व रतिका जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे छह मास; असातावेदनीय, अरति और शोकका जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम; सोलह कषाय, भय व जुगुप्साका जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त; नपुंसकवेदका जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन; पुरुषवेदका जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे सागरोपमशतपृथक्त्व; तथा स्त्रीवेदका जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे पल्योपमशतपृथक्त्व प्रमाण है।

नारकायु व देवायुकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होती है। इनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे एक आवलीसे

♠ ताप्रतौ 'अणुक्क० (भा०)' इति पाठः। ✡ ताप्रतौ 'एगसमओ .....।' इति पाठः।

✡ सम्मत्तस्स उक्कस्साणुभागुदीरगो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। अणुक्कस्साणुभागउदीरगो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि आवलियूणाणि। सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागउदीरगो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णुक्कस्सेण एयसमयो। अणुक्कस्साणुभागुदीरगो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। क. पा. (चू. सू.) प्र. ब. पृ. ५४३५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुसाउआणमुक्कस्सअणुभागुदीरणा जह० एगसमओ, उक्क० बेसमया तिण्णि चत्तारि समया वा। अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० तिण्ण पलिदोवमाणि आवलियूणाणि।

चदुण्णं पि गईणमुक्कस्समणुभागुदीरणा जह० एगसमओ, उक्क० बेसमया। अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० णिरय-देवगईणं तेत्तीसं सागरोवमाणि, मणुसगईए तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि, तिरिक्खगईए असंखेज्जा पोग्गल-परियट्टा। पंचण्णं जादीणमुक्क० केवचिरं० ? जह० एगसमओ, उक्क० बेसमया। अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० सग-सगुक्कस्सट्ठिदीओ। ओरालिय-वेउव्विय-आहार-सरीराणमुक्कस्सअणुभागुदीरणा० केवचिरं० ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बेसमया। अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० ओरालियसरीरस्स अंगुलस्स असंखेज्ज-दिभागो, वेउव्वियसरीरस्स तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि, आहारसरीरस्स अंतो-मुहुत्तं। तेजा-कम्मइयाणमुक्कस्स अणुभागुदीरणा केवचिरं० ? जहण्णुक्क० एगसमओ। अणुक्क[✡]० अणादि-अपज्जवसिदा अणादि-सपज्जवसिदा वा। तिण्णिअंगोवंग-पंचसरीरबंधण-संघादाणं च सग-सगसरीरभंगो। णवरि ओरालियअंगोवंग०

कम तेतीस सागरोपम प्रमाण होती है। तिर्यंचायु और मनुष्यायुकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय अथवा तीन चार समय होती है। इनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे एक आवलीसे कम तीन पल्योपम प्रमाण होती है।

चारों गति नामकर्मोंकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय मात्र होती है। इनकी अनुत्कृष्ट उदीरणा जघन्यसे एक समय होती है। उत्कर्षसे वह नरक व देवगतिकी तेतीस सागरोपम काल, मनुष्यगतिकी पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम, तथा तिर्यंचगतिकी असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण होती है। पांच जातिनामकर्मोंकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होती है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण होती है। औदारिक, वैक्रियिक और आहारकशरीरकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होती है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय होती है। उत्कर्षसे वह औदारिकशरीरकी अंगुलके असंख्यातवें भाग, वैक्रियिकशरीरकी साधिक तेतीस सागरोपम, तथा आहारकशरीरकी अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है। तैजस व कार्मण शरीरकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? व जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा अनादि-अपर्यवसित अथवा अनादि-सपर्यवसित होती है। तीन अंगोपांग, पांच शरीरबन्धन और पांच संघात नामकर्मोंकी प्ररूपणा अपने अपने शरीरके समान है। विशेष इतना है कि औदारिकशरीरांगोपांगकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम

[✡] ताप्रतौ ' (अणुक्क०) ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुक्कस्सुक्कस्सस्स तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि ।

छसंठाण-छसंघडणाणं च उक्क० अणुभागुदीरणा केवचिरं०? जहण्णेण एग-समओ, उक्क० बेसमया । अणुक्क० जह० एगसमओ । उक्क० समचउरससंठाणस्स बे-छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि, हुंडसंठाणस्स अंगुलस्स असंखे० भागो सेसाणं संठाणाणं पुव्वकोडिपुधत्तं । वज्जरिसहवइरणारायणसंघडणस्स तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि, सेसाणं संघडणाणं पुव्वकोडिपुधत्तं । पसत्थवण्ण-गंध-रस-णिद्धुण्णाणं तेजा-कम्मइयसरीरभंगो । अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-सीद-लुक्ख-कक्खड-गरुआणं णाणावरणभंगो। मउअ-लहुआणमुक्कस्सअणुभागउदीरणा केवचिरं०? जह० एगसमओ, उक्कस्सेण बेसमया । अणुक्क० अणादि-अपज्जवसिदा अणादि-सपज्जवसिदा सादि-सपज्जवसिदा । तत्थ सादि-सपज्जवसिदा जहण्णेण एगसमओ' उक्क० अद्धपोग्गलपरियट्टं ।

चदुण्णमाणुपुव्वीणमुक्कस्सअणुभागुदीरणा केवचिरं०? जहण्णुक्क० एगसमओ । अणुक्क० अणुभागुदीरणा केवचिरं०? जह० एगसमओ, उक्क० बेसमया । णवरि तिरिक्खाणुपुव्वीए तिण्णिसमया । अधवा तिरिक्खाणुपुव्वीए चत्तारिसमया सेसाणं तिण्णिसमया । अगुरुअलहुअ-थिर-सुभ-णिमिणणामाणं तेजा-कम्मइयभंगो । उवघाद-

---

प्रमाण है ।

छह संस्थानों और छह संहननोंकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल तक होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय तक होती है । उनकी अनुत्कृष्ट अनुभाग-उदीरणा जघन्यसे एक समय होती है। उत्कर्षसे वह समचतुरस्रसंस्थानकी साधिक दो छयासठ सागरोपम, हुण्डकसंस्थानकी अंगुलके असंख्यातवें भाग, तथा शेष संस्थानोंकी पूर्वकोटिपृथक्त्व काल तक होती है। उक्त उदीरणा वज्रर्षभवज्रनाराचसंहननकी पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम तथा शेष संहननोंकी पूर्वकोटिपृथक्त्व काल तक होती है । प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रसकी तथा स्निग्ध और उष्ण स्पर्शकी प्ररूपणा तैजस व कार्मण शरीरके समान है । अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस तथा शीत, रूक्ष, कर्कश व गुरु स्पर्श नामकर्मोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । मृदु और लघुकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय तक होती है । उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित भी है। उनमें सादि-सपर्यवसितका प्रमाण जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे कुछ कम अर्ध पुद्गल-परिवर्तन है ।

चार आनुपूर्वियोंकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है। वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है । वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय तक होती है । विशेष इतना है कि तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वीकी उक्त उदीरणा तीन समय तक होती है । अथवा तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वीकी उक्त उदीरणा काल चार समय और शेष आनुपूर्वियोंका तीन समय है। अगुरुलघु, स्थिर, शुभ और निर्माण नामकर्मकी प्ररूपणा तैजस व कार्मण शरीरके समान है। उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, प्रशस्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परघाद-आदाव-उज्जोव-उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय-साहारण-दुस्सर-अजसकित्तीणमुक्कस्साणुभागउदीरणा केव-चिरं०? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बेसमया। अणुक्क० जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण जच्चिरं पयडिउदीरणा तच्चिरं कालं। जसगित्ति-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-उच्चागोदाणं उक्क० अणुभागुदीरणा केवचिरं०? जहण्णुक्क० एगसमओ। अणुक्कस्सं जच्चिरं पयडिउदीरणा तच्चिरं कालं। तित्थयरणामाए उक्कस्सअणुभागउदीरणा केवचिरं०? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। अणुक्कस्सा० केवचिरं०? जह० वासपुधत्तं, उक्कस्सेण पुव्वकोडी देसूणा। एवमुक्कस्सअणुभागउदीरणाए कालो समत्तो।

एत्तो जहण्णाणुभागउदीरणकालो वुच्चदे। तं जहा- पंचणाणावरणीय-चउ-दंसणावरणीय-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागउदीरणा जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। अजहण्णाणुभागउदीरणा अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो वा। णिद्दापयलाणं जहण्णाणुभागुदीरणा जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अजहण्ण-उदीरणाए जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं जह० एगसमओ, उक्क० बेसमया। अजहण्ण० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमु०।

व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण दुस्वर और अयशकीर्तिकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होती है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा जघन्यसे एकसमय और उत्कर्षसे जितने काल उनकी प्रकृतिउदीरणा होती है उतने काल होती है। यशकीर्ति, सुभग सुस्वर, आदेय और ऊंच गोत्रकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जितने काल प्रकृतिउदीरणा होती है उतने काल होती है। तीर्थंकर नामकर्मकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है। उसकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है? वह जघन्यसे वर्षपृथक्त्व व उत्कर्षसे कुछ कम पूर्वकोटि काल तक होती है। इस प्रकार उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका काल समाप्त हुआ।

यहां जघन्य अनुभागउदीरणाका काल कहा जाता है। वह इस प्रकार है- पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तराय कर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है। उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है। निद्रा और प्रचलाकी जघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है। उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिकी जघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होती है। उनकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त तक होती है। साता व असाता वेदनीयके जघन्य अनु-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादासादाणं जहण्णाणुभागस्स जह० एगसमओ, उक्क० चत्तारिसमया । अजहण्ण० जह० एगसमओ । उक्क० सादस्स छम्मासा, असादस्स तेत्तीसं सागरोवमाणि अंतोमुहुत्तब्भहियाणि ।

मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जह० केवचिरं०? जहण्णुक्क० एगसमओ । अजहण्ण० मिच्छत्तस्स तिण्णिभंगा । तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। सम्मत्तस्स जह० अंत्तोमुहुत्तं, उक्क० छावट्ठिसागरोवमाणि समयाहियावलियूणाणि । सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णुक्क० अतोमुहुत्तं । सोलसण्णं कसायाणं जहण्णाणुभागउदीरणा* केवचिरं? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अजहण्ण० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । णवण्णं णोकसायाणं जहण्णाणुभागुदीरणा केवचिरं०? जहण्णुक्क० एगसमओ । अजहण्ण० हस्स-रदीणं जह० एगसमओ, उक्क० छम्मासा । अरदि-सोगाणं जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । भय-दुगुंछाणं जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । णवुंसयवेदस्स जह० एयसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । इत्थिवेदस्स जह० एगसमओ, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं । पुरिसवेदस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं ।

भागकी उदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय मात्र है । उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय है । उत्कर्षसे वह सातावेदनीयका छह मास और असातावेदनीयका अन्तर्मुहूर्त अधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है ।

मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । मिथ्यात्वकी जघन्य उदीरणाके विषयमें (अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित व सादि-सपर्यवसित ये) तीन भंग हैं । उनमें जो सादि-सपर्यवसित भंग है उसका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । सम्यक्त्वकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे एक समय अधिक आवलीसे हीन छ्यासठ सागरोपम काल तक होती है । सम्यग्मिथ्यात्वकी अजघन्य उदीरणा जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है । सोलह कषायोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । उनकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है । नौ नोकषायोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । अजघन्य उदीरणा हास्य व रतिकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे छह मास, अरति व शोककी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम, भय व जुगुप्साकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त, नपुंसकवेदकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन, स्त्रीवेदकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे पल्योपमशतपृथक्त्व, तथा पुरुषवेदकी जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे सागरोपमशतपृथक्त्व काल तक होती है ।

---

* मप्रतौ ' जहण्णाणुभागउदीरणा अणुभागउदीरणा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउआणं जहण्णाणुभागुदीरणा केवचिरं ? जह० एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमया । अजहण्ण० जह० एगसमओ, उक्क० णिरय-देवाउआणं तेत्तीसं सागरोवमाणि आवलियूणाणि, तिरिक्ख-मणुस्साउआणं तिण्णि पलिदोवमाणि आवलियूणाणि ।

चदुण्णं गदीणं जहण्णाणुभागुदीरणा केवचिरं ? जह० एगसमओ, उक्क० चत्तारिसमया । अजहण्ण० जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण णिरय-देवगईणं तेत्तीसं सागरोवमाणि, मणुसगदीए तिण्णिपलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि, तिरिक्खगइए असंखेज्जा लोगा । ओरालिय-वेउव्विय-आहारसरीराणं जहण्णाणुभागउदीरणा केवचिरं०? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अजहण्ण० ओरालियसरीरस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंगुलस्स असंखे० भागो; वेउव्विय जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि; आहारसरीरस्स जहण्णुक्कस्सेण* अंतोमुहुत्तं । तेजा-कम्मइयसरीराणं जहण्णाणुभागउदीरणा केवचिरं०? जह० एगसमओ, उक्क० बे समया । अजहण्ण० जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । तिण्णिअंगोवंग-पंचसरीरबंधण-पंचसरीरसंघादाणं सग-सरीरभंगो ।

आयु कर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय तक होती है । उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय होती है । उत्कर्षसे वह नारकायु व देवायुकी एक आवलीसे कम तेतीस सागरोपम, तथा तिर्यंचायु और मनुष्यायुकी एक आवलीसे कम तीन पल्योपम प्रमाण होती है ।

चार गति नामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय तक होती है । उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय होती है । उत्कर्षसे वह नरकगति व देवगतिकी तेतीस सागरोपम, मनुष्यगतिकी पूर्वकोटि-पृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम, तथा तिर्यंचगतिकी असंख्यात लोक प्रमाण काल तक होती है । औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल तक होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । अजघन्य अनुभागउदीरणा औदारिकशरीरकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग, वैक्रियिकशरीरकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम, तथा आहारशरीरकी जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है । तैजस व कार्मण शरीरकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय तक होती है । उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होती है । तीन अंगोपांग, पांच शरीरबंधन और पांच शरीरसंघात प्रकृतियोंकी उक्त उदीरणाकी प्ररूपणा अपने अपने शरीरके समान है । विशेष इतना है कि औदारिकशरीरअंगोपांगकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका

---

* प्रतिषु ' आहारसरीरस्स जह० अणु० (अ. जहण्णुक्क०) केवचिरं ? जह० उक्क० एगसमओ । अजह० जहण्णुक्कस्सेण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवरि ओरालियअंगोवंग० अजहण्णुक्कस्स तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेण-ब्भहियाणि ।

छसंठाण-छसंघडणाणं जहण्णाणुभागुदीरणा केवचिरं कालादो होदि? जहण्णुक्क० एगसमओ । अजहण्ण समचउरससंठाणस्स जहण्णेण एगसमओ, उक्क० बे-छावट्ठि-सागरोवमाणि । हुंडसंठाणस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंगुलस्स असंखे० भागो । वज्जरिसहवइरणारायण० जह० एगसमओ, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्व-कोडिपुधत्तेणब्भहियाणि । सेसाणं संठाणाणं संघडणाणं च जह० एगसमओ, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । काल-णीलय-तित्त-कडुअ-दुग्गंध-सीद-लुक्खाणं जहण्णाणुभागुदीरणा जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अजहण्ण० अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो वा । पसत्थ-वण्ण-गंध-रसाणं* णिद्धुण्हाणं च जहण्णाणुभागउदीरणा जह० एगसमओ, उक्क० बे-समया । अजहण्ण० जह० एगस० उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । मउअ-लहुआणं जहण्णाणुभागुदी० केवचिरं० ? जहण्णु० एगसमओ । अजहण्णअणुभागुदीरणा जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । कक्खड-गरुआणं जहण्णाणु० केवचिरं० ? जहण्णुक्क एगसमओ । अजहण्णाणुभागउदीरणा अणादिय-अपज्जवसिदा अणादियसपज्जवसिदा सादि-सपज्जवसिदा वा । जा सादि-सपज्जवसिदा सा जहण्णुक्क० अंतोमुहुत्तं ।

उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम प्रमाण है ।

छह संस्थानों और छह संहननोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । अजघन्य अनुभागउदीरणा समचतुरस्रसंस्थानकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे दो छ्यासठ सागरोपम, हुंण्डकसंस्थानकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग, वज्रर्षभवज्रनाराचसंहननकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे पूर्व-कोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम, तथा शेष संस्थानों और संहननोंकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथत्व काल तक होती है । कृष्ण व नील वर्ण, तिक्त व कटु रस, दुर्गन्ध तथा शीत व रूक्ष स्पर्श नामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणा काल अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है । प्रशस्त वर्ण, गन्ध और रस नामकर्मोंकी तथा स्निग्ध व उष्ण स्पर्श नामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय तक होती है । उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन काल तक होती है। मृदु और लघु स्पर्शनामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । इनकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन काल तक होती है । कर्कश और गुरु स्पर्शनामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल तक होती है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । उनकी अजघन्य अनुभाग-उदीरणा अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित होती है। उनमें जो सादि-सपर्यवसित है वह जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है ।

* ताप्रतौ ' -रसादीणं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुण्णमाणुपुव्वीणामाणं जहण्णाणुभाग० अजहण्णाणुभागउदी० च केवचिरं०? जहण्णेण एगसमओ, उक्क० बेसमया । णवरि तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वीणामाए तिण्णिसमया । केसिं पि आइरियाणं अहिप्पाएण सव्वासिमाणुपुव्वीणमुक्कस्सकालो तिण्णिसमया, तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वीए चत्तारिसमया । अगुरुअलहुअ-थिर-सुभ-णिमिणणामाणं तेजा-कम्मइयभंगो ।

अथिर-असुह-उवघाद-परघाद-पत्तेय-साहारणसरीर-आदावुज्जोवणामाणं जहण्णाणुभागुदी० जहण्णुक्क० एगसमओ । अजहण्णाणुभागुदी० अथिर-असुहाणं अणादिया अपज्जवसिदा अणादिया सपज्जवसिदा । उवघादणामाए जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० अंगुलस्स असंखे०भागो । परघादणामाए जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि, पत्तेयसाहारणसरीराणं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो । आदावणामाए जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० बावीसवाससहस्साणि देसूणाणि । उज्जोवणामाए जह० एगसमओ, उक्क० तिपलिदोवमाणि देसूणाणि । जादिपंचय[✡]-उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-सुभग-दुभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-अणादेज्ज-जसकित्ति-अजसकित्ति-उच्चा-णीचागोदाणं जहण्णाणुभागुदीरणा जह० एगसमओ, उक्क०चत्तारिसमया । अजहण्णाणुभागुदी०

चार आनुपूर्वी नामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा और अजघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होती है । विशेष इतना है कि तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मकी उदीरणाका काल उत्कर्षसे तीन समय मात्र है । किन्हीं आचार्योंके अभिप्रायसे सब आनुपूर्वियोंका उत्कृष्ट काल तीन समय और तिर्यग्गति-प्रायोग्यानुपूर्वीका चार समय है । अगुरुलघु, स्थिर, शुभ और निर्माण नामकर्मकी इन उदीरणाओंके कालकी प्ररूपणा तैजस व कार्मण शरीरके समान है ।

अस्थिर, अशुभ, उपघात, परघात, प्रत्येकशरीर, साधारणशरीर, आतप और उद्योत नामकर्मोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होती है । अजघन्य अनुभागउदीरणा अस्थिर और अशुभकी अनादि-अपर्यवसित व अनादि-सपर्यवसित, तथा उपघात नामकर्मकी जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग, परघात नामकर्मकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे कुछ कम तेतीस सागरोपम, प्रत्येक व साधारण शरीरकी जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग, आतप नामकर्मकी जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे कुछ कम बाईस हजार वर्ष, तथा उद्योत नामकर्मकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे कुछ कम तीन पल्योपम काल तक होती है ।

पांच जातियां, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुस्वर, आदेय, अनादेय, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, ऊंचगोत्र और नीचगोत्र; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय तक

✡ ताप्रतौ ' जादिपंचयस्स ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जह० उस्सास-पसत्थविहायगइ-सुस्सर-दुस्सराणं एगसमओ, उक्क० तेत्तीस सागरोवमाणि देसूणाणि । तसणामाए जहण्णेण एगसमओ, उक्क० बेसागरोवमसहस्साणि सादिरेयाणि । थावर-एइंदियणामाणं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । चदुण्णं जादीणं जह० एगसमओ, उक्क० सगट्ठिदी । बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्ताणं जह० एगसमओ; उक्क० बादरणामाए अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो, सुहुमणामाए असंखेज्जा लोगा, पज्जत्तणामाए बेसागरोवमसहस्साणि, अपज्जत्तणामाए अंतोमुहुत्तं । जसगित्ति-सुभग-आदेज्जाणं जह० एगसमओ, उक्क० सागरोवमसहपुधत्तं । अजसगित्ति-दुभग-अणादेज्जाणं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । उच्चागोदस्स जह० एगसमओ, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । णीचागोदस्स जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । तित्थयरणामाए जहण्णाणुभागुदी० केवचिरं० ? जह० वासपुधत्तं, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा देसूणचउरासीदिलक्खमेत्तपुव्वाणि वा । अजहण्ण० जहण्णुक्क०* अंतोमुहुत्तं । एवमेयजीवेण कालो समत्तो ।

एयजीवेण अंतरं । तं जहा– पंचणाणावरणीय-अट्ठदंसणावरणीय-असादावेदणीय-**

होती है । अजघन्य अनुभागउदीरणा उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति और सुस्वरकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे कुछ कम तेतीस सागरोपम काल तक होती है । त्रस नामकर्मकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे साधिक दो हजार सागरोपम काल तक होती है । उक्त अजघन्य उदीरणा स्थावर और एकेन्द्रिय नामकर्मकी जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र काल तक होती है । चार जाति नामकर्मकी वह उदीरणा जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे अपनी स्थिति प्रमाण होती है । बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त व अपर्याप्तकी जघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय होती है । उत्कर्षसे वह बादर नामकर्मकी अंगुलके असंख्यातवें भाग, सूक्ष्म नामकर्मकी असंख्यात लोक, पर्याप्त नामकर्मकी दो हजार सागरोपम, तथा अपर्याप्त नामकर्मकी अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है । यशकीर्ति, सुभग और आदेयकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे सागरोपमशतपृथक्त्व काल तक होती है । अयशकीर्ति, दुर्भग और अनादेयकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक काल तक होती है । ऊंच गोत्रकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे सागरोपमशतपृथक्त्व काल तक होती है । नीचगोत्रकी अजघन्य उदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र काल तक होती है । तीर्थंकर नामकर्मकी जघन्य अनुभागउदीरणा कितने काल तक होती है ? वह जघन्यसे वर्षपृथक्त्व तथा उत्कर्षसे कुछ कम पूर्वकोटि काल अथवा कुछ कम चौरासी लाख मात्र पूर्व तक होती है । उसकी अजघन्य अनुभागउदीरणा जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है । इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा काल समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है– पांच ज्ञानावरण, आठ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, नारकायु,

---

* अप्रतौ ' अणुक्क० ' इति पाठः । ** अप्रतौ ' अंतरं जहा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छत्त✿-सोलसकसाय-णवणोकसाय-णिरय-तिरिक्ख-मणुसाउअ-णिरय-तिरिक्ख-मणुसगइओरालियसरीर-तदंगोवंग-बंधण-संघाद-पंचसंठाण-छसंघडण-अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-विगलिंदियजादि-उवघाद-अप्पसत्थविहायगइ-अथिर-असुह-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसकित्ति-णीचागोदाणं उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । अचक्खुदंसणावरणीयस्स अंतराइय पंचयस्स उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जह० खुद्दाभवग्गहणं समऊणं, उक्क० असंखेज्जा लोगा । सादावेदणीय-देवाउ-देवगइ-पंचिंदियजादि-आहार-वेउव्वियसरीराणं तदंगोवंग-बंधण-संघादणामाणं समचउरससंठाण-मउअ-लहुग-परघाद-उज्जोव-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-उस्सासणामाणं च उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । णवरि साद-देवाउ-देवगदि-वेउव्वियच-उक्कपंचिंदिय-उस्सास-तस-बादर-पज्जत्ताणं तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । तेजा-कम्मइयसरीर-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज जसकित्ति-तित्थयरणिमिणुच्चागोदाणमुक्कस्साणुभागउदीरणाए णत्थि अंतरं ।

णिरयाणुपुव्वीए उक्कस्साणुभागुदी० जह० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । तिरिक्खाणुपुव्वीए अट्ठवस्साणि समऊणाणि । मणुस्साणुपुव्वीए तिण्णि पलिदोवमाणि

तिर्यगायु, मनुष्यायु, नरकगति, तिर्यग्गति, मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिकअंगोपांग, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात, पांच संस्थान, छह संहनन, अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, विकलेन्द्रिय जाति, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय अयशःकीर्ति और नीचगोत्र; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होता है । अचक्षुदर्शनावरणकी तथा पांच अंतरायकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय कम क्षुद्रभवग्रहण व उत्कर्षसे असंख्यात लोकमात्र होता है । सातावेदनीय, देवायु, देवगति, पंचेन्द्रियजाति, आहारकशरीर, वैक्रियिकशरीर, उन दोनों शरीरोंके अंगोपांग, बन्धन व संघात नामकर्म, समचतुरस्र-संस्थान, मृदु, लघु, परघात, उद्योत, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर और उच्छ्वास नामकर्म; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन काल तक होता है । विशेष इतना है कि सातावेदनीय, देवायु, देवगति, वैक्रियिकचतुष्क, पंचेन्द्रियजाति, उच्छ्वास, त्रस, बादर और पर्याप्तका उपर्युक्त अन्तर उत्कर्षसे कुछ कम तेतीस सागरोपम काल तक होता है । तैजस व कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, अगुरुलघु, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशकीर्ति, तीर्थंकर, निर्माण और उच्चगोत्र; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर नहीं होता ।

उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे नारकानुपूर्वीका साधिक तेतीस सागरोपम, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वीका एक समय कम आठ वर्ष, और मनुष्यानुपूर्वीका साधिक तीन पल्योपम

✿ मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । अणुक्कस्साणुभागुदीरणंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण बे-छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । क. पा. (चू. सू.) प्रे. ब. पृ. ५४४८-४९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादिरेयाणि। उक्कस्सं तिण्णं पि एइंदियट्ठिदी । देवाणुपुव्वीए जहण्णुक्कस्सेण णत्थि अंतरं । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । अणुक्कस्सस्स पयडिउदीरणंतरभंगो ✡ । आदावणामाए उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । एइंदियजादि थावर-सुहुम-साहारणसरीराणं उक्कस्साणुभागउदीरणंतरं जह० एगसमओ उक्क० असंखे० लोगा । अपज्जत्तणामाए उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा । एवमोघुक्कस्सं समत्तं ।

जहण्णाणुभागुदीरणंतरं । तं जहा– पंचणाणावरणीय–चउदंसणावरणीय णवणोकसाय–चदुसंजलण-सम्मत्त-अप्पसत्थ♣वण्ण-गंध-रस-फास-अथिर-असुभ–पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं णत्थि । णिद्दा-पयला-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त–बारसकसायाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गल–परियट्टं । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं जहण्णाणुभाग० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । सादासादाणं जह० उदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा ।

मात्र काल तक होता है । उत्कृष्ट अन्तर इन तीनोंही का एकेन्द्रियकी स्थिति प्रमाण होता है । देवानुपूर्वीकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे व उत्कर्षसे भी नहीं होता । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र होता है । इनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाके अन्तरकी प्ररूपणा प्रकृतिउदीरणाके अन्तर जैसी है । आतप नामकर्मकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र होता है । एकेन्द्रियजाति, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण शरीरकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र होता है । अपर्याप्त नामकर्मकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होता है । इस प्रकार ओघ उत्कृष्ट समाप्त हुआ ।

जघन्य अनुभागउदीरणाके अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है– पांच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, नौ नोकषाय, चार संज्वलन, सम्यक्त्व, अप्रशस्त वर्ण, गंध, रस व स्पर्श, अस्थिर, अशुभ और पांच अंतराय; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अंतर नहीं होता । निद्रा, प्रचला, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और बारह कषाय; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होता है । निद्रा-निद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिकी जघन्य उदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होता है । साता व असातावेदनीयकी जघन्य उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र काल तक होता है ।

✡ एवं सेसाणं कम्माणं सम्मत्त-सम्मामिच्छतवज्जाणं । णवरि अणुक्कस्साणुभागुदीरणंतरं पयडिअंतरं कादव्वं । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुक्कस्साणुभागुदीरणंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं । क. पा. (च. सू) प्रे. ब. पृ. ५४५०–५१.

♣ अ-काप्रत्योः ' चदुसंजल्णअप्पसत्थ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुण्णमाउआणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ। उक्क० तिण्णमाउआण-मसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, तिरिक्खाउअस्स असंखेज्जा लोगा। चदुण्णं गईणं सग-सग-आउअभंगो। ओरालिय-वेउव्विय-आहारसरीराणं ओरालिय-वेउव्विय-आहारसरीरंगो-वंगाणं तेसिं बंधण-संघादाणं उवघाद-परघाद-आदावुज्जोव-पत्तेय-साहारणाणं च जह-ण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० अंतोमुहुत्तं। उक्क० ओरालियसरीरबंधण-संघाद-उवघाद-परघाद-साहारणसरीराणमसंखेज्जा लोगा, वेउव्वियसरीर-ओरालिय-वेउव्वियसरीरंगो-वंगतब्बंधण-संघाद-पत्तेय०-आदावुज्जोवाणं उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, आहार-सरीरआहारसरीरअंगोवंग-तब्बंधण-संघादाणं उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। णवरि वेउव्वियअंगोवंगणामाए जहण्णेण पलिदो० असंखे० भागो, उक्क० असंखेज्जा पोग्गल-परियट्टा। हुंडसंठाणस्स ओरालियसरीरभंगो। पंचसंठाण-छसंघडणाणं जहण्णाणु-भागउदीरणंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। मउअ-लहुआणं संघडणभंगो।

णिरय-देवगइपाओग्गाणुपुव्वीणं जहण्णेण दसवाससहस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० असंखे० पो० परियट्टा। अधवा, जहण्णाणुभागंतरमेगसमओ, देव-णेरइएसु अणाहार-

---

चार आयुकर्मोंकी जघन्य उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय होता है। उक्त अन्तर उत्कर्षसे तीन आयुकर्मोंका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन और तिर्यंचआयुका असंख्यात लोक प्रमाण काल तक होता है। चार गतियोंके उक्त अन्तरकी प्ररूपणा अपनी अपनी आयुके समान है। औदारिक, वैक्रियिक व आहारक शरीर; औदारिक, वैक्रियिक व आहारक अंगोपांग; उनके बन्धन व संघात तथा उपघात, परघात, आतप, उद्योत, प्रत्येकशरीर और साधारणशरीर; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त मात्र होता है। उक्त अन्तर उत्कर्षसे औदारिकशरीर, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात, उपघात, परघात और साधारणशरीरका असंख्यात लोक मात्र; वैक्रियिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन, वैक्रियकसंघात, प्रत्येकशरीर, आतप और उद्योतका वह अन्तर उत्कर्षसे असं-ख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण; तथा आहारकशरीर, आहारकअंगोपांग, आहारकबन्धन और आहारकसंघातका वह अन्तर उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण होता है। विशेष इतना है कि वैक्रियिकअंगोपांगका उक्त अन्तर जघन्यसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होता है। हुण्डकसंस्थानके इस अन्तरकी प्ररूपणा औदारिकशरीरके समान है। पांच संस्थानों और छह संहननोंकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण होता है। मृदु और लघुके प्रकृत अन्तरकी प्ररूपणा संहननोंके समान है।

नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वीकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे साधिक दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण होता है। अथवा उनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय मात्र होता है, क्योंकि, देवों

अप्रतौ आयुःसम्बद्धसंदर्भोऽयमग्रे 'परघाद-साधारणसरीराणमसंखेज्जा लोगा' इत्यतः पश्चादुपलभ्यते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालस्स तिसमयपमाणब्भुवगमादो । मणुसाणुपुव्वीए जहण्णाणुभागंतरं जह० एग-समओ, अधवा खुद्दाभवग्गहणं दुसमऊणं, उक्क० असंखे० पो० परियट्टा । तिरिक्खा-णुपुव्वीए जहण्णाणुभागंतरं जह० एगसमओ अधवा खुद्दाभवग्गहणं तिसमऊणं चदुसमऊणं वा, उक्क० असंखेज्जा लोगा । एइंदियजादि उस्सास-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-जस-अजसकित्ति-दूभग-अणादेज्ज-णीचागोदाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । चदुजादि दोविहायगइ-तस-सुभगादेज्ज-सरदुग-तेजा-कम्मइयसरीर-तब्बंधण-संघाद-पसत्थ-वण्ण-गंध-रस-णिद्धुण्ह-अगुरुअल-हुअ-थिर-सुभ-णिमिणुच्चागोदाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । तित्थयरस्स जहण्णाणुभागुदीरणंतरं णत्थि । एवमंतरं समत्तं ।

णाणाजीवेहि भंगविचओ दुविहो उक्कस्सपदभंगविचओ जहण्णपदभंगविचओ चेदि । उक्कस्सपदभंगविचयस्स अट्ठपदं । तं जहा- जो उक्कस्सअणुभागस्स उदीरओ☼ सो अणुक्कस्सअणुभागस्स अणुदीरओ, जो अणुक्कस्सअणुभागस्स उदीरओ☼ सो उक्क-स्सअणुभागस्स अणुदीरओ♠ । जे जं पयडिं वेदंति तेसु पयदं, अवेदएसु अव्ववहारो । एदेण अट्ठपदेण पंचण्णं णाणावरणीयपयडीणं उक्कस्साणुभागस्स सिया सव्वे जीवा

व नारकियोंमें अनाहारकालका प्रमाण तीन समय स्वीकार किया गया है । मनुष्यानुपूर्वीकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय अथवा दो समय कम क्षुद्रभवग्रहण प्रमाण होता है, उत्कर्षसे वह असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र होता है । तिर्यगानुपूर्वीकी जघन्य अनु-भागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय मात्र अथवा तीन समय कम या चार समय कम क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण होता है, उत्कर्षसे वह असंख्यात लोक मात्र काल तक होता है। एकेन्द्रियजाति उच्छ्वास, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्र; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र होता है। चार जाति, दो विहायोगतियां, त्रस, सुभग, आदेय, स्वरद्विक, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, उन दोनोंके बन्धन व संघात, प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस, स्निग्ध, उष्ण, अगुरुलघु, स्थिर, शुभ, निर्माण और ऊंचगोत्र; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र काल तक होता है । तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर नहीं होता । इस प्रकार अन्तर समाप्त हुआ ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय दो प्रकार है- उत्कृष्ट-पद-भंगविचय और जघन्य-पद-भंगविचय। इनमें उत्कृष्ट-पद-भंगविचयका अर्थपद कहा जाता है। यथा- जो उत्कृष्ट अनुभागका उदीरक होता है वह अनुत्कृष्ट अनुभागका अनुदीरक होता है । जो अनुत्कृष्ट अनुभागका उदीरक होता है वह उत्कृष्ट अनुभागका अनुदीरक होता है । जो जिस प्रकृतिका वेदन करते हैं वे प्रकृत हैं, अवेदकोंका व्यवहार नहीं है । इस अर्थपदके अनुसार पांच ज्ञानावरण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके कदाचित् सब जीव अनुदीरक होते हैं, कदाचित् बहुत जीव अनुदीरक व एक जीव

☼ ताप्रतौ ' उदीरणा (ओ ,' इति पाठः । ♠ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-का-ताप्रतिषु ' उक्क-स्सअणुभागस्स उदीरओ णत्थि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुदीरया, सिया अणुदीरया च उदीरओ च, सिया अणुदीरया च उदीरया च। एवमणुक्कस्स वि पडिलोमेण[1] तिण्णिभंगा वत्तव्वा। अट्ठविहस्स दंसणावरणीयस्स णाणावरणभंगो। अचक्खुदंसणावरण-पंचंतराइयाणं च उक्कस्सअणुभागस्स णियमा उदीरया अणुदीरया च[2] अत्थि। सादासादाणं मोहणिज्जस्स सत्तावीसं पयडीणं चउव्विहस्स आउअस्स आहारचउक्कवज्जाणं णामपयडीणं णीचुच्चागोदाणं च जहा णाणावरणस्स छभंगा परूविदा तहा परूवेदव्वा। सम्मामिच्छत्त-आहारचउक्क-तिण्णमाणुपुव्वीणं च सोलस भंगा वत्तव्वा[3]।

जहण्णपदभंगविचए अट्ठपदं जहा उक्कस्सपदभंगविचए कदं तहा कायव्वं। पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-सत्तावीसमोहणीय-तिण्णिआउ-तिण्णिगदि-जादि-चउक्कवेउव्विय-तेजा-कम्मइयपयडीणं तब्बंधण-संघाद-अंगोवंगाणं पंचसंठाण-छसंघडण वण्ण-गंध-रस-फास-आदाव-तस-अगुरुअलहु-पसत्थापसत्थविहायगइ-थिराथिर-सुभा-सुभ-सुभग-आदेज्ज-सुस्सर-दुस्सर-तित्थयर-णिमिणुच्चागोद-पंचंतराइयाणं च जहण्णा-णुभागस्स सिया सव्वे जीवा अणुदीरया, सिया अणुदीरया च उदीरओ च, सिया

उदीरक होता है, तथा कदाचित् बहुत जीव अनुदीरक और बहुत जीव उदीरक भी होते हैं। इसी प्रकारसे अनुत्कृष्ट अनुभागके सम्बन्धमें भी प्रतिलोम स्वरूपसे इन तीन भंगोंको कहना चाहिये। आठ प्रकार दर्शनावरणके भंगविचयकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। अचक्षुदर्शनावरण और पांच अन्तराय प्रकृतियों सम्बन्धी उत्कृष्ट अनुभागके नियमसे बहुत जीव उदीरक और बहुत जीव अनुदीरक भी होते हैं। साता व असाता वेदनीय, मोहनीयकी सत्ताईस प्रकृतियों, चार प्रकार आयुकर्म, आहारकचतुष्कको छोडकर शेष नामप्रकृतियों तथा नीच व ऊंच गोत्रके विषयमें जैसे ज्ञानावरणके छह भंगोकी प्ररूपणा की गयी है, वैसे ही उनकी प्ररूपणा करना चाहिये। सम्यग्मिथ्यात्व, आहारकचतुष्क और तीन आनुपूर्वियोंके सोलह भंग कहना चाहिये।

जिस प्रकार उत्कृष्ट-पद-भंगविचयमें अर्थपद बतलाया गया है उसी प्रकार जघन्य-पद-भंगविचयमें भी बतलाना चाहिये। पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सत्ताईस मोहनीयप्रकृतियां, तीन आयु, तीन गति, चार जातियां, वैक्रियिक, तैजस व कार्मण प्रकृतियां एवं उनके बन्धन, संघात व अंगोपांग, पांच संस्थान, छह संहनन, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, आतप, त्रस, अगुरुलघु, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, आदेय, सुस्वर, दुस्वर, तीर्थंकर, निर्माण, ऊंचगोत्र और पांच अन्तराय; इनके जघन्य अनुभागके कदाचित् सब जीव अनुदीरक, कदाचित् बहुत जीव अनुदीरक व एक उदीरक, तथा कदाचित् बहुत जीव अनुदीरक और बहुत ही जीव उदीरक भी होते हैं। विशेष इतना है कि तीर्थंकर प्रकृतिके अजघन्यकी प्ररूपणा

---

[1] अ-काप्रत्योः 'पलिदोवमेण', ताप्रतौ '(पलिदोवमेण)' इति पाठः। [2] अप्रतौ 'पंचंतरा-इयस्स उक्कस्स.....उदीरया च अणुदीरया च' इति पाठः। [3] ओघेण मिच्छ० सोलसक० सम्म० णवणोक० उक्क० अणुभागुदीरणाए सिया सव्वे अणुदीरगा, सिया अणुदीरगा च उदीरगो च, सिया अणुदीरगा च उदीरगा च। एवमणुक्क०। णवरि उदीरगा पुव्वं व वत्तव्वं। सम्मामि० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० अट्ठभंगा। जयध. प्रे. ब. पृ. ५४६७ जयध. पृ. ८८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुदीरया च उदीरया च। णवरि तित्थयरस्स अजहण्णं पुव्वं वत्तव्वं[1]। एवम-जहण्णस्स वि तिण्णिभंगा वत्तव्वा। णवरि तित्थयरस्स जहण्णं पुव्वं व वत्तव्वं[2]।

सादासाद-तिरिक्खाउ-तिरिक्खगइ-एइंदियजादि-ओरालियसरीर-तब्बंधण-संघाद-हुंडसंठाण-तिरिक्खाणुपुव्वी--उवघाद-परघादुज्जोव-उस्सास-थावर-बादर-सुहुम--पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय-साहारण-जसकित्ति-अजसकित्ति-दुभग-अणादेज्ज-णीचागोदाणं जहण्णाजहण्णाणुभागस्स उदीरया अणुदीरया च णियमा अत्थि। सम्मामिच्छत्त-तिण्णिआणुपुव्वी--आहारसरीराणं जहण्णाजहण्णाणुभागउदीरणाए सोलस भंगा वत्तव्वा। एवं भंगविचओ समत्तो।

णाणाजीवेहि कालो। तं जहा--पंचणाणावरणीय-अट्ठदंसणावरणीय-सादासाद-अट्ठवीसमोहणीय-णिरयाउ--देवगइ--णिरयगइ--तिरिक्खगइ-- जाइचउ--णिरय--तिरिक्खाणुपुव्वी--पंचसंठाण--पंचसंघडण--अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस--फास-उवघाद--आदाव-उस्सास-अप्पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्तापज्जत्त-अथिर--असुह-दूभग-अणादेज्ज-अजसगित्ति-दुस्सर-णीचागोदाणं उक्कस्साणुभागुदीरणा केवचिरं० ? णाणाजीवे पडुच्च जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण आवलियाए असंखे० भागो। अणुक्कस्सउदीरणा केवचिरं० ? सव्वद्धा। णवरि सम्मामिच्छत्तस्स

पहिले करना चाहिये। इस प्रकार अजघन्यके भी तीन भंग कहने चाहिये। विशेष इतना है कि तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य अनुभागउदीरणाविषयक भंगोंका कथन पहिलेके समान करना चाहिये।

साता व असाता वेदनीय, तिर्यंचआयु, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात, हुण्डकसंस्थान, तिर्यंगानुपूर्वी, उपघात, परघात, उद्योत, उच्छ्वास, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्र; इनके जघन्य व अजघन्य अनुभागके नियमसे बहुत जीव उदीरक और बहुत अनुदीरक भी होते हैं। सम्यग्मिथ्यात्व, तीन आनुपूर्वियों और आहारकशरीरकी जघन्य और अजघन्य अनुभाग उदीरणाके विषयमें सोलह भंग कहने चाहिये। इस प्रकार भंगविचय समाप्त हुआ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है। वह इस प्रकार है- पांच ज्ञानावरण, आठ दर्शनावरण, साता व असाता वेदनीय, अट्ठाईस मोहनीय, नारकायु, देवगति, नरकगति, तिर्यग्गति, चार जातियां, नरकानुपूर्वी, तिर्यगानुपूर्वी, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, उपघात, आतप, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, अपर्याप्त, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशकीर्ति, दुस्वर, और नीचगोत्र; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल तक होती है? वह नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक होती है। इनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल तक होती है? वह सर्वकाल होती है। विशेष इतना है कि सम्यग्मिथ्यात्वकी वह उदीरणा जघन्यसे

---

[1] अ-काप्रत्योः 'अहण्णपुव्वं वत्तव्वं,' ताप्रतौ 'अजहण्णं पुव्वं व वत्तव्वं' इति पाठः।

[2] अप्रतौ 'जहण्णं पुव्वं वत्तव्वं,' काप्रतौ 'जहण्णपुव्वं वत्तव्वं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो। णिरयाणुपुव्वीए अणुक्कस्सं पि आवलियाए असंखे० भागो। अचक्खुदंसणावरणीय-एइंदिय-थावर-सुहुम-साहारणपंचंतराइयाणमुक्कस्साणुक्कस्सअणुभागुदीरणा केवचिरं० ? सव्वद्धा।

मणुस-तिरिक्खाउ-मणुसगइ-देवाउ-पंचसरीर-तिण्णिअंगोवंग-बंधण-संघाद-समचउरससंठाण-वज्जरिसहवइरणारायणसरीरसंघडण-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-मणुसगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वी-अगुरुअलहु-परघाद-उज्जोव-पसत्थविहायगइ-पत्तेयसरीर-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-णिमिण-तित्थयर-उच्चागोदाण उक्कस्सअणुभागउदीरणा णाणाजीवेहि जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया। अणुक्कस्स० सव्वद्धा। णवरि आहारसरीर-तदंगोवंग-बंधणं-संघादाणं अणुक्क० उदीरणा जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। देव-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वीणामाणं अणुक्कस्साणुभाग० जह० एगसमओ उक्क० आवलि० असंखे० भागो। एवमुक्कस्सकालो समत्तो।

णाणाजीवेहि जहण्णाणुभागउदीरणाकालो। तं जहा- पंचणाणावरणीय-सत्तदंसणावरणीय-सत्तावीसमोहणीयाणं जहण्णाणुभागउदीरणाकालो जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया। अजहण्णस्स सव्वद्धा। णिद्दा-पयलाणं जहण्णाणुभागउदीरणाकालो जह० एयसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अजहण्णस्स सव्वद्धा। सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणु-

---

अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक होती है। नरकानुपूर्वीकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका भी काल केवलीके असंख्यातवें भाग मात्र होती है। अचक्षुदर्शनावरण, एकेन्द्रिय जाति, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण और पांच अन्तराय; इनकी उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा कितने काल होती है ? वह सर्वकाल होती है।

मनुष्यायु, तिर्यगायु, मनुष्यगति, देवायु, पांच शरीर, तीन अंगोपांग, बन्धन, संघात समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभवज्रनाराचशरीरसंहनन, प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस, व स्पर्श, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, परघात, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशकीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर और उच्चगोत्र; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणा नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय तक होती है। उनकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा सर्वकाल होती है। विशेष इतना है कि आहारकशरीर, आहारकअंगोपांग, आहारकशरीरबन्धन और आहारकशरीरसंघातकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होती है। देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मोंकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक होती है। इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य अनुभागउदीरणाका काल कहा जाता है। यथा- पांच ज्ञानावरण, सात दर्शनावरण और सत्ताईस मोहनीय; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय मात्र है। इनकी अजघन्य उदीरणाका काल सर्वकाल है। निद्रा और प्रचलाकी जघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। उनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाकाका काल सर्वकाल है। सम्य-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भागुदीरणकालो जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो। अजहण्ण० जह० अंतोमु० उक्क० पलिदो० असंखे० भागो। सादासाद-तिरिक्खाउआणं जहण्णाजहण्णाणुभागउदीरणकालो सव्वद्धा।

णिरय-देव-मणुस्साउ-णिरय-देव-मणुस्सगदि-चउजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-ओरालिय-वेउव्वियअंगोवंग-तेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीरबंधण-संघाद-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-णिरय-देव-मणुस्साणुपुव्वी-अगुरुअलहुअ-आदाव-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-णिमिणुच्चागोदाणं जहण्णाणुभागउदीरणकालो जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो। अजहण्णाणुभागुदीरणाए सव्वद्धा। णवरि तिण्णमाणुपुव्वीणं जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असं० भागो।

तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-एइंदियजादि-ओरालियसरीर-तब्बंधण-संघाद-हुंडसंठाण-उवघाद-परघाद-उज्जोव-उस्सास-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय-साहारणसरीर-जसकित्ति--अजसकित्ति-दुभग-अणादेज्ज-णीचागोद--तित्थयराणं जहण्ण-अजहण्णअणुभागउदीरणकालो सव्वद्धा। णवरि तित्थयरस्स अजहण्णाणुभागउदीरणकालो जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-तब्बंधण-संघादाणं जहण्णाणुभागउदीरणकालो जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया। अज० जहण्णु-

---

मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है। अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे अंतर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। साता व असाता वेदनीय और तिर्यंचआयुकी जघन्य व अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल सर्वकाल है।

नारकायु, देवायु, मनुष्यायु, नरकगति, देवगति, मनुष्यगति, चार जातियां, वैक्रियिक, तैजस व कार्मण शरीर, औदारिक व वैक्रियिक अंगोपांग, वैक्रियिक, तैजस व कार्मण शरीरके बन्धन और संघात, प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, नरकानुपूर्वी, देवानुपूर्वी, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, आतप, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, दुस्वर, आदेय, निर्माण और ऊंचगोत्र; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है। इनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल सर्वकाल है। विशष इतना है कि तीन आनुपूर्वियोंकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है।

तिर्यग्गति, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात, हुण्डकसंस्थान, उपघात, परघात, उद्योत, उच्छ्वास, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येकशरीर, साधारणशरीर, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, दुर्भग, अनादेय, नीच-गोत्र और तीर्थंकर; इनकी जघन्य व अजघन्य उदीरणाका काल सर्वकाल है। विशेष इतना है कि तीर्थंकर प्रकृतिकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्य व उत्कर्षसे अंतर्मुहूर्त मात्र है। आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग, तथा उसके बन्धन व संघात, इनकी जघन्य अनुभाग-उदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय मात्र है। इनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। पांच संस्थानों और छह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्कस्सेण अंतोमु० । पंचसंठाण-छसंघडणाणं जहण्णाणुभागउदी० जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो । अजहण्ण० सव्वद्धा । अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-अथिर-असुभाणं जहण्णाणुभाग० जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा समया । अजहण्ण० सव्वद्धा । एवं कालो समत्तो ।

णाणाजीवेहि अंतरं । तं जहा– पंचणाणावरणीय-अट्ठदंसणावरणीय-सादासाद-अट्ठावीसमोहणीय-णिरय--देव-तिरिक्ख--मणुस्साउ--चत्तारिगदि-चत्तारिजादि-ओरा--लिय-वेउव्विय-आहारसरीर-तदंगोवंग-बंधण-संघाद-छसंठाण-छसंघडण-अप्पसत्थवण्ण--गंध-रस-फास मउअ-लहुअ-चत्तारिआणुपुव्वी-उदघाद-परघाद-आदावुज्जोव-उस्सास--पसत्थापसत्थविहायगइ--तस-बादर--पज्जत्तापज्जत्त--पत्तेयसरीर-अथिर-असुह--दूभग--दुस्सर-अणादेज्ज-अजसकित्ति-णीचागोदाणं उक्कस्साणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अणुक्क० णत्थि अंतरं । णवरि सम्मामिच्छत्त-आहारच--उक्क-तिण्णिआणुपुव्वीणं जह० एगसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो वास--पुधत्तं✿ चउवीसअंतोमुहुत्तं⊡ । अचक्खुदंसणावरण० उस्कस्साणुक्कस्स० णत्थि अंतरं । तेजा-कम्मइयसरीर-तब्बंधण-संघाद-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-णिद्धुण्ण-अगुरुअलहुअ-

---

संहननोंकी जघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है । इनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल सर्वकाल है । अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, अस्थिर तथा अशुभ; इनकी जघन्य अनुभागउदीरणाका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात समय मात्र है । इनकी अजघन्य अनुभागउदीरणाका काल सर्वकाल है । इस प्रकार काल समाप्त हुआ ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है । यथा– पांच ज्ञानावरण, आठ दर्शनावरण, साता व असाता वेदनीय, अट्ठाईस मोहनीय, नारकायु, देवायु, तिर्यगायु, मनुष्यायु, चार गतियां, चार जातियां, औदारिक, वैक्रियिक व आहारक शरीर तथा उनके अंगोपांग, बन्धन व संघात, छह संस्थान, छह संहनन, अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस तथा मृदु व लघु स्पर्श चार आनुपूर्वियां, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, अयश-कीर्ति और नीचगोत्र; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र होता है । उनकी अनुत्कृष्ट उदीरणाका अंतर नहीं होता । विशेष इतना है कि सम्यग्मिथ्यात्व, आहारकचतुष्क और तीन आनुपूर्वियोंकी अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय तथा उत्कर्षसे क्रमशः सम्यग्मिथ्यात्वका पल्योपमके असंख्यातवें भाग, आहारकचतुष्कका वर्षपृथक्त्व, और तीन आनुपूर्वियोंका चौबीस अन्तर्मुहूर्त मात्र होता है । अचक्षुदर्शनावरणकी उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट उदीरणाका अन्तर नहीं होता ।

तैजस व कार्मण शरीर, उनके बंधन व संघात, प्रशस्त वर्ण, गंध, रस तथा स्निग्ध व उष्ण

✿ अप्रतौ 'उक्क० पलिदो० असंखे० भागवासपुधत्तं', काप्रतौ 'उक्क० पलि० वासपुधत्तं', ताप्रतौ 'उक्क० पलिदोकमवासपुधत्तं' इति पाठः। ⊡ ओघेण सव्वपयडी उक्क० अणुभागुदी० अंतरं जह० एगस० उक्क० उसंखेज्जा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसकित्ति-णिमिणुच्चागोदाणं उक्कस्साणुभागुदीर-णंतरं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण छम्मासा। अणुक्कस्साए णत्थि अंतरं। एवं तित्थयरस्स। णवरि उक्कस्साणु० उदी० उक्कस्सेण वासपुधत्तं। थावर-सुहुमेइंदिय-जादि□-साहारणसरीरपंचंतराइयाणं उक्कस्साणुक्कस्सअणुभागुदीरणंतरं णत्थि। एवमुक्कस्संतरं समत्तं।

एत्तो जहण्णअणुभागउदीरणंतरं। तं जहा- आभिणिबोहियणाणावरणीय-सुद-णाणावरणीय-मणपज्जवणाणावरणीय-चक्खुदंसणावरणीयाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जाणि वस्साणि♠। ओहिणाणावरणीय-ओहिदंसणा-वरणीयाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं पि जह० एगसमओ, उक्क०संखेज्जाणि वस्साणि। केवलणाणावरणीय-केवलदंसणावरणीय--लोहसंजलण--अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस--फास--अथिर-असुह-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह०एगसमओ उक्क० छम्मासा। णिद्दा-पयलाणं जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जवस्साणि। सम्मत्तस्स जह०एगसमओ, उक्क० छम्मासा। इत्थि-णवुंसयवेदाणं जह० एगसमओ, उक्क० संखे० वस्साणि।

स्पर्श, अगुरुलघु, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशकीर्ति, निर्माण और ऊंचगोत्र; इनकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास प्रमाण होता है। इनकी अनुत्कृष्ट उदीरणाका अन्तर नहीं होता। इसी प्रकारसे तीर्थंकर प्रकृतिके सम्बन्धमें भी कहना चाहिए। विशेष इतना है कि उसकी उत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर उत्कर्षसे वर्ष-पृथक्त्व मात्र होता है। स्थावर, सूक्ष्म, एकेन्द्रियजाति, साधारणशरीर और पांच अन्तराय; इनकी उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरणाका अन्तर नहीं होता। इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर समाप्त हुआ।

यहां जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर कहा जाता है। यथा- आभिनिबोधिकज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और चक्षुदर्शनावरणकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात वर्ष मात्र होता है। अवधिज्ञानावरण और अवधि-दर्शनावरणकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर भी जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात वर्ष मात्र होता है। केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, संज्वलनलोभ, अप्रशस्त वर्ण गंध, रस, व स्पर्श, अस्थिर, अशुभ, और पांच अन्तरायकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास प्रमाण होता है। निद्रा और प्रचलाकी जघन्य उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात वर्ष मात्र होता है। सम्यक्त्व प्रकृतिकी उक्त उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास प्रमाण होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी उक्त उदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात वर्ष मात्र होता है। पुरुषवेद और संज्वलन क्रोध, मान व मायाकी जघन्य अनुभागउदीरणाका अन्तर जघन्यसे एक समय और

लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं। णवरि सम्मामि० णाणक्क० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असं० भागो। जयध. प्रे. ब. पृ. ५४८८. □ अ-काप्रत्योः 'जदि' इति पाठः। ♠ ताप्रतौ 'संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरिसवेद-कोध-माण माया संजलणाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० वासं सादिरेयं ।

णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धि-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त-बारसकसाय-छण्णोकसाय-णिरय-देव-मणुसाउ-णिरयगइ-मणुसगइ-देवगइ-चदुजादि-णिरय-देव-मणुस्साणुपुव्वी-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-तब्बंधण-संघाद-तिण्णिअंगोवंग --पंचसंठाण--छसंघडणपसत्थवण्ण-गंध-रस-फासमउअ-लहुअ-अगुरुअलहुअ*-आदाव-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-णिमिणुच्चागोदाणं जहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । कक्खड-गरुआणं जह० एगसमओ, उक्क० वासपुधत्तं । तिरिक्खाउ-तिरिक्खगइ-एइंदियजादि-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-ओरालियसरीर--तब्बंधण-संघाद--हुंडसंठाण--उवघाद-परघाद--उज्जोव-उस्सास-थावर-सुहुम-बादर-पज्जत्त-पत्तेय-साहारणसरीर-जसगित्ति-अजसगित्ति-दुभग-अणादेज्ज-णीचुच्चागोद-तित्थयराणं जहण्णाजहण्ण० णत्थि । णवरि तित्थयर०* अजहण्णाणुभागुदीरणंतरं जह० एगसमओ, उक्क० वासपुधत्तं । एवमंतरं समत्तं ।

सण्णियासो दुविहो उक्कस्सपदसण्णियासो जहण्णपदसण्णियासो चेदि । तत्थ* उक्कस्सपदसण्णियासो दुविहो सत्थाण-परत्थाणसण्णियासभेदेण । तत्थ सत्थाणे पयदं ।

उत्कर्षसे साधिक एक वर्ष मात्र होता है ।

हाणि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि। सुद-मणपज्जव-केवलणाणावरण-केवलदंसणावरण-चक्खुदंसणावरण-णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धि-णिद्दा-पयला-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसायाणं णवणोकसाय-णिरय-तिरिक्ख-मणुस-देवाउ-णिरयगइ[1]-तिरिक्ख-मणुस-देवगइ-पंचजादि-ओरालिय-वेउव्विय-आहारसरीर ओरालिय-वेउव्विय-आहार-सरीरअंगोवंग-तिण्णिबंधण-संघाद-छसंठाण-छसंघडण-चत्तारिआणुपुव्वी-उवघाद-परघाद-आदावुज्जोव-उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय[2]-साहारणसरीर-अथिर-असुह-अजसगित्ति-दुभग-सुस्सर-दुस्सर-[3]-अणादेज्ज-णीचागोदाणं उक्कस्सपदणिक्खेवप्पाबहुअस्स मदि-णाणावरणभंगो। ओहिणाणावरण-ओहिदंसणावरणाणं उक्क० वड्ढी थोवा। अवट्ठाणं विसेसाहियं। हाणी विसेसाहिया। अचक्खुदंसणावरणस्स सव्वत्थोवमुक्कस्समवट्ठाणं[*]। हाणी अणंतगुणा। वड्ढी अणंतगुणा। पंचण्णमंतराइयाणं अचक्खुदंसणावरणभंगो सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं उक्कस्सहाणि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि थोवाणि। उक्क० वड्ढी अणंतगुणा। तेजा-कम्मइयसरीर-पसत्थवण्ण-गंध-रस-णिद्धुण्ह-अगुरुअलहुअ-थिर-सुभ-जसगित्ति-सुभग-आदेज्ज-उच्चगोदाणं उक्कस्सिया हाणी थोवा। अवट्ठाणमणंतगुणं। उक्क० वड्ढी अणंतगुणा। अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-सीद-

---

उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है। उसकी हानि और अवस्थान दोनों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं। श्रुतज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, चक्षुदर्शनावरण, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, निद्रा, प्रचला, साता व असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, नारकायु, तिर्यगायु, मनुष्यायु, देवायु, नरकगति, तिर्यग्गति, मनुष्यगति, देवगति, पांच जातियां, औदारिक, वैक्रियिक व आहारक शरीर औदारिक, वैक्रियिक व आहारक शरीरांगोपांग; तीन बन्धन और संघात, छह संस्थान, छह संहनन, चार आनुपूर्वियां, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त व अपर्याप्त, प्रत्येकशरीर, साधारणशरीर, अस्थिर, अशुभ, अयशकीर्ति, दुर्भग सुस्वर, दुस्वर अनादेय और नीचगोत्र; इनके उत्कृष्ट-पद-निक्षेपविषयक अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। अवधिज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है। अवस्थान उससे विशेष अधिक है। हानि विशेष अधिक है। अचक्षुदर्शनावरणका उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है। हानि अनन्तगुणी है। वृद्धि अनन्तगुणी है। पांच अन्तरायोंकी प्ररूपणा अचक्षुदर्शनावरणके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं। उत्कृष्ट वृद्धि अनन्तगुणी है। तैजस व कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्ण, गन्ध व रस, स्निग्ध, उष्ण, अगुरुलघु, स्थिर, शुभ, यशकीर्ति सुभग, आदेय और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। उनका उत्कृष्ट अवस्थान अनन्तगुणा है। उत्कृष्ट वृद्धि अनन्तगुणी है। अप्रशस्त वर्ण, गन्ध व रस, शीत, रूक्ष, कर्कश, गुरु, मृदु और लघु; इनके उक्त

---

[1] अप्रतौ 'देवाउ वि णिरयगइ' इति पाठः। [2] अ-काप्रत्योः 'पज्जत्तापत्तेय' इति पाठः।
[3] ताप्रतौ 'दुस्सर-पुस्सर-' इति पाठः। [*] अप्रतौ '-मुवट्ठाणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लुक्ख-कक्खड-गरुअ-मउअ-लहुआणं च मदिणाणावरणभंगो । अपज्जत्तणामाए उक्क० वड्ढी थोवा । हाणि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि ।

जहण्णपदणिक्खेवे अप्पाबहुअं । तं जहा– आभिणि-सुद-ओहि-मणपज्जवणाणावरणीय-चक्खु-अचक्खु-ओहिदंसणावरणीयाणं जह० वड्ढी जह० हाणी जहण्णमवट्ठाणं च तिण्णि वि तुल्लाणि, तेणेत्थ अप्पाबहुअं णत्थि । केवलणाण-केवलदंसणावरणाणं जहण्णिया हाणी थोवा । अवट्ठाणमणंतगुणं । वड्ढी अणंतगुणा । पंचदंसणावरण–सादासादाणं जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि तुल्लाणि, तेणेत्थ अप्पाबहुअं णत्थि । मिच्छत्त–सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-कक्खड-मउअ-लहुआणं जहण्णिया हाणी थोवा । वड्ढि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि अणंतगुणाणि । बारसकसायाणं मिच्छत्तभंगो । चदुसंजलण–तिण्णिवेद-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुंछाणं जह० हाणी थोवा । वड्ढी अणंतगुणा । अवट्ठाणमणंतगुणं । चदुण्णमाउआणं चदुण्णं गदीणं पंचण्णं जादीणं सादभंगो । ओरालियसरीर-ओरालियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं जह० वड्ढी थोवा । हाणी अणंतगुणा । अवट्ठाणमणंतगुणं । वेउव्वियआहारसरीर-वेउव्विय-आहारसरीरंगोवंग–बंधण-संघा–दाणं जह० वड्ढी थोवा । हाणि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि अणंतगुणाणि । छसंठाण-छसंघडण-उवघाद-पत्तेय-साहारणसरीराणं ओरालियसरीरभंगो । तेजाकम्मइयसरीर-पसत्थ–वण्ण–गंध–रस–फासआणुपुव्वीचउक्क–अगुरुवलहुअ–उस्सास–पसत्थापसत्थ–

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । अपर्याप्त नामकर्मकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है । उसकी हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं ।

जघन्य-पद-निक्षेपके विषयमें अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है । यथा– आभिनिबोधिकज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और अवधिदर्शनावरणकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं; इसीलिये उनमें अल्पबहुत्व सम्भव नहीं है । केवलज्ञानावरण और केवलदर्शनावरणकी जघन्य हानि स्तोक है । उनका जघन्य अवस्थान उससे अनन्तगुणा है । वृद्धि अनन्तगुणी है । पांच दर्शनावरण तथा साता व असाता वेदनीयकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं; इसलिये इनमें अल्पबहुत्व नहीं है । मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, कर्कश, मृदु और लघु; इन प्रकृतियोंकी जघन्य हानि स्तोक है । वृद्धि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व अनन्तगुणे हैं । बारह कषायोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा मिथ्यात्वके समान है । चार संज्वलन, तीन वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी जघन्य हानि स्तोक है । वृद्धि अनन्तगुणी है । अवस्थान अनन्तगुणा है । चार आयु कर्मों, चार गतियों और पांच जातियोंकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है । औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, औदारिकबन्धन व औदारिकसंघातकी जघन्य वृद्धि स्तोक है । हानि अनन्तगुणी है । अवस्थान अनन्तगुणा है । वैक्रियिक व आहारक शरीर, वैक्रियिक व आहारक शरीरांगोपांग तथा उनके बन्धन और संघातकी जघन्य वृद्धि स्तोक है । हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व अनन्तगुणे हैं । छह संस्थान, छह संहनन, उपघात, प्रत्येकशरीर और साधारणशरीरकी प्ररूपणा औदारिकशरीरके समान है । तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, चार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विहायगइ-तस-थावर--बादर-सुहुम--पज्जत्तापज्जत्त-थिर-सुभ-सुभग-दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-अणादेज्ज-जसकित्ति-अजसकित्ति-णिमिण-णीचुच्चागोदाणं जहण्ण-वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि तिण्णि वि तुल्लाणि । अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-अथिर-असुहणामाणं जहण्णिया हाणी थोवा । अवट्ठाणमणंतगुणं । वड्ढी अणंत-गुणा । पंचण्णमंतराइयाणं जह० वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि सरिसाणि । एवं पदणिक्खेवो समत्तो ।

एत्तो वड्ढिउदीरणा । तं जहा- मदिणाणावरणस्स अत्थि अणंतभागवड्ढि-उदीरणा असंखेज्जभागवड्ढिउदीरणा संखेज्जभागवड्ढिउदीरणा संखेज्जगुणवड्ढि-उदीरणा असंखेज्जगुणवड्ढिउदीरणा अणंतगुणवड्ढिउदीरणा अणंतभागहाणिउदी-रणा असंखेज्जभागहाणिउदीरणा संखेज्जभागहाणिउदीरणा संखेज्जगुणहाणिउदीरणा असंखेज्जगुणहाणिउदीरणा अणंतगुणहाणिउदीरणा अवट्ठिदउदीरणा चेदि । एवं सव्वेसिं कम्माणं तेरस पदाणि होंति । अवत्तव्वउदीरणाए सह केसिं चि✪ चोद्दस पदाणि । एवं समुक्कित्तणा समत्ता ।

एत्तो सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं अप्पाबहुए त्ति एदाणि अणुयोगद्दाराणि जहा अणुभागवड्ढिबंधे परूविदाणि तहा एत्थ परूवेयव्वाणि । पुणो अणुभागउदीरणट्ठाणपरूवणा जीवसमुदाहारो च परूवेयव्वो । एवमणुभागउदीरणा समत्ता ।

आनुपूर्वी नामकर्म, अगुरुलघु, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर' सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, स्थिर, शुभ, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुस्वर, आदेय, अनादेय, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, निर्माण, नीच और ऊंच गोत्र; इनकी जघन्य हानि, वृद्धि और अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं । अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, अस्थिर और अशुभ नामकर्मोंकी जघन्य हानि स्तोक है । अवस्थान अनन्तगुणा है । वृद्धि अनन्तगुणी है । पांच अन्तराय कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान सदृश हैं । इस प्रकार पदनिक्षेप समाप्त हुआ ।

इसके आगे वृद्धि-उदीरणाकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है- मतिज्ञानावरणकी अनन्तभागवृद्धिउदीरणा, असंख्यातभागवृद्धिउदीरणा, संख्यातभागवृद्धिउदीरणा, संख्यातगुण-वृद्धिउदीरणा, असंख्यातगुणवृद्धिउदीरणा अनन्तगुणवृद्धिउदीरणा, अनन्तभागहानिउदीरणा, असंख्यातभागहानिउदीरणा, संख्यातभागहानिउदीरणा, संख्यातगुणहानिउदीरणा, असंख्यात-गुणहानिउदीरणा, अनन्तगुणहानिउदीरणा और अवस्थितउदीरणा भी होती है । इस प्रकार सब कर्मोंके ये तेरह पद होते हैं । किन्ही कर्मोंके अवक्तव्यउदीरणाके साथ चौदह पद भी होते हैं । इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

यहां स्वामित्व, काल, अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और अल्पबहुत्व; इन अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा जिस प्रकार अनुभागवृद्धिबन्धमें की गयी है उसी प्रकारसे यहां भी प्ररूपणा करना चाहिये । तत्पश्चात् अनुभागउदीरणास्थानप्ररूपणा और जीवसमुदाहारकी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार अनुभागउदीरणा समाप्त हुई ।

✪ अप्रतौ 'केसिं पि' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्तो पदेसउदीरणा दुविहा मूलपयडिपदेसउदीरणा उत्तरपयडिपदेसउदीरणा चेदि । मूलपयडिपदेसउदीरणं चउवीसअणुयोगद्दारेहि मग्गिदूण भुजगार-पदणिक्खेव-वड्ढीसु परूविदासु मूलपयडिपदेसउदीरणा समत्ता होदि ।

उत्तरपयडिपदेसउदीरणाए सामित्तं । तं जहा– मदिआवरणस्स उक्कस्सपदेस-उदीरणा कस्स? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थस्स । सुदावरण-केवलणाण–केवलदंसणचक्खु-अचक्खुदंसणावरण--मणपज्जवणाणावरणाणं मदिणाणावरणभंगो । एवमोहिणाणओहिदंसणावरणाणं पि उक्कस्सपदेसउदीरणा वत्तव्वा । णवरि विणा ओहिलंभेण, पमत्तापमत्तद्धासु ओहिणाणसहेज्जुक्कस्सविसोहीहि ओकड्डिय सुहुमी–कयउदयगोवुच्छत्तादो । णिद्दा-पयलाणमुक्कस्सिया पदेसउदीरणा कस्स ? उवसंत-वीयरागस्स । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धि-सादासादाणं उक्कस्सिया उदीरणा कस्स ? पमत्तसंजदस्स से काले अप्पमत्तगुणं पडिवज्जिहिदि त्ति ट्ठियस्स ।

मिच्छत्त-अणंताणुबंधीणं उक्क० उदीरणा कस्स? चरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स से काले सम्मत्तं संजमं च पडिविज्जहिदि त्ति ट्ठिदस्स । सम्मत्तस्स उक्क० उदीरणा कस्स? समयाहियावलियकदकरणिज्जस्स । सम्मामिच्छत्तस्स उक्क० उदी० कस्स? चरिम-

---

यहां प्रदेशउदीरणा दो प्रकारकी है– मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणा और उत्तरप्रकृतिप्रदेश–उदीरणा । इनमें मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणाको चौबीस अनुयोगद्वारोंके द्वारा खोजकर भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी प्ररूपणा कर चुकनेपर मूलप्रकृतिप्रदेशउदीरणा समाप्त हो जाती है ।

उत्तरप्रकृतिप्रदेशउदीरणामें स्वामित्वकी प्ररूपणा करते है । वह इस प्रकार है–– मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? जिसके अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष रही है उसके मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट प्रदेश–उदीरणा होती है । श्रुतज्ञानावरण, केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और मनःपर्ययज्ञानावरण सम्बन्धी उक्त उदीरणाकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। इसी प्रकार अवधिज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणकी भी उकृष्ट प्रदेशउदीरणाका कथन करना चाहिये । विशेष इतना है कि उसका कथन अवधिलब्धिके बिना करना चाहिये, क्योंकि, प्रमत्त व अप्रमत्त कालोंमें अवधिज्ञानसे सहकृत उत्कृष्ट विशुद्धियोंके द्वारा अपकर्षण करके उदयगोपुच्छाओंको सूक्ष्म किया गया है । निद्रा और प्रचलाकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? वह उपशान्तकषाय वीतरागके होती है । निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, सातावेदनीय व असातावेदनीयकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? जो प्रमत्तसंयत अनन्तर कालमें अप्रमत्त गुणस्थानको प्राप्त होगा, इस अवस्थामें स्थित है; उसके उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा होती है ।

मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायोंकी उत्कृष्ट उदीरणा किसके होती है ? जो अनन्तर कालमें सम्यक्त्व व संयमको प्राप्त होगा, इस स्थितियुक्त अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके उनकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा होती है । सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? जिसके कृतकरणीय होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष रही है उसके सम्यक्त्व प्रकृतिकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स से काले सम्मत्तं पडिवज्जिहिदि त्ति ट्ठियस्स ।

अपच्चक्खाणचउक्कस्स उक्क० उदी० कस्स ? चरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिस्स से काले संजमं पडिवज्जिहिदि त्ति ट्ठियस्स । पच्चक्खाणचदुक्कस्स उक्क० उदी० कस्स ? चरिमसमयसंजदासंजदस्स से काले संजमं पडिवज्जिहिदि त्ति ट्ठियस्स । संजलणकोहस्स उक्कस्सपदेसउदीरणाए को सामी ? खवओ चरिमसमयकोधवेदओ । माणस्स० चरिमसमयमाणवेदओ खवओ । मायाए० खवओ चरिमसमयमायावेदओ । लोभस्स० खवओ समयाहियावलियचरिमसमयसकसाओ । तिण्णं वेदाणं पदेसउदीरणाए ✡ उक्कस्सियाए को सामी ? खवओ अप्पप्पणो वेदस्स समयाहियावलियचरिमसमयवेदगो । छण्णं णोकसायवेदणीयाणमुक्कस्सउदीरणाए ✡ को सामी ? खवओ सव्वविसुद्धो चरिमसमयअपुव्वकरणो ।

णिरयाउअस्स उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? जो तेत्तीससागरोवमाउट्ठिदीओ णेरइओ उक्कस्सए असादोदए वट्टमाणओ । मणुस-तिरिक्खाउआणं उक्कस्सपदेउदीरओ

उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा होती है । सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? जो अनन्तर कालमें सम्यक्त्वको प्राप्त होगा, ऐसी स्थिति युक्त अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टिके उसकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा होती है ।

अप्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? जो अनन्तर कालमें संयमको प्राप्त होगा, ऐसी स्थितियुक्त अन्तिम समयवर्ती असंयत सम्यग्दृष्टिके उक्त उदीरणा होती है । प्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणा किसके होती है ? जो अनन्तर कालमें संयमको प्राप्त होगा, ऐसी स्थितियुक्त अन्तिम समयवर्ती संयतासंयतके उक्त उदीरणा होती है । संज्वलनक्रोधकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाका स्वामी कौन होता है ? उसका स्वामी अन्तिम समयवर्ती क्रोधका वेदक क्षपक होता है । संज्वलनमानकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाका स्वामी अन्तिम समयवर्ती मानका वेदक क्षपक होता है । संज्वलनमायाकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाका स्वामी अन्तिम समयवर्ती मायाका वेदक क्षपक होता है । संज्वलनलोभकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाका स्वामी ऐसा क्षपक जीव होता है जिसके अन्तिम सममवर्ती सकषाय रहनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष रही है । तीन वेदोंकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाका स्वामी कौन होता है ? उसका स्वामी ऐसा क्षपक जीव होता है जिसके अपने अपने वेदके अन्तिम समयवर्ती वेदक होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है । छह नोकषाय वेदनीयोंकी उत्कृष्ट प्रदेशउदीरणाका स्वामी कौन होता है ? उसका स्वामी सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती अपूर्वकरण क्षपक होता है ।

नारकायुका उत्कृष्ट प्रदेशउदीरक कौन होता है ? तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुस्थितिवाला जो नारकी जीव उत्कृष्ट असातोदयमें वर्तमान है वह उसका उत्कृष्ट प्रदेशउदीरक होता है । मनुष्यायु और तिर्यगायुका उत्कृष्ट प्रदेशउदीरक कौन होता है ? आठ वर्ष प्रमाण आयुवाला

✡ अ-काप्रत्योः ' उदीरणा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को होदि । जो अट्ठवस्सिओ अट्ठवस्सओ✿ जादो उक्कस्सए✱ असादोदए वट्टमाणओ। देवाउअस्स उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? जो दसवस्ससहस्साउओ उक्कस्सए✿ असादोदए वट्टमाणो ।

णिरयगइणामाए उक्कस्सपदेसस्स उदीरगो को होदि ? णेरइओ सम्माइट्ठी सव्वविसुद्धो । तिरिक्खगइणामाए उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? संजदासंजदो सव्वविसुद्धो । देवगइणामाए उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? देवसम्माइट्ठी सव्वविसुद्धो । मणुसगइ-पंचिंदियजादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-तप्पाओग्ग-अंगोवंग-बंधण-संघाद-छसंठाण-पढमसंघडण-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-उवघाद-परघाद-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-आदेज्ज-जसगित्ति-तित्थयर-णिमिणुच्चागोदाणं उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? चरिमसमयसजोगिकेवली । वेउव्विय-आहारसरीर-वेउव्विय-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघादाणमुक्कस्सपदेसउदीरओ✆ को होदि ? संजदो सव्वविसुद्धो ।

पंचण्णं संघडणाणमुक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि । संजदो तप्पाओग्गविसुद्धो । चदुण्णमाणुपुव्वीणमुक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? तप्पाओग्गविसुद्धो सम्माइट्ठी ।

जो जीव आठ वर्षका होकर उत्कृष्ट असातोदयमें वर्तमान है वह उनका उत्कृष्ट प्रदेशउदीरक होता है । देवायुका उत्कृष्ट प्रदेशउदीरक कौन होता है ? दस हजार वर्ष प्रमाण आयुवाला जो देव उत्कृष्ट असातोदयमें वर्तमान है वह देवायुका उत्कृष्ट प्रदेशउदीरक होता है ।

नरकगति नामकर्म सम्बन्धी उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक सर्वविशुद्ध नारक सम्यग्दृष्टि होता है । तिर्यग्गति नामकर्म सम्बन्धी उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक सर्वविशुद्ध संयतासंमत (तिर्यंच) होता है। देवगति नामकर्म सम्बन्धी उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक सर्वविशुद्ध देव सम्यग्दृष्टि होता है। मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, औदारिक, तैजस व कार्मण शरीर तथा तत्प्रायोग्य अंगोपांग, बन्धन व संघात, छह संस्थान, प्रथम संहनन, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, आदेय, यशकीर्ति, तीर्थंकर, निर्माण और उच्चगोत्र; इनके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उनके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक चरम समयवर्ती संयोगकेवली होता है। वैक्रियिक व आहारक शरीर तथा उनके योग्य अंगोपांग, बन्धन व संघातके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उनके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक सर्वविशुद्ध संयत जीव होता है ।

पांच संहननोंके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वह तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त संयत होता है। चार आनुपूर्वियोंके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वह तत्प्रायोग्य

✿ प्रतिषु ' अट्ठवस्स ' इति पाठः। ✱ अ-काप्रत्योः ' असादोदएण ', ताप्रतौ ' असादोएण (ण)' इति पाठः। ✿ अ-काप्रत्योः ' उक्कस्स ' इति पाठः। ✆ अप्रतौ ' उदीरणा ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदावणामाए उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? पुढवीजीवो सव्वविसुद्धो। उज्जोवणामाए उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? वेउव्वियउत्तरसरीरो संजदो सव्वविसुद्धो। उस्सासणामाए✡ उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? चरिमसमयउस्सासणिरोहकारओ✡ सजोगी। अजसगित्ति-दुभग-अणादेज्ज-णीचागोदाणं उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? सव्वविसुद्धो असंजदसम्मामिच्छाइट्ठी से काले संजमं पडिवज्जिहिदि त्ति। बेइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियजादिणामाणमुक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? जहाकमेण बेइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियसव्वविसुद्धो। एइंदिय-थावर-साहारणसरीराणमुक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? बादरेइंदियसव्वविसुद्धो। सुहुमणामाए उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? सुहुमेइंदिय-सव्वविसुद्धो*। अपज्जत्तणामाए उक्कस्सपदेसउदीरओ को होदि ? मणुस्सो उक्कस्सियाए अपज्जत्तणिव्वत्तीए उववण्णो चरिमसमयतब्भवत्थो सव्वविसुद्धो।

पंचण्णमंतयाइराणमुक्कस्सपदेस० को होदि? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थो। सुस्सर-दुस्सरणामाणं उक्कस्सपदेस० को होदि ? वचिजोगस्स चरिमसमयणिरोह-

---

विशुद्धिको प्राप्त सम्यग्दृष्टि होता है। आतप नामकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वह सर्वविशुद्ध पृथिवीकायिक जीव होता है। उद्योत नामकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? जिसने उत्तर शरीरकी विक्रिया की है ऐसा सर्वविशुद्धसंयत जीव उद्योतके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक होता है। उच्छ्वास नामकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उच्छ्वासनिरोधके अन्तिम समयमें वर्तमान सयोगकेवली उसके उत्कृष्ट प्रदेशके उदीरक होते हैं। अयशकीर्ति, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक सर्वविशुद्ध असंयत सम्यग्दृष्टि होता है जो कि अनन्तर कालमें संयमको प्राप्त होगा। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जातिनामकर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उनके उत्कृष्ट प्रदेशके उदीरक यथाक्रमसे सर्वविशुद्ध द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीव होते हैं। एकेन्द्रिय, स्थावर और साधारणशरीरके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वह सर्वविशुद्ध बादर एकेन्द्रिय जीव होता है। सूक्ष्म नामकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वह सर्वविशुद्ध सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव होता है। अपर्याप्त नामकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? जो उत्कृष्ट अपर्याप्त निर्वृत्तिसे उत्पन्न होकर तद्भवस्थ रहनेके अन्तिम समयमें वर्तमान है ऐसा सर्वविशुद्ध मनुष्य अपर्याप्तके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक होता है।

पांच अन्तराय कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? जिसके चरम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष रही है ऐसा जीव उनके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक होता है। सुस्वर व दुस्वर नामकर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वचनयोगनिरोधके अन्तिम समयमें वर्तमान सयोगकेवली उन दो प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशके उदीरक

✡ अ-काप्रत्योः 'उक्कस्सामाणाए' इति पाठः। ✡ अ-काप्रत्योः 'णिरोहोकारओ' इति पाठः। * ताप्रतौ 'इंदिओ सव्वविसुद्धो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कारओ सजोगिकेवली । एवमुक्कस्सं सामित्तं समत्तं ।

एत्तो जहण्णयं सामित्तं । तं जहा– मदि-सुद-मणपज्जव-केवलणाणावरण–चक्खु-अचक्खु-केवलदंसणावरणाणं जहण्णपदेसउदीरओ ♠ को होदि? उक्कस्ससंकिलिट्ठो । ओहिणाणावरण-ओहिदंसणावरणाणं जहण्णपदेसुदीरओ ▣ को होदि ? पंचिंदियो उक्कस्ससंकिलिट्ठो जस्स ओहिलंभो अत्थि सो जहण्णपदेसउदीरओ । दंसणावरणपंचयस्स जहण्णपदेसउदीरओ को होदि ? सण्णिपंचिंदिओ पज्जत्तो तप्पाओग्गसंकिलिट्ठो ।

सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसायाणं जहण्णपदेसउदीरओ को होदि ? उक्कस्ससंकिलिट्ठो । सम्मत्तस्स जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? वेदगसम्माइट्ठी असंजदो से काले मिच्छत्तं पडिवज्जंतओ । सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णपदेस० को होदि ? सम्मामिच्छाइट्ठी से काले मिच्छत्तं पडिवज्जंतओ । णिरयाउअस्स जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? दसवस्ससहस्साउओ उक्कस्सए सादोदए वट्टमाणओ णेरइयो । तिरिक्खम–णुस्साउआणं जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? जहाकमेण मणुस्स-तिरिक्खा ✿ तिपलिदो-

---

होते हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

यहां जघन्य स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है– मतिज्ञानावरण, श्रुत ज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, केवलज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और केव–लदर्शनावरणके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उनके जघन्य प्रदेशका उदीरक उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ जीव होता है । अवधिज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? जिसके अवधिलब्धि है ऐसा उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ जीव उन दो प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है । निद्रा आदि पांच दर्शनावरण प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? वह तत्प्रायोग्य संक्लेशको प्राप्त हुआ संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव होता है ।

सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है। उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ जीव इनके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है । सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? अनन्तर कालमें मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाला वेदकसम्यग्दृष्टि असंयत जीव सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है । सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक अनन्तर कालमें मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाला सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव होता है ।

नारकायुके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक दस हजार वर्षकी आयुवाला व उत्कृष्ट सातोदयमें वर्तमान नारक जीव होता है । तिर्यंगायु व मनुष्यायुके जघन्य प्रदे-शका उदीरक कौन होता है? तीन पल्योपम प्रमाण आयुस्थितिवाले एवं उत्कृष्ट सातोदयमें

♠ अ-काप्रत्योः ' उदीरणा ' इति पाठः । ▣ अप्रतौ ' उदीरणा ' इति पाठः । ✿ ताप्रतौ ' मणुस्स (सो) तिरिक्ख (क्खो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वमाउट्ठिदीया उक्कस्सए▣ सादोदए वट्टमाणा✲ । देवाउअस्स जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? देवो तेत्तीससागरोवमाउओ उक्कस्सए सादोदए वट्टमाणओ ।

चत्तारिगदि-पंचजादि-चत्तारिसरीर-तप्पाओग्गअंगोवंग-बंधण-संघाद-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-उवघाद-परघाद--उज्जोव✿--उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिराथिर-सुहासुह-सुभग-दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-अणादेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति-णिमिण-णीचुच्चागोद-पंचंतराइयाणं जहण्णपदेस-उदीरओ को होदि? सण्णिपंचिंदिओ पज्जत्तओ उक्कस्ससंकिलिट्ठओ । णवरि गदि-जादीणं अप्पप्पणो जादिवेदओ सव्वसंकिलिट्ठो । छसंट्ठाण-छसंघडणाणं जहण्ण-पदेसउदीरओ को होदि ? अप्पिद--अप्पिदसंठाण♣--संघडणाणं वेदओ उक्कस्ससंकिलिट्ठो ।

आहारसरीर-तप्पाओग्गअंगोवंग-बंधण-संघादाणं जहण्णपदेसउदीरओ को होदि ? पमत्तसंजदो उट्ठाविदआहारसरीरो तप्पाओग्गसंकिलिट्ठो । चदुण्णमाणुपुव्वीणं जहण्ण-पदेसउदीरओ को होदि? तप्पाओग्गसंकिलिट्ठो विग्गहगदीए वट्टमाणओ। आदावणा-माए जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? पुढवीजीवो पज्जत्तो सव्वसंकिलिट्ठो । थावर-

---

वर्तमान मनुष्य व तिर्यंच यथाक्रमसे उन दो आयुकर्मोंके जघन्य प्रदेशके उदीरक होते हैं । देवायुके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता ? उसका उदीरक तेतीस सागरोपम प्रमाण आयु-वाला व उत्कृष्ट सातोदयमें वर्तमान ऐसा देव होता है ।

चार गतिनामकर्म, पांच जातिनामकर्म, चार शरीर और तत्प्रायोग्य आंगोपांग, बन्धन एवं संघात नामकर्म, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उद्योत, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुस्वर, आदेय, अनादेय, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, निर्माण, नीच गोत्र, ऊंच गोत्र और पांच अन्तराय; इनके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव उक्त प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है । विशेषतः इतनी है कि गति व जाति नामकर्मोंके अपनी अपनी जातिका वेदक सर्वसंक्लिष्ट जीव उनके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है। छह संस्थानों और छह संहननोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? विवक्षित विवक्षित संस्थान व संहननका वेदक प्राणी उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होता हुआ उनके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है ।

आहारकशरीर और तत्प्रायोग्य आंगोपांग, बन्धन व संघातके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक आहारकशरीरको उत्पन्न करनेवाला तत्प्रायोग्य संक्लेशको प्राप्त हुआ प्रमत्तसंयत जीव होता है । चार आनुपूर्वी नामकर्मोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? उसका उदीरक तत्प्रायोग्य संक्लेशको प्राप्त हुआ विग्रहगतिमें वर्तमान जीव होता है । आतप नामकर्मके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है ? सर्वसंक्लिष्ट पृथिवीकायिक पर्याप्त

▣ अ-काप्रत्योः ' -द्विदीयादिउक्कस्सए ', ताप्रतौ ' -द्विदीयादि (यो) उक्कस्सए ' इति पाठः ।
✲ ताप्रतौ ' वट्टमाणओ ' इति पाठः । ✿ ताप्रतौ ' उवघाद-उज्जोव ' इति पाठः ।
♣ ताप्रतौ ' अप्पिदअणप्पिदसंठाण- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साहारणणामाणं जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? बादरेइंदिओ सव्वसंकिलिट्ठो। सुहुमणामाए जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? सुहुमेइंदिओ सव्वसंकिलिट्ठो। अपज्जत्तणामाए जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? मणुस्सो उक्कस्सियाए अपज्जत्तणिव्वत्तीए उववण्णो चरिमसमयतब्भवत्थो उक्कस्ससंकिलिट्ठो। तित्थयरस्स जहण्णपदेसउदीरओ को होदि? पढमसमयकेवलिमादिं कादूण जाव आवज्जिदकरणस्स अकात्ति। एवं जहण्णसामित्तं समत्तं। एगजीवेण कालो अंतरं च सामित्तादो रओ साहेदूण भाणियव्वं।

णाणाजीवेहि भंगविचओ दुविहो उक्कस्सपदभंगविचओ जहण्णपदभंगविचओ चेदि। एदेसिं दोण्णं पि भंगविचयाणं अट्ठपदं सामित्तादो साहेदूण भाणियव्वं। णाणाजीवेहि कालो अंतरं च सामित्तादो साहेदूण भाणिदव्वं।

एत्तो साणिण्सयासो दुविहो सत्थाणसण्णियासो परत्थाणसण्णियासो चेदि।तत्थ सत्थाणसण्णियासो। तं जहा--मदिआवरणस्स उक्कस्सपदेसमुदीरेंतो सुद-मणपज्जवकेवलणाणावरणाणं णियमा उक्कस्सपदेसमुदीरेदि*। ओहिणाणावरणस्स सिया उक्कस्सं सिया अणुक्कस्सं उदीरेदि। जदि अणुक्कस्सं णियमा असंखेज्जगुणहीणं। एवं सेस--

---

जीव आतपके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है। स्थावर और साधारण नामकर्मोंके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है? वह सर्वसंक्लेशको प्राप्त हुआ बादर एकेन्द्रिय जीव होता है। सूक्ष्म नामकर्मके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है? वह सर्वसंक्लेशको प्राप्त हुआ सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव होता है। अपर्याप्त नामकर्मके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है? जो उत्कृष्ट अपर्याप्त निर्वृत्तिसे उत्पन्न होकर तद्भवस्थ रहनेके अन्तिम समयमे वर्तमात है ऐसा उत्कृष्ट संक्लेशको प्राष्त हुआ मनुष्य अपर्याप्तके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य प्रदेशका उदीरक कौन होता है? प्रथम समयवर्ती केवलीको आदि करके जब तक वह आवर्जित करणको नहीं करता है तब तक तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य प्रदेशका उदीरक होता है। इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ। एक जीवकी अपेक्षा काल और अन्तरकी प्ररूपणा स्वामित्वसे सिद्ध करके कहलाना चाहिये या पढवाना चाहिये।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय दो प्रकार है– उत्कृष्ट-पद-भंगविचय और जघन्य-पद-भंगविचय। इन दोनों ही भंगविचयोंके अर्थपदका कथन स्वामित्वसे सिद्ध करके करना चाहिये। नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और अन्तरका भी कथन स्वामित्वसे सिद्ध करके (शिष्योंसे) कहलाना चाहिये।

यहां संनिकर्ष दो प्रकार है– स्वस्थान संनिकर्ष और परस्थान संनिकर्ष। इनमें स्यस्थान संनिकर्ष प्ररूपणा करते हैं। यथा--- मतिज्ञानावरणके उत्कृष्ट प्रदेशकी उदीरणा करनेवाला नियमसे श्रुतज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरणके उत्कृष्ट प्रदेशकी उदीरणा करता है। वह अवधिज्ञानावरणके कदाचित् उत्कृष्ट और कदाचित् अनुत्कृष्ट प्रदेशकी उदीरणा करता है। यदि वह उसके अनुत्कृष्ट प्रदेशकी उदीरणा करता है तो नियमसे असंख्यातगुणे हीनकी करता है। इसी प्रकार शेष चार ज्ञानावरण प्रकृतियोंकी विवक्षामें भी संनिकर्षका कथन

---

* प्रतिषु ' आकारओ ' इति पाठः। ** ताप्रतौ ' उक्कस्सपदमुदीरेदि ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुण्णमावरणाणं पि वत्तव्वं ।

मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेसमुदीरेंतो अणंताणुबंधिकोधस्स सिया उदीरओ सिया अणुदीरओ । जदि उदीरओ उक्कस्समणुक्कस्सं वा उदीरेदि । जदि अणुक्कस्सं असंखेज्जभागहीणं संखे० भागहीणं संखे० गुणहीणं☒ असंखे० गुणहीणं वा उदीरेदि । एवमुक्कस्ससण्णियासो जाणिदूण णेदव्वो ।

जहण्णपदसण्णियासं वत्तइस्सामो । तं जहा--मदिआवरणस्स जहण्णपदेसउदीरओ✱ सुदआवरणस्स जहण्णमजहण्णं वा उदीरेदि । जदि अजहण्णं तो चउट्ठाणपदिदमुदीरेदि । एदेण बीजपदेण जहण्णपदसण्णियासो वत्तव्वो । एवं परत्थाणसण्णियासो वि जहण्णुक्कस्सपदभेयभिण्णो णेयव्वो । एवं सण्णियासो समत्तो । एत्थेव अप्पाबहुअं जाणिदूण भाणियव्वं ।

पदेसभुजगारउदीरणाए अट्ठपदं–अणंतरहेट्ठिमसमए उदीरिद♥पदेसग्गादो एण्हि✱ मुदीरिज्जमाणपदेसग्गं जदि बहुअं होदि तो एसा भुजगारउदीरणा । अणंतरादिक्कंते समए उदीरिदपदेसग्गादो जमेण्हिमुदीरिज्जमाणपदेसग्गं जइ थोवं होदि तो एसा अप्पदरउदीरणा । जदि दोसु वि समएसु तत्तियं चेव उदीरेदि तो एसा अवट्ठिदउदीरणा ।

करना चाहिये ।

मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेशकी उदीरणा करनेवाला अनन्तानुबंधी क्रोधका कदाचित् उदीरक और कदाचित् अनुदीरक होता है । यदि वह उदीरक होता है तो उत्कृष्ट प्रदेशका उदीरक होता है । यदि वह अनुत्कृष्टकी उदीरणा करता है तो असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन संख्यातगुणहीन अथवा असंख्यातगुणहीनकी उदीरणा करता है । इस प्रकार उत्कृष्ट संनिकर्षको जानकर ले जाना चाहिये ।

जघन्य-पद-संनिकर्षकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है–मतिज्ञानावरणके जघन्य प्रदेशका उदीरक श्रुतज्ञानावरणके जघन्य अथवा अजघन्य प्रदेशकी उदीरणा करता है । यदि वह अजघन्य प्रदेशकी उदीरणा करता है तो वह चतुःस्थानपतित (असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन, संख्यातगुणहीन व असंख्यातगुणहीन) की उदीरणा करता है । इस बीजपदसे जघन्य-पद-संनिकर्षका कथन करना चाहिये । इसी प्रकारसे जघन्य व उत्कृष्ट पदभेदोंमें विभक्त परस्थान संनिकर्षको भी ले जाना चाहिये । इस प्रकार संनिकर्ष समाप्त हुआ । यहींपर अल्पबहुत्वकी भी जानकर प्ररूपणा कहलाना चाहिये ।

प्रदेश-भुजाकार-उदीरणामें अर्थपद--अनन्तर अधस्तन समयमें उदीरित प्रदेशाग्रसे इस समय उदीर्यमाण प्रदेशाग्र यदि बहुत होता है तो यह भुजाकर उदीरणा कही जाती है । अनन्तर अतीत समयमें उदीरित प्रदेशाग्रसे यदि इस समय उदीर्यमाण प्रदेशाग्र स्तोक होता है तो यह अल्पतर उदीरणा कहलाती है । यदि दोनों ही समयोंमें उतने मात्र ही प्रदेशाग्रकी उदीरणा की

☒ ताप्रतौ 'असंखे० भागहीणं संखे० गणहीणं' इति पाठः । ✱ अप्रतौ 'पदेसमुदीरओ' इति पाठः ।
♥ अ-काप्रत्योः 'उदीरेदि' इति पाठः । ✱ अ-काप्रत्योः 'एण्णि-' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुदीरओ होदूण जदि उदीरगो होदि तो एसा अवत्तव्वउदीरणा ।

सामित्तं– मदिआवरणस्स भुजगारउदीरओ अप्पदरउदीरओ अवट्ठिदउदीरओ वा को होदि ? अण्णदरो । एवं सव्वेसिं कम्माणं । णवरि अवत्तव्वउदीरओ केसिंचि कम्माणं भाणियव्वो । एवं सामित्तं समत्तं ।

एयजीवेण कालो जहा अणुभागउदीरणाए तहा वत्तव्वो♣ । णवरि भवपच्चइए✿ जहा चेव परिणामपच्चएसु तहा कायव्वो । तं जहा– मणुसगदिणामाए पदेसउदीरणाए अवट्ठिदउदीरओ पुव्वकोडिं देसूणं । भवपच्चइयाणमवट्ठिदउदीरयकालं✿ मोत्तूण सेसाणं कम्माणमेयजीवेण कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं च▣ जहा अणुभागउदीरणाए तहा पदेसउदीरणाए♠ वि भुजगारो कायव्वो ।

अप्पाबहुअं । त जहा– मदिआवरणस्स अवट्ठिदउदीरया थोवा । भुजगारउदीरया असंखे० गुणा । अप्पपरउदीरया विसेसाहिया । सेसचदुण्णं णाणावरणीयाणं चदुण्णं दंसणावरणीयाणं च मदिआवरणभंगो । पंचण्णं दंसणावरणीयाणं एवं चेव । णवरि अवट्ठिदउदीरया थोवा । अवत्तव्वउदी० असंखे० गुणा । सम्मत्तस्स सव्वत्थोवा

जाती है तो यह अवस्थित उदीरणा होती है । अनुदीरक हो करके यदि उदीरक होता है तो यह अवक्तव्य उदीरणा कहलाती है ।

स्वामित्व– मतिज्ञानावरणका भुजाकार उदीरक, अल्पतर उदीरक और अवस्थित उदीरक कौन होता है ? अन्यतर जीव उक्त प्रकारका उदीरक होता है । इसी प्रकारसे सब कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि अवक्तव्य उदीरक किन्हीं विशेष कर्मोंका कहना चाहिये । इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा कालका कथन जैसे अनुभागउदीरणामें किया गया है वैसे ही यहां भी करना चाहिये । इतनी विशेषता है कि जिस प्रकार भवप्रत्ययिक प्रकृतियोंका काल कहा है उसी प्रकार यहां परिणामप्रत्ययिक प्रकृतियोंका कहना चाहिए। यथा– मनुष्यगति नामकर्मकी प्रदेशउदीरणाके अवस्थितपदका काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है। भवप्रत्ययिक प्रकृतियोंके अवस्थित पदके उदीरककालको छोडकर शेष कर्मोंका एक जीवकी अपेक्षा काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तर; इनका कथन जिस प्रकार अनुभागउदीरणामें किया है उसी प्रकार यहां प्रदेशउदीरणामें भी भुजाकार पदका आश्रय लेकर करना चाहिए ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है– मतिज्ञानावरणके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं । भुजाकार उदीरक असंख्यातगुणे हैं । अल्पतर उदीरक विशेष अधिक हैं । शेष चार ज्ञानावरण और चार दर्शनावरण प्रकृतियोंके अल्पबहुत्वकी भी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । निद्रा आदि पांच दर्शनावरण प्रकृतियोंके अल्पबहुत्वकी भी प्ररूपणा इसी प्रकार ही है। विशेष इतना है कि इनके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं। अवक्तव्य उदीरक उनसे असंख्यात–

♣ का-ताप्रत्योः ' तहा कायव्वो ' इति पाठः । ✿ अप्रतौ ' भवपच्चएसु ' इति पाठः ।
✿ अ-काप्रत्योः ' उदीरयाकालं ', ताप्रतौ ' उदीरया (य) कालं ' इति पाठः । ▣ ताप्रतौ ' कालो च अतरं ' इति पाठः । ♠ प्रतिषु ' उदीरणाए तप्पदेसउदीरणाए ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवट्ठिदउदी० । अवत्तव्वउ० असंखे० गुणा । अप्पदरउ० असंखे० गुणा । भुजगार० विसेसाहिया । सम्मामिच्छत्तस्स अवट्ठिदउदीरया थोवा । अवत्तव्वउ० असंखे० गुणा । भुजगार-अप्पदरउदीरया तुल्ला असंखे० गुणा । अणुभागउदीरणाए ✡ वि सम्मामिच्छत्तस्स भुजगार-अप्पदरउदीरया तुल्ला कायव्वा । केण कारणेण भुजगार-अप्पदरउदीरयाणं तुल्लत्तं ◻ उच्चदे? जत्तिया मिच्छत्तादो सम्मामिच्छत्तं गच्छंति तत्तिया चेव सम्मामिच्छत्तादो मिच्छत्तं गच्छंति । जत्तिया सम्मत्तादो सम्मामिच्छत्तं गच्छंति तत्तिया चेव सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्तं गच्छंति ♠ । एदेण कारणेण भुजगारउदीरएहिंतो अप्पदरउदीरयाणं तुल्लत्तं । पुव्वमणुभागउदीरणाए अप्पदरुदीरएहिंतो भुजगारुदीरया विसेसाहिया त्ति जं भणिदं तेणेदस्स कधं ण विरोहो? सच्चं विरोहो चेव, किंतु दोण्णमुवदेसाणं थप्पत्तपरूवणट्ठं तदुभयणिद्देसो ण विरुज्झदे । सादासाद-सोलसकसाय-अट्ठणोकसाय-णिरय-देव-मणुसगइ-बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदिय-पंचिंदियजादि---ओरालिय---वेउव्वियसरीर---ओरालिय---वेउव्वियसरीरंगोवंग---बंधण-संघाद---छसंठाण---छसंघडण----उवघाद----परघाद- -आदावुज्जोव--- उस्सास--पसत्थापसत्थाविहायगइ----तस----बादर----सुहुम----पज्जत्तापज्जत्त ----पत्तेय----

---

गुणे हैं । सम्यक्त्वके अवस्थित उदीरक सबमें स्तोक हैं । अवक्तव्य उदीरक असंख्यातगुणे हैं । अल्पतर उदीरक असंख्यातगुणे हैं । भुजाकार उदीरक विशेष अधिक हैं । सम्यग्मिथ्यात्वके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं । अवक्तव्य उदीरक असंख्यातगुणे हैं । भुजाकार व अल्पतर उदीरक दोनों तुल्य व असंख्यातगुणे हैं । अनुभागउदीरणामें भी सम्यग्मिथ्यात्वके भुजाकार उदीरकों व अल्पतर उदीरकोंको तुल्य करना चाहिये ।

शंका-- भुजाकार व अल्पतर उदीरकोंकी समानता किस कारणसे कही जाती है ?

समाधान-- जितने जीव मिथ्यात्वसे सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होते हैं उतने ही जीव सम्यग्मिथ्यात्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त होते हैं । जितने जीव सम्यक्त्वसे सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होते हैं उतने ही सम्यग्मिथ्यात्वसे सम्यक्त्वको प्राप्त होते हैं । इस कारण भुजाकार उदीरकोंसे अल्पतर उदीरकोंकी समानता कही गयी है ।

शंका-- पहिले अनुभाउदीरणामें " भुजाकार उदीरक अल्पतर उदीरकोंसे विशेष अधिक हैं " ऐसा जो कहा गया है, उससे इसका विरोध कैसे न होगा ?

समाधान-- सचमुच ही उससे इसका विरोध होता है, किन्तु दोनों उपदेशोंको स्थापित करनेकी प्ररूपणा करनेके लिये उन दोनोंका निर्देश करना विरुद्ध नहीं है ।

साता व असाता वेदनीय, सोलह कषाय, आठ नोकषाय, नरकगति; देवगति, मनुष्यगति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय व पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक व वैक्रियिक शरीर तथा उनके अंगोपांग, बंधन व संघात, छह संस्थान, छह संहनन, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक,

---

✡ प्रतिष ' उदीरयाए ' इति पाठः । ◻ प्रतिषु ' तुल्लं ' इति पाठः । ♠ ताप्रतौ ' जत्तिया सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्तं गच्छंति तत्तिया सम्मत्तादो सम्मामिच्छत्तं गच्छंति ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साहारण-सुभग-सुस्सर-दुस्सर-अजसगित्ति-उच्चागोदाणं अवट्ठिदउदीरया थोवा । अवत्तव्वउदी० असंखे० गुणा। भुजगार० असंखे० गुणा। अप्पदरउ० विसेसा० । मिच्छत्त-णवुंसयवेद-तिरिक्खगइ-एइंदियजादि-थावर-दूभग--अणादेज्ज--णीचागोदाणं अवत्तव्व० थोवा। अवट्ठिद० अणंतगुणा। भुज० असंखे० गुणा । अप्पदर० विसेसा०।

जहा मदिआवरणस्स तहा धुवउदीरयाणं पंचण्णमंतराइयाणं च वत्तव्वं। चदुण्णमाउआणं अवट्ठिय० थोवा०। अवत्त० असंखे० गुणा। अप्पदर० असंखे० गुणा। भुजगार० विसेसा०। केण कारणेण आउआणं भुजगारउदीरया बहुआ? जे असादअपज्जत्ता ते असादोदएण बहुअयरा वड्ढंति*। जे सादा अपज्जत्तया ते बहुयरा सादोदएण परिहायंति, थोवयरा वड्ढंति ✡। एदेण कारणेण आउआणं अप्पदर० थोवा, भुजगार० बहुआ। चउण्णमाणुपुव्वीणं अवट्ठिय० थोवा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवत्तव्व० विसेसा०। अप्पदर० विसेसा०। आदेज्ज-जसगित्तीणं उच्चागोदभंगो।

साधारण, सुभग, सुस्वर, दुस्वर, अयशकीर्ति और उच्चगोत्र; इनके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं। अवक्तव्य उदीरक असंख्यातगुणे हैं। भुजाकार उदीरक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतरउदीरक विशेष अधिक हैं। मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, तिर्यग्गति, एकेन्द्रिय जाति, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीच गोत्रसे अवक्तव्य उदीरक स्तोक हैं। अवस्थित उदीरक अनन्तगुणे हैं। भुजाकार उदीरक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर उदीरक विशेष अधिक हैं।

जैसे मतिज्ञानावरणके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है वैसे ही ध्रुव उदीरणावाली प्रकृतियोंके एवं पांच अन्तराय प्रकृतियोंके भी अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करना चाहिये। चार आयु कर्मोंके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं। अवक्तव्य उदीरक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर उदीरक असंख्यातगुणे हैं। भुजाकार उदीरक विशेष अधिक हैं।

शंका-- आयु कर्मोंके भुजाकार उदीरक बहुत किस कारणसे हैं ?

समाधान-- जो जीव असातारूप संक्लेश परिणामसे सहित होते हुए पर्याप्तियोंसे अपरिपूर्ण होते हैं उनमें अधिकतर जीव दुःखानुभवरूप असाताके उदयसे संयुक्त होकर बढते हैं, अर्थात् आयुके भुजाकारको करते हैं। तथा जो जीव सातारूप मध्यम विशुद्धि परिणामोंसे परिणत होते हुए अपर्याप्त होते हैं उनमें अधिकतर सुखानुभवनरूप साताके उदयसे संयुक्त होकर हीन होते हैं, अर्थात् आयुके अल्पतरको करते हैं; कुछ थोडेसे जीव संक्लेश परिणामोंसे परिणत होते हुए अपर्याप्त होकर बढते हैं, अर्थात् भुजाकारको करते हैं। इस कारणसे आयु कर्मोंके अल्पतर उदीरक स्तोक व भुजाकार उदीरक बहुत होते हैं।

चार आनुपूर्वी नामकर्मोंके अवस्थित उदीरक स्तोक होते हैं। भुजाकार उदीरक असंख्यातगुणे होते हैं। अवक्तव्य उदीरक विशेष अधिक होते हैं। अल्पतर उदीरक विशेष अधिक होते हैं। आदेय और यशकीर्ति नामकर्मोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा उच्चगोत्रके समान हैं। तीर्थंकर

---

* अप्रतौ 'बहुअयरा भवंति', काप्रतौ 'बहुअयरा हवंति', ताप्रतौ 'बहु (अ) यरा हवंति' इति पाठः। ✡ प्रतिषु 'वड्ढंति' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तित्थयर० अवत्तव्व० थोवा । भुजगार० असंखे० गुणा । अवट्ठि० असंखे०☼ (?) गुणा । एवं भुजगारउदीरणा समत्ता ।

एत्तो पदणिक्खेवो । तत्थ सामित्तं– मदिआवरणीयस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थस्स । उक्कस्सिया हाणी कस्स? पढम–समयदेवस्स वीयरायपच्छायदस्स । उक्कस्समवट्ठाणं कस्स ? बिदियसमयदेवस्स वीयरायपच्छायदस्स सुद-मणपज्जव-केवलणाणावरण-चक्खु-अचक्खु-केवलदंसणावर–णाणं मदिआवरणभंगो । ओहिणाणावरण-ओहिदंसणावरणाणं उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थस्स जस्स ताधे चेव ओहिलंभो णट्ठो। हाणिअवट्ठाणाणं मदिआवरणभंगो। अधवा ओहिणाण-ओहिदंसणावरणाणं वड्ढीए वि मदिणाणावरणभंगो होदि त्ति केसिं पि आइरियाणमुवएसो ।

णिद्दा-पयलाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? जो अधापमत्तसंजदो तप्पाओग्गजहण्ण-विसोहीदो तप्पाओग्गउक्कस्सविसोहिं गदो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स? जो उक्कस्सविसोहीदो सागार☼क्खएण उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स उक्कस्सिया

प्रकृतिके अवक्तव्य उदीरक स्तोक होते हैं। भुजाकार उदीरक असंख्यातगुणे होते हैं। अवस्थित उदीरक असंख्यातगुणे होते हैं। इस प्रकार भुजाकार उदीरणा समाप्त हुई।

यहां पदनिक्षेपकी प्ररूपणा करते हैं। उसमें स्वामित्व इस प्रकार है– मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जिसके चरम समववर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है उसके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? वीतराग (उपशान्तमोह) से पीछे आये हुए प्रथम समयवर्ती देवके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। उसका उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? वीतरागसे पीछे आये हुए द्वितीय समयवर्ती देवके उसका उत्कृष्ट अवस्थान होता है। श्रुतज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, केवलज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और केवलदर्शनावरणके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा मतिज्ञानाव–रणके समान है। अवधिज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जिसके अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष रही है तथा उसी समय ही जिसकी अवधिलब्धि नष्ट हुई है उसके उन दोनों प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। इनकी उत्कृष्ट हानि एवं अवस्थानकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। अथवा, अवधिज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणकी उत्कृष्ट वृद्धिका कथन भी मतिज्ञानावरणके ही समान है, ऐसा कितने ही आचार्योंका उपदेश है।

निद्रा और प्रचला दर्शनावरणकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो अधःप्रवृत्तसंयत तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त हुआ है उसके निद्रा और प्रचला-की उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो उत्कृष्ट विशुद्धिसे साकार उपयोगके क्षयपूर्वक उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ है उसके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। जब वह

☼ आप्रतौ ' संखेज्ज ' इति पाठः । ☼ अ-काप्रत्योः ' सागर- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणी । हाइदूण अवट्ठाणं गयस्स उक्कस्समवट्ठाणं । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जो पमत्तसंजदो तप्पाओग्गजहण्णविसोहीदो तप्पाओग्गउक्कस्सविसोहिं♣ गदो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स? जो उक्कस्सवितोहीदो सागार✿क्खएण उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स उक्कस्सिया हाणी । से काले अवट्ठाणं गयस्स उक्कस्समवट्ठाणं✿ ।

सादस्स उक्क० वड्ढी कस्स? जो संजदो चरिमसमयपमत्तो सव्वविसुद्धो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स? सो चेव चरिमसमयपमत्तो सव्वविसुद्धो मदो देवो जादो तस्स उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं । असादस्स उक्क० वड्ढी कस्स? जो संजदो□ चरिमसमयपमत्तो सव्वविसुद्धो तस्स उक्क० वड्ढी । हाणी अवट्ठाणं च तस्सेव उक्कस्सविसोहीदो तप्पाओग्गउक्कस्ससंकिलेसं गयस्स ।

मिच्छत्तस्स उक्क० वड्ढी कस्स? जो मिच्छाइट्ठी से काले संजमं पडिवज्जदि त्ति ट्ठिदो तस्स उक्क० वड्ढी । हाणी अवट्ठाणं च कस्स? जो मिच्छाइट्ठी तप्पाओग्गविसुद्धो

हीन होकर अवस्थानको प्राप्त होता है तब उसके उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो प्रमत्तसंयत तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होता है उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती हैं। उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो उत्कृष्ट विशुद्धिसे साकार उपयोगके क्षयके साथ उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होता है उसके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अनन्तर कालमें अवस्थानको प्राप्त होनेपर उसके उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है।

सातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो अन्तिम समयवर्ती प्रमत्तसंयत जीव सर्वविशुद्धिको प्राप्त उसके सातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? वही अन्तिम समयवर्ती प्रमत्त सर्वविशुद्ध संयत जीव मरणको प्राप्त होकर जब देव हो जाता है तब उसके उक्त सातावेदनीयकी उत्कृष्ट हानि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उसका उत्कृष्ट अवस्थान होता है। असातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो अन्तिम समयवर्ती प्रमत्त संयत सर्वविशुद्धिको प्राप्त है उसके असातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उत्कृष्ट विशुद्धिसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होनेपर उसीके उसकी हानि व अवस्थान भी होता है।

मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तर कालमें संयमको प्राप्त होगा, ऐसी स्थितिमें वर्तमान है उसके मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान किसके होता है ? तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त जो मिथ्यादृष्टि साकार उपयोगके

♣ अप्रतौ 'उक्कस्स हिं' इति पाठः। ✿ अप्रतौ 'सागर' इति पाठः। ✿ अप्रतौ 'से काले अवट्ठाणं मदो देवो जादो तस्स उक्क० हाणी तस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं' इति पाठः।

□ अ-काप्रत्योः 'संजदा० (दो)' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सागारक्खएण तप्पाओग्गुक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च। सम्मत्तस्स उक्क० वड्ढी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयअक्खीणदंसणमोह-णीयस्स। हाणि-अवट्ठाणाणि कस्स। जो अधापमत्तसम्माइट्ठी सव्वविसुद्धो सागार-क्खएण तप्पाओग्गसंकिलेसं गदो तस्स उक्क० हाणि-अवट्ठाणाणि। सम्मामिच्छत्तस्स उक्क० वड्ढी कस्स? सम्मामिच्छाइट्ठिस्स से काले सम्मत्तं पडिवज्जिहिदि त्ति ट्ठियस्स। सम्मामिच्छत्त० उक्क० हाणी अवट्ठाणं च कस्स? जो सम्मामिच्छाइट्ठी तप्पाओग्गविसुद्धो परिणामक्खएण तप्पाओग्गजहण्णविसोहीए पदिदो तस्स उक्क० हाणी अवट्ठाणं च।

अणंताणुबंधिचउक्कस्स मिच्छत्तभंगो। अपच्चक्खाणकसायाणं उक्क० वड्ढी कस्स? जो असंजदसम्माइट्ठी से काले संजमं गाहदि* त्ति ट्ठिदो तस्स उक्क० वड्ढी। हाणि-अवट्ठाणाणि कस्स? अधापमत्तसम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स सागारक्खएण से काले तप्पाओग्गजहण्णविसोहिं गयस्स। पच्चक्खाणकसायाणं अपच्चक्खाणकसायभंगो। णवरि संजदासंजदेसु परूवणा कायव्वा। संजलणाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? कोह-माण-मायाणं खवगस्स चरिमसमयवेदयस्स तस्स उक्कस्सिया वड्ढी। लोभस्स उक्क०

क्षयसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ है उसके उसकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान होता है। सम्यक्त्व प्रकृतिकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जिसके चरम समयवर्ती अक्षीण-दर्शनमोह होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है उसके सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान किसके होता है ? जो अधःप्रवृत्त सम्यग्दृष्टि होकर साकार उपयोगके क्षयसे तत्प्रायोग्य संक्लेशको प्राप्त हुआ है उसके उसकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान होता है। सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो अनन्तर कालमें सम्यक्त्वको प्राप्त होगा, ऐसी स्थितिमें स्थित है उस सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि व अवस्थान किसके होता है ? जो सम्य-ग्मिथ्यादृष्टि जीव तत्प्रायोग्य विशुद्ध होकर परिणामक्षयसे तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिमें आ पडा है उसके उसकी उत्कृष्ट हानि व अवस्थान होता है।

अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी प्ररूपणा मिथ्यात्वके समान है। अप्रत्याख्यानावरण कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो असंयत सम्यग्दृष्टि अनन्तर कालमें संय-मको प्राप्त करेगा, ऐसी अवस्थामें स्थित है उसके उनकी उत्कृष्ट बृद्धि होती है। उनकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान किसके होता है ? जो सर्वविशुद्ध अधःप्रवृत्त सम्यग्दृष्टि साकार उपयोगके क्षयसे अनंतर कालमें तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिको प्राप्त हुआ है उसके उनकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान होता है। प्रत्याख्यानावरण कषायोंकी प्ररूपणा अप्रत्याख्यानावरण कषायोंके समान है। विशेष इतना है कि उसकी प्ररूपणा संयतासंयत जीवोंमें करना चाहिये। संज्वलन कषायों (क्रोध, मान व माया) की उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो क्रोध, मान व मायाका क्षपक अन्तिम समयवर्ती तद्वेदक होता है उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। संज्वलन लोभकी

---

* अप्रतौ 'गहिदि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वड्ढी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयसकसायखवगस्स । एदेसिं हाणी कस्स ? जो उवसामगो अप्पिदकसायस्स उक्कस्सउदयट्ठाणं पत्तो संतो मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं ।

छण्णोकसायाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? चरिमसमयअपुव्वखवगस्स । हाणी कस्स? तस्सेव उवसामयस्स कालं कादूण देवेसु उववण्णस्स । तस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं । णवरि अरदि-सोगाणं पडिवदमाणस्स दुसमयवेदगस्स उक्कस्सिया हाणी । उक्कस्समवट्ठाणं कस्स ? अधापमत्तसंजदस्स कदउक्कस्सावट्ठाणस्स । पुरिसवेदस्स संजलणभंगो । इत्थि-णवुंसयवेदाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स? समयाहियावलियचरिमसमयवेदगस्स खवगस्स । उक्क० हाणी कस्स? उवसमसेडीदो पडिवदमाणस्स दुसमयवेदयस्स । अवट्ठाणं कस्स ? सत्थाणसंजदस्स सागारक्खएण उक्कस्समवट्ठाणं गदस्स ।

णिरयाउअस्स उक्क० वड्ढी कस्स? णिरयगईए जस्स णेरइयस्स असादोदयस्स अणुभागउदीरणाए उक्कस्सिया वड्ढी तस्स▣ णिरयाउअस्स पदेसउदीरणाए उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? णिरयगईए णेरइयस्स असादोदयस्स अणुभागुदीरणाए उक्क०

उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जिस क्षपकके अन्तिम समयवर्ती सकषाय होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है उसके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । इन चारोंकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो उपशामक जीव विवक्षित कषायके उत्कृष्ट उदयस्थानको प्राप्त होता हुआ मृत्युको प्राप्त होकर देव हुआ है उसके देव होनेके प्रथम समयममें उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसीके अनन्तर कालमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है ।

छह नोकषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? वह अन्तिम समयवर्ती अपूर्वकरण क्षपकके होती है ? उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? मरणको प्राप्त होकर देवोंमें उत्पन्न हुए उसी अपूर्वकरण उपशामकके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसीके अनन्तर कालमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है । विशेषता इतनी है कि अरति और शोककी उत्कृष्ट हानि श्रेणिसे गिरनेवाले द्वितीय समयवर्ती तद्वेदकके होती है । उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है वह उत्कृष्ट अवस्थानको प्राप्त अधःप्रवृत्तसंयतके होता है। पुरुषवेदकी प्ररूपणा संज्वलन कषायके समान है। स्त्री व नपुंसक वेदकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है । जिस क्षपकके उनके अन्तिम समयवर्ती वेदक होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है उसके उन दो वेदोंकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाले द्वितीय समयवर्ती तद्वेदकके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । उनका उकृष्ट अवस्थान किसके होता है ? वह साकार उपयोगके क्षयसे उत्कृष्ट अवस्थानको प्राप्त हुए स्वस्थान संयतके होता है ।

नारकायुकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? नरकगतिमें जिस नारकीके अनुभागउदीरणामें असातोदयकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है उसके नारकायुकी प्रदेशउदीरणाकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? नरकगतिमें जिस नारकीके असातावेदनीयकी अनुभाग–

▣ काप्रतौ ' कस्स ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणी✿ तस्स णिरयाउअस्स पदेसउदीरणाए उक्क० हाणी । उक्कस्समवट्ठाणं कस्स? णेरइयस्स उक्कस्सियं हाणिं कादूण अवट्ठियस्स । तिरिक्खाउअस्स उक्क० पदेसवड्ढी कस्स ? जस्स तिरिक्खस्स अणुभागुदीरणाए असादोदयवड्ढी उक्कस्सिया तस्स तिरिक्खस्स तिरिक्खाउअस्स▣ पदेसउदीरणाए♠ उक्क० वड्ढी । उक्क०हाणी कस्स? जस्स तिरिक्खस्स अणुभागउदीरणाए असादोदयहाणी उक्क० तस्स उक्क० पदेसहाणी । उक्कस्सअवट्ठाणं✿ कस्स ? जस्स तिरिक्खस्स अणुभागउदीरणाए असादोदयस्स उक्कस्समवट्ठाणं तस्स तिरिक्खाउअस्स पदेसउदीरणाए उक्कस्समवट्ठाणं । मणुसाउअस्स तिरिक्खाउअभंगो । णवरि मणुस्सेसु वत्तव्वं । देवाउअस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जस्स देवस्स अणुभागुदीरणाए असादोदयवड्ढी उक्क० तस्स पदेसउदीरणाए देवाउअस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स? जस्स देवस्स अणुभागुदीरणाए असादोदयहाणी उक्कस्सिया तस्स पदेसउदीरणाए देवाउअस्स उक्क० हाणी । उक्कस्समवट्ठाणं । कस्स ? जस्स देवस्स अणुभागुदीरणाए असादोदयस्स उक्कस्समवट्ठाणं तस्स देवाउअपदेसउदीरणाए उक्कस्समवट्ठाणं ।

उदीरणामें उत्कृष्ट हानि होती है उसके नारकायुकी प्रदेशउदीरणाकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसका उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? वह उत्कृष्ट हानिको करके अवस्थानको प्राप्त हुए नारक जीवके होता है । तिर्यंचआयुकी उत्कृष्ट प्रदेशवृद्धि किसके होती है ? जिस तिर्यंचके अनुभागउदीरणामें असातोदयकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है उस तिर्यंचके तिर्यंचआयु सम्बन्धी प्रदेश-उदीरणाकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जिस तिर्यंचके अनुभागउदीरणामें असातोदयकी उत्कृष्ट हानि होती है उसके तिर्यंच आयुकी उत्कृष्ट प्रदेश-हानि होती है । उसका उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? जिस तिर्यंचके अनुभागउदी-रणामें असातोदयका उत्कृष्ट अवस्थान होता है उसके तिर्यंचआयुकी प्रदेशउदीरणाका उत्कृष्ट अवस्थान होता है । मनुष्यायुकी प्ररूपणा तिर्यंच आयुके समान है । विशेष इतना है कि मनुष्यायुकी प्रदेशउदीरणाकी वृद्धि आदिका कथन मनुष्योंमें करना चाहिये । देवायुकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जिस देवके अनुभागउदीरणामें असातोदयकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है उसके प्रदेशउदीरणामें देवायुकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जिस देवके अनुभागउदीरणामें असातोदयकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है उसके प्रदेश-उदीरणामें देवायुकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसका उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? जिस देवके अनुभागउदीरणामें असातोदयका उत्कृष्ट अवस्थान होता है उसके देवायुकी प्रदेशउदी-रणाका उत्कृष्ट अवस्थान होता है ।

✿ अप्रतौ त्रुटितो जातोऽत्र पाठः, का-ताप्रत्योः ' वड्ढी ' इति पाठः । ▣ अप्रतौ ' कस्स तिरि-क्खस्स तिरिक्खाउअस्स ', काप्रतौ ' कस्स तिरिक्खाउअस्स ' इति पाठः । ♠ अ-काप्रत्योः ' पदेसउदीरणा' इति पाठः । ✿ अ-काप्रत्योः ' कस्स अवट्ठाणं ', ताप्रतौ ' (कस्स) । अवट्ठाणं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णामकम्मस्स जाओ पयडीओ सुभाओ असुभाओ वा केवली वेदयदि तासिं चरिमसमयसजोगिम्हि उक्कस्सिया वड्ढी ? णामपयडीओ सुहाओ असुहाओ वा उवसंतकसाओ वेदेदि तासिमुक्कस्सिया हाणी पढमसमयदेवस्स उवसंतकसायपच्छायदस्स होदि । तासिं चेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं । णवरि मणुसगइ-ओरालिय-चदुक्क-सरदुग-विहायगइदुगाणमुक्कस्सिया हाणी ओदरमाणपढमसमयसुहुमसांपराइस्स, अवट्ठाणं बिदियसमयउवसंतकसायस्स । जासिं णामपयडीणं केवली उदीरओ ण होदि तासिं तप्पाओग्गजहण्णविसोहीदो उक्कस्सविसोहिं गदस्स संजदस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० विसोहीदो जहण्णविसोहिं गदस्स सागारक्खएण भवक्खएण वा तस्स उक्क० हाणी हाणीं कादूण । अवट्ठियस्स* उक्कस्समवट्ठाणं । णीचागोद-दूभग-अणादेज्ज-अजसगित्तीणं उक्क० वड्ढी कस्स ? चरिमसमयअसंजदस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स? (णीचागोदस्स♣) सम्माइट्ठिस्स सव्वुक्कस्स-विसोहीदो जहण्णविसोहिं गयस्स तस्स उक्कस्सिया हाणी । तस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं । उच्चागोदस्स* उक्क० वड्ढी कस्स ? चरिमसमयसजोगिस्स । उक्कस्सिया हाणी कस्स? पढमसमयदेवस्स उवसंतकसायस्स पच्छायदस्स । तस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं । पंचण्णमंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो । एवमुक्कस्स-

---

नामकर्मकी जिन शुभ अथवा अशुभ प्रकृतियोंकी वेदन केवली करते हैं उनकी उत्कृष्ट वृद्धि अंतिम समयवर्ती सयोगकेवलीके होती है । जिन शुभ-अशुभ नामप्रकृतियोंका उपशांतकषाय वेदन करता है उनकी उत्कृष्ट हानि उपशांतकषायसे पीछे आये हुए प्रथमसमयवर्ती देवके होती है । उन्हींका अनंतर कालमें उसके उत्कृष्ट अवस्थान होता है । विशेष इतना है कि मनुष्यगति, औदारिकचतुष्क, स्वरद्विक और दोनों विहायोगतियोंकी उत्कृष्ट हानि श्रेणिसे उतरते हुए प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसांपरायिकके होती है; तथा उनका उत्कृष्ट अवस्थान द्वितीय समयवर्ती उपशांतकषायके होता है । जिन नामप्रकृतियोंके केवली उदीरक नहीं होते हैं उनकी उत्कृष्ट वृद्धि तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिसे उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त हुए संयतके होती है। साकार उपयोगके क्षयसे अथवा भवके क्षयसे उत्कृष्ट विशुद्धिसे जघन्य विशुद्धिको प्राप्त हुए उक्त जीवके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। उनकी उत्कृष्ट हानिको करके अनंतर कालमें अवस्थानको प्राप्त हुए उक्त जीवके ही उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है । नीचगोत्र, दुर्भग, अनादेय और अयशकीर्तिकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? चरमसमयवर्ती असंयत जीवके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? सर्वोत्कृष्ट विशुद्धिसे जघन्य विशुद्धिको प्राप्त हुए उक्त (नीच गोत्रवाले) सम्यग्दृष्टि जीवके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है। उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? वह अंतिम समयवर्ती सयोगीके होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? उपशान्तकषायसे पीछे आये हुए प्रथम समयवर्ती देवके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसीके अनन्तर कालमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है । पांच अन्तराय

---

* अ-ताप्रत्योः ' हाणी कादूण अवट्ठियस्स ' इति पाठः । ♣ ताप्रतौ ' णीचागोदस्स ' इति पाठः ।

* अ-काप्रत्योः ' णीचागोदस्स ', ताप्रतौ ' णीचा (उच्चा) गोदस्स ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामित्तं समत्तं ।

मदिआवरणस्स जहण्णिया पदेसउदीरणावड्ढी कस्स ? जो उक्कस्ससंकिलिट्ठो तत्तो अणंतभागेण हीणो तस्स जहण्णिया वड्ढी । जहण्णिया हाणी कस्स? दुचरिमादो संकिलेसादो जो उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स जह० हाणी । एगदरत्थ अवट्ठाणं । सुद-मणपज्जव- केवलणाणावरण-चक्खु-अचक्खु-केवलदंसणावरण-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसायाणं मदिणाणावरणभंगो । ओहिणाण-ओहिदंसणावरणाणं। पि मदिणाणावरणभंगो । णवरि देव-णेरइएसु जहण्णसामित्तं दादव्वं । पंचण्णं दंसणावरणीयाणं मदिणाणावरणभंगो । णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठे जहण्णसामित्तं दादव्वं । णिरयाउअस्स जहण्णिया वड्ढी कस्स? जो उक्कस्सादो सादोदयट्ठाणादो दुचरिमसादोदयट्ठाणं गदो णेरइओ तस्स णिरयाउअस्स जह० वड्ढी । जह० हाणी कस्स? जो दुचरिमसादोदयादो चरिमसादोदयं गदो तस्स जहण्णिया हाणी । एगदरत्थ अवट्ठाणं । तिरिक्ख-मणुस-देवाउआणं णिरवाउभंगो णवरि तिरिक्ख-मणुस-देवेसु-अणुक्कस्ससादोदएसु जहाकमेण सामित्तं वत्तव्वं ।

सव्वणामपयडीणं जहण्णवड्ढ-हाणी-अवट्ठाणाणि भण्णमाणे मदिणाणावरणभंगो। णवरि अप्पिद-अप्पिदणामपयडीणमुदयसंभवपदेसम्हि उक्कस्स-अणुक्कस्ससंकिलेसुजहण्ण-

---

कर्मोंकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

मतिज्ञानावरणकी जघन्य प्रदेशउदीरणावृद्धि किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ जो जीव उसके अनन्तवें भागसे हीन होता है उसके उसकी जघन्य वृद्धि होती है । उसकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो द्विचरम संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होता है उसके उसकी जघन्य हानि होती है । दोनोंमेंसे किसी एकमें उसका जघन्य अवस्थान होता है । श्रुत-ज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, केवलज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, केवल-दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी यह प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । अवधिज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणकी भी उक्त प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। विशेष इतना है कि उनका जघन्य स्वामित्व देव-नारकियोंमें देना चाहिये । निद्रा आदि पांच दर्शनावरणकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । विशेष इतना है कि तत्प्रायोग्य संक्लेश युक्त जीवमें उनका जघन्य स्वामित्व देना चाहिये । नारकायुकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जो नारकी जीव उत्कृष्ट सातोदयस्थानसे द्विचरम सातोदय-स्थानको प्राप्त हुआ है उसके नारकायुकी जघन्य वृद्धि होती है । उसकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो द्विचरम सातोदयस्थानसे चरम सातोदयस्थानको प्राप्त हुआ है उसके उसकी जघन्य हानि होती है। दोनोंमेंसे किसी भी एकमें उसका जघन्य अवस्थान होता है। तिर्यगायु, मनुष्यायु और देवायुकी प्ररूपणा नारकायुके समान है। विशेष इतना है कि उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट सातोदय युक्त तिर्यंच, मनुष्य और देवमें यथाक्रमसे उनका जघन्य स्वामित्व कहना चाहिये ।

सब नामप्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि व अवस्थानकी प्ररूपणा करनेपर वह मतिज्ञाना-वरणके समान करना चाहिये । विशेष इतना है कि विवक्षित विवक्षित नामप्रकृतियोंके उदयकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामित्तं दादव्वं । उच्च-णीचागोद-पंचंतराइयाणं जह० वड्ढी कस्स? जो उक्कस्स-संकिलेसादो दुचरिमसंकिलेसं गदो तस्स जह० वड्ढी । जह० हाणी कस्स ? जो दुचरिमसंकिलेसादो उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स जह० हाणी । एगदरत्थमवट्ठाणं । एवं जहण्णसामित्तं समत्तं ।

अप्पाबहुअं । तं जहा- मदिआवरणस्स उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि थोवाणि । उक्क० वड्ढी असंखेज्जगुणा । सुद-मणपज्जव-ओहि-केवलणाणावरण-चक्खु-अचक्खु-ओहि--केवलदंसणावरण--सम्मत्त-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त-सोलसकसाय-हस्स-रदि-भय-दुगुंछा-पुरिसवेद-पंचिंदियजादि-तेजा--कम्मइयसरीर-तब्बंधण*-संघाद-सम-चउरससंठाण-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-उवघाद-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-आदेज्ज-जसगित्ति-णिमिणुच्चागोद-पंचंतराइयाणं पदेसउ-दीरणाए उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि थोवाणि । उक्कस्सिया वड्ढी असंखे०गुणा । असादस्स उक्क०हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि थोवाणि। वड्ढी असं-खे०गुणा । दंसणावरणपंचयस्स उक्क०वड्ढी थोवा । हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि। सादस्स हाणी-अवट्ठाणाणि थोवा।वड्ढी असंखे०गुणा । इत्थि-णवुंसयवेद-

---

सम्भावना युक्त ऐसे उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट संक्लेशवाले जीवोंमें उनके जघन्य स्वामित्वको देना चाहिये। उच्च व नीच गोत्र तथा पांच अन्तराय प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि किसके होती है? जो उत्कृष्ट संक्लेशसे द्विचरम संक्लेशको प्राप्त होता है उसके उनकी जघन्य वृद्धि होती है। उनकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो द्विचरम संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होता है उसके उनकी जघन्य हानि होती है । दोनोंमेंसे किसी एकमें उनका जघन्य अवस्थान होता है । इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है– मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं। उसकी उत्कृष्ट वृद्धि असंख्यातगुणी है । श्रुतज्ञाना-वरण, मन.पर्ययज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, केवलज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शना-वरण, अवधिदर्शनावरण, केवलदर्शनावरण, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पुरुषवेद, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस व कार्मण शरीर तथा उनके बंधन और संघात, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, आदेय, यशकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय; इनकी प्रदेशउदीरणाकी उत्कृष्ट हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य एवं स्तोक हैं । उनकी उत्कृष्ट वृद्धि उससे असंख्यातगुणी है । असातावेदनीयकी उत्कृष्ट हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं । उससे उसकी वृद्धि असंख्यातगुणी है । निद्रादिक पांच दर्शनावरण प्रकृतिकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है। हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व विशेष अधिक हैं। साता-वेदनीयकी हानि व अवस्थान दोनों स्तोक हैं । वृद्धि असंख्यातगुणी है । स्त्रीवेद, नपुंसकवेद,

---

* ताप्रतौ ' -सरीर-बंधण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अरदि-सोगाणं सव्वत्थोवमवट्ठाणं । हाणी असंखे०गुणा । वड्ढी असंखेज्जगुणा । आउआणं वड्ढी थोवा । हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि । तिण्णं गईणं चदुण्णं जादीणं च उक्कस्सिया वड्ढी थोवा । हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि विसेसा० । मणुसगइणामाए उक्क० हाणी थोवा । अवट्ठाणमसंखे० गुणं । वड्ढी असंखे० गुणा । ओरालियसरीर-ओरालियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघाद-पंच-संठाण-वज्जरिसहसंघडण--परघाद--उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ--दुस्सर--दुसराणं उक्कस्सिया हाणी थोवा । अवट्ठाणमसंखे०गुणं । वड्ढी असंखे० गुणा । वेउव्विय-आहारसरीर-तदंगोवंग-बंधण--संघाद-आदावुज्जोव-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साहारणाणं उक्क० वड्ढी थोवा । हाणी अवट्ठाणं च विसेसाहियं । चदुण्णमाणुपुव्वीणमुक्क० हाणी अवट्ठाणं च थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । उवसमसेढिम्हि उदयसंभवअ-संघडणाणं वड्ढी अवट्ठाणं थोवं । हाणी विसे० । सेसाणं संघडणाणं वड्ढी थोवा । हाणी अवट्ठाणं च विसे० । अजसगित्ति-दूभग-अणादेज्ज-णीचागोदाणं उक्क० हाणी अवट्ठाणं च थोवं । वड्ढी असंखेज्जगुणा । एवमुक्कस्सप्पाबहुअं समत्तं ।

पदेसउदीरणाए मदिआवरणस्स जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि तिण्णि वि तुल्लाणि । जधा मदिआवरणस्स तधा सव्वकम्माणं पि अप्पाबहुअं अत्थिअ, सव्वकम्मजहण्ण-वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं तुल्लत्तुवलंभादो । णवरि सम्मत्त-सम्माच्छित्ताणं जहण्णिया

अरति व शोकका अवस्थान सबमें स्तोक है । हानि असंख्यातगुणी है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । आयु कर्मोंकी वृद्धि स्तोक है। हानि व अवस्थान दोनोंही तुल्य व विशेष अधिक हैं। तीन गतियों व चार जातियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है। हानि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व विशेष अधिक है । मनुष्यजाति नामकर्मकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । अवस्थान असंख्यातगुणा है । वृद्धि असंख्यात-गुणी है । औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात, पांच संस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, सुस्वर और दुस्वर; इनकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । अवस्थान असंख्यातगुणा है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । वैक्रियिक व आहारक शरीर तथा उनके अंगोपांग, बन्धन व संघात; आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म अपर्याप्त और साधारणकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है । हानि व अवस्थान विशेष अधिक हैं । चार आनुपूर्वियोंका उत्कृष्ट हानि और अवस्थान दोनों स्तोक हैं। वृद्धि असंख्यात-गुणी है । उपशमश्रेणिमें जिनका उदय सम्भव है उन संहननोंकी वृद्धि और अवस्थान दोनों स्तोक हैं । हानि विशेष अधिक है । शेष संहननोंकी वृद्धि स्तोक है । हानि व अवस्थान विशेष अधिक हैं । अयशकीर्ति, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रकी उत्कृष्ट हानि व अवस्थान दोनों स्तोक हैं । वृद्धि असंख्यातगुणी है । इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

प्रदेशउदीरणामें मतिज्ञानावरणकी जघन्य वृद्धि, हानि व अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं । जैसे मतिज्ञानावरणके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की है वैसे ही सभी कर्मोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानमें तुल्यता पायी जाती है ।

अ का-ताप्रत्योः 'पुधअसंभव' इति पाठः । अ अ-काप्रत्योः 'णत्थि', ताप्रतौ 'ण(अ)त्थि' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणी थोवा। वड्ढी अवट्ठाणं च दोण्णि वि तुल्लाणि असंखे०गुणाणि। तित्थयर-णामाए हाणि-अवट्ठाणाणि णत्थि, वड्ढी एक्का चेव।

एत्तो वड्ढिउदीरणा♠०। तत्थ समुक्कित्तणा- मदिआवरणस्स अत्थि असंखे० भागवड्ढी संखे० भागवड्ढी संखे० गुणवड्ढी असंखे० गुणवड्ढी असंखेज्जभागहाणी संखे० भागहाणी संखे० गुणहाणी असंखे० गुणहाणी अवट्ठाणं चेदि। एवं सव्व-कम्माणं। णवरि केसिंचि सादादीणं अवत्तव्वेण सह दस होंति। तित्थयरणामाए असंखे० गुणवड्ढी अवट्ठिदमवत्तव्वं च तिण्णि चेव होंति। समुक्कित्तणा गदा।

सामित्तं वुच्चदे। तं जहा- चउव्विहाए वड्ढीए चउव्विहाए हाणीए अवट्ठा-णस्स य को सामी? अण्णदरो। एवं सव्वकम्माणं वत्तव्वं। एयजीवेण कालो- तिण्णि-वड्ढि-तिण्णिहाणीणं जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। असंखेज्जगुण-वड्ढि-असंखेज्जगुणहाणीणं जह०* एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। जाणि कम्माणि उवसामगो✡ उदीरेदि तेसिं कम्माणमवट्ठाणस्स उक्कस्सकालो अंतोमुहुत्तं। जाणि केवली उदीरेदि तेसिमवट्ठियस्स उक्कस्सकालो पुव्वकोडी देसूणा। एयजीवेण अंतरं

विशेष इतना है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानि स्तोक है। वृद्धि व अवस्थान दोनों ही तुल्य व असंख्यातगुणे हैं। तीर्थंकर नामकर्मकी हानि व अवस्थान सम्भव नहीं है. उसकी एक मात्र वृद्धि ही होती है।

यहां वृद्धिउदीरणाकी प्ररूपणा करते हैं। उसमें समुत्कीर्तना- मतिज्ञानावरणके असं-ख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातभागहानि, संख्या-तभागहानि, संख्यातगुणहानि, असंख्यातगुणहानि और अवस्थान भी होता है। इसी प्रकार सब कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि किन्हीं सातावेदनीय आदि विशेष कर्मोंके अवक्तव्यके साथ वे दस पद होते हैं। तीर्थंकर नामकर्मके असंख्यातगुणवृद्धि, अवस्थित और अवक्तव्य ये तीन ही पद होते हैं। समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

स्वामित्वका कथन करते हैं। यथा- मतिज्ञानावरणकी चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि और अवस्थानका स्वामी कौन है? उनका स्वामी अन्यतर जीव है। इसी प्रकार सब कर्मोंके कहना चाहिये।

एक जीवकी अपेक्षा कालका कथन करते हैं- तीन वृद्धियों और तीन हानियोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलिके असंख्यातवें भाग मात्र है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। जिन कर्मोंकी उपशामक उदीरणा करता है उन कर्मोंके अवस्थानका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त मात्र है। जिन कर्मोंकी केवली उदीरणा करते हैं उनके अवस्थानका उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि मात्र

♠ ताप्रतौ 'वड्ढिउदीरणा' इति पाठः। * अप्रतौ 'हाणीणं जहण्णीणं' इति पाठः।
✡ अ-काप्रत्योः 'उवसमगो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालेण साधेदूण णेयव्वं ।

एत्तो णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं च भाणियव्वं✡ । एत्तो अप्पाबहुअं- मदिआवरणस्स अवट्ठिदउदीरया थोवा । असंखेज्जभागवड्ढिउदीरया असंखेज्जगुणा । असंखे० भागहाणिउदीरया विसेसाहिया । संखे० भागवड्ढिउ० संखे० गुणा । संखे० भागहाणिउ० विसेसा० । संखे० गुणवड्ढिउ० संखे० गुणा । संखेज्जगुणहाणिउदी० विसे० । असंखे० गुणवड्ढिउ० असंखे० गुणा । असंखे० गुणहाणिउदीरया✡ विसे- साहिया । एवं सव्वकम्माणं कायव्वं ।

जेसिं कम्माणं अवत्तव्वया अणंता तेसं अप्पाबहुअं । तं जहा- अवट्ठिदउदीरया थोवा । असंखेज्जभागवड्ढिउदीरया असंखे० गुणा । असंखेज्जभागहाणिउदीरया विसेसाहिया । संखेज्जभागवड्ढिउ० संखेज्जगुणा । संखेज्जभागहाणिउ० विसेसा० । संखेज्जगुणवड्ढिउदीरया संखेज्जगुणा । संखेज्जगुणहाणिउ० विसेसा० । अवत्तव्व० असंखे० गुणा । असंखेज्जगुणवड्ढिउ० असंखे० गुणा । असंखेज्जगुणहाणिउ० विसेसा० । परित्तजीवियाणं कम्माणं जिया✡ अत्थि तेसिं एसो चेव अप्पाबहुगा- लावो कायव्वो । जाणि कम्माणि अणंतजीवियाणि परित्ता जेसिं अवत्तव्वया तेसिं

है । एक जीवकी अपेक्षा अन्तरको कालसे सिद्ध करके ले जाना चाहिये ।

यहां नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तरका कथन करना चाहिये । यहां अल्पबहुत्व–मतिज्ञानावरणके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं । असंख्यातभाग वृद्धिउदीरक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यातभागहानिउदीरक विशेष अधिक हैं । संख्यातभागवृद्धि उदीरक संख्यातगुणे हैं । संख्यातभागहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । संख्यातगुणवृद्धि उदीरक संख्यातगुणे हैं । संख्यातगुणहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । असंख्यातगुणवृद्धि उदीरक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यातगुणहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । इस प्रकार सब कर्मोंके सम्बन्धमें अल्पबहुत्व करना चाहिये ।

जिन कर्मोंके अवक्तव्य उदीरक अनन्त हैं उनका अल्पबहुत्व कहा जाता है । वह इस प्रकार है–उनके अवस्थित उदीरक स्तोक हैं । असंख्यातभागवृद्धि उदीरक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यातभागहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । संख्यातभागवृद्धि उदीरक संख्यातगुणे हैं । संख्यातभागहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । संख्यातगुणवृद्धिउदीरक संख्यातगुणे हैं । संख्यातगुणहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । अवक्तव्य उदीरक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यात- गुणवृद्धि उदीरक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यातगुणहानि उदीरक विशेष अधिक हैं । जिन कर्मोंके उदीरक परीत संख्यावाले जीव हैं उनके यही अल्पबहुत्व आलाप करना चाहिये । जिन कर्मोंके उदीरक अनन्त हैं, उनमें भी जिनका अवक्तव्य पद परीतसंख्याक जीवोंके होता है, उन

✡ ताप्रतौ ' भाणियव्वो ' इति पाठः । ✡ अप्रतौ ' उदीरणा ' इति पाठः ।
✡ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-काप्रतिषु ' जेया ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्माणं अवत्तव्वयादिसेसाणं पदाणं जहापरिवाडीए अप्पाबहुअं वत्तव्वं । एवं पदेसउदीरणा समत्ता । एवमुदीरणाउवक्कमो समत्तो ।

उवसामणाउवक्कमे उवसामणा णिक्खिविदव्वा । तं जहा–णाम-ट्ठवणा-दविय-भावुवसामणा चेदि उवसामणा चउव्विहा । णाम-ट्ठवणं गदं । आगमभावुवसामणा च गदा । णोआगमभावुवसामणा उवसंतो कलहो जुद्धं वा इच्चेवमादि । आगमदो दव्वुवसामणा सुगमा । णोआगमदो दव्वुवसामणा दुविहा कम्मउवसामणा णोकम्मउवसामणा चेदि । कम्मउवसामणा दुविहा करणुवसामणा अकरणुवसामणा चेदि । जा सा अकरणुवसामणा तिस्से दुवे णामाणि--अकरणुवसामणा त्ति च अणुदिण्णोवसामणा त्ति च ㋮ । सा कम्मपवादे सवित्थरेण परूविदा । जा सा करणुवसामणा❤ सा दुविहा देसकरणुवसामणा सव्वकरणुवसामणा चेदि । तत्थ सव्वकरणुवसामणाए अण्णाणि दुवे णामाणि गुणोवसामणा त्ति♠ च पसत्थुवसामणा त्ति च । एसा सव्वकरणुवसामणा कसायपाहुडे परूविज्जिहिदि । जा सा देसकरणुवसामणा तिस्से अण्णाणि दुवे णामाणि अगुणोवसामणा

कर्मोंके अवक्तव्य उदीरक आदि शेष पदोंके अल्पबहुत्वका कथन परिपाटीक्रमके अनुसार करना चाहिये । इस प्रकार प्रदेशउदीरणा समाप्त हुई । इस प्रकार उदीरणा-उपक्रम समाप्त हुआ ।

उपशामनाउपक्रममें उपशामनाका निक्षेप करते हैं । यथा–नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव उपशामनाके भेदसे उपशामना चार प्रकारकी है । उनमें नाम व स्थापना अवगत हैं । आगमभावोपशामना भी अवगत है । नोआगमभावोपशामना--जैसे कलह उपशान्त हो गया, अथवा युद्ध उपशान्त हो गया, इत्यादि । आगमद्रव्योपशामना सुगम है । नोआगमद्रव्योपशामना दो प्रकारकी है–कर्मद्रव्योपशामना और नोकर्मद्रव्योपशामना । इनमें कर्मद्रव्योपशामना दो प्रकारकी है–करणोपशामना और अकरणोपशामना । जो वह अकरणोपशामना है उसके दो नाम हैं–अकरणोपशामना और अनुदीर्णोपशामना । उसकी कर्मप्रवादमें विस्तारके साथ प्ररूपणा की गयी है जो वह करणोपशामना है वह दो प्रकार है–देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना । उनमें सर्वकरणोपशामनाके दो नाम और हैं--गुणोपशामना और प्रशस्तोपशामना । इस सर्वकरणोपशामनाकी प्ररूपणा कषायप्राभृतमें करेंगे । जो वह देश-करणोपशामना है उसके दो नाम और हैं--अगुणोपशामना और अप्रशस्तोपशामना ।

㋮ करणकया अकरणा वि य दुविहा उवसामणा त्थ बिइयाए । अकरण-अणुइन्नाए अणुयोगधरे पणिवयामि ॥ क. प्र. ५, १ करणकय त्ति–इह द्विविधा उपशमना करणकृताऽकरणकृता च । तत्र करणं क्रिया यथाप्रवृत्तापूर्वानिवृत्तिकरणसाध्यः क्रियाविशेषः, तेन कृता करणकृता । तद्विपरीताऽकरणकृता । या संसारिणां जीवानां गिरि-नदीपाषाणवृत्तादिसंभवद्यथाप्रवृत्तादिकरणक्रियाविशेषमन्तरेणापि वेदनानुभवनादिभि कारणैरुपशमनोपजायते साऽकरणकृतेत्यर्थः । इदं च करणकृताकरणकृतत्वरूपं द्वैविध्यं देशोपशामनाया एव द्रष्टव्यम्, न सर्वोपशामनायाः; तस्याः करणेभ्य एव भावात् । मलय. ❤ ताप्रतौ 'जा करणुवसामणा' इति पाठः ♠ ताप्रतौ 'गुणोवसामया त्ति' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्ति च अप्पसत्थुवसामणा त्ति✡ च। एदाए पयदं।

तत्थ अप्पसत्थुवसामणाए अट्ठपदं। तं जहा– अप्पसत्थुवसामणाए जमुवसंतं पदेसग्गं तमोकड्डिदुं पि♠ सक्कं, उक्कड्डिदुं पि सक्कं ⁂; पयडीए संकामिदुं पि सक्कं, उदयावलियं पवेसिदुं♣ ण उ सक्कं। वुत्तं च––

उदए संकम-उदए चदुसु वि दादुं कमेण णो सक्कं।
उवसंतं च णिधत्तं णिकाचिदं चावि जं कम्मं▣ ॥ ४ ॥

एदेण अट्ठपदेण सामित्तं तत्थ पुव्वं गमणिज्जं। सामित्तणिद्देसस्स पयदकरणं वत्तइस्सामो। तं जहा– सव्वकम्माणि चरित्तमोहणीयक्खवग-उवसामगाण✻मणियट्टिपढमसमयं पविट्ठस्स चेव अप्पसत्थउवसामणाए अणुवसंताणि। दंसणमोहणीयखवग-उवसामगाणं अणुयट्टिकरणपढमसमयपविट्ठस्सेव दंसणमोहणीयं अप्पसत्थउवसामणाए अणुवसंतं होदि। सेसाणि सव्वकम्माणि तत्थ उवसंताणि अणुवसंताणि च। अणंताणुबंधिविसंजोयणाए अणुयट्टिपढमसमए पविट्ठंतकाले✡ चेव अणंताणुबंधिचउक्कमप्पसत्थउवसामणाए अणुवसंतं। सेसाणि सव्वकम्माणि उवसंताणि अणुवसंताणि च। णत्थि

यह यहां प्रकृत है।

उनमेंसे अप्रशस्तोपशामनामें अर्थपदका कथन करते हैं। यथा– अप्रशस्तोपशामनाके द्वारा जो प्रदेशाग्र उपशान्त होता है वह अपकर्षणके लिये भी शक्य है, उत्कर्षणके लिए भी शक्य है, तथा अन्य प्रकृतिमें संक्रमण करानेके लिये भी शक्य है। वह केवल उदयावलीमें प्रविष्ट करानेके लिये शक्य नहीं है। कहा भी है–

जो कर्म उदयमें नहीं दिया जा सकता है वह उपशान्त, जो संक्रमण व उदय दोनोंमें नहीं दिया जा सकता है वह निधत्त, तथा जो चारों (उदय, संक्रमण, अपकर्षण व उत्कर्षण) में भी नहीं दिया जा सकता है वह निकाचित कहा जाता है ॥ ४ ॥

इस अर्थपदके अनुसार प्रथमतः स्वामित्वका परिज्ञान कराना योग्य है। स्वामित्वनिर्देशपूर्वक प्रकृत करणका कथन करते हैं। यथा– चारित्रमोहनीयके क्षपक व उपशामकोंमेंसे अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें प्रविष्ट हुए जीवके ही सब कर्म अप्रशस्त उपशामनाके द्वारा अनुपशान्त होते हैं। दर्शनमोहनीयके क्षपक व उपशामकोंमेंसे अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें प्रविष्ट हुए जीवके ही दर्शनमोहनीयकर्म अप्रशस्त उपशामनाके द्वारा अनुपशान्त होता है। शेष सब कर्म वहां उपशान्त और अनुपशान्त भी होते हैं। अनन्तानुबन्धीके विसंयोजनमें अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें प्रविष्ट होनेके कालमें ही अनन्तानुबन्धिचतुष्क अप्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त होता है। शेष सब कर्म उपशान्त और अनुपशान्त होते हैं। किसी भी कर्मका सब प्रदेशाग्र

✡ सव्वस्स य देसस्स य करणुवसमणा दुवण्णि एक्किक्का। सव्वस्स गुण पसत्था देसस्स वि तासि विवरीया ॥ क. प्र. ५, २. ♠ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'तमोकड्डिदुं वि' इति पाठः। ⁂ ताप्रतौ 'उक्कड्डिदुं व सक्कं' इति पाठः। ♣ अ-काप्रत्योः 'पदेसिदुं' इति पाठः। ▣ गो. क. ४४०. ✻ अप्रतौ '-क्खवणउवसामगाण', का-ताप्रत्योः 'क्खएण उवसामगाण' इति पाठः। ✡ अप्रतौ 'पविट्ठंतक्काले', ताप्रतौ 'पविट्ठतकाले' इति पाठः, काप्रतौ त्रुटितोऽत्र पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कस्स वि कम्मस्स पदेसग्गं सव्वमुवसंतं णाम अधवा सव्वमणुवसंतं णाम, सव्वमुवसंतं च अणुवसंतं च । एदेण पयदकरणेण सामित्तं गदं होदि ।

एत्तो एयजीवेण कालो । तं जहा--णाणावरणस्स उवसामगो अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो वा । तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । सेससत्तण्णं कम्माणं णाणावरणभंगो ।

एयजीवेण अंतरं जह०* एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । एवमट्ठण्णं पि मूलपयडीणं ।

णाणाजीवेहि भंगविचओ । संतकम्मिएसु पयदं--णाणारवणस्स सिया सव्वे जीवा उवसामया, सिया उवसामया च अणुवसामया च, सिया उवसामया* च अणुवसामओ च । एवं तिण्णं घादिकम्माणं तिण्णि तिण्णि भंगा । अघादीणं उवसामया अणुवसामया च णियमा अत्थि ।

णाणाजीवेहि कालो-- अट्ठण्णं पि पयडीणं उवसामया सव्वद्धा । णाणाजीवेहि णत्थि अंतरं । अप्पाबहुअं--अट्ठण्णं पि उवसामया तुल्ला । भुजगारउवसामया णत्थि । पदणिक्खेव-वड्ढिउवसामणा च णत्थि । एवं मूलपयडिउवसामणा समत्ता ।

उपशान्त अथवा सब अनुपशान्त नहीं होता, किन्तु सब प्रदेशाग्र उपशान्त भी होता है और अनुपशान्त भी होता है । इस प्रकृत करणके साथ स्वामित्व समाप्त होता है ।

यहां एक जीवकी अपेक्षा कालका वर्णन करते हैं । वह इस प्रकार है--ज्ञानावरणका उपशामक जीव अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित होता है । उनमें जो सादि-सपर्यवसित है उसका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गल-परिवर्तन मात्र है । शेष सात कर्मोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है ।

एक जीवकी अपेक्षा उसका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र होता है । इसी प्रकारसे आठों ही मूल प्रकृतियोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयकी प्ररूपणा करते हैं । सत्कर्मिक जीव प्रकृत हैं--ज्ञानावरणके कदाचित् सब जीव उपशामक, कदाचित् बहुत उपशामक व बहुत अनुपशामक, तथा कदाचित् बहुत उपशामक और एक अनुपशामक होता है । इस प्रकारसे तीन घातिया कर्मोंके तीन तीन भंग होते हैं । अघातिया कर्मोंके बहुत उपशामक और बहुत अनुपशामक नियमसे होते हैं ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा काल--आठों ही प्रकृतियोंके उपशामक सर्व काल होते हैं । नाना जीवोंकी अपेक्षा उनका अन्तर नहीं होता । अल्पबहुत्व--आठों ही कर्मोंके उपशामक तुल्य होते हैं । भुजाकार उपशामक नहीं होते । पदनिक्षेप व वृद्धि उपशामना भी नहीं है । इस प्रकार मूलप्रकृतिउपशामना समाप्त हुई ।

---

* अ-काप्रत्योः ' अंतरं जहा जह० ' इति पाठः । * प्रतिषु ' उवसामओ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तरपयडिउवसामणा वुच्चदे । तं जहा–सामित्तं तेणेव पायदकरणेण पुव्वपरूविदेण परूवेयव्वं । तं जहा––सव्वकम्माणमुवसामओ को होदि ? अण्णदरो। एयजीवेण कालो । तं जहा––सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्क० बे-छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि। मणुस-तिरिक्खाउआणं जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं सादिरेयं। उक्कस्सेण मणुस्साउअस्स तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि, तिरिक्खाउअस्स असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । देव-णिरयाउआणं जहण्णेण दसवास-सहस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । णिरय-मणुस-देवगइ-तदाणुपुव्वी-वेउव्विय-आहारसरीर-वेउव्विय-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघाद-तित्थयर-उच्चागोदाणं जहा* संतकम्मियस्स कालो परूविदो तहा परूवेयव्वो। सेसाणं सव्वकम्माणं उवसामयकालो अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो वा । जो* सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

एयजीवेण अंतरं–जेसिं कम्माणं अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो वा उवसंतकालो तेसिं कम्माणमुवसामयंतरं जह० एयसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। जेसिं

उत्तरप्रकृतिउपशामनाकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है–स्वामित्वकी प्ररूपणा पूर्वप्ररूपित उसी प्रकृत करणके अनुसार करना चाहिये । यथा–सब कर्मोंका उपशामक कौन होता है ? सब कर्मोंका उपशामक अन्यतर जीव होता है ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है । यथा–सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उपशामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छ्यासठ सागरोपम मात्र है । मनुष्यायु और तिर्यगायुका उक्त काल जघन्यसे साधिक क्षुद्रभवग्रहण मात्र है । उत्कर्षसे वह मनुष्यायुका पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक तीन पल्योपम और तिर्यगायुका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । उक्त काल देवायु और नारकायुका जघन्यसे साधिक दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है । नरकगति, मनुष्यगति, देवगति, वे तीनों आनुपूर्वी प्रकृतियां, वैक्रियिक व आहारकशरीर, वैक्रियिक व आहारक शरीरांगोपांग, उनके बन्धन व संघात, तीर्थंकर तथा उच्चगोत्र; इनके कालकी प्ररूपणा जैसे सत्कर्मिकके कालकी की गयी है वैसे करना चाहिये । शेष सब कर्मोंका उपशामककाल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित है । जो सादि-सपर्यवसित है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तर–जिन कर्मोंका उपशान्तकाल अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित है उन कर्मोंके उपशामकका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे

---

* मप्रतिपाठोऽयम् । अ-का-ताप्रतिषु 'जहाकमेण' इति पाठः ।

* ताप्रतौ 'वा। उवसंतकालो तेसिं कम्माणं जो' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्माणं सादियसंतकम्मिओ जीवो तेसिं कम्माणमुवसामयंतरं जह० एगसमओ, उक्क० जं जिस्से पयडीए संतकम्मस्स अंतरं उक्कस्सेण परूविदं तं परूवेयव्वं। णवरि देवाउअवज्जाणमाउआणं जह० अंतोमुहुत्तं।

णाणाजीवेहि भंगविचओ--मदिआवरणस्स सिया सव्वे जीवा उवसामया' सिया उवसामया च अणुवसामओ च, सिया उवसामया च अणुसामया च। जहा मदिआवरणस्स तिण्णि भंगा परूविदा तहा सव्वपयडीणं पि तिण्णि तिण्णि भंगा परूवेयव्वा। णवरि जासिं पयडिसंतं सजोगिम्मि अत्थि तासिमुवसामया अणुवसामया च णियमा अत्थि।

कालो--णाणाजीवे पडुच्च सव्वद्धा। अंतरं--णाणाजीवे ♣ पडुच्च णत्थि अंतरं। अप्पाबहुअं। तं जहा--सव्वत्थोवा आहारसरीरणामाए उवसामया। सम्मत्तस्स उवसामया असंखे० गुणा। सम्मामिच्छत्तस्स उव० विसेसाहिया। मणुसाउअस्स असंखेज्जगुणा। णिरयाउअस्स असंखे० गुणा। देवाउअस्स असंखे० गुणा। देवगइणामाए संखे० गुणा। णिरयगइणामाए विसेसा०। वेउव्वियसरीरणामाए त्रिसेसा० वेउव्विय-छक्कमुव्वेल्लिऊण पुव्वं देवदुगबंधगेप डुच्च। उच्चागोदस्स अणंतगुणा। मणुसगइणामाए

अन्तर्मुहूर्त मात्र होता है। जिन कर्मोंका उपशामक सादिसत्कर्मिक जीव है उन कर्मोंके उपशामकका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे जिस प्रकृतिके सत्कर्मका जो अन्तर उत्कर्षसे बतलाया गया है उसको कहना चाहिये। विशेष इतना है कि देवायुको छोड़कर शेष आयु कर्मोंके उपशामकका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त मात्र होता है।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय–मतिज्ञानावरणके कदाचित् सब जीव उपशामक होते हैं, कदाचित् बहुत उपशामक व एक अनुपशामक, तथा कदाचित् बहुत उपशामक व बहुत अनुपशामक होते हैं। जिस प्रकार ये मतिज्ञानावरणके तीन भंग कहे गये हैं उसी प्रकार सब ही प्रकृतियोंके तीन भंग कहना चाहिये। विशेष इतना है कि जिनका प्रकृतिसत्त्व सयोगकेवलीमें है उनके बहुत उपशामक व बहुत अनुपशामक नियमसे होते हैं।

काल–नाना जीवोंकी अपेक्षा उपशामकोंका काल सर्वकाल है। अन्तर–नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर सम्भव नहीं है। अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है–आहारशरीर नामकर्मके उपशामक सबमें स्तोक हैं। सम्यक्त्वके उपशामक असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके उपशामक विशेष अधिक हैं। मनुष्यायुके उपशामक असंख्यातगुणे हैं। नारकायुके उपशामक असंख्यातगुणे हैं। देवायुके उपशामक असंख्यातगुणे हैं। देवगति नामकर्मके उपशामक संख्यातगुणे हैं। नरकगति नामकर्मके उपशामक विशेष अधिक हैं। वैक्रियिकशरीर नामकर्मके उपशामक विशेष अधिक हैं। इसका कारण यह है कि वैक्रियिकषट्ककी उद्वेलना करके पहिले देवद्विकके बन्धकोंकी अपेक्षा यह अल्पबहुत्व कहा है। उच्चगोत्रके उपशामक अनन्तगुणे हैं। मनुष्यगति नामकर्मके उपशामक विशेष अधिक हैं। तिर्यगायुके

♣ प्रतिषु ' णागाजीवेण ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसा० । तिरिक्खाउअस्स विसेसा० । अणंताणुबंधीणं विसेसा० । मिच्छत्तस्स विसेसा० । सेसाणं कम्माणमुवसामया तुल्ला विसेसाहिया । एत्थ भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढी च णत्थि ।

पयडिट्ठाणुवसामणा– णाणावरण-दंसणावरण-वेयणीय-अंतराइयाणमेक्कं चेव ट्ठाणं । गोदाउआणं दोण्णि ट्ठाणाणि । मोहणीयस्स अत्थि अट्ठावीस-सत्तावीस-छव्वीस-पणुवीस--चउवीस--एक्कवीसपयडिउवसामणट्ठाणाणि । एदेसिं ट्ठाणाणं एयजीवेण सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं अप्पाबहुअं भुजगार–पदणिक्खेववड्ढिउवसामणाओ कायव्वाओ । णामस्स तिउत्तरसदं विउत्तरसदं छण्णवुदि-पंचाणउदि-तिणउदि-चउरासीदि-वासीदि त्ति सत्तण्णं ट्ठाणाणमुवसामणा अत्थि, सेसाणं णत्थि । एवं पयडिउवसामणा समत्ता ।

ठिदिउवसामणा दुविहा मूलपयडिट्ठिदिउवसामणा उत्तरपयडिट्ठिदिउवसामणा चेदि । तत्थ मूलपयडिट्ठिदिउवसामणाए ताव अद्धाच्छेदो वुच्चदे । तं जहा– णाणा–वरणस्स उक्कस्सट्ठिदिउवसामणा तीससागरोवमकोडाकोडीओ दोहि आवलियाहि ऊणाओ । जट्ठिदिउवसामणा तीससागरोवमकोडाकोडीओ आवलियाए ऊणाओ । एवं दंसणावरणीय-वेयणीय-अंतराइयाणं । मोहणीयस्स सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीओ दोहि

उपशामक विशेष अधिक हैं । अनन्तानुबन्धी कषायोंके उपशामक विशेष अधिक हैं । मिथ्यात्वके उपशामक विशेष अधिक हैं । शेष कर्मोंके उपशामक तुल्य व विशेष अधिक हैं । यहां भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी सम्भावना नहीं है ।

प्रकृतिस्थानउपशामना– ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायका एक ही उपशामनास्थान है । गोत्र व आयुके दो उपशामनास्थान हैं । मोहनीयके अट्ठाईस, सत्ताईस, छब्बीस, पच्चीस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतियोंके उपशामनास्थान हैं । एक जीवकी अपेक्षा इन स्थानोंके स्वामित्व, काल व अंतर एवं नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल व अन्तर तथा अल्पबहुत्व, भुजाकार, पदनिक्षेप व वृद्धि उपशामनाको करना चाहिये । नामकर्म सम्बन्धी एक सौ तीन, एक सौ दो, छयानवै, पंचानवै, तेरानवै चौरासी और ब्यासी प्रकृतियों रूप इन सात स्थानोंकी उपशामना है । शेष स्थानोंकी उपशामना नहीं है । इस प्रकार प्रकृतिउपशामना समाप्त हुई ।

स्थितिउपशामना दो प्रकार है– मूलप्रकृतिस्थितिउपशामना और उत्तरप्रकृतिस्थिति–उपशामना । उनमें पहिले मूलप्रकृतिस्थितिउपशामनाके अद्धाछेदकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है– ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिउपशामना दो आवलियोंसे कम तीस कोडा–कोडि सागरोपम मात्र काल तक होती है । उसकी जस्थितिउपशामना एक आवलीसे कम तीस कोडाकोडि सागरोपम मात्र काल तक होती है । इसी प्रकार दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायकी उत्कृष्ट स्थितिउपशामना तथा जस्थिउपशामनाका कथन करना चाहिये । मोह–नीयकी उत्कृष्ट स्थितिउपशामना दो आवलियोंसे कम सत्तर कोडाकोडि सागरोपम मात्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आवलियाहि ऊणाओ । आउअस्स पुव्वकोडितिभागेण सादिरेयतेत्तीसंसागरोवमाणि दोआवलिऊणाणि* । जट्ठिदी आवलिऊणा । णामा-गोदाणं वीससागरोवमकोडा-कोडीओ दोहि आवलियाहि ऊणाओ ।

जहण्णअद्धाच्छेदो--णाणावरण-दंसणावरण-वेयणीय-अंतराइयाणं जहण्णट्ठिदि-उवसामणा सागरोवमस्स तिण्णि-सत्तभागा पलिदो० असंखे० भागेण ऊणया । मोहणीयस्स सागरोवमं पलिदो० असंखे० भागेण ऊणयं । णामा-गोदाणं सागरोवमस्स बे-सत्तभागा पलिदो० असंखे० भागेण ऊणया । आउअस्स खुद्दाभवग्गहणसंखेज्जदि-भागो । एवमद्धाछेदो समत्तो ।

सामित्तं । तं जहा-- सव्वकम्माणं जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाए सामित्तं कदं तहा एत्थ वि कायव्वं । जहा अभवसिद्धियपाओग्गजहण्णट्ठिदिउदीरणासामित्तं कदं तहा ट्ठिदिउवसामणासामित्तं ओघजहण्णम्मि कायव्वं । एयजीवेण कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो अप्पाबहुअं चेदि एदाणि अणुयोगद्दाराणि जहा अभवसिद्धियपाओग्गट्ठिदिउदीरणाए कदाणि तहा एत्थ कायव्वाणि । भुजगारो* पदणिक्खेवो वड्ढी च जहा ट्ठिदिउदीरणाए कदा तहा ट्ठिदिउवसामणाए वि कायव्वा। उत्तरपयडि-

---

काल तक होती है । आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिउपशामना दो आवलियोंसे कम और पूर्व-कोटित्रिभागसे साधिक तेतीस सागरोपम काल तक होती है । उसकी जस्थिति उपशामना एक आवलीसे कम उतनी मात्र होती है । नाम व गोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिउपशामना दो आवलियोंसे कम बीस कोडाकोडि सागरोपम मात्र होती है ।

जघन्य अद्धाच्छेद- ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायकी जघन्य स्थिति-उपशामना एक सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्योपमके असंख्यातवें भागसे हीन तीन भाग प्रमाण होती है । वह मोहनीयकी पल्योपमके असंख्यातवें भागसे हीन एक सागरोपम मात्र काल तक होती है । नाम व गोत्र कर्मकी एक सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्योपमके असंख्यातवें भागसे हीन दो भाग मात्र होती है । आयुकी जघन्य स्थितिउपशामना क्षुद्रभवग्रहणके संख्यातवें भाग मात्र होती है । इस प्रकार अद्धाच्छेद समाप्त हुआ ।

स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है- जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणामें सब कर्मोंका स्वामित्व किया गया है वैसे ही उसे यहां भी करना चाहिये । जिस प्रकारसे अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य जघन्य स्थितिउदीरणाका स्वामित्व किया गया है उसी प्रकारसे ओघ जघन्यमें स्थिति-उपशामनास्वामित्वको करना चाहिये । एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष और अल्पबहुत्व; इन अनुयोगद्वारोंको जैसे अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य स्थितिउदीरणामें किया गया है उसी प्रकार यहां भी करना चाहिये । भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी प्ररूपणा जसे स्थितिउदीरणामें की गयी है वैसे स्थितिउपशामनामें भी करना

---

* मप्रतिपाठोऽयम् । अ-का-ताप्रतिषु ' आवलिऊणाणि ' इति पाठः ।

* अप्रतौ ' तहा कायव्वाणि एत्थ भुजगारो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठिदिउवसामणाए जहा उत्तरपयडिट्ठिदिउदीरणाए परूवणा कदा तहा कायव्वा । एवं ट्ठिदिउवसामणा समत्ता ।

अणुभागउवसामणा दुविहा मूलपयडिअणुभागुवसामणा उत्तरपयडिअणुभागुवसामणा चेदि । मूलपयडिअणुभागुवसामणा सुगमा । उत्तरपयडिअणुभागुवसामणाए पयदं– तत्थ उक्कस्सेण जहा उक्कस्सओ अणुभागसंतकम्मस्स पमाणाणुगमो कदो तहा उक्कस्सओ अणुभागुवसामणापमाणाणुगमो कायव्वो । जहा अक्खवय-अणुवसामयपाओग्गो जहण्णओ अणुभागसंतकम्मपमाणाणुगमो कदो तहा जहण्णगो अणुभागुवसामणापमाणाणुगमो कायव्वो । सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो च जहा अणुभागसंतकम्मस्स परूविदो तहा अणुभागुवसामणाए वि परूवेयव्वो । एत्तो अणुभागुवसामणाए तिव्वं-मंदप्पाबहुअं । तं जहा– उक्कस्सेण चउसट्ठिपदेहि जहा उक्कस्सए अणुभागबंधे अप्पाबहुअं कदं तहा एत्थ वि कायव्वं । एवं जहण्णं पि कायव्वं । एवमणुभागउवसामणा समत्ता । पदेसउवसामणा जाणिदूण परूवेयव्वा ।

विपरिणामउवक्कमो चउव्विहो पगदिविपरिणामणा ट्ठिदिविपरिणामणा अणुभागविपरि० पदेसविपरि० चेदि । पयडिविपरिणामणा दुविहा ✿ मूलपयडिविपरिणामणा

चाहिये । उत्तरप्रकृतिस्थितिउपशामनाकी प्ररूपणा जैसे उत्तरप्रकृतिउदीरणामें की गयी है वैसे ही यहां भी करना चाहिये । इस प्रकार स्थितिउपशामना समाप्त हुई ।

अनुभागउपशामना दो प्रकारकी है– मूलप्रकृतिअनुभागउपशामना और उत्तरप्रकृतिअनुभागउपशामना । इनमें मूलप्रकृतिअनुभागउपशामना सुगम है । उत्तरप्रकृतिअनुभागउपशामना प्रकृत है– उसमें उत्कर्षसे जैसे उकृष्ट अनुभागसत्कर्मका प्रमाणानुगम किया गया है वैसे ही उत्कृष्ट अनुभागउपशामनाके प्रमाणानुगमको करना चाहिये । जिस प्रकार अक्षपक और अनुपशामक प्रायोग्य जघन्य अनुभागसत्कर्मका प्रमाणानुगम किया गया है उसी प्रकारसे जघन्य अनुभागउपशामनाके प्रमाणानुगमको करना चाहिये । स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल व अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिकर्षकी प्ररूपणा जैसे अनुभागसत्कर्ममें की गयी है वैसे ही उसे अनुभागउपशामनामें भी करना चाहिये । यहां अनुभागउपशामनामें तीव्र–मन्दताके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं । यथा– उत्कर्षसे चौसठ पदोंके द्वारा जिस प्रकार उत्कृष्ट अनुभागबन्धमें अल्पबहुत्व किया गया है वैसे ही यहां भी उसे करना चाहिये । इसी प्रकारसे उसके जघन्य अल्पबहुत्वको भी करना चाहिये । इस प्रकार अनुभागउपशामना समाप्त हुई । प्रदेशउपशामनाकी प्ररूपणा जानकर करना चाहिये ।

विपरिणामउपक्रम चार प्रकारका है– प्रकृतिविपरिणामना, स्थितिविपरिणामना, अनुभागविपरिणामना और प्रदेशविपरिणामना । इनमें प्रकृतिविपरिणामना दो प्रकार है– मूलप्रकृति-

---

✿ अ-का-ताप्रतिषु त्रुटितोऽयं अग्रिम ' दुविहा ' पदपर्यन्तः पाठो मप्रतितोऽत्र योजितः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तरपयडिविपरिणामणा त्ति । तत्थ मूलपयडिविपरिणामणा दुविहा देसविपरिणामणा सव्वविपरिणामणा चेदि । एत्थ अट्ठपदं--जासिं पयडीणं देसो णिज्जरिज्जदि अधट्ठिदिगलणाए सा देसपयडिविपरिणामणा णाम । जा पयडी सव्वणिज्जराए णिज्जरिज्जदि सा सव्वविपरिणामणा णाम। एदेण अट्ठपदेण मूलपयडिविपरिणामणाए सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो विपरिणामयाणमप्पाबहुअं च णेयव्वं । भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढी च एत्थ णत्थि ।

उत्तरपयडिविपरिणामणाए अट्ठपदं । तं जहा--णिज्जिण्णा पयडी देसेण सव्वणिज्जराए वा, अण्णपयडीए देससंकमणेण वा सव्वसंकमणेण वा जा संकमिज्जदि एसा उत्तरपयडिविपरिणामणा णाम । एदेण अट्ठपदेण सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो विपरिणामयाणमप्पाबहुअं च कायव्वं । भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढी च णत्थि । पुणो पयडिट्ठाणविपरिणामणा परूवेयव्वा । एवं पयडिविपरिणामणा समत्ता ।

ट्ठिदिविपरिणामणाए अट्ठपदं--ट्ठिदी ओवट्टिज्जमाणा वा उव्वट्टिज्जमाणा☼ वा अण्णं पयडिं संकामिज्जमाणा वा विपरिणामिदा✿ होदि । एदेण अट्ठपदेण जहा ठिदिसंकमो तहा अविसेसेण ट्ठिदिविपरिणामणा कायव्वा ।

विपरिणामना और उत्तरप्रकृतिविपरिणामना । उनमें मूलप्रकृतिविपरिणामना दो प्रकार है--देशविपरिणामना और सर्वविपरिणामना । यहां अर्थपद--जिन प्रकृतियोंका अधःस्थितिगलनके द्वारा एक देश निर्जराको प्राप्त होता है वह देशप्रकृतिविपरिणामना कही जाती है । जो प्रकृति सर्वनिर्जराके द्वारा निजराको प्राप्त होती है वह सर्वविपरिणामना कही जाती है । इस अर्थपदके अनुसार मूलप्रकृतिविपरिणामनाके स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष और विपरिणामकोंके अल्पबहुत्वको भी ले जाना चाहिये । भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहां नहीं हैं ।

उत्तरप्रकृतिविपरिणामनामें अर्थपद । यथा–देशनिर्जरा अथवा सर्वनिर्जराके द्वारा निर्जीर्ण प्रकृति अथवा जो प्रकृति देशसंक्रमण या सर्वसंक्रमणके द्वारा अन्य प्रकृतिमें संक्रमणको प्राप्त करायी जाती है यह उत्तरप्रकृतिविपरिणामना कहलाती है । इस अर्थपदके अनुसार स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष और विपरिणामकोंके अल्पबहुत्वको भी करना चाहिये । भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहां नहीं हैं । तत्पश्चात प्रकृतिस्थानविपरिणामनाकी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार प्रकृतिविपरिणामना समाप्त हुई ।

स्थितिविपरिणामनामें अर्थपद--अपवर्तमान, उद्वर्तमान अथवा अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमण करायी जानेवाली स्थिति विपरिणामिता (स्थितिविपरिणामना) कहलाती है । इस अर्थपदके अनुसार जैसे स्थितिसंक्रम किया गया है वैसे ही निर्विशेष स्वरूपसे स्थितिविपरिणामनाको भी करना चाहिये ।

☼ अ-काप्रत्योः ' उवट्टिज्जमाणा ', ताप्रतौ ' (उ) वड्ढिज्जमाणा ' इति पाठः ।
✿ अप्रतौ ' विपरिणामदा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुभागविपरिणामाए अट्ठपदं– ओकड्डिदो वि उक्कड्डिदो वि अण्णपयडिं णीदो वि अणुभागो विपरिणामिदो होदि। एदेण अट्ठपदेण जहा अणुभागसंकमो तहा णिरवयवं अणुभागविपरिणामणा कायव्वा।

पदेसविपरिणामणाए अट्ठपदं– जं पदेसग्गं णिज्जिण्णं अण्णपयडिं वा संकामिदं सा पदेसविपरिणामणा णाम। एदेण अट्ठपदेण जारिसो पदेससंकमो तारिसो पदेसपरिणामणा। णवरि जं णिज्जरिज्जमाणं उदएण तमदिरेगं पदेससंकमादो विपरिणामणाए। एवमुक्कमो त्ति समत्तमणुओगद्दारं।

अनुभागविपरिणामनामें अर्थपद– अपकर्षणप्राप्त, उत्कर्षणप्राप्त अथवा अन्य प्रकृतिको प्राप्त कराया गया भी अनुभाग विपरिणामित होता है। इस अर्थपदके अनुसार जैसे अनुभागसंक्रम किया गया है वैसे ही पूर्णतया अनुभागविपरिणामनाको करना चाहिये।

प्रदेशविपरिणामनामें अर्थपद– जो प्रदेशाग्र निर्जराको प्राप्त हुआ है अथवा अन्य प्रकृतिमें संक्रमणको प्राप्त हुआ है वह प्रदेशविपरिणामना कही जाती है। इस अर्थपदके अनुसार जैसे प्रदेशसंक्रम किया गया है वैसे ही प्रदेशविपरिणामनाको करना चाहिये। विशेष इतना है कि जो प्रदेशाग्र उदयके द्वारा निर्जीर्यमाण है वह प्रदेशसंक्रमसे विपरिणामनामें अधिक है। इस प्रकार उपक्रम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदयाणुयोगद्दारं १०

पणमिय संतिजिणिंदं घाइयणिस्सेसदोससंघायं ।
उदयाणुयोगदारं किंचि समासेण वण्णेहं ।। १ ।।

एत्तो उदओ कायव्वो– णामादिउदएसु एत्थ केण उदएण पयदं ? णोआगमओ कम्मदव्वउदएण पयदं । सो कम्मदव्वुदओ चउविहो । तं जहा– पयडिउदओ ट्ठिदिउदओ अणुभागउदओ पदेसउदओ चेदि । तत्थ पयडिउदओ दुविहो मूलपयडिउदओ उत्तरपयडिउदओ चेदि । मूलपयडिउदओ चिंतिय वत्तव्वो । उत्तरपयडिउदए पयदं । तत्थ सामित्तं । तं जहा– पंचणाणावरणीय-चउदंसणावरणीय-पंचंतराइयाणं को वेदओ ? सव्वो छदुमत्थो । पंचण्णं दंसणावरणीयाणं को वेदओ? सरीरपज्जत्तीए दुसमयपज्जत्तमादिं कादूण उवरिमो अण्णदरो तप्पाओग्गो वेदओ । णवरि थीणगिद्धितियस्स देव-णेरइय-अप्पमत्तसंजदा आहारसरीरमुट्ठाविय पमत्तसंजदा च अवेदया । अण्णेसिमुवदेसेण एदे पुव्वुत्ता अवेदया होदूण असंखेज्जवस्साउआ च उत्तरविउव्विद–तिरिक्ख-मणुस्सा च अवेदया । सादासादाणमण्णदरो संसारत्थो तप्पाओग्गो वेदओ ।

मिच्छत्तं सव्वो मिच्छाइट्ठी वेदयदि, सम्मामिच्छत्तं सव्वसम्मामिच्छाइट्ठी सम्मत्तं

समस्त दोषसंघातको नष्ट कर देनेवाले शांति जिनेन्द्रको नमस्कार करके मैं कुछ संक्षेपसे उदयानुयोगद्वारका वर्णन करता हूं ।। १ ।।

यहां उदयकी प्ररूपणा की जाती है-- नामउदयादिकोंमें यहां कौनसा उदय प्रकृत है ? यहां नोआगमकर्मद्रव्यउदय प्रकृत है । वह कर्मद्रव्यउदय चार प्रकारका है । यथा--प्रकृतिउदय, स्थितिउदय, अनुभागउदय और प्रदेशउदय । उनमें प्रकृतिउदय दो प्रकार है--मूलप्रकृतिउदय और उत्तरप्रकृतिउदय । मूलप्रकृतिउदयका कथन विचार कर करना चाहिये । उत्तरप्रकृतिउदय प्रकृत है । उसमें स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है । यथा--पांच ज्ञानावरण, चक्षु आदि चार दर्शनावरण, और पांच अन्तरायका वेदक कौन होता है ? इनके वेदक सभी छद्मस्थ जीव होते हैं । निद्रा आदि पांच दर्शनावरण प्रकृतियोंका वेदक कौन होता है ? शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके द्वितीय समयवर्तीको आदि करके आगेका कोई भी तत्प्रायोग्य जीव उनका वेदक होता है । विशेष इतना है कि देव, नारकी, अप्रमत्तसंयत तथा आहारकशरीरको उत्पन्न करनेवाले प्रमत्तसंयत भी स्त्यानगृद्धित्रिकके अवेदक होते हैं । अन्य आचार्योंके उपदेशके अनुसार ये पूर्वोक्त जीव स्त्यानगृद्धित्रिकके अवेदक होते हैं, इनके अतिरिक्त असंख्यातवर्षायुष्क तथा उत्तर शरीरकी विक्रिया करनेवाले तिर्यंच व मनुष्य भी उसके अवदक होते हैं । साता व असाता वेदनीयका वेदक तत्प्रायोग्य अन्यतर संसारी जीव होता है ।

मिथ्यात्वका वेदन सब ही मिथ्यादृष्टि जीव करते हैं । सम्यग्मिथ्यात्वका वेदन सब

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदयसम्माइट्ठी सव्वो । अणंताणुबंधीणं मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी वा वेदओ । अपच्चक्खाणकसायाणं असंजदो वेदओ । पच्चक्खाणवरणीयस्स को वेदओ ? असंजदो संजदासंजदो वा वेदओ । तिण्णं संजलणाणं अप्पप्पणो बंधज्झवसाणेसु वट्टमाणओ । लोहसंजलणाए को वेदओ ? अण्णदरो सकसाओ । छण्णं णोकसायाणं को वेदओ ? अण्णदरो णियट्टिम्ह* वट्टमाणगो । णवरि पढमसमयदेवो णियमा साद-हस्स-रदीणं वेदगो । पढमसमयणेरइओ णियमा असाद-अरदि-सोगाणं वेदओ । पुरिसवेदं पुरिसो, इत्थिवेदमित्थी, णवुंसयवेदं णवुंसओ वेदेदि ।

मणुसाउअं सव्वो मणुस्सो, णिरयाउअं सव्वो णेरइओ, तिरिक्खाउअं सव्वो तिरिक्खो, देवाउअं सव्वो देवो वेदेदि ।

मणुसगइं मणुस्सो, णिरयगइं णेरइओ, तिरिक्खगइं तिरिक्खो, देवगइं देवो वेदेदि । जादिणामाणं गदिभंगो । ओरालियसरीरस्स को वेदगो ? ओरालियसरीरो सजोगो । ओरालियसरीरबंधण-संघादाणं ओरालिलयसरीरभंगो । ओरालियसरीरअंगोवंग-वेउव्विय-आहारसरीर-तदंगोवंग-बंधण-संघादाणं को वेदगो ? सत्थाणे आहारओ ।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सम्यक्त्वका वेदन सब वेदकसम्यग्दृष्टि करते हैं। अनन्तानुबन्धी कषायोंका वेदक मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि होता है। अप्रत्याख्यानावरण कषायोंका वेदक असंयत होता है। प्रत्याख्यानावरणका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक असंयत और संयतासंयत होता है। तीन संज्वलन कषायोंका वेदक अपने अपने बन्धाध्यवसानोंमें वर्तमान जीव होता है। संज्वलनलोभका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक अन्यतर सकषाय जीव होता है। छह नोकषायोंका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक निवृत्ति अवस्थामें वर्तमान (मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरण तक) अन्यतर जीव होता है। विशेष इतना है कि प्रथम समयवर्ती देव नियमसे सातावेदनीय, हास्य और रतिका वेदक होता है। प्रथम समयवर्ती नारकी नियमसे असातावेदनीय, अरति और शोकका वेदक होता है। पुरुषवेदका वेदन पुरुष, स्त्रीवेदका वेदन स्त्री, और नपुंसकवेदका वेदन नपुंसक करता है।

मनुष्यायुका वेदन सब मनुष्य, नारकायुका वेदन सब नारकी, तिर्यगायुका वेदन सब तिर्यंच और देवायुका वेदन सब देव करते हैं।

मनुष्यगतिका वेदन मनुष्य, नरकगतिका वेदन नारकी, तिर्यग्गतिका वेदन तिर्यंच और देवगतिका वेदन देव करता है। जाति नामकर्मोंके उदयकी प्ररूपणा गतिनामकर्मोंके समान है। औदारिकशरीरका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक औदारिकशरीरसंयुक्त सयोग जीव होता है। औदारिकशरीरबन्धन और संघातके उदयकी प्ररूपणा औदारिकशरीरके समान है। औदारिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, इन दोनोंके अंगोपांग, बन्धन और संघातका वेदक कौन होता है ? इनका वेदक स्वस्थानमें वर्तमान आहारक जीव होता है। तैजस और

---

* अ-ताप्रत्योः ' अणियट्टिम्हि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेजा-कम्मइय-तप्पाओग्गबंधण-संघादाणं-को वेदओ ? सव्वो सजोगो ।

छण्णं संठाणाणं को वेदओ ? आहारओ* सजोगो । छण्णं संघडणाणं को वेदओ ? जो जेण आहारओ सो णियमा वेदओ । वण्ण-गंध-रस-फासाणं को वेदओ ? सव्वो सजोगो । तिण्णमाणुपुव्वीणं को वेदओ ? पढमसमयतब्भवत्थो बिदियसमय-तब्भवत्थो वा । तिरिक्खाणुपुव्वीए वेदओ को होदि ? पढमसमय-दुसमय-तिसमय-तब्भवत्थो वा । अगुरुअलहुअ-थिराथिर-सुहासुह-णिमिणणामाणं को वेदओ ? सव्वो सजोगो ।

उवघादस्स को वेदओ ? आहारओ । परघादस्स को वेदओ ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो सजोगो । आदावुज्जोवाणं को वेदओ ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो तप्पाओग्गो । उस्सासस्स आणापाणपज्जत्तीए पज्जत्तयदो जाव चरिमसमयउस्सासणिरोहकारओ त्ति ताव वेदओ।पसत्थापसत्थविहायगईणं को वेदगो? तसो सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो सजोगो।तस-बादर-पज्जत्तणामाणं को वेदओ? सजोगो अजोगो वा। पत्तेयसरीरस्स को वेदओ ? आहारओ । थावर-सुहुम-अपज्जत्तणामाणं को वेदओ ? थावर-सुहुम-

---

कार्मण शरीर तथा तत्प्रायोग्य बन्धन व संघातका वेदक कौन होता है ? इनके वेदक सभी सयोग प्राणी होते हैं ।

छह संस्थानोंका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक योगसहित आहारक जीव होता है । छह संहननोंका वेदक कौन होता है ? जो जिस संहननसे आहारक है वह नियमसे उसका वेदक होता है । वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शका वेदक कौन होता है ? उनके वेदक योग सहित सब जीव होते हैं । तीन आनुपूर्वी नामकर्मोंका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ अथवा द्वितीय समयवर्ती तद्भवस्थ जीव होता है । तिर्यगानुपूर्वीका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक प्रथम समयवर्ती, द्वितीय समयवर्ती अथवा तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ जीव होता है । अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और निर्माण नामकर्मोंका वेदक कौन होता है ? इनके वेदक सब योग सहित प्राणी होते हैं ।

उपघातका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक आहारक जीव होता है । परघातका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ सयोग प्राणी होता है । आतप और उद्योतका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ तत्प्रायोग्य जीव होता है । उच्छ्वासका वेदक आनप्राणपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ जीव जब तक चरम समयवर्ती उच्छ्वासनिरोधकारक है तब तक होता है । प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगतियोंका वेदक कौन होता है? उनका वेदक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ योगसे संयुक्त त्रस जीव है । त्रस, बादर और पर्याप्त नामकर्मोंका वेदक कौन है? उनका वेदक योगसे सहित और उससे रहित भी जीव होता है । प्रत्येकशरीरका वेदक कौन है ? उसका वेदक आहारक जीव होता है । स्थावर, सूक्ष्म और अपर्याप्त नामकर्मोंका वेदक कौन होता है ? उनके वेदक क्रमशः स्थावर, सूक्ष्म और अपर्याप्त

---

* ताप्रतौ ' आहारो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपज्जत्तया। साहारणसरीरस्स को वेदओ? आहारओ। जसकित्ति♣-सुभग-आदेज्जाणं को वेदओ ? सजोगो अजोगो वा। अजसकित्ति-दुभग अणादेज्जाणं को वेदओ ? अगुणपडिवण्णो अण्णदरो तप्पाओग्गो। तित्थयरणामाए को वेदओ ? सजोगो अजोगो वा। उच्चागोदस्स तित्थयरभंगो। णीचागोदस्स अणादेज्जभंगो। सुस्सर-दुस्सराणं को वेदओ ? भासापज्जत्तीए पज्जत्तयदो जाव भासाणिरोहस्स अकारओ त्ति। एवं सामित्तं समत्तं।

एगजीवेण कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो त्ति एदाणि अणुयोगद्दाराणि सामित्तादो साहेदूण वत्तव्वाणि। एत्तो अप्पाबहुअं पि जहा पयडिउदीरणाए कदं तहा कायव्वं। णवरि णाणत्तं–मणुसगइणामाए मणुस्साउअस्स च तुल्ला वेदया। एवं सेसाणं पि गदि-आउआणं च। पवाइज्जंतेण उवएसेण हस्स–रदिवेदएहिंतो सादवेदया जीवा विसेसा०। केत्तियमेत्तेण ? संखेज्जजीवमेत्तेण। अण्णेण✡ उवएसेण सादवेदएहिंतो हस्स-रदिवेदया विसेसा० असंखे० भागमेत्तेण। जुत्तीए च विसेसाहियत्तं णव्वदे। तं जहा––सव्वो आउअघादओ णियमा जेण असाद-वेदओ हस्स-रदीसु भज्जो तेण सादवेदएहिंतो हस्स-रदिवेदया असंखेज्जा♣ भागा

जीव होते हैं। साधारणशरीरका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक आहारक जीव होता है। यशकीर्ति, सुभग और आदेयका वेदक कौन होता है ? इनका वेदक योग सहित और उससे रहित भी जीव होता है। अयशकीर्ति, दुर्भग और अनादेयका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक गुणप्रतिपन्नसे भिन्न तत्प्रायोग्य अन्यतर जीव होता है। तीर्थकर नामकर्मका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक सयोग व अयोग जीव होता है। उच्चगोत्रके उदयका कथन तीर्थंकर प्रकृतिके समान है। नीचगोत्रके उदयका कथन अनादेयके समान है। सुस्वर और दुस्वरका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक भाषापर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ जीव जब तक भाषाके निरोधको नहीं करता तब तक होता है। इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

एक जीवकी अपेक्षा काल, अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिवर्ष; इन अनुयोगद्वारोंका कथन स्वामित्वसे सिद्ध करके करना चाहिये। अल्पबहुत्व भी जैसे प्रकृतिउदीरणामें किया गया है वैसे ही उसे यहां भी करना चाहिये। परंतु यहां इतनी विशेषता है– मनुष्यगति नामकर्म और मनुष्यायुके वेदकोंकी संख्या समान है। इसी प्रकार शेष भी गतिनामकर्मों और आयु कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। परस्पराप्राप्त उपदेशके अनुसार हास्य और रतिके वेदकोंसे सातावेदनीयके वेदक जीव विशेष अधिक हैं। कितने मात्रसे वे विशेष अधिक हैं ? संख्यात जीव मात्रसे विशेष अधिक हैं। अन्य उपदेशके अनुसार सातावेदनीयके वेदकोंकी अपेक्षा हास्य व रतिके वेदक असंख्यातवें भाग मात्रसे विशेष अधिक हैं। इनकी विशेषाधिकता युक्तिसे भी जानी जाती है। यथा– आयुके घातक सब जीव नियमसे असाता वेदक होकर भी चूंकि हास्य व रतिके वेदनमें भजनीय हैं इसीलिए सातावेदकोंकी

♣ प्रतिषु 'अजसकित्ति–' इति पाठः। ✡ अ-काप्रत्योः 'अणेण' इति पाठः।
♣ काप्रतौ 'असंखेज्जदि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसा० । अरदि-सोगवेदया थोवा । असादवेदया विसे० । के० मेत्तेण ? पवाइज्जंतेण उवदेसेण संखेज्जजीवमेत्तेण विसे० । अण्णेण * उवदेसेण असंखे० भागमेत्तेण विसे० । एदाणि पयडिउदीरणअप्पाबहुआदो पयडिउदयअप्पाबहुअस्स णाणत्ताणि ✡ । भुजगार-पदणिक्खेव ♣ -वड्ढीओ णत्थि । जहा पयडिट्ठाणउदीरणा तहा पयडिट्ठाणउदओ वि कायव्वो । एवं पयडिउदओ समत्तो ।

एत्तो ट्ठिदिउदओ दुविहो मूलपयडिट्ठिदिउदओ उत्तरपयडिट्ठिदिउदओ चेदि । मूलपयडिट्ठिदिउदए अट्ठपदं--उदओ दुविहो पओअसा ट्ठिदिक्खएण चेदि । ट्ठिदिक्खओ उदओ ◻ सुगमो । जो सो पओअसा उदओ सो दुविहो संपत्तीदो सेचीयादो च । संपत्तीदो ✡ एगा ट्ठिदी उदिण्णा, संपहि उदिण्णपरमाणूणमेगसमयावट्ठाणं मोत्तूण दुसमयादिअवट्ठाणंतराणुवलंभादो । सेचीयादो अणेगाओ ट्ठिदीओ उदिण्णाओ, एण्हिं जं पदेसग्गं उदिण्णं तस्स दव्वट्ठियणयं पडुच्च पुव्विल्लभावोवयारसंभवादो । एदेण अट्ठपदेण ट्ठिदिउदयपमाणाणुगमो चउव्विहो उक्कस्सो अणुक्कस्सो जहण्णो अजहण्णो चेदि । णाणावरणस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिउदओ तीसं सागरोवमकोडाकोडीओ दोहि आवलियाहि समऊणाहि ऊणाओ । दंसणावरण-वेयणीय-अंतराइयाणं णाणा-

---

अपेक्षा हास्य व रतिके वेदक असंख्यातवें भागसे विशेष अधिक हैं । अरति व शोकके वेदक स्तोक हैं । उनसे असातावेदनीयके वेदक विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे वे अधिक हैं ? पारम्परित उपदेशके अनुसार वे संख्यात जीव मात्रसे विशेष अधिक हैं । अन्य उपदेशके अनुसार वे असंख्यातवें भाग मात्रसे विशेष अधिक हैं । प्रकृतिउदीरणा सम्बन्धी अल्पबहुत्वसे प्रकृतिउदय सम्बन्धी अल्पबहुत्वमें ये ही कुछ विशेषतायें हैं । भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहां नहीं हैं । जैसे प्रकृतिस्थानउदीरणा की गयी है वैसे ही प्रकृतिस्थानउदयको भी करना चाहिये । इस प्रकार प्रकृतिउदय समाप्त हुआ ।

यहां स्थितिउदय दो प्रकारका है–मूलप्रकृतिस्थितिउदय और उत्तरप्रकृतिस्थितिउदय । मूलप्रकृतिस्थितिउदयके विषयमें अर्थपद–प्रयोगजनित और स्थितिक्षयजनितके भेदसे उदय दो प्रकारका है । उनमें स्थितिक्षयजनित उदय सुगम है । जो वह प्रयोगजनित उदय है वह दो प्रकारका है–संप्राप्तिजनित और निषेकजनित । संप्राप्तिकी अपेक्षा एक स्थिति उदीर्ण होती है, क्योंकि, इस समय उदयप्राप्त परमाणुओंके एक समय रूप अवस्थानको छोड़कर दो समय आदि रूप अवस्थानांतर पाया नहीं जाता । निषेककी अपेक्षा अनेक स्थितियां उदीर्ण होती हैं, क्योंकि, इस समय जो प्रदेशाग्र उदीर्ण हुआ है उसके द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा पूर्वीयभावके उपचारकी सम्भावना है । इस अर्थपदके अनुसार स्थितिउदयप्रमाणानुगम चार प्रकार है–उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य । ज्ञानावरणका उत्कृष्ट स्थितिउदय एक समय कम दो आवलियोंसे हीन तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है । दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायके स्थितिउदयका प्रमाण ज्ञानावरणके

---

* अ काप्रत्योः 'अणेण' इति पाठः । ✡ प्रतिषु 'णाणत्ताणं' इति पाठः । ♣ अ-काप्रत्योः 'णिक्खेवो' इति पाठः । ◻ अ-काप्रत्योः 'चे ट्ठिदिक्खाओदओ' इति पाठः । ✡ ताप्रतौ 'संपत्ती' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वरणीयभंगो। मोहणीयस्स सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीओ दोहि आवलियाहि सम[1]-ऊणाहि ऊणाओ। आउअस्स तेत्तीसं सागरोवमाणि समऊणाए आवलियाए ऊणाणि। णामा-गोदाणं वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ बेहि आवलियाहि समऊणाहि ऊणाओ।

जहण्ण[2]ट्ठिदिउदयपमाणाणुगमो। तं जहा- अट्ठण्णं पि[3] मूलपयडीणं जहण्णओ ट्ठिदिउदओ एगा ट्ठिदी। एत्तो सामित्तं। तं जहा- उक्कस्सट्ठिदिउदयसामित्तं जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाए परूविदं तहा परूवेयव्वं। जहण्णट्ठिदिउद० सामी* उच्चदे- णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयाणं जहण्णट्ठिदिउदओ कस्स? चरिमसमय-छदुमत्थमादिं कादूण जाव आवलियचरिमसमयछदुमत्थो त्ति। मोहणीयस्स जहण्ण-ट्ठिदिउदओ[4] कस्स? चरिमसमयसकसायस्स, तमादिं काऊण जाव आवलियचरिम-समयसकसाओ त्ति। णामा-गोदाणं जहण्णट्ठिदिउदओ कस्स? पढमसमयअजोगिस्स, तमादिं कादूण जाव चरिमसमयभवसिद्धिओ त्ति। आउअ-वेदणीयाणं जहण्णट्ठिदिउदओ कस्स? पढमसमयअप्पमत्तस्स, तमादिं कादूण जाव चरिमसमयभवसिद्धिओ त्ति। आउअस्स अण्णो वि जहण्णट्ठिदिउदओ अत्थि जस्स आउअमुदयावलियं पविट्ठं।

